दोघांना आयुष्याचे मर्म सापडले आहे. प्रत्येक क्षण हा संपूर्ण जगणे. वयाचा प्रश्नच येतो कुठे? केन म्हणतो, 'झेन मार्ग म्हणजे झोप येईल तेव्हा झोपावे आणि भूक लागेल तेव्हा जेवावे.' मी आणखी म्हणतो, 'आयुष्याची खिडकी उघडावी, डोळे मिटावे आणि थंड वारा अनुभवावा.

**- धनंजय जोशी**
झेन साधक, शिकागो
joshi5647@gmail.com



इथून दृष्ट काढते

# ..दूरदेशीच्या मुलांसाठी घास अडतोच!...

**पण, तिकडे मुलांचीही खूप तगमग होते आपल्यासाठी !**
**म्हणून मग खंत करत बसू नये - आनंदाचे मार्ग शोधावे !**



**प्रत्येकाचीच** मुले शिक्षणानिमित्त घराबाहेर पडत असतात.. पंखांत बळ देणारे आपणच असतो. मग पाखरू घेते उंच भरारी; पण ही भरारी जेव्हा देशांतर्गत असते तेव्हा फारशी चर्चा होत नाही.. काही मुले आधी शिक्षणानिमित्त नंतर नोकरीच्या निमित्ताने देशाबाहेर राहू लागतात तेव्हा त्यांना आणि त्यांच्या पालकांनाही अनेक आव्हानांना तोंड द्यावे लागते.. दोघांचे जग बदलत जाते.. विस्तारत जाते आणि मग लक्षात येते की, आता आपली पालक म्हणून भूमिका बदललेली आहे.. आपण दूरस्थ काळजीवाहू पालक असून, आपल्याला मुलांना जेवढा आधार देता येईल, तेवढा द्यावा. कर्तव्ये इथेही पालकांना असतातच; मोठ्या झालेल्या मुलांच्या काही जबाबदाऱ्या घेतल्या तर त्यात जगावेगळे ते काय!

मुले जेव्हा तिकडचे जगणे स्वीकारतात तेव्हा आपले मत किंवा आपले विचार महत्त्वाचे नसतातच. कारण तिकडे जाण्याचा निर्णय मुलांनी घेतलेला असतो. ते त्यांचे आयुष्य असते. आपण जरी त्यांना जन्म दिला तरी विचारांनी त्यांचे व्यक्तिमत्त्व परिपक्व झालेले असते; परंतु होते काय, इकडे पालकांनाच काही पालकांकडून प्रश्न विचारले जातात- तुम्ही मुलांना तिकडे का पाठवले? इकडेही आहेच ना सगळे चांगले? उद्या तुमचे म्हातारपण आले आणि मुले लांब असतील मग काय कराल?

**अधूनमधून सोशल मीडियावर एखादी पोस्ट व्हायरल होते :** आई/ वडिलांचे अंत्यसमयी हालहाल झाले, ते एकेकटे मरून गेले; तरी युरोप-अमेरिकेतली मुले अंत्यसंस्कारालाही आली नाहीत... असेलही थोडेफार तथ्य; पण सरसकट लेबल लावून चालणार नाही. अनेकदा या रचलेल्या गोष्टी असतात.अर्थात, हे खरेच की मुले परदेशी असली की, इकडे त्यांच्या आई-वडिलांना असुरक्षित भावना नक्कीच असते. काळजी जास्त असते ती दूरदेशीच्या मुलांची! स्वतःची काळजी नंतर येते...

मुले आणि आपण केवळ शरीराने दूर असतो. प्रत्येक वेळेस सणासुदीला त्यांच्या आठवणींनी गळ्यात घास अडकतो; पण सांगायचे कुणाला? त्यातल्या त्यात एक बरे की, हल्ली तंत्रज्ञानाच्या मदतीने मुलांच्या सतत संपर्कात राहता येते. मोबाइलच्या स्क्रीनवर का असेना, मुले-नातवंडे दिसतात, त्यांच्याशी बोलता येते. रोज पहाटे जाग आली की, मी आधी मोबाइल उघडते आणि फॅमिली ग्रुप बघते. मुलांचे अपडेट्स आलेले असतात.. त्यांनी फोटो पाठवलेले असतात. कारण आपली रात्र तेव्हा त्यांचा दिवस! त्यांची ख्यालीखुशाली कळली की, मग मी माझ्या रोजच्या कामाला लागते.

रोज झोपण्याअगोदर बोलणे झालेले असतेच. माझी मुलगी रोज सकाळी दीड तास ड्राइव्ह करून ऑफिसला जाते तेव्हा ती कधी मला, तर कधी तिच्या सासूबाईंना फोन लावते. ही मुले लांब राहूनही मनाने जवळ असण्यासाठी त्यांच्यापरीने धडपड करतात. कधीकधी असंही होतं की, फोनवर मुलांना सगळं छान-छान, गुडीगुडी असं सांगावं लागतं. आपल्या मनातलं शल्य ओठांवर येणार नाही, ही काळजी घ्यावी लागते.. असं वाटतं, सातासमुद्रापलीकडे मुलांना उगाचच काळजी नको. एखादी समस्या असली आपल्याला, तरी तिचं निराकारण झाल्यावरच शक्यतो मुलांना सांगायचं. मुलंही तसंच करतात, असं मला वाटतं.

मुलांच्या सोबतीची भावनिक गरज असते, तेव्हा त्यांचं दूर असणं हुरहूर लावतं हे खरं आहे; पण मुलंही आपलीच असतात, ती त्यातूनही मार्ग काढतात. माझ्या नवऱ्याला कोरोना झाला होता तेव्हा मुलगा अमेरिकेतून इथल्या नाशिकच्या दुकानात फळांची; तसेच औषधांची ऑनलाइन ऑर्डर देत असे. घरातली सगळी व्यवस्था त्याने अमेरिकेत बसून हाताळली. कारण तेव्हा मला घराबाहेर पडणे शक्य नव्हते.. सुदैवाने लक्षणे तीव्र नसल्याने त्रास झाला नाही; पण त्या प्रसंगाने लक्षात आले की, इकडे काही झाले की मुलांचीही खूप तगमग होते आपल्यासाठी.. वर्षातून एकदा मुलांनी इकडे यायचे आणि जमेल तसे आपण तिकडे जायचे, असे आम्ही ठरवले आहे. आहे ते स्वीकारण्यातच जगण्याचा आनंद दडलेला असतो. फार पुढचे पाहण्याच्या नादात पावलाजवळचे दुर्लक्षित होते. नव्या जगाच्या नव्या हाका ऐकण्यात शहाणपण आहे, नाही का?

**- स्वाती पाचपांडे,**
नाशिक

वाचक लिहितात

# 'सोडून द्यायला' शिका! - सुखी व्हाल!!



**कुठलाही** थकवा नाही. टेन्शन नाही. मस्त जगतोय. आनंदी आहे. वय झालं असं मला वाटतंच नाही. वेळ जात नाही किंवा दिवस कसा घालवू, याची चिंता सतावत नाही. सकाळी फिरायला जातो. एकत्र कुटुंबात राहतो. कुणाला सल्ला वगैरे देत नाही. जिथल्या तिथे सोडून देणं हा माझा स्वभाव आहे. मौन जीवनात असलं आणि समज असली की, सगळं छान होतं हे तत्त्व आम्ही नवरा-बायकोनं अंगिकारलं आहे. मी निवृत्त आहे पण नोकरीतून नाही. कारण मला नोकरी मिळालीच नाही. नोकरी नाही त्यामुळे पगार नाही आणि पेन्शनही नाही. स्वतःचा छोटासा वीटभट्टीचा व्यवसाय होता. आता मुलं मुली नोकरीला लागली. मुलंच घर सांभाळत असल्याने व्यवसाय बंद केला. भरपूर पुस्तकं वाचतो. वाचण्यातून मला जे प्रश्न पडतात त्याची उत्तरं मिळवतो. मी लिहितोदेखील. लहान नातवाला सांभाळतो. त्याचं आणि माझं मस्त जमतं. वाचण्यासाठी पुस्तकं लागली तर मुलगा, सुनबाई लगेच ऑनलाइन मागवतात. खर्च करण्यासाठी पैसे देतात. मित्र परिवार भरपूर आहे. गप्पा होतात. वादविवादही होतात. त्यामुळे मस्त भूक लागते.

मला चहा करायला आणि तो दुसऱ्यांना पाजायला फार आवडतं. या निवृत्तीनंतरच्या आयुष्यात एक गोष्ट ठळकपणे जाणवली ती म्हणजे 'सोडून द्यायला शिकलात की धरायला जमतं.' स्वतःसाठी वेळ द्यायला जमतो. आपलं रोजच जगणं आनंदी असलं की, आपण नकळत दुसऱ्याला आनंद देऊ शकतो. कुणाचा फोन आला नाही म्हणून राग करत बसण्यापेक्षा मी स्वतःहून फोन करतो. यात मला कमीपणा वाटत नाही. आयुष्यभर खूप बघितलं-अनुभवलं. आता तर अनुभवाची बर्फी तयार झालीये. ती चाखत आयुष्याचा उत्तरार्ध आनंदानं आणि सुखानं जगतोय. कोणाचे दोष दाखवण्यापेक्षा त्यांचे गुण शोधतो. त्याच्याशी नातं जोडतो. आयुष्याचा 'उत्तरार्ध' हा कंटाळवाणा आणि प्रश्न निर्माण करणारा नसून 'उत्तर' देणारा आहे!

**- बाळासाहेब जगदाळे,**
पिंपळे सौदागर, पुणे

इन्फोस्टोरी

# इंधन वाचवायचे तर करा हे १० उपाय!

## 'वर्क फ्रॉम होम' करा, विमान प्रवास टाळा!

**पश्चिम आशियातील युद्धजन्य परिस्थितीमुळे जागतिक तेलपुरवठा साखळी विस्कळीत झाली असून, त्याचे गंभीर परिणाम भारतावर होण्याची चिन्हे आहेत. या संकटाचा सामना करण्यासाठी आंतरराष्ट्रीय ऊर्जा संस्थेने (आयईए) 'वर्क फ्रॉम होम' (घरातून काम) वाढवण्याचा आणि विमान प्रवास कमी करण्याचा सल्ला दिला आहे. इंधनाचा वापर कमी करून वाढत्या किमतींचा दबाव रोखण्यासाठी १० कलमी कार्यक्रमही 'आयईए'ने सुचविला आहे.**



### 'आंतरराष्ट्रीय ऊर्जा संस्थे'ने इंधन टंचाईवर सुचविलेले उपाय

**आठवड्यातून ३ दिवस वर्क फ्रॉम होम :** शक्य असलेल्या ठिकाणी आठवड्यातून अतिरिक्त ३ दिवस घरातून काम केल्यास कारमधील इंधन वापरात ६ टक्क्यांपर्यंत घट होऊ शकते.

**वेगमर्यादा कमी करा :** हायवेवर वाहनांचा वेग ताशी १० किलोमीटरने कमी केल्यास इंधनाची मोठी बचत होईल. वेग कमी केल्याने प्रवासी गाड्या, व्हॅन आणि ट्रक यांचा इंधन वापर कमी होतो.

**सार्वजनिक वाहतुकीचा वापर :** खासगी गाड्यांऐवजी बस, ट्रेन किंवा सामायिक वाहनांना प्राधान्य द्यावे.

**विमान प्रवास टाळा :** अत्यावश्यक नसेल तर व्यावसायिक विमान प्रवास टाळण्याची शिफारस करण्यात आली आहे. त्यामुळे एटीएफची (विमान इंधन) मागणी १५ टक्क्यांपर्यंत कमी होईल.

**नंबर-प्लेट रोटेशन :** मोठ्या शहरांमध्ये वेगवेगळ्या दिवशी खासगी वाहनांना रस्त्यावर येण्याचे बंधन घाला. नंबर-प्लेट रोटेशनसारख्या योजनांमुळे वाहतूक कोंडी आणि इंधनाचा वापर कमी होतो.

**कार शेअरिंग वाढवा :** एकाच गाडीत अधिक प्रवासी आणि इको-ड्रायव्हिंगमुळे इंधन बचत जलद होते.

**चांगल्या ड्रायव्हिंग पद्धती :** व्यावसायिक वाहने आणि मालवाहतुकीसाठी कार्यक्षम ड्रायव्हिंग आवश्यक आहे. चांगल्या ड्रायव्हिंग पद्धती, वाहनांची देखभाल आणि योग्य लोड व्यवस्थापनामुळे डिझेलचा वापर कमी होतो.

**एलपीजीचा वाहतुकीतील वापर कमी करा :** दुहेरी इंधन (बाय-फ्युएल) वाहनांना पेट्रोलकडे वळवून एलपीजी स्वयंपाक आणि आवश्यक वापरासाठी राखता येते.

**आधुनिक स्वयंपाक पद्धतींकडे वळा :** शक्य असल्यास इतर आधुनिक स्वयंपाक पद्धतींकडे वळा. इलेक्ट्रिक कुकिंगसारख्या पर्यायांमुळे एलपीजीवरील अवलंबित्व कमी होते.

**उद्योगातील तेलाचा वापर कमी करा :** पेट्रोकेमिकल फीडस्टॉक्समध्ये लवचिकता आणि अल्पकालीन कार्यक्षमता उपाय करा. उद्योग क्षेत्र तातडीच्या ऑपरेशनल सुधारणा करून तेलाचा वापर कमी करताना आवश्यक वापरासाठी एलपीजी उपलब्ध करून देऊ शकते.



**४५%**
इंधन रस्ते वाहतुकीवर खर्च होते. त्यामुळे ही वाहतूक कमीतकमी केल्यास जगावरचा इंधनाचा भार कमी होईल, असे आयईए अहवालात म्हटले आहे.



### भारतात संकट का?



**८८%**
कच्च्या तेलासाठी भारत आयातीवर अवलंबून आहे.



**५०%**
तेल आयात आणि ९० टक्के एलपीजी आयात होर्मुझ सामुद्रधुनीच्या मार्गावरून होते.

**१००**
डॉलर दर प्रति बॅरलच्या पुढे कच्च्या तेलाचे गेल्याने सध्या देशाची अर्थव्यवस्था धोक्यात आली आहे.

**हे सारे कशामुळे :** अमेरिका, इस्रायल आणि इराण यांच्यातील संघर्षामुळे जगातील सर्वांत महत्त्वाचा तेल मार्ग असलेली होर्मुझची सामुद्रधुनी जवळपास बंद झाली आहे. त्यामुळे जगावर इंधनसंकट आले आहे.

हॉट-टॉपिक

# आधी टॅरिफ अन् आता तेल; जगास वेठीस धरणार किती?

## इस्रायल-अमेरिका विरुद्ध चिवट इराण युद्धात सरशी कोणाची?

**इस्रायलच्या दबावामुळे अमेरिकेने इराणविरोधात उडी घेतली. असे पहिल्यांदाच घडले की, कुणा देशाच्या दबावामुळे अमेरिकेने अब्जावधी डॉलर खर्च करून युद्ध सुरू केले, पण चिवट इराणमुळे हे युद्ध आता थांबण्याची चिन्हे दिसत नाहीत. त्यात अमेरिकेचे राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रम्प यांनी युद्धातून बाहेर पडण्यासंदर्भात विधाने केली आहेत. समजा अमेरिकेने खरोखरीच हल्ले थांबवले तर इराण विरुद्ध इस्रायल असा संघर्ष पुढे चालू राहील. त्याने आखात पेटत राहील.**

**सुजय शास्त्री**
वृत्तसंपादक

इराण विरुद्ध अमेरिका-इस्रायलदरम्यान सुरू असलेल्या युद्धात मंगळवारी अचानकपणे अमेरिकेच्या दहशतवादविरोधी केंद्राचे प्रमुख जो केंट यांनी राजीनामा दिला. आपल्या राजीनाम्याचे कारण सांगताना केंट यांनी इराणवर अमेरिकेने केलेले हल्ले अनावश्यक असून ट्रम्प प्रशासनाने सांगितलेले कारण मनाला पटत नसल्याचे त्यांचे म्हणणे आहे. इराणची अणुबॉम्ब निर्मित करण्याएवढी तांत्रिक व शास्त्रीय तयारी नाही. त्यांची क्षमताही नाही. त्यामुळे इराण अमेरिकेवर अणुबॉम्ब टाकणार आहे, असा जो बागुलबुवा ट्रम्प प्रशासनाने उभा केला आहे, ते मुळात वास्तवच नाही असे त्यांचे म्हणणे होते. या वास्तवावर आता जवळपास एकमत झालेले आहे.

केंट यांच्या अशा अनपेक्षित राजीनाम्याने अमेरिकेचे राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रम्प व त्यांचे प्रशासन थोडे अस्थिर झाले. अस्थिर यासाठी की अमेरिकेतील प्रसार माध्यमांत यावर तुफान चर्चा झाली. सरकारला धारेवर धरले गेले. एवढेच नव्हे तर अमेरिकेच्या सामरिक विश्वात, व्हाइट हाउस-पेंटागॉन प्रशासनात २० हून अधिक दिवस सुरू असलेले इराणविरोधातील युद्ध नेमके कोणाच्या हितासाठी चालले आहे, यावर गोंधळ, संशय निर्माण झाला आहे. त्यामुळे हे युद्ध कुणी सुरू केले? खुद्द ट्रम्प यांनी की, व्हाइट हाउसमधील कडव्या उजव्या गटांनी, की बड्या कॉर्पोरेट कंपन्यांमधील झिओनिस्ट सीईओंनी की सुपररिच ज्यू भांडवलदारांनी.? असे प्रश्न आता विचारले जाऊ लागले आहेत. यांची उत्तरे लगेच मिळणार नाही. खुद्द ट्रम्प या युद्धांत रुतून गेल्याने ते रोज वेगवेगळी परस्परविरोधी विधाने करत गोंधळलेले दिसतात. शुक्रवारी त्यांनी आखातातील अमेरिकेच्या कारवाया हळूहळू कमी केल्या जातील पण अमेरिकेचे लष्कर तैनात असेल असे वक्तव्य केले आहे. त्यापूर्वी तीन दिवसांपूर्वी त्यांनी होर्मुझमधून होणारी जहाज वाहतूक सुरळीत होण्यासाठी आपल्या मित्र देशांपुढे मदतीचे हात पसरले. प्रसंगी ब्रिटनलाही सुनावण्यास कमी केले नाही. नेटो संघटना कुचकामी असल्याचाही त्यांनी आरोप केला. हे सर्व पाहता ट्रम्प यांना जो अनपेक्षित पाठिंबा जगाकडून हवा होता तो त्यांना मिळताना दिसत नाही. भविष्यातही भारत, पाकिस्तानसारखा त्यांचा मित्र 'युद्ध कराच, आम्ही तुमच्यासोबत आहे', असे म्हणू शकत नाही. त्यामुळे हे युद्ध किती दिवस व कोणत्या हेतूसाठी चालवायचा हा महत्त्वाचा मुद्दा अनुत्तरीत राहतो.

राहिली गोष्ट इस्रायलची. इस्रायलसाठी हे युद्ध त्यांच्या 'ग्रेटर इस्रायल' विचारधारणेशी सुसंगत असे आहे. इराणमधील केवळ राजवट बदलून नव्हे तर इराणची अर्थव्यवस्था खिळखिळीत करणे. आणि सामान्य इराणी जनतेला देशोधडीला लावणे असा व्यापक अजेंडा इस्रायलचा आहे. जसे गाझामध्ये बेचिराख केले तसे इराण त्यांना बेचिराख करायचा आहे.

एआय इमेज



### अमेरिका-इस्रायलच्या उद्दिष्टात फरक

सध्याची परिस्थिती पाहता इराणचा आक्रमकपणा ट्रम्प यांना धक्का देणारा होता. सर्वोच्च नेते अयातोल्ला खामेनेईंना मारल्यानंतर इराणवर नियंत्रण ठेवणे सोपे जाईल असा ट्रम्प यांचा होरा सपशेल फसला.

**अली लारिजानीसारख्या महत्त्वाच्या नेत्यालाही ठार मारले तरी इराण गुडघ्यावर येण्यास तयार नाही. अशा वेळी नेमके कुणाला ठार मारून इराण ताब्यात येईल किंवा नेमके काय साध्य झाल्यास आपण स्वतःला विजेता घोषित करू शकतो यावर ट्रम्प प्रशासनात प्रचंड गोंधळ उडालेला दिसतोय. शिवाय दिवसेंदिवस या युद्धात इस्रायलची उद्दिष्टे आणि अमेरिकेचे उद्दिष्टे यात फारकत होताना दिसते.**

### अरब देशांना वाऱ्यावर सोडले

**अमेरिकेचे आखातात जेवढे काही तळ आहेत, तेथे इराणकडून सतत हल्ल्याने ते देश धास्तावले आहेत. त्यांची तोंड दाबून बुक्क्यांचा मार अशी अवस्था झाली आहे.**

या देशांवर इराण सडेतोड हल्ले करेल याची गुप्तचर माहिती अमेरिका या देशांना पोहचवू शकत नसल्याने अरब देश ट्रम्प यांच्यावर नाराज आहे. अमेरिका आम्हाला विश्वासात घेत नाही, असे हे देश म्हणू लागले आहेत.

### तेलकिंमती नियंत्रण हाताबाहेर

**खामेनेईंना ठार मारल्यानंतर आंतरराष्ट्रीय तेल किंमतीवर अमेरिकेचे नियंत्रण राहील असे ट्रम्प यांना वाटत होते, प्रत्यक्षात तो भ्रम ठरला. इराणने अमेरिका-इस्रायलशी लढताना त्यांच्या राजकीय संरचनेचा पुरेपूर वापर केला.**

सत्तेतील प्रत्येक थर नष्ट केल्याशिवाय हे युद्ध जिंकता येत नाही हे इराणने आखाती देशांतील हल्ल्यांवरून दाखवले. इराणचे होर्मुझवरील नियंत्रण २० दिवसानंतरही कमी झालेले नाही. साहजिकच त्यांच्या हल्ल्यांमुळे तेलबाजारातील किंमतीवर परिणाम होताना दिसतोय.

### ट्रम्प यांची परस्परविरोधी, विसंगत विधाने

१ ट्रम्प यांनी काही वेळा युद्ध "लवकर संपेल" असे म्हटले, तर दुसरीकडे इराणला नमत नसल्याने त्यांना धमक्या देण्यासही ते विसरत नाही. त्यांनी एकीकडे सैन्य पाठवणार नसल्याचे स्पष्ट केले, पण आमचे पर्याय खुले आहेत, असेही ते म्हणतात.

२ **'जी-७' देशांना त्यांनी गोंजारायचा प्रयत्न केला पण त्यांनी साथ नाकारल्याने त्यांनी 'नेटो'च्या रचनेवर टीका करण्यास सुरूवात केली.**

### अमेरिकेतील जनमताकडे दुर्लक्ष

१ या युद्धात अमेरिकेतील जनमत आपल्यामागे असेल असे ट्रम्प यांना वाटत होते. पण तेलाचे वाढलेले दर, महागाई याने अमेरिकेतील त्यांचा मतदार त्यांच्या मागे नाही ही वस्तुस्थिती आहे. तरीही ट्रम्प यांनी जनमताकडे दुर्लक्ष केलेले दिसते.

२ **दुसरे म्हणजे माध्यमांत सतत स्वतःला कणखर, ताकदवान दाखवणे यालाही मर्यादा आलेल्या दिसतात. ट्रम्प थकलेले वाटतात. माध्यमांशी बोलताना अमेरिकेच्या लष्करी धोरणाऐवजी त्यांच्या स्वभावातील जगाला वेठीस धरण्याचा आत्मकेंद्रीपणा डोकावत राहतो. 'मागा' सारख्या चळवळीही ट्रम्प यांच्यापासून दूर गेल्या आहेत.**

लाइफ हॅक्स

# व्हॉट्सअ‍ॅप चॅट्स खरंच सुरक्षित असतात का?

**आपण** बहुतेकजण व्हॉट्सअ‍ॅपवर निर्धास्तपणे गप्पा मारतो, कारण त्यात एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन असतं, असं आपल्याला वाटतं. हे खरं आहे, पण फक्त मेसेज पाठवताना! खरी समस्या सुरू होते ती क्लाउड बॅकअपपासून. गुगल ड्राइव्ह किंवा आयक्लाउडवर सेव्ह होणारा बॅकअप नेहमी त्याच पातळीवर सुरक्षित नसतो. म्हणजे, जर कुणाला तुमच्या क्लाउड अकाउंटमध्ये प्रवेश मिळाला, तर तुमचे चॅट्स, फोटो, व्हिडीओ पाहिले जाऊ शकतात. म्हणूनच व्हॉट्सअ‍ॅपने दिलेली एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड बॅकअप ही सुविधा खूप महत्त्वाची आहे. यामुळे तुमची माहिती फक्त पाठवताना नाही, तर सेव्ह असतानाही सुरक्षित राहते. त्यासाठी तुमच्या डायरीला दुहेरी कुलूप लावल्यासारखं, लॉक व्हॉट्सअ‍ॅपलाही लावा.

### यामुळे काय प्रश्न सुटतो?

क्लाउड बॅकअपमधील डेटा सुरक्षित राहतो. अनधिकृत ॲक्सेसचा धोका कमी होतो. चॅट्स, फोटो, व्हिडीओ अधिक सुरक्षित होतात.

### काय करायचं?

व्हॉट्सअ‍ॅपमधील एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड बॅकअप ही सुविधा सुरू करा.



### कसे कराल?

१) व्हॉट्सअ‍ॅप उघडा. सेटिंग्जमध्ये जा
२) 'चॅट्स' निवडा. त्यानंतर 'चॅट बॅकअप'वर टॅप करा
३) 'एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड बॅकअप' निवडा
४) ही सुविधा सुरू करा आणि खालीलपैकी एक पर्याय निवडा : पास की, पासवर्ड, ६४ अंकी एन्क्रिप्शन की
५) तुमची सुरक्षा माहिती सुरक्षित ठेवा. कारण भविष्यात त्याच्याद्वारेच डेटा परत मिळेल

### महत्त्वाची सूचना

जर तुम्ही पासवर्ड विसरलात किंवा एन्क्रिप्शन की हरवली, तर बॅकअप परत मिळवणं खूप कठीण किंवा अशक्य होऊ शकतं. म्हणूनच ही सुविधा सुरू करण्याआधी तुमची रिकव्हरी माहिती कुठे आणि कशी सुरक्षित ठेवायची हे ठरवणं अत्यंत गरजेचं आहे.

### लक्षात ठेवा

व्हॉट्सअ‍ॅप सुरक्षित आहे, पण तुमचा बॅकअप सुरक्षित ठेवणं ही तुमची जबाबदारी आहे.

हेल्थ-वेल्थ

# स्क्रीन टाइमचा सापळा: तुम्हीही अडकलात का?

**सकाळी** उठताच मोबाइल तपासणे, दिवसभर अधूनमधून नोटिफिकेशन्स पाहणे आणि रात्री झोपण्याआधी पुन्हा स्क्रीनकडे नजर वळवणे ही सवय आज बहुतेकांच्या जीवनाचा भाग झाली आहे. मोबाइल, लॅपटॉप, टॅबलेट किंवा टीव्ही या सारख्या उपकरणांनी आपल्याला माहिती, मनोरंजन आणि संवादाच्या असंख्य शक्यता दिल्या. काम, शिक्षण, सामाजिक संबंध आणि विरंगुळा या सगळ्यांसाठी आपण स्क्रीनवर अवलंबून झालो आहोत. मात्र, या सोयीसोबत एक गंभीर प्रश्नही निर्माण झाला आहे, आपला स्क्रीन टाइम आपल्या आयुष्यावर नकारात्मक परिणाम तर करत नाही ना? नकळत वाढत जाणारा स्क्रीन टाइम आपल्या जीवनशैलीत, आरोग्यात, विचारप्रक्रियेत आणि नातेसंबंधांत सूक्ष्म, पण खोल बदल घडवतो आहे. म्हणूनच, हा केवळ सवयीचा प्रश्न नसून जीवनाच्या गुणवत्तेशी संबंधित गंभीर मुद्दा ठरत आहे.

### झोपेच्या पॅटर्नमध्ये बदल

अनेकजण रात्री झोपण्याआधी 'फक्त पाच मिनिटं' म्हणून मोबाइल हातात घेतात आणि त्यात सहज तास-दोन तास निघून जातात. सोशल मीडिया, व्हिडीओ किंवा वेब सिरीजमुळे मेंदू सक्रिय राहतो. स्क्रीनमधून निघणारा निळा प्रकाश मेलाटोनिन हा झोपेसाठी आवश्यक हार्मोनच्या निर्मितीत अडथळा आणतो. परिणामी झोप उशिरा लागते, गाढ झोप लागत नाही आणि सकाळी उठल्यानंतरही शरीर-मन ताजेतवाने वाटत नाही. हे दुष्परिणाम आरोग्यासाठी गंभीर आहेत.



### उत्पादकतेत घट

सतत फोन तपासण्याची सवय ही एक प्रकारची 'डिजिटल व्यसनाधीनता' बनू लागते. काम करताना दर काही मिनिटांनी नोटिफिकेशन पाहणे, सोशल मीडिया उघडणे किंवा एखाद्या व्हिडीओमध्ये गुंतून जाणे यामुळे एकाग्रता पूर्णपणे भंगते.

**संशोधनानुसार, एकदा एकाग्रता तुटली की पुन्हा त्याच स्तरावर पोहोचण्यासाठी वेळ लागतो. त्यामुळे कामाचा वेग आणि गुणवत्ता दोन्ही कमी होतात. दीर्घकाळात ही सवय व्यावसायिक प्रगतीत अडथळा ठरू शकते.**

### मानसिक आरोग्यावर परिणाम

सोशल मीडियावरील परिपूर्ण दिसणाऱ्या आयुष्यांच्या तुलनेत स्वतःचे आयुष्य अपूर्ण वाटू लागते. 'फिअर ऑफ मिसिंग आऊट' (FOMO), लाइक्स-फॉलोअर्सची चिंता, अपडेट राहण्याची धडपड या गोष्टी मनावर ताण आणतात. हीच गोष्ट आत्मविश्वास कमी होण्यास अन् नैराश्याच्या दिशेने जाण्यास कारणीभूत ठरते. विशेषतः तरुण पिढीमध्ये हा परिणाम अधिक गंभीर स्वरुपात दिसतो.

### शारीरिक आरोग्यावर परिणाम

दीर्घकाळ स्क्रीनकडे पाहिल्यामुळे डोळ्यांवर ताण येतो, कोरडेपणा जाणवतो आणि दृष्टीवर परिणाम होऊ शकतो. 'टेक्स्ट नेक'मुळे मानदुखी, पाठीचे त्रास वाढतात. सतत बसून राहण्याची सवय लागल्याने शारीरिक हालचाल कमी होते, ज्यामुळे लठ्ठपणा, मधुमेह आणि इतर जीवनशैलीशी संबंधित आजारांचा धोका वाढतो. शरीर आणि मन यांच्यातील संतुलन ढासळू लागते.

### नातेसंबंधांवर परिणाम

एकाच घरात राहूनही प्रत्येकजण आपल्या स्क्रीनमध्ये गुंतलेला दिसतो. प्रत्यक्ष संवाद कमी होतो, भावना व्यक्त करण्याची सवय कमी होते आणि नात्यांमध्ये हळूहळू दुरावा निर्माण होतो. 'ऑनलाइन कनेक्टेड' असूनही 'इमोशनली डिस्कनेक्टेड' होण्याची ही प्रक्रिया अधिक धोकादायक आहे.

### स्वतःशी संवाद तुटतो

महत्त्वाचा मुद्दा म्हणजे स्वतःशी तुटत जाणारा संवाद. स्क्रीनवर गुंतल्यामुळे आपण स्वतःसोबत शांतपणे बसणं, विचार करणं, काही सर्जनशील करणं या गोष्टी विसरत चाललो आहोत. मन बाह्य उत्तेजनांवर अवलंबून राहू लागते, ज्याने अंतर्मुख होण्याची क्षमता कमी होते.



### मग बदल कसा घडवायचा?

**सर्वप्रथम, दिवसातून किती वेळ आपण स्क्रीनवर घालवतो, हे तपासणं हा पहिला टप्पा आहे. त्यानंतर अ ॅप लिमिट्स सेट करणे, अनावश्यक नोटिफिकेशन्स बंद करणे, 'डू नॉट डिस्टर्ब' मोड वापरणे यामुळे स्क्रीनचा वापर नियंत्रित करता येतो.**

यासोबतच, पर्यायी सवयी लावा. वाचन, व्यायाम, ध्यान, छंद या गोष्टी मनाला स्थैर्य देतात व स्क्रीनवरील अवलंबित्व कमी करतात. एक दिवस 'डिजिटल डिटॉक्स' ठेवणे हा प्रभावी उपाय आहे.




संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी



आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

# भारत पर युद्ध की आंच

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान से युद्ध छेड़कर पश्चिम एशिया में विनाश मचा दिया है और पूरी दुनिया में आर्थिक संकट पैदा कर दिया है। 22 दिन बीत जाने के बाद भी ईरान इजराइल और पड़ोसी फारस की खाड़ी के उन देशों पर मिसाइलें और ड्रोन दाग रहा है जहां अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने और खाड़ी देशों में तेल और गैस सुविधाओं पर जवाबी हमले करने से तेल और गैस की कीमतें बढ़ गई हैं जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था खतरे में पड़ गई है। युद्ध शुरू होने से पहले ही कई लोगों ने चेतावनी दी थी कि ईरान पर पूर्ण आक्रमण से क्षेत्रीय संकट उत्पन्न हो सकता है। ट्रम्प ने भी इतने लम्बे संघर्ष की कल्पना नहीं की थी लेकिन ईरान के लगातार मिसाइल हमलों ने ट्रम्प और नेतन्याहू के सामने बहुत बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। अब इस युद्ध की आंच भारत तक पहुंच चुकी है। घमासान के बीच भारत में भी प्रीमियम पैट्रोल और उद्योगों में प्रयोग किए जाने वाले डीजल के मूल्यों में बढ़ौतरी कर दी गई है। अभी सामान्य पैट्रोल और डीजल के दामों में कोई वृद्धि नहीं की गई। यदि तेल और गैस की सप्लाई लम्बे समय तक बाधित रही तो इसका असर आम लोगों पर पड़ना तय है। उद्योग और व्यापार जगत पहले से ही दबाव में हैं।

भारत के लिए संकट केवल ऊर्जा का ही नहीं है। इसने सोने और हीरे से लेकर खाद और विमानन उद्योग तक कई सैक्टरों में संकट खड़ा कर दिया है। कुछ सैक्टरों पर इसका असर खासतौर पर ज्यादा है। भारत के लगभग 47.5 प्रतिशत हीरों के आयात, 63 प्रतिशत खाद, 50 फीसदी पॉलीमर और 48 प्रतिशत हाइड्रोकार्बन मिडिल ईस्ट से आता है। युद्ध संकट का असर आयात और निर्यात दोनों पर ही होगा। भारत मिडिल ईस्ट से सोना, हीरे और कीमती धातुओं जैसे कच्चे माल का आयात करता है। उन्हें देश के अन्दर ही प्रोसैस करता है। ऐसे में आयात में किसी भी तरह की रुकावट से निर्यात प्रभावित होगा। खाद का सैक्टर चिंता का मुख्य विषय बना हुआ है। मिडिल ईस्ट से आने वाली नाइट्रोजन-आधारित खाद पर अत्यधिक निर्भरता के कारण अगर सप्लाई में लंबे समय तक रुकावट रहती है तो ग्लोबल कीमतें बढ़ सकती हैं। सरकार को सब्सिडी बढ़ानी पड़ सकती है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान जैसा देखा गया था। इन खतरों के बावजूद विश्लेषकों का कहना है कि भारत की मैक्रोइकोनॉमिक स्थिति (समग्र आर्थिक स्थिति) अभी भी काफी मजबूत है। यह बाहरी झटकों से कुछ हद तक सुरक्षा प्रदान करती है। आयात के स्रोतों में विविधता लाना और घरेलू उत्पादन को स्थानीय खपत की ओर मोड़ना जैसे उपाय इस असर को कम करने में मदद कर सकते हैं। कुल मिलाकर कहें तो भले ही तेल की खबरें सुर्खियों में छाई हैं लेकिन मिडिल ईस्ट संघर्ष के दूरगामी असर कहीं ज्यादा व्यापक हैं। ये उन महत्वपूर्ण सप्लाई चेन को प्रभावित करते हैं जो भारत के व्यापार, कृषि और मैन्युफैक्चरिंग सैक्टरों की नींव हैं।

> **घमासान के बीच भारत में भी प्रीमियम पैट्रोल और उद्योगों में प्रयोग किए जाने वाले डीजल के मूल्यों में बढ़ौतरी कर दी गई है। अभी सामान्य पैट्रोल और डीजल के दामों में कोई वृद्धि नहीं की गई। यदि तेल और गैस की सप्लाई लम्बे समय तक बाधित रही तो इसका असर आम लोगों पर पड़ना तय है। उद्योग और व्यापार जगत पहले से ही दबाव में हैं। भारत के लिए संकट केवल ऊर्जा का ही नहीं है। इसने सोने और हीरे से लेकर खाद और विमानन उद्योग तक कई सैक्टरों में संकट खड़ा कर दिया है।**

भारत में तेल का कोई संकट नहीं है। हम रूस समेत अन्य कई देशों से तेल खरीद रहे हैं लेकिन गैस संकट की चुनौती हमारे सामने है। कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इसके बावजूद सरकार पैट्रोल पम्प पर कीमतों को समायोजित करने में अनिच्छुक हो सकती है जिससे राजकोषीय दबाव उत्पन्न होगा। यदि सामान्य पैट्रोल की कीमत बाजार की वास्तविकताओं के अनुरूप नहीं की जाती तो भी भारत का खर्च काफी बढ़ जाएगा। रुपया अब तक के निचले स्तर को छू चुका है। तेल और गैस की ऊंची कीमतें आयात बिल बढ़ाएंगी जिससे चालू खाते का घाटा बढ़ेगा। तेल की आसमान छूती कीमतों के चलते ही अमेरिका ने ईरानी तेल की खरीद पर लगे प्रतिबंधों को 30 दिन के लिए हटा दिया है, जबकि अमेरिका ने कई वर्षों से ईरान पर तेल प्रतिबंध लगाए हुए हैं। इस छूट से वैश्विक बाजारों में लगभग 140 मिलियन बैरल तेल आएगा। ईरान को छूट देना अमेरिका की मजबूरी बन गया है। या फिर यह कोई नई चाल है। युद्ध में एक दर्जन से अधिक अमेरिकी सैनिकों की मौत, अमेरिकी एफ-35 जैसे लड़ाकू विमानों को लगातार नुक्सान, खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर तबाही के चलते ट्रम्प को देश में बढ़ते राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

विडम्बना यह है कि ट्रम्प जिन्होंने अमेरिका के लम्बे समय तक चलने वाले युद्धों का विरोध करने के वादे पर दो बार राष्ट्रपति चुनाव जीता। उन्होंने इजराइल के इशारे पर अमेरिका को एक विनाशकारी संघर्ष में धकेल दिया है। ट्रम्प बौखला कर अपने लक्ष्यों और समय सीमा में परिवर्तन कर रहे हैं। ट्रम्प कभी कहते हैं कि वे ईरान में जमीनी युद्ध के लिए अपनी सेना नहीं भेजेंगे और कभी वे कहते हैं कि वे ईरान में जमीनी सेना भेज सकते हैं। अगर गलती से भी ट्रम्प ने अमेरिकी सेना को ईरान की जमीन पर उतारा तो यह एक अत्यंत जोखिम भरा दाव होगा। इजराइल लगातार ईरानी नेतृत्व को खत्म करने में लगा हुआ है। उसने ईरान के साऊथ पार्स गैस क्षेत्र पर हमला करके सीमाएं पार कर दी हैं। इसके जवाब में ईरान ने भी कतर, यूएई और सऊदी अरब में गैस स्थलों पर हमले कर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल ईरान बल्कि खाड़ी देशों के नेतृत्व से सम्पर्क बनाए हुए हैं। भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन का सदस्य होने के चलते कई देशों द्वारा पेश उस प्रस्ताव का समर्थन किया है जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को खोलने के लिए दबाव बनाना है। अगर खाड़ी देश समुद्री मार्ग को खुलवाने के लिए मिलकर अपनी नौसेनाओं का इस्तेमाल करते हैं तो युद्ध बहुत जटिल हो जाएगा। बेहतर होगा कि संवाद और कूटनीति का रास्ता अपनाया जाए। अमेरिका और इजराइल आक्रामकता छोड़ें तो समझौते का मार्ग निकल सकता है। अन्यथा पूरी दुनिया में बहुत बड़ा संकट पैदा हो जाएगा।

## महंगाई...



गीता पाढा

"बढ़ती महंगाई,सिमटता बाजार,
घरेलू मुद्रा पर पड़ी है मार,,
पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सब कुछ,
आम आदमी की पहुंच से बाहर,,
युद्ध की आग के भेंट चढ़ गया है समस्त व्यापार,
कैसे लगाएं विश्व के तमाम मूल्कों की नैया पार,,
आम जनमानस की है यहीं पुकार,
शांति, सद्भावना यहीं कर सकते हैं सभी का उद्धार...।।"

# कांग्रेस को अहमद पटेल की कमी खली?

## मिर्च मसाला



त्रिदीब रमण
gossipguru.in

*'हम एक दीया थे सदा जलते रहे रौशन उजालों की तरह*
*बुझाने को तूफां भी आया तो जिंदा रहे मिसालों की तरह'*



**हिंदी** पट्टी के एक बड़े प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे कांग्रेस के इस दिग्गज नेता के ताजातरीन बयानों पर गौर फर्माइए जिसमें वे डंके की चोट पर कुबुलनामा करते हैं कि 'न तो हमारा नेता मजबूत है और न ही अब हमारे पास अहमद पटेल जैसे कोई काबिल पॉलिटिकल मैनेजर ही बचे हैं, भगवान जाने पार्टी आगे सरवाईव कैसे करेगी?' सच पूछिए तो आज कांग्रेस की यह चिंता सार्वभौम हो गई है, हालिया राज्यसभा चुनावों में जो हरियाणा, बिहार ओडिशा में हुआ, असम में पार्टी के बड़े नेताओं ने जिस तरह भाजपा का रुख किया है इससे निश्चय ही कांग्रेस शीर्ष की पेशानियों पर बल पड़े होंगे। आइए सबसे पहले असम चलते हैं जहां 51 सालों तक लगातार कांग्रेसी रहे नौगांव के दो बार के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने आखिरकार कांग्रेस को अलविदा कह भाजपा का दामन थाम लिया, इससे पहले वहां फरवरी में ही कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा भी कांग्रेस छोड़ भाजपा के पाले में चले गए थे। बोरदोलोई के बारे में माना जाता है कि वे पिछले कोई दो वर्षों से पार्टी में उपेक्षित चल रहे थे क्योंकि उन्होंने अध्यक्षीय चुनाव में हाईकमान की पसंद रहे मल्लिकार्जुन खड़गे की जगह शशि थरूर का समर्थन कर दिया था। शायद इसी वज़ह से वे दिल्ली की आंखों में चुभने लगे थे। सो, जब इस बार असम में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां शुरू हुईं तो राहुल गांधी ने असम की बागडोर अपने अति प्रिय गौरव गोगोई के हाथों में सौंप दी। सूत्रों की मानें तो गौरव कांग्रेसी उम्मीदवारों की जो लिस्ट फाइनल कर रहे थे उसमें बोरदोलोई के लोगों के लिए जगह ही नहीं बन पा रही थी, मामले ने यहीं से तूल पकड़ा और प्रद्युत का विद्रोह धीरे-धीरे आकार लेने लगा। हालांकि असम में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की सिरमौर प्रियंका गांधी ने भी स्वीकार किया कि 'वे यानी कि बोरदोलोई टिकटों के बंटवारे को लेकर असंतुष्ट थे।' हालांकि बोरदोलोई के लिए कांग्रेस छोड़ने का फैसला इतना आसान कतई नहीं था, क्योंकि वे 1975 से लगातार कांग्रेस में ही बने हुए थे। सूत्रों की मानें तो भाजपा में जाने के फैसले पर पहुंचने से पूर्व उन्होंने कोई दो बार राहुल गांधी को फोन किया, पर राहुल ने जब उनका फोन ही नहीं लिया तो उन्होंने एक चुभता हुआ संदेश राहुल को लिखा, जिसका मजमून था कि 'इससे पहले कि मैं अपने किसी आखिरी निर्णय पर पहुंचूं, प्लीज कॉल मी बैक।' तब भी राहुल का फोन नहीं आया, हां उनका एक मैसेज जरूर आया- 'टॉक टू गौरव गोगोई।' बोरदोलोई ने समझ लिया कि दिल्ली के मन में उनके लिए क्या चल रहा है, सो कोई पांच दशक बाद उन्होंने भी अलग राह पकड़ ली।



**हरियाणा में भी हार करीब थी:** इस दफे का हरियाणा राज्यसभा चुनाव भी कांग्रेस के गले की हड्डी बन गया था। सूत्रों की मानें तो हरियाणा सरकार के पूर्व अधिकारी कर्मवीर बौद्ध को उम्मीदवार बनाने का फैसला राहुल गांधी का अपना निजी फैसला था, इस दलित अधिकारी के नाम का सुझाव राहुल को उनके सलाहकार के.राजू ने दिया था। सो, राहुल ने इस बारे में हरियाणा के कांग्रेसी नेताओं से कोई सलाह-मशविरा किए बगैर बौद्ध की उम्मीदवारी पर अपनी रजामंदी की मुहर लगा दी। वैसे गिनती के नजरिए से देखें तो बौद्ध की जीत में कोई रुकावट आनी नहीं चाहिए थी, क्योंकि उन्हें जीत के लिए महज़ 31 विधायकों के वोट चाहिए थे, जबकि हरियाणा में कांग्रेस के 37 निर्वाचित विधायक हैं लेकिन जब रिजल्ट आए तो ये बेहद चौंकाने वाले थे, बौद्ध को सिर्फ 28 वोट मिले। 9 कांग्रेसी विधायकों के वोट बर्बाद हो गए। 4 के वोट अवैध करार दिए गए जबकि 5 ने क्रॉस वोटिंग कर दी। यह तो शुक्र मनाइए कि भाजपा के भी एक विधायक का वोट अवैध करार दिया गया, वरना बौद्ध को जीत के लाले पड़ जाते। सबसे हैरत की बात तो यह है कि बौद्ध के पक्ष में वोट दिलवाने के लिए भी कांग्रेस नेतृत्व को काफी कवायद करनी पड़ी, पहले तो उन्हें अपने विधायकों को हिमाचल प्रदेश के एक अज्ञात स्थल में छुपा कर रखना पड़ा पर इसके बावजूद भी खेला हो गया। सबसे हैरत की बात यह कि हुड्डा की बेहद करीबी माने जाने वाली कांग्रेसी विधायक गीता भुक्कल पर भी क्रॉस वोटिंग करने के आरोप लग रहे हैं। क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों में दो मुस्लिम हैं और 2 विधायक सिरसा से हैं, जहां से कुमारी सैलजा सांसद हैं। अब कांग्रेस हाईकमान क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों पर कार्यवाही करने का मन बना रहा है।

**ओडिशा में भी कांग्रेस का दांव उल्टा :** ओडिशा के राज्यसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन से सांसद बने उद्योगपति व निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप रे समर्थन के लिए पहले कांग्रेस के पास गए थे। उन्होंने अपने समर्थन के लिए नवीन पटनायक को भी मना लिया था।



इस चुनाव से पहले दिलीप रे दिल्ली भी गए थे, कहते हैं यहां उनकी अहम मुलाकात राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ भी हुई थी। समझा जाता है कि कांग्रेस के इन दोनों शीर्ष नेताओं के समक्ष रे ने दावा किया था कि 'अगर कांग्रेस उन्हें समर्थन दे देती है तो वे इसके बाद भाजपा के भी 4-5 विधायक तोड़ने में सक्षम हैं।' कहते हैं रे दिल्ली की इस मुलाकात से संतुष्ट थे और उन्हें पूरी उम्मीद थी कि कांग्रेस उनके साथ आएगी, पर किसी कारणवश ऐन वक्त कांग्रेस पलट गई और रे को आखिरी वक्त भाजपा की शरण में जाना पड़ा। पर उन्होंने जाते-जाते कांग्रेस के किले में एक बड़ी सेंध लगा दी, जहां 3 कांग्रेसी विधायकों ने उनके पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर दी। रे ने अपने इस कदम से एक तरह से कांग्रेस शीर्ष को ही आइना दिखाने का काम किया।

**ममता के निशाने पर ज्ञानेश :** पश्चिम बंगाल में चुनावी शंखनाद के साथ ही यहां की सियासत रोज एक नई करवट ले रही है। ताजा मामला मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जुड़ा है। टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने एसआईआर के मुद्दे पर काफी पहले से ज्ञानेश कुमार को अपने निशाने पर लिया हुआ है। अब संयुक्त विपक्ष की



ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त को उनके पद से हटाने के लिए संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस दिया गया है। ममता ने 'एसआईआर' यानी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त पर महाभियोग चलाने की मांग की है। ममता ने संयुक्त व एकजुट विपक्ष का आह्वान करते हुए कुल 193 सांसदों के समर्थन का दावा किया है, जिसमें लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसद शामिल हैं।

यह पहली मर्तबा है कि किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को संसदीय प्रक्रिया के माध्यम से पद से हटाने की बात हो रही है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 (5) के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त को भी सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की तरह ही महाभियोग के समान प्रक्रिया द्वारा हटाया जा सकता है। पर लगता नहीं कि यह सब इतनी जल्दी-जल्दी हो पाएगा, क्योंकि बंगाल के चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को ही आहूत है, सो यह महाभियोग प्रस्ताव इतनी जल्दी पारित हो पाएगा, इसमें संदेह ही है। महाभियोग प्रस्ताव लाने से पहले एक जांच समिति गठित की जाती है, और इस जांच समिति के रिपोर्ट आने की भी कोई समय-सीमा भी तय नहीं है। यानी यह प्रक्रिया निहायत ही लंबी है, तब तक बंगाल के चुनाव भी पूरे हो जाएंगे। पर ममता इस महाभियोग के बहाने अपने मतदाताओं से यह साफ-साफ कहना चाह रही हैं कि 'भाजपा इस चुनाव में जब पिछड़ रही है तो वह एसआईआर में गड़बड़ियां कर चुनाव जीतना चाहती है और इसको अंजाम देने वाले ज्ञानेश कुमार ही हैं।' इस चुनाव में टीएमसी का सीधा मुकाबला भाजपा से ही है। भाजपा का अपने बूथ प्रबंधन, जमीनी स्तर पर फैले संघ के नेटवर्क, वोटों के धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण और ममता के एंटी इंकबेंसी मुद्दे को भुनाने पर जोर है तो वहीं ममता ने इस चुनाव को बंगाल के अस्मिता का मुद्दा बना दिया है। मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के अलावा ममता का फोकस ग्रामीण व महिला वोटरों पर है। राज्य सरकार की कई नई योजनाएं इन्हीं वोटरों को मद्देनज़र रखते शुरू की गई है, इसके अलावा ममता की पार्टी का जमीनी स्तर पर फैले उसके संगठन की एक ताकत भी है जो इस चुनाव में उसका बेड़ा पार लगा सकती है।

**क्या रंग लाएगी केसी की कोशिश:** पुराने सियासी रंग में पगे धुरंधर समाजवादी नेता केसी त्यागी अब जदयू छोड़ अपने लिए नए सियासी आशियाने की तलाश में हैं। वे लंबे समय तक दिल्ली में नीतीश व जदयू के 'प्वाइंट मैन' की तरह आचरण करते रहे हैं। दिल्ली के शीर्ष सियासी नेताओं और मीडिया के एक बड़े वर्ग में उनका अच्छा रसूख है। सो, अपना पुराना घर जदयू छोड़ने के बाद उन्होंने सबसे पहले सपा मुखिया अखिलेश यादव से मिलने का वक्त मांगा। उन्हें आसानी से अखिलेश से मिलने का वक्त मिल भी गया। दोनों नेताओं के बीच सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में एक अच्छी बातचीत हुई। अखिलेश चाहते थे कि 'केसी त्यागी सपा ज्वॉइन करें और पश्चिमी यूपी में सपा का जनाधार बढ़ाने के लिए काम करें, क्योंकि केसी त्यागी की न सिर्फ त्यागी समाज के वोटरों में एक अच्छी पैठ है, बल्कि गुर्जर बिरादरी से भी उनके निजी ताल्लुकात बहुत बढ़िया हैं।' इस अर्थपूर्ण मुलाकात के बाद केसी त्यागी का रालोद के जयंत चौधरी से मिलने जाना एक नई सियासी उलझनें पैदा कर रहा है, आखिर जयंत के पास ऐसा क्या है जो केसी को ऑफर कर सकते हैं? अपने विधायकों के दम पर तो वे उन्हें राज्यसभा भी नहीं भेज सकते, जबकि अखिलेश चुटकियों में यह काम कर सकते हैं।



**...और अंत में**

इस बार के तमिलनाडु चुनाव में अभिनेता थलपति विजय उर्फ चंद्रशेखरन जोसेफ विजय का करिश्मा अब चूकता नज़र आ रहा है। एक समय ऐसा लग रहा था कि वे भाजपा के कंधे से कंधा मिलाकर राज्य के सत्ताधारी करूणानिधि परिवार व उनकी डीएमके पार्टी के समक्ष एक महती चुनौती उपस्थित करेंगे या खुद को स्टालिन के विकल्प के तौर पर उभारने में सफल रहेंगे। पर ताजा जनमत रुझान बताते हैं कि उनकी पार्टी महज़ 8-10 फीसदी वोट शेयर पर ही सिमट सकती है। राजनीतिक पर्यवेक्षक इसका एक बड़ा कारण उनका क्रिश्चियन होना बताते हैं, क्योंकि राज्य में ईसाई आबादी महज़ 6 फीसदी के आसपास है। यह न तो संख्या बल में इतनी बड़ी या निर्णायक है। जबकि विजय की मां शोभा चंद्रशेखरन एक हिंदू है।



# बिहार में भी कांग्रेस शर्मसार, तेजस्वी परेशान



**तेजस्वी** यादव ने जब से एक बड़े उद्योगपति अमरेन्द्रधारी सिंह को अपनी पार्टी से राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित किया था उन्हें तब से ही इस बात की शंका थी कि कांग्रेस के 3-4 विधायक इस चुनाव में पैसे के आगे घुटने टेक सकते हैं। सो, तेजस्वी ने आनन-फानन में दिल्ली फोन लगाया और उन्होंने इस बारे में प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से बात की। कहते हैं तेजस्वी ने कांग्रेस शीर्ष से अनुरोध किया कि 'वे बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, इसके प्रभारी, और अपने सभी छह विधायकों को दिल्ली तलब कर उन्हें ठीक से इस मामले में ब्रीफ कर दें।' कहते हैं कांग्रेस शीर्ष ने तेजस्वी की भावनाओं को शिरोधार्य करते ऐसा ही किया, फिर भी बिहार में खेला हो गया। यह भी माना जाता है कि स्वयं अमरेन्द्रधारी सिंह ने कांग्रेसी विधायकों से समन्वय का जिम्मा प्रदेश के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह के हवाले किया हुआ था, अखिलेश ही बिहार में खड़गे के इकलौते 'प्वाइंट मैन' भी माने जाते हैं, पर लगता है अमरेन्द्रधारी लाभार्थियों के चुनाव में गलती कर गए, लक्ष्मी सरिता के रसास्वादन से न सिर्फ प्रभारी, पीसीसी चीफ, बल्कि ये छह कांग्रेसी विधायक भी वंचित रह गए, भाजपा ने इस मौके को लपक लिया। तीन कांग्रेस के विधायक फारबिसगंज के मनोज विश्वास, मनिहारी के मनोहर प्रसाद व वाल्मीकि नगर के सुरेन्द्र कुशवाहा की दमकती आकांक्षांओं पर भगवा रंग की लीपापोती हो गई, इस बहती लक्ष्मी सरिता में राजद के फैसल रहमान ने भी डुबकी लगा ली। सूत्र बताते हैं कि इस दफे के बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के कुछ जमीनी नेताओं ने राहुल गांधी को अपनी एक रिपोर्ट भेजी थी जिसमें दावा किया गया था कि 'इस बार कम से कम 28 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के टिकटों का सौदा-मसौदा हुआ है, इसे ऊंचे दाम देकर खरीदा गया है।' जाहिर है जो खरीद कर आगे बढ़े हैं, वे आगे चल कर बेचेंगे भी, चाहे अपने जमीर का ही सौदा क्यों न करना पड़े। **(एनटीआई)**

## विश्व जल दिवसः पानी सिर्फ आज की जरूरत नहीं, भविष्य का है आधार

विश्व जल दिवस सिर्फ एक तारीख या औपचारिक आयोजन नहीं है बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि पानी हमारे जीवन का सबसे अहम हिस्सा है। आज के समय में जहां दुनिया तेजी से बदल रही है, आबादी बढ़ रही है और उद्योगों का विस्तार हो रहा है, वहीं पानी का संकट भी लगातार गहरा होता जा रहा है।2.1 अरब लोग आज भी सुरक्षित पीने के पानी के बिना जी रहे हैं। यही वजह है कि हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है, ताकि लोगों का ध्यान इस महत्वपूर्ण संसाधन की ओर जाए और हम सभी मिलकर इसके संरक्षण के लिए कदम उठा सकें। इस दिन की शुरुआत 1992 में रियो अर्थ समिट के दौरान हुई थी, जब पहली बार पानी को एक वैश्विक मुद्दा मानकर गंभीरता से चर्चा की गई। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 22 दिसंबर 1992 को प्रस्ताव पारित किया कि हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाएगा। 1993 से यह नियमित रूप से मनाया जाने लगा और तब से हर साल पानी से जुड़े नए मुद्दों को उजागर करने के लिए एक थीम तय की जाती है।

# जय माता की-पहले घर की माता की जय करो...



श्रीमती किरण चोपड़ा
डायरेक्टर- पंजाब केसरी दैनिक समाचार लि.
चेयरपर्सन- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब
मुख्य संरक्षिका- चौपाल
सदस्या- राष्ट्रीय सलाहकार मण्डल, एकल
संरक्षिका- भारतीय लोक विकास परिषद
/kiranchopra01
kiranchopra@punjabkesari.com
kiranchopradesk@gmail.com

**19 मार्च** से नवरात्रे शुरू हैं। सभी धूमधाम से नवरात्रे मनाने की तैयारी में हैं। ईद भी आ रही है, उसकी तैयारी में भी हैं। मुझसे मंगलवार को एक सम्मानित व्यक्ति मिलने आए जो पहले नवरात्रे को वैष्णो देवी मां के दर्शन के लिए जा रहे हैं और उन्होंने मुझे कहा कि अगर उनकी वीआईपी व्यवस्था मैं करवा सकूं तो मेरे आभारी होंगे। सबको मालूम है अश्विनी जी वैष्णो माता के बहुत साल तक ट्रस्टी रहे। उन्हें अडवानी जी ने बनवाया था। तब वह सबको चाहे वो अमीर, गरीब, छोटा-बड़ा व्यक्ति हो उन सबको लेटर दे देते थे, दर्शन करवा देते थे। उनका दरवाजा हमेशा माता के भक्तों के लिए खुला रहता था।

मैंने उनको समझाया कि अब वैसा नहीं, फिर भी मैं आपको लेटर दे देती हूं और तब मैंने उनकी मां का हाल पूछा तो उन्होंने कहा मां अकेली उदास हो जाती थी इसलिए उत्तराखंड बहुत अच्छा सीनियर सिटीजन सेंटर खुला है, जहां मैंने उनको वहां छोड़ा है, वो वहां खुश रहती हैं। मैंने उनसे पूछा वो उदास क्यों रहती थीं। आपके बच्चे, पत्नी हैं। तब उन्होंने कहा मेरी पत्नी अपने आप में बहुत व्यस्त रहती है। मेरे बच्चे पहले पढ़ाई करते हैं, फिर घर आकर ट्यूशन, तब उनके खेलकूद का समय हो जाता है, तब उनके पास अपनी दादी के लिए समय नहीं रहता। मैं बड़ी हैरान हुई कि यह क्या है तो मैंने पूछा माता के दर्शन



को कौन-कौन जा रहा है। मैं और मेरी पत्नी और बच्चे। हम हर महीने जाते हैं। मेरी पत्नी, बच्चे माता के भक्त हैं। मेरी पत्नी और बच्चों को चैन नहीं आता जब तक माता के दर्शन न कर लें। मैं बड़ी हैरान थी कि उनके पास सब बातों के लिए समय है और माता के दरबार भी जाना जरूरी है, परन्तु अपनी मां और दादी के लिए एक मिनट का समय नहीं। क्योंकि मेरा मानना है जिस घर में मां खुश होती है, वहीं सच्चे अर्थों में देवी माता का वास होता है। वैष्णो देवी माता भी तभी खुश होती हैं जब आप अपनी घर की मां को खुश रखो। यही नहीं मैं कुछ महिलाओं और व्यक्तियों को जानती हूं जिनकी जुबान पर जय माता की, जय माता की होता है, परन्तु उठते-बैठते झूठ बोलना, फरेब करना, इधर की बात उधर करना, ऐसे लोगों की माता अस्थाई तौर पर तो सुनती होगी परन्तु सही मायने में साथ नहीं देती होगी या यूं कह लो ऐसी पूजा का क्या फायदा जो हर समय व्यक्ति दूसरों का बुरा करे, झूठ बोले। अगर हम माता रानी की आरती करें लेकिन अपनी मां को अकेला छोड़ दें तो हमारी पूजा अधूरी है। हमें मंदिर में जाकर देवी को ढूंढने से पहले, अपने घर में अपनी मां के चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश करनी चाहिए। आज के समय में हम देखते हैं लोग मंदिरों में घंटों पूजा करते हैं लेकिन घर में अपनी मां के लिए उनके पास समय नहीं होता, यह कैसी भक्ति है।

शनिवार को ईद का पवित्र त्यौहार मनाया गया, जो हमें प्यार, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। क्या हम सच में पूजा और त्योहारों का असली अर्थ समझ रहे हैं। ईद हमें सिखाती है अपनों का ख्याल रखना, भाईचारा रखना। ईद मिलन अर्थात् सबके साथ खुशियां, प्यार बांटना, अपनों का ख्याल रखना, बुजुर्गों का सम्मान करना, जरूरतमंदों की मदद करना। क्या इस बार उन लोगों ने ईद मनाई, जिन्होंने एक युवक की मिलकर हत्या कर दी। क्या उनके मन ने उनको इसकी इजाजत दी। एक समय था जब शहर के बेटा-बेटी या मोहल्ले के बेटा-बेटी अपने होते थे। आज क्या हो रहा है इंसानियत तार-तार हो रही है। अगर किसी से भी कोई गलती हो जाती है, चाहे वो किसी भी धर्म से हो तो हमारा फर्ज बनता है उसे प्यार से, डांट कर उसकी गलती का अहसास कराएं न कि किसी को जान से मार दें, कोई भी धर्म, मजहब यह नहीं सिखाता।

इस नवरात्रे और ईद पर हमें सबको संकल्प लेना होगा कि हम सब मिलकर भाईचारे से रहेंगे और घर की मां या बुजुर्गों को सम्मान देंगे, सेवा करेंगे और समय देंगे। उनके साथ समय बिताएंगे, उनका आशीर्वाद लेंगे, तभी हमारा पूजा और त्यौहारों को मनाने का औचित्य होगा।

सच्ची पूजा और इबादत होगी, यही सच्ची ईद होगी और यही हमारी भारतीय संस्कृति की असली पहचान है। आज हम सभी व्यस्त हैं, मोबाइल, काम और दुनिया में, लेकिन हम भूल जाते हैं अगर हम मां की आरती करें लेकिन अपनी मां का सम्मान न करें, उसको प्यार न दें, उनके साथ समय न बिताएं तो हमारी पूजा अधूरी है। ईद भी हमें यही सिखाती है अपनों को गले लगाना है और दिल से रिश्ता निभाना है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

# हिमाचल का बजट पेश: विधायकों, अधिकारियों के वेतन में कटौती

**शिमला,** विक्रांत सूद(पंजाब केसरी): हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज लगभग 4 घंटे 16 मिनट बजट भाषण पढ़ा। सीएम ने 2026-27 के लिए 54,928 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। जो कि गत वित्त वर्ष की तुलना में 3586 करोड़ रुपए कम है। मुख्यमंत्री ने बजट पढ़ते समय राज्य पर बढ़ रहे कर्ज से बाहर निकलने के लिए सीएम, मंत्री और विधायकों के साथ अफसरों की सैलरी में कटौती की घोषणा की।

सीएम ने कहा कि केंद्र द्वारा आरडीजी बंद करने से राज्य को हर साल औसत 8105 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इस वजह से बजट का आकार घटा है। सीएम सुक्खू ने माली वित्तीय हालात को देखते हुए अगले छह महीने तक मुख्यमंत्री का मासिक वेतन 50 प्रतिशत, डिप्टी सीएम- मंत्रियों का 30 प्रतिशत और विधायकों का 20 प्रतिशत अगले छह महीने डेफर करने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि चीफ सेक्रेटरी, एसीएस, सेक्रेटरी, डीजीपी, एडीजी, एसपी रेंक के अफसरों के अलावा न्यायिक अधिकारियों और क्लास-वन श्रेणी अधिकारियों की सैलरी भी डेफर की जाएगी। हालांकि, ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों का वेतन नहीं कटेगा। पेंशनरों के भुगतान में कोई कटौती नहीं होगी। क्लास-वन और क्लास-टू श्रेणी कर्मचारियों की 3 प्रतिशत सैलरी डेफर होगी। उन्होंने कहा कि जब आर्थिक स्थिति ठीक होगी तब यह राशि लौटा दी जाएगी। सीएम ने वर्तमान वित्तीय हालात को देखते हुए विधायक क्षेत्र विकास निधि 2 करोड़ 10 लाख रुपए से घटाकर 1 करोड़ 10 रुपए करने की घोषणा की। सीएम ने अपने बजट भाषण में हिमाचल को ऑल वेदर डेस्टिनेशन बनाने के लिए तीन आधुनिक टाउनशिप की घोषणा की। सीएम ने घोषणा की पहले अनुबंध कर्मचारी साल में एक बार ही रेगुलर होते है, लेकिन अब इन्हें साल में दो बार रेगुल किया जाएगा। सीएम सुक्खू ने अपने बजट भाषण में राज्य के लगभग 70 हजार अस्थाई कर्मचारियों के मानदेय में 300 से 1000 रुपए बढ़ौतरी का ऐलान किया। सीएम ने न्यूनतम दिहाड़ी 50 रुपए की बढ़ौतरी के साथ 750 रुपए करने की घोषणा की।



● गत वित्त वर्ष की तुलना में बजट का आकार 3586 करोड़ रु. घटा

## महिलाओं पर मेहरबान हुई हिमाचल सरकार

**मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बीपीएल लिस्ट में विशेष रूप से सबसे गरीब परिवारों के नाम शामिल किए जाएंगे। वर्तमान में राज्य में 26.5 लाख बीपीएल परिवार हैं, और अब सरकार उनके उत्थान के लिए सबसे गरीब लोगों की पहचान कर रही है। मुख्यमंत्री अपना सुखी परिवार योजना के तहत एक लाख वंचित सबसे गरीब परिवारों की सहायता की जाएगी। इन परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। इनमें से लगभग 27,000 परिवार जिनके पास पक्के मकान नहीं हैं, उन्हें मकान बनाने में मदद की जाएगी और गारंटी के तहत इन परिवारों की सभी महिलाओं को 1,500 रुपए दिए जाएंगे।**

अर्थजगत

# दाल उड़द सुर्ख, खाद्य तेलों में उछाल, चीनी तेज

**नई दिल्ली,** (एनएनएस) दाल मिलों की मांग निकलने तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से उड़द के भाव सुर्ख हो गये। जबकि नये माल की आवक होने से चने की कीमतों में नरमी का रुख रहा। सप्लाई कमजोर होने तथा मांग बढ़ने से खाद्य तेलों में सरसों, बिनौला व राइसब्रान ऑयल के भाव 300 रुपए प्रति क्विंटल आज और उछल गये। औद्योगिक मांग निकलने से अखाद्य तेलों में राइसफैट्टी व एसिड ऑयल की कीमतों में 100/200 रुपए की सुर्खी रही। निचले स्तर पर पूछताछ बढ़ने से मिल डिलीवरी चीनी के भव 10/25 रुपए तेज बोले गये।

**अनाज-दाल :** गेहूं एमपी देशी 3700/3800, दड़ा (मिल पहुंच) नया 2600/2605, चक्की (पहुंच) 2625/2630, आटा चक्की (10 किलो) (जीएसटी सहित) 290/300, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1450/1460, मैदा (50 किलो) 1490/1500, सूजी (50 किलो) 1540/1550, चोकर (48 किलो)1180/1200, चावल: बासमती लालकिला 14500, स्वाद 10500, शरबती सेला 5100/5200, स्टीम 6100/6200, (1121 नं.) चावल सेला 7900/8000, स्टीम 9000/9100, सोर्टेक्स 9400/9500, (1509 नं.) चावल सेला 7200/7300, स्टीम 7700/7800, बासमती (1718) सेला 7500/7600, चावल 1401 स्टीम 8300/8400, परमल कच्चा 3600/3700, बाजरा: कैटलफीड 2150/2160, ज्वार: पीली 2400/2500, सफेद 3000/3200, मक्की: एमपी 2250/2300, बिहार 2350/2400, जौ: 2200/2250, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 10000/10800, बढ़िया 11400/11800, धोया लोकल 10200/10400, दाल मूंग: छिलका 9200/9800, बढ़िया 10500/11800, मूंग धोया: लोकल 8800/10200, बढ़िया 11200/11700, दाल मसूर: लोकल 7000/7800, बढ़िया 8000/8800.

**चीनी मिल डिलीवरी :** अफजलगढ़ 3995, सिंभावली 4025, शामली 3990, मोदी 4000, देवबंद 4100, किनौनी 4125, बुढ़ाना 4000, खतौली 4100, मवाना 4001, दौराला 4111, अगौता 3940, धामपुर 4030, बुंदकी 3985, हाजिर 4250/4375

**लोहा व इस्पात :** सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 70400, (10 एमएम) 69300, (12 एमएम) 66900, (16-25 एमएम) 68100, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 398, (10) 611, (12) 864, (16) 1537, ( 20 एमएम) 2402, (25 एमएम ) 3750, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 69200, (10 एमएम) 67500, (12 एमएम) 66600, (16-25 एमएम) 67200, (32 एमएम) 68900, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 69100, (10) 67800, (12) 64400, (16-25) 66700, (32) 65700, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 69400, (10) 69000, (12) 66700, (16-25) 68500, (28-32) 65900, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 69100, (10 एमएम) 67900, (12 एमएम) 65500, (16-25 एमएम) 66700, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 69100, (10 एमएम) 67900, (12 एमएम) 65100, (16-25 एमएम) 66700, चैनल: राना (जीएसटीअतिरिक्त) 49000, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 52500, जयभारत 53000, अनमोल 53000, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 52500, अनमोल 52500, टी-आयरन: राना 51000, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 42500, (साढ़े तीन इंच) 43000, (चार इंच) 43500, (पांच इंच) 44000, (छ: इंच) 44000, स्क्रैप: पुरानी 40000, मैल्टिंग स्क्रैप 41000, इंगट 47000, राउंड 54500

**अलौह धातु :** एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद 113, बैट्री काला 96, देशी मुलायम 192/212, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 200/209, चार प्रतिशत 211/222, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल 648, मिक्स 675, जालंधर 691, ब्रास (पीतल): हनी 690/730, रेडिएटर देशी 532, रेडिएटर विदेशी 532, चादरी देशी 690/730, पुर्जे स्क्रैप 655/695, टिन (रांग): इंगट अफ्रीका 4350, इंडोनेशिया 4400, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 316, एजेड 362, आई जेड 318, आईजे 317, पीएमआई 282, ड्रास (ढीमा) 252, निकिल कैथोड: रसियन-(4&4) 1570, (8&8) 1575, (4&24) 1580, नार्वे (4&4) 1585, (4&24) 1590, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 1072, भटठी 1070, सीसी 1190, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 336, शीट कटिंग 299, वायर स्क्रैप 304, बर्तनफूट 252, पुर्जाफूट 244, रॉड: लोकल 318, कम्पनी 358

## कल क्या होगा?



नई दिल्ली, (एनएनएस) सोमवार चैत्र सुदी पंचमी को बारीक चावल, गेहूं, जौ, जई, ढैंचा, मसूर, मटर, राजमा चित्रा, काबुली चना, मोठ, सरसों, सोया, बिनौला एवं इसका तेल, देशी चना, सोयाबीन, खांडसारी, लौंग, जीरा, केसर, धनिया, हल्दी, सौंफ, अमचूर, इमली, बादाम, काजू, कॉपर-पीतल में लाभ तथा ग्वार, ग्वारगम, मक्की, बजारा, मूंग, उड़द, तुवर, शर्मिली, दालचीनी, देशी घी, दूध पाउडर, रुई, जस्ता, टिन, अजवायन, कलौंजी, जायफल, बड़ी इलायची, सूत, गुड़, चीनी, लोहा-इस्पात, सोना-चांदी, निकिल में हानि की संभावना है। भाग्यांक 4-5-6-8 है। यात्रा विचार-पश्चिम दिशा की ओर 10.13 बजे पूर्वाह्न के बाद यात्रा शुभ होगी।

## ग्लेनमार्क ने की लॉचिंग

**मुंबई,** (पंजाब केसरी) :अनुसंधान-आधारित वैश्विक फार्मास्यूटिकल कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स ने आज भारत में टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस टी2डीएम के प्रबंधन के लिए सेमाग्लूटाइड के लॉन्च की घोषणा की। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के इंडिया फॉर्मुलेशंस के प्रेसिडेंट और बिज़नेस हेड, श्री आलोक मलिक ने कहा, "भारत में उन्नत डायबिटीज थेरेपी शुरू करने में किफायतीपन सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है।

# अंतर्राष्ट्रीय दल ने किया जयपुर मेट्रो का दौरा

**जयपुर,**(बनवारी कुमावत): भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के तहत् 23 अंतर्राष्ट्रीय अधिकारियों के प्रतिनिधि दल ने विषय पर अध्ययन एवं चर्चा हेतु जयपुर मेट्रो रेल परियोजना का दौरा किया।सर्वप्रथम मानसरोवर मेट्रो डिपो पहुंचने पर प्रतिनिधी दल के साथ सभागार में एक चर्चा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विषय पर मेट्रो की भूमिका के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रेजेंटेशन द्वारा दल को दी गई। दल के सभी प्रतिनिधियों ने चर्चा व प्रश्न/उत्तर वार्त्ता सत्र में भाग लिया। इस दौरान जयपुर मेट्रो के महाप्रबंधक (परिचालन), करण सिंह मीणा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। प्रतिनिधि दल ने मेट्रो ट्रेन द्वारा मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन तक यात्रा कि और जयपुर मेट्रो की कुशल परिचालन व्यवस्था का अनुभव किया। छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पहुंचने पर प्रतिनिधि दल ने छोटी चौपड़ स्थित कला दीर्घा में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से लायी गयी पुरातत्व महत्व की वस्तुओं को सहजने व संरक्षित करने की जानकारी प्राप्त की।



## लगातार दूसरे वर्ष एक अरब टन कोयले का उत्पादन

**नई दिल्ली,** (आईएएनएस): भारत ने लगातार दूसरे साल 1 अरब टन कोयला उत्पादन का बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया है। कोयला मंत्रालय ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, 20 मार्च को हासिल की गई यह उपलब्धि देश के ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ती आत्मनिर्भरता और जरूरी उद्योगों को लगातार ईंधन सप्लाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कोयला क्षेत्र में सभी हितधारकों के समन्वित प्रयासों और लगातार मेहनत के कारण यह लक्ष्य संभव हो पाया है।

# कांग्रेस पर भड़के विष्णु देव

**रायपुर,** आशीष शर्मा/पंजाब केसरी। विधानसभा के बजट सत्र में भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता को लेकर राज्य सरकार द्वारा लाये गए विधेयक पर कांग्रेस के आरोप पर राजनीति गरमा गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस के आरोप पर जमकर पलटवार किया हैं। वही यह भी कहा कि भ्रष्टाचार करने वालों को नसीहत देने का अधिकार नहीं है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए विष्णु देव ने कहा कि 5 साल तक जिन लोगों ने सिर्फ घोटाला किया। वे लोग नसीहत दे तो यह शोभा नहीं देता। सरगुजा ओलंपिक और कर्मचारी चयन मंडल कानून को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने जवाब देते हुए कहा की जनता से मिले जनादेश के बाद भी अपना वादा नहीं निभाने वाले लोगों को जनता माफ नहीं करेगी। ऐसे लोग प्रदेश के लोगों को तो दूर अपने अपनों को भी न्याय नहीं दिला पाए। उन्हें हमारा कोई भी काम अच्छा नहीं लगता। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में जनता से किये गए वादे पूरे नहीं हुए। अब राज्य सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल कानून भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित करने के साथ समयबद्ध बनाया जाएगा। इधर सरगुजा ओलंपिक जैसे आयोजन युवाओं को आगे बढ़ाने और खेल प्रतिभाओं को मंच देने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनकी सरकार पारदर्शिता, विकास और सुशासन के संकल्प के साथ काम कर रही है।



IN LOVING MEMORY OF
SMT. VERSHA DOSEJA
22.03.1948 - 28.09.2010
ON HER 78TH BIRTH ANNIVERSARY
No Words Can Ease The Loss We Bear. Today We Pay Our Humble Tribute.
We Love & Miss You
Doseja Pariwar, Sunder Shyam, Sumit, Nitya, Vandana, Inder, Ayush & Mitakkash.



## फोर्टिस में ब्रेन व स्पाइन सर्जरी संस्थान का उद्घाटन

**मुंबई,** (पंजाब केसरी) : मुंबई के फोर्टिस इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज द्वारा आयोजित पहले वार्षिक न्यूरोसाइंसेज कॉन्क्लेव में फोर्टिस न्यूनतम आक्रमक मस्तिष्क और रीढ़ सर्जरी संस्थान का उद्घाटन किया गया। डॉ. जयेश सरधारा, निदेशक – न्यूनतम आक्रमक मस्तिष्क और रीढ़ सर्जरी विभाग, फोर्टिस अस्पताल मुंबई, और आयोजक अध्यक्ष एवं सीएमई संयोजक ने कहा, "न्यूरोसाइंसेज का क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है।

## डॉल्फिन टंकी का आयोजन

**मुंबई,** (पंजाब केसरी) : सलाम बॉम्बे फाउंडेशन ने एनएमआईएमएस स्कूल ऑफ बिज़नेस मैनेजमेंट के सहयोग से अपने प्रमुख उद्यमिता मंच "डॉल्फिन टंकी" का पाँचवाँ संस्करण आयोजित किया। श्री गौरव अरोड़ा, चीफ ग्रोथ ऑफिसर और सीनियर वाइस प्रेसिडेंट – स्किल्स@स्कूल एवं स्पोर्ट्स, सलाम बॉम्बे फाउंडेशन ने कहा, "डॉल्फिन टंकी उन उद्यमियों के लिए लॉन्चपैड के रूप में कार्य करता है, जिन्हें अक्सर पूंजी, नेटवर्क और औपचारिक प्रशिक्षण तक पहुंच नहीं होती।

## गुमशुदा की तलाश



गगन

आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह आदमी (फोटो में दर्शाया गया है) जिसका नाम: गगन, पुत्र: राजेंद्र कुमार, निवासी: डी-765,जेजे कॉलोनी, कैंप नंबर 2, नांगलोई, दिल्ली, दिनांक 17.03.2026 को रात 12.30 बजे अपने घर से अपहृत/लापता हो गया है। इस संबंध में DD No.67A दिनांक 20.03.2026 के तहत थाना नांगलोई, बाहरी जिला, दिल्ली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

उनका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:-
लिंग: पुरुष, उम्र: 23 वर्ष, कद: 5'7", रंग: गेहुँआ, चेहरा: लम्बा, बनावट: पतला, पहनावा: उसने काली कमीज, नीले रंग की जींस और जूते पहने हुए थे।
स्थानीय पुलिस द्वारा लापता आदमी का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए है लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है यदि किसी को इस आदमी के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।
फोन न.: 011-24368638, 011-24368641 | फैक्स न.: 011-24368639
ईमेल आईडी: cic@cbi.nic.in | वेबसाइट: http://cbi.nic.in
थानाध्यक्ष
थाना -नांगलोई, दिल्ली
फोन: 7988142115
DP/3719/OD/2026

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



हरि बाबू चौहान

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक आदमी (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम हरि बाबू चौहान पुत्र स्वर्गीय राम स्वरूप निवासी 91/47सी, झुग्गी मुल्तानी मोहल्ला, गीता कॉलोनी, दिल्ली जो अपने घर से दिनांक 05.03.2026 को रात लगभग 10:00 बजे से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं./डीडी नं. 115ए, दिनांक 05.03.2026 थाना गीता कॉलोनी, दिल्ली में दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस आदमी का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।
जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-
लिंग: पुरुष, आयु: 65 वर्ष, कद: 5'6" फीट, रंग: गेहुंआ।
अगर किसी को इस गुमशुदा आदमी के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-
थाना प्रभारी
थाना: गीता कॉलोनी, दिल्ली
वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011-22506665, 22508164
टेली. न.: 011-24368638/24368641
मोबाइल: 8750871801
फैक्स नं.: 011-24368639
DP/3212/SHD/2026

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात उम्र: 50 साल। जो दिल्ली के कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन के नीचे बीएन डिवाइडर पर मृत पाया गया। इस बाबत GD No. 72A, Dt. 16.03.2026, थाना: जगतपुरी, दिल्ली, मे दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति का शारीरिक विवरण दिया गया है।
उम्र: 50 साल, कद: 5'4" रंग: सांवला, पहनावा: काले रंग का लोअर और काले रंग की फुल स्लीव शर्ट। अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो, कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।
थानाध्यक्ष
थाना: जगतपुरी, दिल्ली
फोन: 8595868063, 9811004280
DP/3620/SHD/2026

# विवि में आधुनिक, वैज्ञानिक पाठ्यक्रम हों : उपराष्ट्रपति

**मुंबई,** (पंजाब केसरी) उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि विश्वविद्यालयों को विश्व की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक और वैज्ञानिक पाठ्यक्रम अपनाना चाहिए। उन्होंने रेखांकित किया कि राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके लोगों की क्षमताओं में निहित है।

उन्होंने रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह के दौरान यहां लोक भवन में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य उन लोगों का है जो तकनीकी कौशल के साथ व्यवहारिक कौशल जैसे संप्रेषण, टीम वर्क, अनुकूलन क्षमता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता का समन्वय करते हैं। उपराष्ट्रपति ने रेखांकित किया कि परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता अनिवार्य है।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश की वास्तविक शक्ति उसके लोगों की क्षमताओं में निहित है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को विश्व की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक, वैज्ञानिक पाठ्यक्रम अपनाना चाहिए। राधाकृष्णन ने कहा, 'हमें समाज के हित में किसी द्वारा किये गए अच्छे कार्य के प्रति सकारात्मक रुख अपनाना चाहिए।'

महाराष्ट्र और अन्य राज्यों के राज्यपाल के रूप में अपने पूर्व कार्यकाल को याद करते हुए राधाकृष्णन रेखांकित किया कि विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को आधुनिक चुनौतियों का सामना करने और शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए अपने पाठ्यक्रम को लगातार अद्यतन करना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि डिग्री तभी सार्थक होती है जब वे रोजगार के अवसर प्रदान करती है।उन्होंने कौशल विकास और नयी तकनीकों पर अधिक ध्यान देने का आह्वान किया।



# भारत-भूटान के बीच शुरू होगी मनी ट्रांसफर सेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारत और भूटान के बीच डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल की गई है। जल्द ही दोनों देशों के बीच यूपीआई के जरिए क्रॉस-बॉर्डर मनी ट्रांसफर (विदेश में पैसे भेजने की सुविधा) यानी धन-प्रेषण पहल शुरू की जाएगी।यह सुविधा डाक नेटवर्क के जरिए दी जाएगी, जिसमें यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) के पोस्ट ट्रांसफर सिस्टम को भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) से जोड़ा जाएगा। इस पहल से दोनों देशों के लोगों को सस्ता और आसान तरीके से पैसे भेजने और प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। इस संबंध में भारत और भूटान ने डाक सहयोग के लिए एक समझौता (एमओयू) भी किया है, जो इंडिया पोस्ट और भूटान पोस्ट के बीच सहयोग का एक ढांचा तैयार करेगा। इस समझौते के तहत डाक सेवाओं, तकनीकी विकास, लॉजिस्टिक्स, क्षमता निर्माण और ज्ञान के आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जाएगा।

## बिल्ली रखने से रोकने पर महिला डॉक्टर ने फांसी लगाई

**हैदराबाद,** (पंजाब केसरी): हैदराबाद में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुकी 23 वर्षीय एक महिला ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि इस महिला ने यह अतिवादी कदम इसलिए उठाया क्योंकि उसके परिवार वालों ने घर में पालतू बिल्ली रखने पर आपत्ति जताई थी। पुलिस ने बताया कि यहां अलवाल में उसने अपने घर में शुक्रवार को फांसी लगा ली। उसने बताया कि एमबीबीएस के बाद आगे की पढ़ाई की तैयारी कर रही यह महिला पिछले तीन महीनों से पालतू जानवर पाल रही थी।

# फार्मा उत्पादन में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारत की फार्मास्यूटिकल (दवा) इंडस्ट्री अब वैश्विक स्तर पर मजबूत पहचान बना चुकी है, जो उत्पादन (वॉल्यूम) के हिसाब से दुनिया में तीसरे स्थान पर और मूल्य (वैल्यू) के हिसाब से 11वें स्थान पर है, जिसमें 3,000 से ज्यादा कंपनियां और 10,500 से अधिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स शामिल हैं।

भारत का घरेलू दवा बाजार फिलहाल 60 अरब डॉलर का है और अनुमान है कि यह 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। आर्थिक सर्वे 2025-26 के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में इस सेक्टर का कुल कारोबार 4.72 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। पिछले 10 वर्षों में दवा निर्यात में सालाना औसतन 7 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हुई है। भारत दुनिया में जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा सप्लायर है, और वैश्विक सप्लाई में इसकी हिस्सेदारी करीब 20 प्रतिशत है। देश में 60 अलग-अलग चिकित्सा श्रेणियों में लगभग 60,000 जेनेरिक दवाएं बनाई जाती हैं।

मजबूत मैन्युफैक्चरिंग क्षमता, बढ़ते निर्यात, विदेशी निवेश और सरकार की योजनाओं ने मिलकर देश में उत्पादन को बढ़ाया है, आयात पर निर्भरता कम की है और भारत की वैश्विक बाजार में पकड़ मजबूत की है। साथ ही, सस्ती दवाओं की उपलब्धता, इनोवेशन, गुणवत्ता नियंत्रण और सख्त नियमों के कारण देश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है और दुनिया में भारत की विश्वसनीयता बढ़ी है।

● घरेलू दवा बाजार फिलहाल 60 अरब डॉलर का है जो 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है

# सेना के जवान बनेंगे 'ड्रोन वॉरियर'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): ड्रोन आधुनिक युद्ध (मॉडर्न वॉरफेयर) में सबसे घातक हथियार के रूप में उभरकर सामने आया है। चाहे रूस-यूक्रेन युद्ध हो या ईरान के साथ इजरायल और अमेरिका का संघर्ष-हर जगह ड्रोन की अहम भूमिका देखी गई है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत का ऑपरेशन सिंदूर भी ड्रोन वॉरफेयर का एक सजीव उदाहरण है। इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने न सिर्फ ड्रोन का प्रभावी इस्तेमाल किया, बल्कि पाकिस्तान के ड्रोन को भी मार गिराया।

भारतीय सेना पहले से ही इस नए युद्धक उपकरण के लिए खुद को तैयार कर रही थी। सेना ने तेजी से अपने 'ड्रोन वॉरियर' तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, जिसका पहला चरण अब पूरा हो चुका है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, सेना ने बेसिक ड्रोन ट्रेनिंग पूरी कर ली है। यानी अब इंफेंट्री बटालियन के हर जवान को ड्रोन की बुनियादी जानकारी और संचालन की ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

ड्रोन की बेसिक ट्रेनिंग यूनिट स्तर पर शुरू की गई थी। दूसरे चरण में स्पेशलाइज्ड एडवांस ट्रेनिंग भी जारी है, जिसके लिए विशेष ड्रोन ट्रेनिंग नोड तैयार किए गए हैं और उनकी संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही ड्रोन और काउंटर-ड्रोन सिस्टम की खरीद और तैनाती भी तेजी से बढ़ाई जा रही है।

सेना ने इंफेंट्री की हर बटालियन में एक ड्रोन प्लाटून स्थापित किया है, जिसे 'अश्नी प्लाटून' नाम दिया गया है। अब तक इंफेंट्री की 380 बटालियनों में ये प्लाटून स्थापित होकर ऑपरेशनल हो चुके हैं। इन प्लाटून के पास विभिन्न प्रकार के ड्रोन उपलब्ध हैं।

इसके अलावा, ड्रोन सेंटर ट्रेनिंग अकादमी भी स्थापित की जा रही है। देहरादून स्थित आईएमए, महू का इन्फेंट्री स्कूल, और चेन्नई की ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में ऐसी सुविधाएं पहले ही स्थापित की जा चुकी हैं।



## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 22March 2026
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष ARIES** (21 मार्च–20 अप्रैल) प्रोफेशनल कोर्स पर फोकस करना फायदेमंद रहेगा। खर्च का हिसाब रखें, ताकि पैसों की कमी न हो। फिटनेस रूटीन फॉलो करेंगे तो एनर्जी रहेगी। प्रॉपर्टी अपडेट पर नजर रखें।
**लकी नंबर: 17, लकी कलर: पिंक**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल–20 मई) अच्छी सलाह पढ़ाई में मदद करेगी। जिसका हक है उसे क्रेडिट जरूर दें। बिज़नेस मीटिंग से अच्छी डील मिल सकती है। सोशल गैदरिंग में आप सेंटर ऑफ अट्रैक्शन रहेंगे।
**लकी नंबर: 2, लकी कलर: पीच**

**मिथुन GEMINI** (21 मई–21 जून) खर्च कंट्रोल में रखें। फैमिली या दोस्तों की मीटिंग मजेदार रहेगी। असाइनमेंट टाइम पर पूरा कर लेंगे। वकेशन में नई जगह देखने का मौका मिलेगा। मनपसंद जीवनसाथी मिल सकता हैं।
**लकी नंबर: 8, लकी कलर: ब्राउन**

**कर्क CANCER** (22 जून–22 जुलाई) पुरानी बीमारी में सुधार दिखेगा। हेल्थ या इमरजेंसी से जुड़े काम में राहत मिलेगी। घर में सेलिब्रेशन का माहौल रहेगा। कुछ लोग बड़े घर में शिफ्ट होने का प्लान बना सकते हैं।
**लकी नंबर: 22, लकी कलर: ऑरेंज**

**सिंह LEO** (23 जुलाई–23 अगस्त) इवेंट प्लानिंग अच्छे से संभाल लेंगे। फ्रीलांसर स्मार्ट काम से फायदा पाएंगे। सोशल फंक्शन में आप सेंटर ऑफ अट्रैक्शन रहेंगे। बच्चे एक्स्ट्रा क्लासेज लेंगे।
**लकी नंबर: 1, लकी कलर: व्हाइट**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त–23 सितंबर) आज विवाद से दूर रहें। पार्टी या दावत का निमंत्रण मिल सकता है। रियल एस्टेट वालों को लाभ होगा। दोस्तों संग ट्रैवल मजेदार रहेगा। लक्ष्य पूरा होने से संतोष मिलेगा। फिटनेस पर ध्यान बढ़ेगा। रिलेशनशिप में कोशिशें सफल रहेंगी।
**लकी नंबर: 11, लकी कलर: लाइट ब्लू**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर–23 अक्टूबर) वर्कआउट को रूटीन में शामिल करें। समझदारी से बजट मैनेज करेंगे। हॉस्पिटैलिटी से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। रिश्तेदार का साथ मदद करेगा।
**लकी नंबर: 3, लकी कलर: मैरून**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर–22 नवंबर) आज लोगों को इंप्रेस करना आसान रहेगा। मन की चिंता दूर होगी। बच्चें अकेडमिक अपडेट को लेकर फोकस्ड रहें। आउटडोर स्पोर्ट्स हेल्थ के लिए अच्छा रहेगा।
**लकी नंबर: 7, लकी कलर: ऑरेंज**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर–21 दिसंबर) बिज़नेस आइडिया को एक्शन में बदलें। पैसों के लेन-देन में सावधानी रखें। परिवार हर फैसले में साथ देगा। धार्मिक जगह जाने का मन हो सकता है।
**लकी नंबर: 6, लकी कलर: क्रीम**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर–21 जनवरी) एक्सरसाइज रूटीन बिगड़ सकता है। मेहमाननवाजी से तारीफ मिलेगी। बच्चे पढ़ाई को लेकर परेशान होंगे। घर में कोई फालतू खर्च कर सकता है।
**लकी नंबर: 4, लकी कलर: डार्क ग्रे**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी–19 फरवरी) बीमारी से जल्दी राहत मिलेगी। अनचाहे खर्च सेविंग कम कर सकते हैं। क्रिएटिव फील्ड वालों को प्रमोशन का मौका मिलेगा। फैमिली गैदरिंग से खुशी मिलेगी। आउटिंग बिना रुकावट के होगी।
**लकी नंबर: 9, लकी कलर: सैफ्रॉन**

**मीन PISCES** (20 फरवरी–20 मार्च) अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। बच्चे स्टडीज में गाइडेंस लेंगे। प्रॉपर्टी फैसले में कन्फ्यूजन हो सकती है। लंबी यात्रा थका सकती है। फैमिली मेंबर की सलाह काम आएगी। पार्टनर का मूड ठीक करने के प्रयास करने होंगे।
**लकी नंबर: 18, लकी कलर: रेड**

जनसत्ता सरोकार | इंडियन एक्सप्रेस समूह

सम-सामयिक

एक

जनसत्ता | 22 मार्च, 2026

# पश्चिम एशिया के युद्ध में निशाना बन रहे तेल-गैस संयंत्र माल और मार्ग के बिना भारत का ईंधन संकट बढ़ा

पश्चिम एशिया में युद्ध थमने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। अब यह सैन्य ठिकानों पर हमले से आगे निकलकर ऊर्जा संयंत्रों को लक्ष्य कर रहा है। अपने विशाल गैस परिसर पर इजराइली आक्रमण से आगबबूला ईरान ने जिस तरह भीषण हमला 18-19 मार्च के दरमियान किया, वह खाड़ी के ऊर्जा इतिहास की सबसे काली रात बन गई। इजराइल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया और ईरान ने कतर, सऊदी अरब, यूएई तथा कुवैत की नौ ऊर्जा सुविधाओं पर मिसाइलें दागकर पलटवार किया। कच्चा तेल 116 डालर को पार कर गया। इस बीच, भारत के ईंधन लादे होर्मुज जलमार्ग में फंसे जहाजों के निकलने की संभावना क्षीण हो गई है। संकट यह है कि कतर से भारत गैस का एक बड़ा हिस्सा मंगाता है और वहां गैस क्षेत्र निकट भविष्य में शुरू होने की उम्मीद नहीं है। सरोकार की पड़ताल।

# ऊर्जा संहार

जनसत्ता सरोकार

ऊर्जा पर प्रहार की शुरुआत 18 मार्च 2026 की दोपहर को इजराइल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला कर की। यह क्षेत्र दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस भंडार है, जिसे ईरान और कतर मिलकर संचालित करते हैं। असलुयेह के सल्फर रिकवरी यूनिट और प्रसंस्करण ढांचे में आग लग गई। ईरानी राष्ट्रीय गैस कंपनी ने कहा-आग बुझाई गई, पर क्षति व्यापक है। तेहरान ने तुरंत चेतावनी जारी की-अब बारी खाड़ी के उन देशों की है जो अमेरिकी अड्डों की मेजबानी करते हैं।

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने सऊदी अरब, यूएई और कतर की ऊर्जा सुविधाओं के कर्मचारियों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर जाने की चेतावनी दी। सूची में नाम थे-सऊदी अरब की सैमरेफ रिफाइनरी और जुबैल पेट्रोकेमिकल कांपलेक्स, यूएई का अल होस्न गैस क्षेत्र और कतर का मसाइद पेट्रोकेमिकल कांपलेक्स, मसाइद होल्डिंग कंपनी और रास लफान रिफाइनरी। घंटों बाद मिसाइलें आसमान से उतरने लगीं।



### एक-एक करके जल गया खाड़ी का ढांचा

रास लफान-कतर का वह औद्योगिक नगर है, जहां से दुनिया की 20 फीसद एलएनजी आती है। यह सबसे पहला निशाना बना। कतर एनर्जी ने घोषणा की-रास लफान औद्योगिक नगर में व्यापक क्षति हुई है। पर्ल गैस-टू-लिक्विड सुविधा, जो शेल और कतर एनर्जी की साझेदारी में चलती है, उसे भी व्यापक क्षति पहुंची। कई एलएनजी सुविधाओं में बड़ी आग लगी और क्षति हुई। कतर के आंतरिक मंत्रालय ने बाद में कहा-आग पर प्रारंभिक नियंत्रण पा लिया, कोई हताहत नहीं हुआ।

सऊदी अरब ने रियाद की ओर आई चार बैलिस्टिक मिसाइलें और पूर्वी प्रांत की ओर दो मिसाइलें मार गिराईं, पर रक्षा प्रणाली के लिए सब कुछ रोकना संभव नहीं था। लाल सागर बंदरगाह यानवु में अरामको-एक्सान की साझेदारी वाली सैमरेफ रिफाइनरी पर एक ड्रोन जा गिरा। यानवु इस समय सऊदी अरब का कच्चे तेल का एकमात्र निर्यात मार्ग है। सऊदी विदेश मंत्री राजकुमार फैसल बिन फरहान ने कहा-ईरान पर जो थोड़ा भरोसा बचा था, वह पूरी तरह टूट गया।

यूएई ने 13 बैलिस्टिक मिसाइलें और 27 ड्रोन मार गिराए, पर एडीएनओसी की हब्शान गैस सुविधा पर मलबा गिरा और उसे बंद करना पड़ा। हब्शान दुनिया के सबसे बड़े गैस प्रसंस्करण केंद्रों में से एक है। पांच संयंत्र, 6.1 अरब मानक घन फुट प्रतिदिन की क्षमता। बाब तेल क्षेत्र भी निशाने पर आया। कुवैत में कुवैत पेट्रोलियम कारपोरेशन की मीना अल-अहमदी और मीना अब्दुल्लाह रिफाइनरियों में ड्रोन हमले से आग लग गई।

### नौ ऊर्जा सुविधाएं : एक रात में निशाना

1. रास लफान रिफाइनरी, कतर-व्यापक क्षति, आग बुझाई गई
2. पर्ल जीटीएल सुविधा, कतर (शेल) - व्यापक क्षति
3. मसाइद पेट्रोकेमिकल कांपलेक्स, कतर- आग
4. सैमरेफ रिफाइनरी (अरामको-एक्सान), यानवु, सऊदी- ड्रोन हमला
5. जुबैल पेट्रोकेमिकल कांपलेक्स, सऊदीअरब- निशाना
6. हब्शान गैस सुविधा (एडीएनओसी) यूएई- बंद, मलबा गिरा
7. बाब तेल क्षेत्र, यूएई-निशाना
8. मीना अल-अहमदी रिफाइनरी, कुवैत- आग लगी
9. मीना अब्दुल्लाह रिफाइनरी, कुवैत- आग

### खाड़ी में अटके भारतीय नाविक

भारत इस आग में सबसे अधिक झुलसने वाला एशियाई देश है। होर्मुज जलसंधि में इस समय 22 भारतीय जहाज फंसे हैं, जिनमें तीन एलएनजी वाहक, दस एलपीजी वाहक और सात कच्चे तेल के टैंकर प्रमुख हैं। कुल 16.76 लाख टन कच्चा तेल, 3.21 लाख टन एलपीजी और

**रास लफान-कतर का वह औद्योगिक नगर जहां से दुनिया की 20 फीसद एलएनजी आती है। यह सबसे पहला निशाना बना। कतर एनर्जी ने घोषणा की - रास लफान औद्योगिक नगर में व्यापक क्षति हुई है।**

2.15 लाख टन एलएनजी समुद्र में फंसी पड़ी है। पहले रोज सौ से अधिक टैंकर होर्मुज जलमार्ग पार करते थे। 28 फरवरी से अब तक केवल 90 टैंकर पार हो पाए हैं। इनमें से ज्यादा संख्या ईरान के जहाजों की है। 23,000 भारतीय नाविक खाड़ी में अटके हैं।

भारत का एलपीजी आयात का 90 फीसद इसी होर्मुज से आता है। देश में 33.21 करोड़ घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हैं, जिनमें 10.43 करोड़ उज्ज्वला योजना के गरीब परिवार हैं। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया-घरेलू एलपीजी उत्पादन 28 फीसद बढ़ाया गया है, रूसी कच्चे तेल का आयात 50 फीसद भी बढ़ा है। रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन बढ़ाया जा रहा है। 19 मार्च को मंत्रालय ने घोषणा की, जो राज्य पाइप गैस की ओर रुख करेंगे, उन्हें दस फीसद अतिरिक्त व्यावसायिक एलपीजी दी जाएगी। सरकारी सूत्रों ने दावा किया कि एलपीजी उत्पादन बढ़कर 40 फीसद हो गया है। इस संकट का एक और चेहरा है जो आंकड़ों में नहीं दिखता। पर्यावरण मंत्रालय ने एक महीने के लिए होटलों और रेस्तरां को कोयला, केरोसिन और बायोमास जलाने की अनुमति दी है। ग्रामीण भारत में लाखों परिवार लकड़ी और उपलों की ओर लौट रहे हैं। उज्ज्वला योजना ने दस साल में जो हासिल किया था (दस करोड़ रसोईघरों को धुएं से मुक्त करना), वह एक महीने में उलट सकता है।

### विकल्प : पर राहत तत्काल नहीं

भारत के पास विकल्प हैं-अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, नार्वे, अल्जीरिया और रूस। सभी से आपूर्ति शुरू हो रही है या बात चल रही है। फरवरी 2026 में अमेरिका के साथ 2.2 मेगाटन प्रति वर्ष का नया अनुबंध हुआ है, लेकिन खाड़ी से माल सात-आठ दिन में आता था, अमेरिका और कनाडा से 45 दिन लगते हैं। और शेल तथा टोटल एनर्जी दोनों ने फोर्स मेजर घोषित कर दी है-यानी उनकी आपूर्ति बाध्यता समाप्त। भारत के पास एलएनजी का केवल 22 दिन का भंडार है, जबकि कच्चे तेल का भंडार 60 दिन का है। यही सबसे बड़ी कमजोरी है। मंगलुरु और विशाखापत्तनम में भूमिगत एलपीजी कैवर्न का विस्तार किया जा रहा है, पर इसमें समय लगेगा। जब तक होर्मुज जलमार्ग बाधित रहेगा, भारत तात्कालिक संकट में रहेगा।

एक विशेषज्ञ का कहना है कि एलपीजी और एलएनजी के लिए भारत के पास कच्चे तेल जितना सामरिक भंडार नहीं है। यही सबसे बड़ी कमजोरी है। इस संकट का बड़ा सबक है-भंडार, विविधीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा, तीनों अनिवार्य हैं।

### भारत की कूटनीति : तलवार की धार पर

भारत के लिए यह संकट केवल ऊर्जा का नहीं, कूटनीति का भी है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा-भारत युद्धरत पक्ष नहीं है, इसीलिए तटस्थता काम आई। भारत ने एक ईरानी युद्धपोत के 180 नाविकों को आश्रय दिया। बदले में ईरान ने शिवालिक और नंदा देवी जहाजों को होर्मुज पार करने दिया, जिनसे 92,700 टन एलपीजी पहुंची। पर यह हर बार संभव नहीं होगा।

कतर ने दो मार्च को ही जब पहली बार एलएनजी उत्पादन रोका था तो एशियाई गैस की कीमतें 39 फीसद उछली थीं। अब 18-19 मार्च के हमलों के बाद यूरोपीय गैस 24 फीसद और महंगी हो गई। कतर वैश्विक एलएनजी का 20 फीसद देता है और अपना 80 फीसद माल एशियाई देशों को भेजता है। भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और चीन-सबको एक साथ झटका लगा है।

### खपत बनाम उत्पादन का असंतुलन

भारत में 33.21 करोड़ सक्रिय घरेलू एलपीजी कनेक्शन हैं, जिनमें उज्ज्वला योजना के 10.43 करोड़ गरीब परिवार हैं। देश की कुल एलपीजी खपत वित्त वर्ष 25 में 31.3 लाख टन थी। घरेलू उत्पादन केवल 40 फीसद है। बाकी आयात, और आयात का 90 फीसद होर्मुज से। जनवरी 2026 में घरेलू उत्पादन 11.58 लाख टन था जबकि जरूरत 21.92 लाख टन की है। यानी 54 फीसद सामान्य आपूर्ति होर्मुज पर निर्भर थी।

चेन्नई, बंगलुरु, दिल्ली और मुंबई में एजंसियों के बाहर लंबी कतारें हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर की प्रतीक्षा अवधि 25 से बढ़कर 45 दिन हो गई। छत्तीसगढ़ में 741 सिलेंडरों की कालाबाजारी पकड़ी गई। पीएमयूवाई उपभोक्ता के लिए दिल्ली में दाम 613 रुपए पर, काले बाजार में 4,000 रुपए तक। ओएमसी को 30,000 करोड़ रुपए की सरकारी क्षतिपूर्ति मंजूर। नुकसान 40,000 करोड़ का। सरकार का दावा है कि एलपीजी घरेलू प्रभावित नहीं हुई है, वाणिज्यक पर असर है। इस बीच सरकार ने प्रीमियम पेट्रोल में दो रुपए और औद्योगिक डीजल में 22 रुपए की बढ़ोतरी की है।

## गैस परिसरों पर हमले से दुनिया भर के बाजार प्रभावित

दो बड़े गैस परिसरों में हमले की खबर फैलते ही ऊर्जा बाजारों में हड़कंप मच गया। ब्रेंट कच्चा तेल 116.38 डालर प्रति बैरल पर पहुंचा। युद्ध से पहले 73 डालर था। यूरोपीय गैस के बेंचमार्क डच टीटीएफ में 24 फीसद की एक दिन की उछाल रही। कतर वैश्विक एलएनजी का 20 फीसद देता है। इसलिए न्यूजीलैंड से नाइजीरिया तक पेट्रोल केंद्रों पर स्टाक नहीं के बोर्ड लगने लगे। हालांकि शुक्रवार को यह भारत में 109 डालर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा-ईरान ने यदि कतर की एलएनजी सुविधाओं पर हमला जारी रखा तो वे पूरे दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र को उड़ा देंगे। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इजराइल ने दक्षिण पार्स पर हमले से पहले न उन्हें और न कतर को बताया था। उन्होंने इस हमले से अपने को अलग कर लिया। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कतर के अमीर और ट्रंप से बात कर नागरिक ऊर्जा ढांचे पर हमले तत्काल रोकने की मांग की। इसके एक दिन बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसका खंडन किया और कहा कि इजराइल के लिए अमेरिका युद्ध नहीं लड़ रहा बल्कि दोनों एक साथ लड़ रहे हैं और अब ऊर्जा क्षेत्रों पर हमले नहीं करेंगे।



## हर मिसाइल की आंच दिल्ली तक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूरे दक्षिण पार्स को उड़ाने की धमकी दी है। यह अमल में आई तो अलग स्थिति होगी। तब भूमिगत दबाव तंत्र स्थायी रूप से बाधित हो सकता है और दशकों तक गैस निकालना संभव नहीं होगा। इसमें कतर की भी हानि होगी क्योंकि दोनों एक ही भूमिगत भंडार साझा करते हैं। कतर के विदेश मंत्रालय ने इसलिए इजराइली हमले को खतरनाक और गैरजिम्मेदाराना कहा और ईरानी हमले की भी निंदा की। हालांकि ट्रंप ने धीर-धीरे युद्ध खत्म करने की भी बात कही है।

कतर का गुस्सा दोतरफा है। इजराइल ने दक्षिण पार्स पर हमला किया जो कतर के उत्तर क्षेत्र का विस्तार है। कतर के विदेश मंत्रालय ने इसे खतरनाक और गैरजिम्मेदाराना कहा। फिर ईरान ने रास लफान पर मिसाइलें दागीं। कतर ने इसे संप्रभुता का स्पष्ट उल्लंघन बताते हुए ईरान के राजनयिकों को 24 घंटे में देश छोड़ने का आदेश दिया। अरब लीग ने आपातकालीन बैठक बुलाई। रियाद में अरब-मुसमिल देशों के विदेश मंत्री इकट्ठे हुए।

दूसरी तरफ ट्रंप चाहते हैं कि भारत होर्मुज खोलने के अमेरिकी नौसेना गठबंधन में शामिल हो। भारत ने विनम्रता से मना किया और जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन ने भी। कतर, सऊदी अरब और यूएई, जिन पर ईरान ने हमला किया, वहां एक करोड़ से अधिक भारतीय नागरिक काम करते हैं। हर मिसाइल की आंच दिल्ली तक आ रही है। भारत को एक ऐसे युद्ध के बीच रास्ता निकालना है जो उसने नहीं चुना, पर जिसकी कीमत वह चुका रहा है।



# हमलों में तबाह हुए बुनियादी ढांचों की मरम्मत में लगेंगे वर्षों

जनसत्ता सरोकार

फारस की खाड़ी के तले, ईरान और कतर की समुद्री सीमा के ठीक नीचे, एक ऐसा भंडार है, जिसे भूवैज्ञानिक दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस का खजाना कहते हैं। ईरान इसे दक्षिण पार्स कहता है, कतर इसे उत्तर क्षेत्र। दोनों नाम-एक ही भूमिगत चट्टान की दो खिड़कियां हैं। इसमें अनुमानतः 14 से 51 खरब घन मीटर गैस है। दुनिया की कुल खपत के हिसाब से तेरह साल का जखीरा। ईरान के लिए यह उसकी 70 फीसद गैस का स्रोत है-बिजलीघर, घरों की गर्मी, उद्योग सब इसी पर निर्भर है। कतर के लिए यह उसकी पूरी समृद्धि की नींव है।

18 मार्च 2026 की दोपहर को इजराइल ने इस भंडार के ईरानी हिस्से पर हमला बोला। यह पहली बार था, जब ईरान की मूल ऊर्जा संरचना पर हमला हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा-अमेरिका को इस हमले की कोई जानकारी नहीं थी। लेकिन वाल स्ट्रीट जर्नल ने बाद में खबर दी कि ट्रंप को पहले से सूचित किया गया था और उन्होंने इसे होर्मुज जलमार्ग नाकेबंदी पर ईरान को सीधा संदेश मानकर समर्थन दिया। ईरान ने जवाब में कतर की गैस फील्ड रास लफान पर हमला बोला।

एक ऊर्जा विश्लेषण कंपनी ने कहा-इन हमलों ने वैश्विक एलएनजी परिदृश्य को मूलभूत रूप से बदल दिया है। गैस आपूर्ति में बाधा अब दो महीने से अधिक चलने की आशंका है। यूरोपीय गैस की कीमतें एक दिन में 35 फीसद तक उछलीं। युद्ध शुरू होने से अब तक दोगुनी हो चुकी हैं। भारत की चिंता का कारण आपूर्ति की संरचना है। पेट्रोलियम मंत्रालय में सह सचिव सुजाता शर्मा ने 19 मार्च को नई दिल्ली में कहा कि भारत अपना 90 फीसद एलपीजी और 47 फीसद एलएनजी कतर से आयात




करता है। जैसे-जैसे युद्ध जारी है, असर यहां महसूस हो रहा है। भारत के आठ एलएनजी टर्मिनल हैं, कुल क्षमता 52.7 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। लेकिन माल आए तभी टर्मिनल चलेंगे। फिलहाल न माल है, न मार्ग। रास लफान के हमले ने भारत की प्राकृतिक गैस आयात में 47.4 एमएमएससीएमडी की बाधा डाली है। यह देश की कुल गैस आपूर्ति का 20 फीसद है। पेट्रोनेट एलएनजी का कतर एनर्जी से 7.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष का 20 साल का अनुबंध है। फिलहाल वह कागज पर है। गेल, गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कारपोरेशन भी इसी आपूर्ति पर निर्भर हैं। प्राकृतिक गैस बिजलीघर चलाती है, खाद उत्पादन करती है, शहरी गैस वितरण नेटवर्क चलाती है। इन सबका संकट एक साथ आया है।

### रास लफान- कुछ जरूरी तथ्य

*स्थान :* दोहा से 80 किमी उत्तर, फारस की खाड़ी तट।
*वैश्विक एलएनजी उत्पादन में हिस्सा :* लगभग 20 फीसद
*संचालन :* कतर एनर्जी (शेल, एक्सानमोबिल, टोटल एनर्जी साझेदार)।
*अन्य सुविधाएं :* पर्ल जीटीएल, ओरिक्स जीटीएल, डाल्फिन गैस परियोजना, समुद्री जल अलवणीकरण कतर की बिजली का 30% और पीने के पानी का 20% यहीं से।
*भारत को आपूर्ति :* 47% एलएनजी 33% एलपीजी।
*पुनरारंभ का अनुमान :* मध्य 2026 यदि और हमले न हों।
*मरम्मत-*महीने नहीं, शायद साल।

दुनिया के बड़े एलएनजी उत्पादक अमेरिका, कतर, आस्ट्रेलिया और मलेशिया पहले से अपनी सौ फीसद निर्यात क्षमता पर चल रहे हैं। भारत जैसे देश के लिए अतिरिक्त माल की गुंजाइश नहीं है। रूस, जिसके निर्यात पर वैश्विक प्रतिबंध हैं, वही एकमात्र विकल्प बचता है, जहां से कुछ अतिरिक्त खरीदा जा सकता है।

सबसे अहम सवाल यह है, रास लफान दोबारा कब चालू होगा? एक विश्लेषण के अनुसार यदि और हमले न हों तो मध्य 2026 तक उत्पादन आंशिक रूप से फिर शुरू हो सकता है। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं, एलएनजी बुनियादी ढांचे को हुई गंभीर क्षति की मरम्मत में वर्षों लग सकते हैं। क्षति केवल इमारतों की नहीं, पाइपलाइन, वाल्व, कंप्रेसर, तरलीकरण ट्रेन सब बदलनी पड़ती हैं और ये विशेष उपकरण महीनों में नहीं मिलते।

# लाखों बिना वोट के

भारतीय गणराज्य के इतिहास के लगभग चार दशकों तक बहुत कम लोगों ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआइ) पर ध्यान दिया। ऐसे लोगों की संख्या भी कम थी, जो भारत के संविधान के भाग पंद्रह में दिए गए प्रावधानों के बारे में जानते थे।

हर पांच साल में एक बार लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के लिए चुनाव होते थे। लोग वोट डालने के लिए उमड़ पड़ते थे, लेकिन कुछ ही लोग कानून, नियमों, व्यवस्थाओं, तैयारियों और उस प्रक्रिया के बारे में जानते थे, जिससे चुनाव का नतीजा निकलता था। अगर किसी को मतदाता सूची में अपना नाम मिल जाता था, तो वह वोट डाल सकता था। लाखों लोगों ने वोट डाला और हजारों ने नहीं डाला। किसी भी चुनाव क्षेत्र में जो भी उम्मीदवार चुनाव जीतता था, मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा उसे स्वीकार कर लेता था और आगे बढ़ जाता था।

हिंसा या किसी और के बदले वोट डालने की कुछ घटनाओं को छोड़ कर चुनाव ज्यादातर शांतिपूर्ण होते थे। हालांकि ऊपरी तौर पर शांत दिखने के पीछे कई अन्याय छिपे थे। बड़ी संख्या में लोगों को मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाता था। मतदाताओं के बड़े हिस्से को वोट डालने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने से रोका जाता था- खासकर दलितों, आदिवासियों को, जिन इलाकों में कोई एक समुदाय हावी होता था, वहां के पिछड़े समुदायों के लोगों को और धार्मिक अल्पसंख्यकों को। कुछ दिनों तक इस पर खूब हंगामा होता था, लेकिन जल्द ही यह शांत हो जाता था।

## एक योद्धा का आगमन

भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआइ) का प्रतिनिधित्व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) करते थे। सीईसी एक प्रतिष्ठित जन सेवक होते थे, लेकिन कुल मिलाकर वे गुमनाम और चुप रहते थे। सीईसी शायद ही कभी विवादों या अदालतों में घसीटे जाते थे। सीईसी के सुर्खियों में आने के जो मामले सामने आए, वे तब हुए, जब पार्टियां टूट जाती थीं और आरक्षित चुनाव चिह्नों को लेकर झगड़े होते थे।

टीएन शेषण को 1990 में सीईसी नियुक्त किया गया और उन्होंने संविधान के भाग पंद्रह में नई जान डाल दी। उन्होंने कानूनों, नियमों और निर्देशों का सख्ती से पालन कराया। साथ ही ईसीआइ और उसकी व्यापक शक्तियों के बारे में लोगों को जागरूक किया। शेषण ने सुप्रीम कोर्ट में मामले दायर किए और ऐसे फैसले करवाए, जो बाद में बाध्यकारी नियम बन गए। वे पूरी तरह से निष्पक्ष थे, किसी का पक्ष नहीं लेते या विरोध नहीं करते थे। और वे एक लोकनायक बन गए। अन्य प्रतिष्ठित सीईसी में जेएम लिंग्दोह, टीएस कृष्णमूर्ति, दिवंगत नवीन चावला और एसवाई कुरैशी शामिल थे। गिरावट पिछले दशक में शुरू हुई और सीईसी विवादों में घिरने लगे।



## दूसरी नजर

**पी चिदंबरम**

> यह सुनिश्चित करना ईसीआइ की जिम्मेदारी थी कि लोगों को वयस्क मताधिकार के आधार पर मतदाता सूची में शामिल किया जाए। इसके विपरीत, एसआइआर के तहत ईसीआइ ने एक द्वेषपूर्ण रवैया अपनाया और नागरिकता साबित करने का बोझ मतदाताओं पर डाल दिया। जो लोग ऐसा करने में असमर्थ रहे, उन्हें तुरंत मतदाता सूची से बाहर कर दिया गया।

## एसआइआर के साथ शरारत

2025-26 में हुए 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआइआर) ने सीईसी की निष्पक्षता को तार-तार कर दिया। संविधान के अनुच्छेद 326 के मुताबिक, 'चुनाव... वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे। यानी, हर वह व्यक्ति जो भारत का नागरिक है और जिसकी उम्र अठारह वर्ष से कम नहीं है, ऐसे किसी भी चुनाव में मतदाता के तौर पर पंजीकृत होने का हकदार होगा।' यहां जोर *वयस्क मताधिकार, नागरिक और मतदाता के तौर पर पंजीकृत होने के हकदार होने* पर है।

इन शब्दों का सीधा-सा मतलब यह है कि मतदाता सूचियों में देश की *वयस्क आबादी शामिल* होनी चाहिए, सिवाय उसके जो भारत का नागरिक न हो। आमतौर पर हर राज्य की अद्यतन मतदाता सूचियों में मतदाताओं की कुल संख्या उस राज्य की वयस्क आबादी के *लगभग बराबर* होनी चाहिए। अगर हर दस साल में जनगणना होती, तो वयस्क आबादी की गिनती एकदम सही होती। दुर्भाग्य से भारत में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। हालांकि आबादी का अनुमान लगाने के लिए उन्नत सांख्यिकीय उपकरण मौजूद हैं, और इन उपकरणों का इस्तेमाल विशेषज्ञ संस्थाएं करती हैं। इसलिए यह बात तर्कसंगत है कि किसी राज्य की अद्यतन मतदाता सूचियों में मतदाताओं की कुल संख्या उस राज्य की वयस्क आबादी के अनुमान के *लगभग बराबर* होनी चाहिए।

एसआइआर के बाद की मतदाता सूचियों ने एक चौंकाने वाली अप्रिय बात सामने रखी है। योगेंद्र यादव ने यह दिखाया कि एसआइआर के बाद की मतदाता सूचियों में दर्ज संख्या और राज्यों में वयस्क आबादी की अनुमानित संख्या के बीच का अंतर *आश्चर्यजनक रूप से ज्यादा* है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि एसआइआर समावेशी नहीं था और इसने लाखों वयस्क नागरिकों को मतदाता सूची से बाहर छोड़ दिया। यहां स्पष्ट रूप से सब कुछ बताने वाली एक तालिका दी गई है: (**देखें तालिका**)

## विपरीत परिणाम

आदर्श स्थिति में सभी पंक्तियों के अंतिम कालम में 100 फीसद होना चाहिए, लेकिन हम एक आदर्श दुनिया में नहीं रहते। सरकार, राजनीतिक दलों और नागरिक समूहों के ईमानदारी से किए गए प्रयासों के बावजूद कुछ वास्तविक वयस्क नागरिक मतदाता सूची से छूट सकते हैं। हालांकि एसआइआर प्रक्रिया के दौरान साफतौर पर इस तरह के प्रयास की कमी दिखी।

| *राज्य* | *एसआइआर-पूर्व मतदाता जनसंख्या अनुपात के मुताबिक* | *अंतिम सूची में मतदाता जनसंख्या अनुपात के हिसाब से** |
|---|---|---|
| बिहार | 96.7% | 90.7% |
| छत्तीसगढ़ | 99.5 | 87.3 |
| गुजरात | 96.0 | 82.7 |
| केरल | 100.7 | 97.2 |
| मध्य प्रदेश | 96.0 | 89.8 |
| राजस्थान | 97.2 | 91.2 |
| तमिलनाडु | 106.8 | 94.3 |
| ***कुल मिलाकर*** | ***98.7%*** | ***90.3%*** |

*(* जनसंख्या अनुमान 'जनसंख्या अनुमानों पर तकनीकी समूह की रपट, जुलाई 2020' में उपलब्ध हैं)*

इसकी तुलना संयुक्त राज्य अमेरिका में 'नागरिक अधिकार अधिनियम, 1964' के तहत किए गए उस प्रयास से करें, जिसका उद्देश्य अवैध आधार पर बाहर कर दिए गए अश्वेत अमेरिकियों को मतदाता सूची में शामिल करना था। यह सुनिश्चित करना ईसीआइ की जिम्मेदारी थी कि लोगों को *वयस्क मताधिकार* के आधार पर मतदाता सूची में *शामिल* किया जाए। इसके विपरीत, एसआइआर के तहत ईसीआइ ने एक द्वेषपूर्ण रवैया अपनाया और *नागरिकता* साबित करने का बोझ मतदाताओं पर डाल दिया। जो लोग ऐसा करने में असमर्थ रहे, उन्हें तुरंत मतदाता सूची से *बाहर कर दिया गया*।

जैसा कि तालिका के अंतिम कालम में देखा जा सकता है, लाखों वयस्क नागरिक- औसतन **दस फीसद**- मतदाता सूची से गायब हैं। क्या ये गायब लोग *वयस्क* हैं? हां। क्या वे *नागरिक* हैं? हां, जब तक कि इसके उलट साबित न हो जाए। तो, वे गायब क्यों हैं?

साबित हो चुके गैर-नागरिकों को मतदाता बनने से रोकने के बजाय ईसीआइ ने लाखों पात्र नागरिकों को गैर-मतदाता बनाने में 'सफलता' हासिल कर ली है।

*(अगला स्तंभः 5 अप्रैल, 2026)*

# सबक का समय

तो अब क्या होगा? जिस युद्ध के काले बादल ईरान और खाड़ी के देशों पर छाए हुए हैं, वे धीरे-धीरे हमारी तरफ आ रहे हैं और हम उनको देख कर सिर्फ चिंता कर सकते हैं। और कुछ नहीं। न हमारा इस युद्ध में कोई हाथ था, न हार और जीत से हमारा कोई वास्ता है, लेकिन जैसे-जैसे काले बादल हमारी तरफ आ रहे हैं, हमारी चिंताएं बढ़ रही हैं। इनमें सबसे बड़ी है कच्चे तेल के बढ़ते दाम की चिंता। तीन सप्ताह ही हुए हैं अभी युद्ध के और तेल की कीमत दुगनी हो चुकी है। भारत जैसे देश के लिए मुसीबतों का पहाड़ टूट सकता है, अगर युद्ध लंबा चलता है। सबसे बड़ी मुसीबत यही है कि हम कुछ नहीं कर सकते हैं इस युद्ध को रोकने के लिए।

सच यह है कि जब अयातुल्ला खामेनेई की हत्या की खबर मिली मुझे, बुरा नहीं लगा। मेरी नजर में मातम नहीं मनाया जाना चाहिए। भारत के शिया मुसलमानों ने खूब मातम किया अयातुल्ला के मारे जाने के बाद, बिना यह सोचे कि जिस नेता ने हजारों की तादाद में अपने ही लोग मारे हों, उसके लिए आंसू बहाना गलत ही है। जिस व्यक्ति ने अपने ही देश को एक खुली जेल बना दिया हो, उसको संत किसी हाल में नहीं कहा जा सकता है। जब इस्लामी क्रांति शुरू हुई थी ईरान में कोई पचास साल पहले, उस देश की प्राचीन सभ्यता को नष्ट कर इस्लाम थोपा गया है लाखों लोगों पर इतनी कठोरता के साथ कि जिन बहादुर नागरिकों ने अत्याचार के खिलाफ बोलने की हिम्मत दिखाई, उनकी सजा मौत होती थी। पिछले सप्ताह तीन नौजवानों को फांसी दी गई युद्ध के बीच।

स्पष्ट है कि न तो डोनाल्ड ट्रंप के पास कोई सोची-समझी रणनीति थी और न नेतन्याहू के पास। वे आसमान से मौत बरसाते गए, बिना यह सोचे कि ईरान के पास भी अपने बचाव के लिए ठोस साजो-समान होंगे। इन दिनों ट्रंप रोज कहते हैं कि वे युद्ध जीत चुके हैं, लेकिन साथ में होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए सहायता भी मांगते फिर रहे हैं नाटो से। यहां तक कि चीन से भी। क्या उनको मालूम नहीं था कि इस छोटे से समुद्री मार्ग से आता है विश्व का बीस फीसद से ज्यादा कच्चा तेल?

क्या मालूम नहीं था इन महारथियों को कि होर्मुज जलमार्ग पर ईरान का पूरा नियंत्रण है और जब चाहे वह जहाजों का यहां से आना-जाना बंद कर सकता है? ऐसा अब हो रहा है। पूरी दुनिया देख रही है। ऐसा चलता रहा, तो सबसे ज्यादा नुकसान होगा भारत का। इस रास्ते से आता है हमारा तेल और गैस भी। गैस की दुकानों के सामने लंबी कतारें लगने लग गई हैं अभी से। महाराष्ट्र के जिस गांव में मैं यह लिख रही हूं, वहां गैस की इतनी कमी है कि सिलेंडर की बुकिंग महीना पहले करनी पड़ती है।



## वक्त की नब्ज

**तवलीन सिंह**

> स्पष्ट है कि न तो डोनाल्ड ट्रंप के पास कोई सोची-समझी रणनीति थी न नेतन्याहू के पास। वे तो बस आसमान से मौत बरसाते गए, बिना यह सोचे कि ईरान के पास भी अपने बचाव के लिए ठोस साजो-समान होंगे। ट्रंप रोज कहते हैं कि वे युद्ध जीत चुके हैं, लेकिन साथ में होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए सहायता मांगते फिर रहे हैं नाटो से। यहां तक कि चीन से भी।

ऐसा कहने के बाद यह भी कहना जरूरी है कि इस युद्ध से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। गलत नीतियों के कारण हमारे राजनेताओं ने निजी कंपनियों को तेल और गैस की खोज से बाहर रखा है। यह काम सिर्फ सरकारी कंपनियां ही करती रहीं दशकों तक। अगर निजी कंपनियों को बहुत पहले इस क्षेत्र में आने की इजाजत मिली होती, तो आज हम ऊर्जा के लिए दूसरे देशों पर इतना निर्भर नहीं होते। सो पहला सबक यह लेना चाहिए हमारे शासकों को कि तेल और गैस के क्षेत्रों के लिए निजी कंपनियों का आना अब जरूरी हो गया है।

इसी तरह, राजनीतिक सबक भी लेना चाहिए। पिछले सप्ताह मैंने जब अमेरिका की राष्ट्रीय जांच एजंसी की मुखिया तुलसी गबार्ड से पूछताछ देखी सीनेट की समिति द्वारा, तो हैरान रह गई। इस आला अधिकारी से बार-बार पूछा गया कि राष्ट्रीय जांच संस्था की मुखिया होने के नाते क्या उनको ईरान से कोई परमाणु खतरा दिखा था! अगर नहीं दिखा था, तो उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप को बताया क्यों नहीं कि युद्ध की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अपनी सफाई में सिर्फ यह कहा कि खतरा कितना है, उसका फैसला सिर्फ राष्ट्रपति कर सकते हैं, लेकिन बार-बार उनको याद दिलाया समिति के सदस्यों ने कि यह काम उनका है, किसी और का नहीं। काश कि हमारे देश में भी आला अधिकारियों की इस तरह खिंचाई हो, जब वे अपनी जिम्मेदारियों से भागते हैं।

तो अब क्या कर सकता है भारत? विनम्रता से यहां कहना चाहूंगी कि इस समय हमारे आला राजनेताओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि वे युद्ध के दोनों पक्षों के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखें। रही बात हमारी अंदरूनी समस्याओं की, तो यही समय है अच्छी आर्थिक नीतियां बनाने का, ताकि वास्तव में 'ईज आफ डूइंग बिजनेस' वाला नारा जमीन पर उतरता देख सकें हम। फिलहाल प्रधानमंत्री का यह नारा खोखला है इतना कि विदेशों से कोई छोटी-मोटी चीज निर्यात करने में इतनी तकलीफ होती है कि लोग कोशिश तक नहीं करते हैं।

मेरे कुछ दोस्त हैं जो भारत में बनाए फर्नीचर का निर्यात करते हैं और उनके सामने इतनी मुसीबतें खड़ी होती हैं कि उन्होंने तकरीबन निर्यात करना बंद कर दिया है। अगर प्रधानमंत्री चाहते हैं कि अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत हो कि इस युद्ध का बुरा असर न पड़े, तो उनको अपने अधिकारियों को नियंत्रण में रखना होगा सख्ती से। इस युद्ध ने यह भी मौका दिया है हमें कि देश के अंदर बुनियादी ढांचे में जो खामियां हैं, उसकी दृढ़ता से हम मरम्मत करें। युद्ध स्तर पर अगर हम ये काम करेंगे, तो संभव है कि इस जंग का बुरा असर हमारे देश के अंदर कम पड़ेगा।

# ज्ञान परंपरा पर संवाद

आजकल भारतीय ज्ञान परंपरा की खूब चर्चा हो रही है। इस पर गोष्ठियों, भाषणों एवं लेखों की विपुलता देखी जा सकती है। हालांकि इस परंपरा की चर्चा और उसको पुनर्जीवित करने की पहल स्वतंत्रता के बाद ही हो जानी चाहिए थी, पर हुआ नहीं। ऐसा नहीं होने का कारण था बौद्धिक और राजनीतिक, दोनों ही सत्ता पर यूरोप की संस्कृति, विचार और जीवन दर्शन से प्रभावित लोगों का दबदबा। इसलिए उनके ज्ञान के हम व्याख्याकार मात्र बने रहे और उसे अपने संदर्भों में ढालने के प्रयास को ही हम अपनी मौलिकता मानते रहे। हमारी कल्पनाओं में यूरोप बैठा दिया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा का पहला कदम कल्पनाओं से यूरोप के जीवन दर्शन और मूल्यों को निकालना है। इसलिए इन गोष्ठियों और विमर्शों की निश्चित भूमिका है। मगर इस वैचारिक पहल से भारत के मार्क्सवादी पूरी तरह से अलग हैं। जिस किसी ने भी प्राचीन भारत को सम्मानित स्थान देने का प्रयास किया, वे उनके कोपभाजक बने। उदाहरणार्थ हिंदी के विद्वान रामविलास शर्मा ने जब भारतीय संस्कृति को केंद्रीय स्थान दिया, तब उन्हें अवांछित घोषित कर दिया गया था।

वर्ष 2014 में नई शिक्षा पद्धति ने भारतीय ज्ञान परंपरा को लोक विमर्श का विषय बना दिया। ऐसा प्रोत्साहन आधुनिक भारत के इतिहास में इसे और इसकी पैरोकारी करने वालों को कभी भी नहीं मिला था। पर भारत की ज्ञान परंपरा का महत्त्व मार्क्सवाद या नेहरूवाद की जय-पराजय में नहीं देखा जाना चाहिए। इस परंपरा की एक विशिष्टता प्रतिकूल विचारों के साथ तर्क करना है। यही शास्त्रार्थ के नाम से प्रचलित और प्रसिद्ध हुआ करता था। इसलिए इसके लिए भावना से कहीं अधिक विवेकवाद का होना जरूरी होता है, लेकिन विवेकवाद को खतरा वैचारिक अवसरवादियों से होता है। बौद्धिक सत्ता पर जिसका भी नियंत्रण होता है, अवसरवादियों का झुंड उधर ही मुंह कर लेता है। वे विचारों की ताली बजाते हैं। जब वामपंथ मजबूत था, तब बौद्धिक भीड़ वहां सबसे अधिक थी। इसलिए यह भीड़ किसी वैचारिक सत्ता का सारथी नहीं हो सकती है। इसी भीड़ से भारत की ज्ञान परंपरा को भी बचना है। भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने का मतलब सृजनशीलता और लेखनी तथा अभिव्यक्ति में मौलिकता पैदा करना है। इसी में स्थापित विचारों, परंपराओं और सोच को झकझोर देने की क्षमता होती है।

जो बौद्धिक काम पिछली शताब्दियों में हुआ, उसकी छाया तक अभी नहीं है। इसके लिए तप, साधना और गैर भौतिकतावादी बने रहने की जरूरत है। इसे समझने के लिए बहुत पीछे जाने की जरूरत नहीं है। जयचंद्र विद्यालंकार ने 'भारतीय इतिहास की मीमांसा' दस वर्षों में लिखी। यह काम उन्होंने आजादी से पूर्व शुरू किया और 1954 में समाप्त किया। इस बीच वे स्वतंत्रता आंदोलन में तीन वर्षों तक जेल में भी रहे। उन्होंने लिखा कि उन्होंने खानाबदोश की जिंदगी व्यतीत करते हुए इस पुस्तक को तैयार किया। ऐसे वे अकेले नहीं हैं। खुद बिपिन चंद्र पाल, जिन्होंने भारतीय राष्ट्रवाद पर 'द सोल आफ इंडिया' लिखा, निर्धनता में जीते रहे। उनकी मृत्यु के बाद 'द स्टेट्समैन' ने 17 मई 1932 को इस बात का खुलासा किया कि 'भारत के इस योग्यतम कलम के पास इस अखबार में स्तंभ लेखन से मिलने वाले मानदेय के अतिरिक्त रोजी-रोटी का कोई और साधन नहीं था।'

ज्ञान परंपरा व्यवहार होता है, न कि सिद्धांत। आठवीं शताब्दी में बौद्ध विद्वान शांतिदेव ने बोधिसत्व पर पुस्तक लिखी थी। उसके प्राक्कथन में जो कहा था, वही एक तरह से भारत की ज्ञान परंपरा का चरित्र माना जा सकता है। 'मैं कुछ भी नया नहीं कह रहा हूं, इसलिए मैं कल्पना करता हूं कि इसमें आपके (पाठकों) लाभ के लिए कुछ भी नहीं है। इसे मैंने स्वयं के मस्तिष्क को समृद्ध करने के लिए लिखा है।' उनकी पुस्तक का सत्ताईस भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। उसकी प्रासंगिकता चिंतनशील लोगों के लिए सर्वत्र बनी हुई है। सत्रहवीं शताब्दी में यशोविजय ने 'ज्ञान का सार' नामक पुस्तक लिखी, जिसमें बौद्धिक होने के लिए बत्तीस गुणों को उन्होंने गिनाया है, पर आज किसी भी विमर्श में यशोविजय और उनके जैसे मौलिक विद्वान न तो उद्धृत होते हैं, न ही वे बौद्धिकों के स्वाध्याय की सूची में हैं।

भारतीय ज्ञान परंपरा की जड़ें महानगरीय नहीं हैं। बंगाल के नवदीप (नादिया) या बिहार के साहेबपसारी गांव से क्रमशः 'नव न्याय' और



## संदर्भ

**राकेश सिन्हा**

> भारत की ज्ञान परंपरा का महत्त्व मार्क्सवाद या नेहरूवाद की जय-पराजय में नहीं देखा जाना चाहिए। इस परंपरा की एक विशिष्टता प्रतिकूल विचारों के साथ तर्क करना है। यही शास्त्रार्थ के नाम से प्रचलित और प्रसिद्ध हुआ करता था। इसलिए इसके लिए भावना से कहीं अधिक विवेकवाद का होना जरूरी होता है, लेकिन विवेकवाद को खतरा वैचारिक अवसरवादियों से होता है। बौद्धिक सत्ता पर जिसका भी नियंत्रण होता है, अवसरवादियों का झुंड उधर ही मुंह कर लेता है। वे विचारों की ताली बजाते हैं।

'न्याय दर्शन' शुरू हुआ था। वहां न तो विश्वविद्यालय के चमकते बहुमंजिले भवन थे, न ही सरकारी अनुदान। पर यह सब अब इतिहास बन चुका है। उसी इतिहास को समकालीन संदर्भों में लाने के लिए रवींद्रनाथ ठाकुर ने विश्वभारती, महात्मा गांधी ने गुजरात विद्यापीठ और बिहार में श्रीकृष्ण सिंह ने नेतरहाट विद्यालय की स्थापना की थी। इनके पुनर्जीवित होने का एकमात्र लक्षण स्वाध्याय और चिंतन में स्वावलंबन है। पर आज पुस्तकालयों की खाली कुर्सियों और विमर्श में सतहीपन तथा नारेबाजों की बढ़ती तादाद उत्साह बढ़ाने वाली नहीं है।

संकीर्णताओं की प्रतिद्वंद्विता से बौद्धिक वातावरण में ह्रास होता है। कोई भी सभ्यता सड़क पर बौद्धिक झगड़ों और बौद्धिक नारेबाजी से न पुनर्जीवित होती है, न ही समृद्ध। भारतीय सभ्यता की समृद्धि के लिए यशोविजय, बिपिनचंद्र पाल, राधाकृष्णन जैसों के नए डाक-पते की जरूरत है। क्या हम उस प्रवृत्ति परंपरा और पथ को प्रेरित करने में सक्षम हैं या विश्वविद्यालय परिसर सिर्फ गोष्ठियों का गट्ठर परोसते रहेंगे? भारत को भारत के रूप में खड़ा कर देने के संकल्प की पूर्ति ही भारतीय ज्ञान की परंपरा बन जाएगी।

# युद्ध तुम्हारा, खर्च हमारा

चैनल दर चैनल : गैस भरे दो जहाज होर्मुज जलमार्ग से भारत आ रहे हैं। भारत की विदेश नीति जिंदाबाद! विपक्ष के एक नेता- इधर कहां आ रहे हैं, वे तो अमेरिका जा रहे हैं। कुछ देर बार नेता जी अपनी पोस्ट उतार लेते हैं। दूसरे नेता- न गैस, न तेल, अपनी विदेश नीति फेल... बैठे हैं हम सिलेंडर लिए, कोई हमें उठाए क्यों। तीसरे नेता- 'पेनिक पेनिक' करते-करते बीती रे उमरिया...।

अथ चुनाव की बहार और बंगाल का जादू। एक ओर मोदी की ललकार। इस बार आर या पार... अलविदा धमकी वाली सरकार। तुरंत आती जवाबी हुंकार कि एक बार फिर खेला होबे... खेला होबे..! इस बीच चुनाव आयोग का एलान- बंगाल के चुनाव दो चरण में। बाकी सब एक चरण में। अब तृणमूल कांग्रेस नाराजः पहले आठ चरण में चुनाव, तो अब दो चरण में क्यों... साजिश है साजिश है। इधर, भाजपा प्रवक्ताः चार मई, टीएमसी गई। फिर खबर की खबरः आधी रात में बंगाल के दो शीर्ष अधिकारियों के तबादले... फिर कनिष्ठ अफसरों के तबादले। साजिश है साजिश है! हमें हराने की साजिश है, लेकिन सारी साजिश नाकाम होगी... तृणमूल ही आनी है।

एक अमेरिकी विशेषज्ञ रिचर्ड वुल्फः अमेरिकी साम्राज्य का पतन शुरू... अमेरिका फंसा... इजराइल ने फंसाया... उसने सोचा नहीं था कि ईरान इस कदर प्रतिरोध करेगा... दांव उलटा पड़ा... लेने के देने पड़े।

विपक्ष विलापः तेल नहीं, गैस नहीं, रेस्तरां बंद, ढाबे बंद, महंगाई- महंगाई... जनता बर्बाद। सत्ता प्रवक्ताओं का आलापः तेल भी है, गैस भी है, विपक्ष लोगों को डराता है... अराजकता फैलाता है।

फिर, एक सनसनीखेज खबरः ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुज्तबा खामेनेई हमले में घायल... सुरक्षा मंत्री मृत... अंगुली की अंगूठी से पहचान। फिर एक प्रतिवादी खबरः नेतन्याहू कई दिन से गायब। जवाब में एक चैनल नेतन्याहू को 'काफी' पीते दिखाता है। एक वीडियो में वे कहते दिखते हैं कि शेर अभी जिंदा है।

एक चैनल एक ईरानी प्रोफेसर के बयानों को प्रसारित करता है कि अमेरिका-इजराइल नहीं जानते कि वे किससे भिड़े हैं... हम बता देंगे कि हम क्या हैं! क्या समझौता करेंगे? जवाब आता है कि नहीं... हम सिर पर कफन बांध कर लड़ रहे हैं... हम होर्मुज बंद कर उनको रुला देंगे। और सच! 'होर्मुज बंद' तो दुनिया बंद। दुनिया भर में हाय-हाय... तेल की कीमतें चढ़ीं। एक अंग्रेजी चैनल खबर देता है कि दुनिया के सट्टा बाजार का भट्टा बैठा। अपना बाजार भी दस हजार अंक तक जा गिरा।



## बाखबर

**सुधीश पचौरी**

> एक चैनल एक ईरानी प्रोफेसर के बयान प्रसारित करता है कि अमेरिका-इजराइल नहीं जानते कि वे किससे भिड़े हैं... हम बता देंगे कि हम क्या हैं! हम सिर पर कफन बांध कर लड़ रहे हैं... हम होर्मुज बंद कर उनको रुला देंगे। और सच! 'होर्मुज बंद' तो दुनिया बंद।

जिस रात इजराइल ने कतर के सबसे बड़े गैस भंडार पर हमला किया, उस दिन से त्राहि-त्राहि मची... फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी आदि 'शांति शांति' का जाप करते दिखे कि युद्ध बंद करो। कुछ कहने लगे कि मोदी अकेले हैं जो बातचीत और शांति करा सकते हैं। मगर अपन भी बड़े होशियार कि हर हाल में 'ठंड' रखते हैं और किसी के उकसावे में नहीं आते। उधर, विपक्ष के कुछ नेता हैं जो चाहते हैं कि भारत इस झंझट में फंसे, तो मजा आए... अपनी बन आए। इसीलिए वे गाते रहते हैं- भारत की कूटनीति फेल... 'इंडिया कंप्रोमाइज्ड... इंडिया सरेंडर...इंडिया सरेंडर..।' इसका जवाब भी विपक्ष के एक सांसद देते हैं कि यह 'कमजोरी' नहीं, बल्कि यही 'सही नीति' है..!

इधर, राज्यसभा के सदस्यों की विदाई की घड़ी, उधर कुछ नए सदस्यों के आने की खुशी का मौका... राजग ने दो तिहाई सीटें जीती हैं। विपक्ष को भी कई झटके दिए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने संसद में संबोधन कर कई एंकरों की वाहवाही लूटी कि हमारे लोगों को इन वरिष्ठ सदस्यों से सीखना चाहिए..!

एक दिन संसद के 'मकर द्वार' पर अपनी पार्टी के कुछ सांसदों के साथ विपक्ष के नेता की चाय-बिस्कुट सत्ता पक्ष को अखरी। फिर एक दिन सिविल सोसाइटी के 204 सदस्यों ने 'मकर द्वार' पर चाय पीने पर एतराज करते हुए एक चिट्ठी लिख अपनी आपत्ति जताई और कहा कि सांसदों से एक निश्चित आचरण की उम्मीद की जाती है। नेता अपने आचरण से ही आदर्श स्थापित करते हैं। ऐसे में सीढ़ियों पर चाय-पान करना शोभा नहीं देता।

विपक्ष के नेता के इस व्यवहार पर एतराज करने वाले आला नागरिकों में ज्यादातर सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, कुछ न्यायविद् और कुछ बुद्धिजीवी थे। एक बहस में एक अधिकारी जब एतराज जताने बैठे, तो उनको विपक्ष के प्रवक्ताओं से बहुत कुछ सुनना पड़ा कि इनमें से बहुत से ऐसे हैं, जिनको सत्ता से कुछ न कुछ चाहिए। एक ओर 'परंपरागत राजनीति' है, तो दूसरी ओर सत्ता को चिढ़ाने की राजनीति। परंपरागत राजनीति इसकी काट नहीं कर पाती। वह प्रतिक्रिया में सिर्फ खिसियाती रह जाती है।

और अंत में, अंकल सैम का जवाब नहीं। अंकल अपने ही युद्ध में फंसे हैं। एक दिन कहते हैं- नाटो होर्मुज को खोलने में मदद करे। जब नाटो मुकर जाता है, तो कहने लगते हैं कि नाटो गद्दार है, कायर है। हमें उनकी जरूरत नहीं! फिर कहते हैं कि चाहूं, तो युद्ध को दो सेकंड में बंद कर दूं...। अब दुनिया कहने लगी हैः युद्ध तुम्हारा खर्च हमारा, नहीं चलेगा!

जनसत्ता सरोकार

इंडियन एक्सप्रेस समूह

साहित्य

तीन

जनसत्ता | 22 मार्च, 2026

# आंगन में पीपल का पेड़

कहानी

लता अग्रवाल



पत्रकारिता से एमजे की पढ़ाई कर रही निशु इस बार घर आई तो उसके व्यवहार में उभरती पत्रकार की छवि थी। छोटी-छोटी बातों पर क्यों? कब? कहां? कैसे?, जैसे सवाल जो अब तक उसके जेहन में थे, जुबां पर भी आने लगे। उसकी सबसे बड़ी जिज्ञासा अपने घर के अहाते से लगी एक छोटी सी खोली में डली खटिया पर लेटी बुआ दादी को लेकर है। जब से होश संभाला, बुआ दादी को अकेले ही देखा। अब जब पत्रकारिता में स्त्री की दशा और दिशा पर गंभीर चिंतन पढ़ा, देखा, अनुभव किया तो महसूस हुआ कि यह भी एक स्त्री मुद्दा ही है।

दादी तुलसी की पूजा कर रही थीं और निशु को चुहल सूझी, 'ओहो दादी! वो देखो उधर आपका ध्यान नहीं गया, तुलसी से सटी दीवार पर चुन्नुक सा पीपल कैसे पानी की आस में झांक रहा है। तनिक उसे भी पानी दे दो। वह भी कुछ आशीष दे देगा।' 'ना, ना, उसे हाथ मत लगइयो छोरी।' 'क्यों दादी? ये पीपल भी तो पूज्यनीय वृक्ष है। फिर हाथ क्यों न लगाऊं?' 'अब तुझे कैसे समझाऊं, तुलसी घर के आंगन में शुभ होवे है, वहीं घर की दीवार फोड़के निकरो ये पीपल अशुभ कहावे है'। 'ऐसा है तो इसे उखाड़ फेंकते हैं'। निशु ने कदम और आगे बढ़ाते हुए कहा। 'हे राम अरी, ये पीपल है याये उखाड़ते ना हैं। भगवान का वास होवे है। नाराज है जांगे भगवान।

'ये क्या बात हुई दादी, इसमें भगवान का वास भी है, ये अशुभ भी है और इसे रखना भी नहीं चाहते और फिर उखाड़ने से डरते भी हैं!' 'मेरी जान मती न खाय। बस ये मान ले, कुछ पौधे होवे हैं जिनका घर में होना ठीक ना माना जाता पर इन्हें निकाल कर फैंक भी ना सकते।' कहते हुए दादी तो भीतर चली गई मगर निशु की जिज्ञासा जस की तस रही। अहाते में बैठी सब्जी साफ करती बुआ दादी निशु की जिज्ञासा पर मंद-मंद मुस्कुरा रही थी।

निशु का पत्रकार मन इस मुद्दे की थाह पाने का ठान बैठा, बुआ दादी बताएंगी इस अनचाहे पीपल का राज। मगर उन्होंने कभी अपनी कहानी क्यों नहीं सुनाई? क्या राज है उनके अकेलेपन का? पीपल का सिरा वहीं छूट गया।

'आ जा बिटिया, बता शहर में कैसा लग रहा है तुझे?' 'कुछ खास नहीं बुआ दादी मुझे तो अपना घर आंगन ही अच्छा लगता है।' 'अपना घर!' एक पल को बुआ दादी खामोश हो गई। 'क्यों क्या हुआ दादी आप अपना घर कहते हुए चौंकी क्यों?' 'बिटिया घर तो बहुओं का होवे है, बेटियों का तो मैका होवे है और मैके में बेटियां समय-समय से आई ही भली लगती हैं।' 'आप ऐसा क्यों कह रही हैं दादी। आप भी तो बेटी हैं इस घर की, वो क्या कहती हैं दादी, आंगन की तुलसी।' 'कभी थी मैं भी इस आंगन की तुलसी।' अतीत की वीथिकाओं में कहीं गुम सी बुआ दादी की आवाज में गहरी खामोशी थी। 'आपकी शादी नहीं हुई या आपको कोई पसंद नहीं आया? बताइए न मैं जानना चाहती हूं।' 'जरूर बताऊंगी बिटिया, आज बरसों बाद तो किसी ने जानने की इच्छा जाहिर की है। ऐसा नहीं कि कोई भाया नहीं मुझे, संझा को तुलसी मैया को दीपक लगाते हुए गुपचुप अपनी भावनाएं जो अम्मा से ना कह पाती, तुलसी मैया से कह देती थी। मन दर्पण में धुंधली सी एक तस्वीर भी उभरी थी, लेकिन कह नहीं पाई किसी से। यहां तक कि उससे भी नहीं, बस नीम तले बैठ छुप-छुप कर उस धुंधली तस्वीर संग खुद को जोड़कर सपने देखती और खुश हो जाती। तुलसी मैया ने भी मेरे राज को राज ही रखा। परिणाम, वह तस्वीर अनजाने ही किसी और की फ्रेम में समाकर मुझसे बहुत दूर चली गई। फिर वही हुआ जो एक आम लड़की संग होता है, मेरी इस अधूरी तस्वीर को बाबा ने किसी और फ्रेम में मढ़ दिया।' 'ओह! मतलब आपका ब्याह हुआ था! फिर आप यहां?' 'मन दर्पण में जब एक बार कोई तस्वीर अंकित हो जाती है तो यूं भी दूसरी तस्वीर की छवि उस पर निखर कर आ ही नहीं पाती। ऊपर से वो संगी भी नशेबाज और अय्याश निकला। अफसोस! मैं वो हुनर ना सीख पाई। लौट आई यहां अपना घर समझ'।

**आज की सुबह सूरज ने अपनी किरणें कुछ अधिक फैलाई आंगन में। निशु ने सबसे पहले सुबह उठकर तुलसी क्यारे की दीवार से सहमे-सहमे से पीपल को निकाला।**

'बुआ दादी, पहले तो आप वहां रहती थीं सबके साथ, अब यहां इस खोली में कैसे?' 'बिटिया! शिरीष पर जैसे नई कोपल आती है तो वो पुराने फूल को धकियाकर डाली से बाहर कर देती है। मैं न जान पाई आज तक कि ब्याहते ही बेटियन के लिए मैके की दहलीज क्यों इतनी ऊंची हे जात!' बुआ दादी की बात सुन आंखें नम हो गईं निशु की।

कल से बुआ दादी को हल्का-हल्का बुखार था, रात तो खाना भी नहीं खाया उन्होंने। शाम होते-होते उन्हें उल्टियां शुरू हो गईं। निशु ने दादी को आवाज लगाई। 'हे भगवान तेने अच्छी मुसीबत हमाये गले मार दई'। बड़बड़ाते हुए दादी खोली में आईं। 'का हेगो जिज्जी, कछु ज्यादे खा पी लियो दिखे, या मारे हे रई होंगी उलटी। सुन निशु, नेक इलेक्ट्राल घोल के दे दे सुबे लक ठीक हे जांगी।' कहते हुए दादी कमरे से बाहर आ गईं। निशु झट दादी के पीछे आई, 'दादी! बुखार है उन्हें, डाक्टर को दिखा दीजिए'।

'अरे बिटिया! जे सोई ना होंगी रात ठीक से, माथो चढ़ गयो होयगो। सो उलटी हे रई। सुबे लक ठीक हे जांगी। तू नेक बाम रगड़ दे उनके तकिये के धोरे रखो होयगो और कपड़ा सु सिर बांध दे आराम हो जाएगो।' निशु सोच में पड़ गई। यदि बुआ दादी इतनी ही बोझ लग रही थीं तो किसी ने समय रहते उनके दूसरे विवाह के बारे में क्यों नहीं सोचा?

आज की सुबह सूरज ने अपनी किरणें कुछ अधिक फैलाई आंगन में। निशु ने सबसे पहले सुबह उठकर तुलसी क्यारे की दीवार से सहमे-सहमे से पीपल को निकाला और एक बड़े से गमले में रोप कर तुलसी क्यारे के पास रख दिया। दादी जब तुलसी पूजन को आई तो यह देख घबरा गईं, और नीशु को बोलने लगीं, 'तेरी मति मारी गई है। मने करी थी तोसु। समझ न आती बात?'

'आई, समझ आई दादी, तभी तो पीपल को बड़े गमले में शिफ्ट किया। पुराणों में लिखा है तुलसी से कम महत्त्व नहीं पीपल का, उल्टे यह एकमात्र पेड़ है जो चौबीसों घंटे आक्सीजन देता है और कार्बन डाइआक्साइड खुद अपने में समा लेता है। यह स्वास्थ्य के लिए भी बहुत गुणकारी होता है, बिलकुल तुलसी की तरह। जब ये बड़ा होगा तो छांव भी देगा आपको। अब बताओ इसका महत्त्व कम कैसे हुआ?' 'तुझसे तो बहस करनो इ बेकार है, चार अक्षर का पढ़ गई!' बड़बड़ाते हुए दादी भीतर की ओर चल दी।

'मेरी अच्छी दादी, जिस तरह तुलसी आई मीन बेटियों के फलने-फूलने से घर में लक्ष्मी आती है, ठीक ऐसे ही पीपल के फलने-फूलने से भी परिवार स्वस्थ रहता है। अब बताओ आप स्वस्थ रहना चाहती हो या नहीं? और हां आज से बुआ दादी मेरे कमरे में रहेंगी।' कहते हुए निशु ने मुस्कुराते हुए दादी के गले में अपनी बाहें डाल दी। गमले में लगा पीपल मुस्कुरा रहा था, अहाते में बैठी बुआ दादी की तरह।

समय सूचक

# हैना : जीवनयापन के संकटों पर संवाद

जनसत्ता सरोकार

एक सोलह साल की लड़की जिसने स्कूल छोड़ कर नल ठीक करना सीखा और जल्दी ही एक कामयाब नलसाज बन गई। वह जब प्लास्टर लगाने का काम सीखने गई तो, वहां पर अकेली लड़की थी। उसने नल ठीक करने की अपनी कंपनी खोली और एक सफल कारोबारी महिला बन गई। पहले कामगार और उसके बाद कामगारों से जुड़े कारोबार में सफल होने के बाद हैना स्पेंसर ऐसी जगह जगह पहुंची, जहां से विकास की दशा और दिशा तय होती है। फरवरी 2026 में गोर्टन एंड डेंटन उप-चुनाव जीतने वाली हैना स्पेंसर के साथ ही ग्रीन पार्टी आफ इंग्लैंड एंड वेल्स की वेस्टमिंस्टर में पहली जीत थी। यह पार्टी समाज व राजनीति में बढ़ती असमानता को मुद्दा बना रही थी। हैना का जन्म 19 अप्रैल 1991 को ग्रेटर मैनचेस्टर के बोल्टन में हुआ था। उनकी मां एक नर्स थीं।



हैना स्पेंसर

हैना का चुनावी अभियान जीवन-यापन संकट, जलवायु संकट, घरों में ऊर्जा और घरेलू हिंसा को लेकर था। आज हैना की राजनीतिक पहचान कामगार वर्ग की पृष्ठभूमि वाली नेता की है। अपनी जीत के बाद के भाषण में उन्होंने कहा था-कड़ी मेहनत करने वाले लोगों को एक अच्छा जीवन मिलना चाहिए। पहले मेहनत करने से कुछ मिलता था, अब अरबपतियों को फायदा होता है। हैना स्पेंसर ने सांसद बनने के बाद पहले ही हफ्ते में 'फ्यूल पावर्टी' पर अंतरदलीय समूह बनाया था। 'फ्यूल पावर्टी' का अर्थ है, एक परिवार की आर्थिक क्षमता इतनी नहीं है कि अपने घर को ठीक से गर्म रखने के लिए जरूरी ऊर्जा जैसे बिजली, गैस पर पर्याप्त खर्च नहीं कर पाए। ठंडे देशों में यह जीने की बुनियादी जरूरतों में से एक है। हैना की जीत को इस उम्मीद की तरह देखा गया है कि भविष्य में मुख्यधारा की राजनीति को जीवनयापन के संकटों से संवाद करने के लिए मजबूर होना ही पड़ेगा।

# हुनर का हौसला

बाल कथा

किरण सिंह




दरवाजे की घंटी बजी। गौरी ने दरवाजा खोला तो सामने तान्या खड़ी थी। गौरी तान्या को अपने छोटे से ड्राइंग रूम में रखी हुई एक कुर्सी पर बैठने के लिए बोली तो तान्या उससे बोली, 'नहीं-नहीं अभी मैं बैठूंगी नहीं क्योंकि बहुत सी दोस्तों को बुलाना है। तुम समय से आ जाना। हम पार्टी में मस्ती करेंगे।' कहकर तान्या अपनी गाड़ी में बैठकर चली गई।

तान्या के जाने के बाद गौरी तान्या का कार्ड उलट-पुलट कर देखने लगी। कार्ड देखने में तो बहुत सुंदर है ही, उस पर बर्थ-डे पार्टी की जगह देख कर गौरी और भी खुश हो गई, क्योंकि पार्टी किसी फाइव स्टार होटल में होनी थी। गौरी सोच रही थी कि काश हम भी अमीर होते तो मेरा भी जन्मदिन किसी फाइव स्टार में मनाया जाता। मैं भी वहां अपनी दोस्तों को आमंत्रित करती। हमारी तो किस्मत ही खराब है जो हम गरीब हैं। ढंग के कपड़े भी तो नहीं हैं हमारे पास फिर पार्टी में कौन सी ड्रेस पहन कर जाऊं? वहां तो सभी अमीर-अमीर लोग और उनके बच्चे आएंगे। वे तो ब्रांडेड कपड़े पहनेंगे, महंगी गाड़ी से आएंगे, मेरे पास तो कोई भी ब्रांडेड ड्रेस नहीं है, छोड़ो पार्टी में नहीं जाती हूं। तान्या से बहाना बना दूंगी। ऐसे-वैसे कपड़ों में जाने से तो अच्छा है कि न ही जाऊं।

वह फिर सोचती है, यह भी कोई बात हुई। तान्या कितने मन से मुझे बुलाई है। यदि मैं नहीं गई तो वह कितनी दुखी हो जाएगी और बहाना बनाना भी तो झूठ बोलना ही हुआ न? न-न झूठ बोलना पाप है। जो भी हो मैं पार्टी में तो जरूर जाऊंगी इसी ऊहापोह में उसे उस रात नींद नहीं आ रही थी। काफी मशक्कत के बाद गौरी को नींद आई।

गौरी सुबह उठी तो थोड़ी उदास थी। गौरी को उदास देखकर उसकी मम्मी ने उससे पूछा-'इतनी उदास क्यों हो बेटी?' 'छोड़िए न मम्मी, बस ऐसे ही।' गौरी ने यह कहकर बात टालने का प्रयास किया। 'बेटी मैं तुम्हारी मम्मी हूं इसलिए तुम्हें अच्छी तरह से समझती हूं। मुझे बताओ तो कि क्या बात है। तुम्हारी समस्या का कुछ तो समाधान कर ही सकती हूं।'

गौरी अपने घर की स्थिति जानती थी, इसलिए वह अपने मन की बात कहकर मम्मी को दुखी करना नहीं चाहती थी, लेकिन जब उसकी मम्मी ने उससे जोर देकर कहा तो गौरी ने सोचा कि मम्मी को अपने मन की बात बता ही देती हूं।

गौरी अपनी मम्मी से बोली, 'मम्मी तान्या का जन्मदिन है और मेरे पास तो कोई अच्छी सी ड्रेस ही नहीं है। क्या पहन कर जाऊं? कुछ समझ में नहीं आ रहा है। इसलिए सोचती हूं कि बर्थ-डे पार्टी में जाऊं ही नहीं।

'यह क्या बात हुई? मैं तुम्हारे लिए आज खुद ड्रेस तैयार करूंगी। मैं अपने कालेज में सिलाई की प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार जीती थी। हम गरीब जरूर हैं पर हमारे पास हुनर है। देखो आज मैं अपनी रानी बिटिया को परी बना देती हूं।'

यह कहकर गौरी की मम्मी कुछ रुपए लेकर बाजार गई और वहां से कपड़ा लेकर आ गई। दोपहर तक गौरी की मम्मी ने गौरी के लिए एक बहुत ही खूबसूरत ड्रेस तैयार कर दी।

गौरी ड्रेस पहन कर जब खुद को आईने में देखी तो बहुत खुश हो गई। खुशी के मारे उसने अपनी मम्मी का हाथ चूम लिया और कहा, 'मम्मी, आप तो बहुत अच्छी सिलाई करती हैं। अब तो मैं आपके सिले हुए कपड़े ही पहनूंगी। सच कहा आपने हम गरीब हैं पर हुनर है हमारे पास।'

जब गौरी पार्टी में जाने लगी तो उसे चिंता हुई कि वह अपनी दोस्त को तोहफा क्या दे। तभी उसकी मम्मी ने उसे एक पैक किया हुआ तोहफा पकड़ाते हुए कहा कि मैंने तान्या के लिए भी एक ड्रेस तैयार कर दिया था। देखना तान्या को भी यह ड्रेस पसंद आएगी। गौरी खुश हो गई। गौरी जब जन्मदिन पार्टी में गई तो तान्या ने उसे देखकर कहा-'कितनी प्यारी लग रही हो। मुझसे सुंदर ड्रेस तुम्हारी ही है। सभी तुम्हें ही बर्थ-डे गर्ल समझेंगे। कहां से ली है तुमने यह ड्रेस?' 'इसे मेरी मम्मी ने अपने हाथों से बनाया है।' गौरी गर्व से बोली। 'वाह, अब तो मैं भी आंटी से ही ड्रेस बनवाऊंगी।' तान्या ने कहा तो गौरी उससे बोली, 'मम्मी ने तुम्हारे लिए ड्रेस बना भी दी है। देखो इस पैकेट को खोलकर।' गौरी तान्या को तोहफा पकड़ाते हुए बोली। तान्या ने पैकेट खोला तो एक खूबसूरत गुलाबी रंग की परियों जैसी ड्रेस देखकर उसे पहनने के लिए मचल उठी। वह ड्रेस लेकर होटल के श्रृंगार कक्ष में चली गई। जब तान्या उस ड्रेस को पहनकर आई तो सभी उसे देखते रह गए।

**तान्या के जाने के बाद गौरी तान्या का कार्ड उलट-पुलट कर देखने लगी। कार्ड देखने में तो बहुत सुंदर है ही, उस पर बर्थ-डे पार्टी की जगह देख कर गौरी और भी खुश हो गई क्योंकि बर्थ-डे पार्टी किसी फाइव स्टार होटल में मनाया जाना था। गौरी सोच रही थी कि काश हम भी अमीर होते तो मेरा भी जन्मदिन ऐसे मनाया जाता।**

तान्या ने मोबाइल से गौरी की मम्मी को फोन लगाकर पहले उन्हें धन्यवाद कहा और फिर माइक लेकर सभी से बोली, 'यह ड्रेस मेरी बेस्ट फ्रेंड गौरी की मम्मी ने अपने हाथों से बनाकर मुझे गिफ्ट किया है। है न अच्छी ड्रेस?' सभी ने एक स्वर में कहा, 'हां।' पार्टी में सभी ने खूब मस्ती की। तान्या के पापा-मम्मी गौरी को अपनी गाड़ी से उसे घर छोड़ने आए और उनकी बनाई हुई ड्रेस की खूब तारीफ की। तान्या ने गौरी की मम्मी से कहा, 'आंटी आप सुपर ड्रेस बनाती हैं क्यों नहीं अपना बुटिक खोल लेती हैं।' गौरी की मम्मी ने गौरी से कहा, 'अरे यह तो बहुत बढ़िया आइडिया है। सिलाई कढ़ाई मेरा शौक भी है। तुमने तो मुझे अपने बर्थ-डे में बहुत ही बढ़िया रिटर्न गिफ्ट दे दिया।' गौरी की मम्मी ने अपने घर के बाहर वाले कमरे में ही एक बुटिक खोल ली। बुटिक खूब चलने लगी। इस तरह से धीरे-धीरे पैसे भी आने लगे और उनकी गरीबी दूर हो गई।

# 'जंग कोई फिल्म नहीं होती'

जनसत्ता सरोकार

युद्ध पर बनी एक व्यंग्यात्मक फिल्म और वाइट हाउस का उसके कुछ दृश्यों का यह कहते हुए प्रचार करना कि यह न्याय का अमेरिकी तरीका है। लेकिन फिल्म के निर्माता व सह-निर्देशक बेन स्टिलर ने वह किया जो कला का मूल उद्देश्य होता है, यानी सत्ता का औजार बनने से इनकार करना।

बेन स्टिलर ने इस वीडियो पर सख्त आपत्ति जताई और वाइट हाउस से इसे हटाने के लिए कहा। बेन स्टिलर ने अमेरिकी सरकार को जो कहा, वह दुनिया भर में पसंद किया गया। बेन स्टिलर ने अमेरिकी प्रशासन को चेतावनी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा-वाइट हाउस आप कृपया 'ट्रापिक थंडर' को हटा दें। हमने आपको कभी इसके लिए इजाजत नहीं दी है, और न ही हमें आपकी प्रोपगेंडा मशीन का हिस्सा बनने में कोई रुचि है। जंग कोई फिल्म नहीं होती। एक अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने भी इस वीडियो पर आपत्ति जताते हुए कहा कि युद्ध, जहां सैनिक शहीद हो रहे हैं वहां इस तरह के चुटकुलों और मजाक की जगह नहीं होनी चाहिए। वैसे, अभी तो युद्ध के हालात देख कर लग रहा कि अमेरिका ने मजाक-मजाक में इसे शुरू कर दिया, और अब यह मजाक उसके साथ पूरी दुनिया पर भारी पड़ रहा है।



मार्गदर्शन

पुलवामा हमले के बाद भारतीय न्यूज चैनलों ने जिस तरह से युद्धक सायरन की आवाज का इस्तेमाल किया था, उससे आम दर्शकों के साथ सरकार भी तंग आ गई थी और चैनलों के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए थे। इसके बावजूद मध्य-पूर्व में युद्ध छिड़ जाने के बाद चैनल युद्धक सायरन बजाने लगे। यहां इजराइल में असली युद्ध से घिरी जनता को शिकायत है कि सायरन की आवाज हमले होने के कुछ सेकेंड पहले सुनाई देती है तो प्रत्यक्ष युद्ध से दूर भारतीय चैनल पर सायरनों का बजना थमता ही नहीं है।

दुनिया भर में जंग पर कई कलात्मक फिल्में बनी हैं। फिल्म की पटकथा का यही संदेश होता है कि युद्ध सिर्फ विनाश लेकर आता है। युद्ध से सबसे ज्यादा वही प्रभावित होते हैं, जो युद्ध करने के फैसलों में शामिल नहीं होते हैं। स्टीवन स्पीलबर्ग ने अपनी फिल्मों में द्वितीय विश्व युद्ध की भयावहता को दिखाया है। स्टीवन स्पीलबर्ग ने युद्ध की वास्तविक क्रूरता को दिखाते हुए यही संदेश दिया कि किसी भी तरह के युद्ध में जीत से ज्यादा मानव जीवन अहम है। अगर हम सैनिकों के त्याग और बलिदान के साथ आम जनता का हश्र देखेंगे तो शायद इस धरती पर कभी कोई दूसरा युद्ध नहीं देखना चाहेंगे।

वहीं होलोकास्ट की पृष्ठभूमि पर बनी स्टीवन स्पीलबर्ग की ही फिल्म 'सिंडलर्स लिस्ट' कहती है कि नफरत और नस्लवाद का भयावह परिणाम युद्ध के रूप में दिखता है। युद्ध किसी समस्या का हल नहीं बल्कि समस्याओं का विस्तार है। वहीं फ्रांसिस फोर्ड कोप्पोला की वियतानम युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म एपोकेलिप्स नाऊ दिखाती है कि सत्ता और हिंसा इंसान को पागलपन तक पहुंचा देती है। विश्व सिनेमा का अब तक यही संदेश रहा है-जंग कोई फिल्म नहीं होती।

# शीत-बसंत: दो भाइयों की कथा

जनसत्ता सरोकार

अमर किरदार

एक राजा, उसके दो राजकुमार और एक विमाता। इन चार किरदारों से बनती है शीत-बसंत की कथा जो बिहार के मिथिला, अंग-प्रदेश से लेकर बंगाल तक में थोड़ी हेर-फेर के साथ सुनाई जाती है। बिहार से लेकर दक्षिण एशिया के कई इलाकों में फैली इस लोक-कथा के प्रमुख किरदार हैं, ऊपर वर्णित दो राजकुमार यानी शीत और बसंत।



एक राजा के दो बेटे थे। बड़े का नाम शीत और छोटे का नाम बसंत था। एक दिन एक चिड़ा और चिड़ी आपस में बात कर रहे थे। चिड़ी ने चिड़ा से कहा कि मैं मर जाऊंगी तो दूसरी चिड़ी मत लाना। चिड़ी के मरते ही चिड़ा नई चिड़ी ले आया। नई चिड़ी ने दोनों सौतेले नन्हे बच्चों को पेड़ की डाल से गिरा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इस पूरी घटना को देखने के बाद रानी ने राजा से वादा लिया कि अगर मेरी मौत हो गई तो वो बच्चों के लिए सौतेली मां नहीं लाएंगे। रानी की मौत हो जाती है और राजा वादा भूल कर नई रानी ले आता है। नई रानी को दोनों बच्चे जरा भी नहीं सुहाते हैं और वो राजा से कहती है कि उन्हें इनका कलेजा चाहिए। रानी के प्रेम में डूबा राजा कसाई के साथ दोनों बच्चों को जंगल भेज देता है, ताकि जंगल में कसाई बच्चों की हत्या कर उनका कलेजा रानी को दे सके। लेकिन जंगल में कसाइयों को बच्चों पर दया आ जाती है और वे दो हिरणों को मार कर उनका कलेजा रानी को दे आते हैं। जंगल में बसंत को पेड़ के नीचे बैठा कर शीत खाने की खोज में निकल जाता है। शीत रास्ता भटक जाता है। समय बीतने के साथ उसे एक सुंदर सी राजकुमारी मिल जाती है और वह बसंत को भूल कर उसी के साथ रहने लगता है।

**परियां बसंत को अपने साथ ले जाती हैं, जहां वह विलासिता का जीवन जीता है। एक दिन शीत को बसंत की याद आती है और वो उसे ढूंढ़ने जंगल पहुंचता है। वह परियों के बीच खुशी-खुशी रह रहे बसंत को अपने साथ ले आता है।**

वहीं जंगल में बसंत को अकेला रोता देख कर परियों का झुंड वहां पर आता है। परियां बसंत को अपने साथ ले जाती हैं, जहां वह विलासिता का जीवन जीता है। एक दिन शीत को बसंत की याद आती है और वो उसे ढूंढ़ने जंगल पहुंचता है। वह परियों के बीच खुशी-खुशी रह रहे बसंत को अपने साथ ले आता है। शीत और बसंत दोनों मिल कर खेती का काम करने लगते हैं। अचानक शीत को पता चलता है कि उसकी पत्नी उसे तो छप्पन तरह के पकवान खाने को देती है, लेकिन अपने देवर बसंत को पत्थर जैसी रोटियां देती है। नाराज होकर शीत, बसंत के साथ वहां से निकल जाता है। उसे अपने राज्य और माता-पिता की याद आती है। अपने घर पहुंच कर शीत-बसंत को पता चलता है कि बाद में पछतावा होने के बाद राजा ने रानी को जंगल में छोड़ दिया था, जहां जानवरों ने उसे खा लिया। अब शीत-बसंत खुशी-खुशी अपना राज्य भी संभाल रहे थे।

बिहार के कई क्षेत्रों में शीत-बसंत की कथा का नाटकीय मंचन होता है। दिल्ली स्थित राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के भारंगम महोत्व में नटुआ नाच शैली में इसका प्रदर्शन हुआ था। आधुनिक संदर्भों में यह कथा स्त्री-विरोधी दिख सकती है। शायद इस स्तर पर भी इसमें बदलाव होने की लोक प्रक्रिया चल रही हो।

# दांत दर्द सताए घर में भी उपाय

यह अजीब बात है कि लोग खाने-पीने की चीजों पर तो खूब ध्यान देते हैं, पर दांतों की साफ-सफाई को कभी गंभीरता से नहीं लेते। यह लापरवाही हर उम्र के लोगों में दिखाई देती है। नतीजा यह कि वे संक्रमण के साथ 'कैविटी' के शिकार हो जाते हैं। इससे दांतों में दर्द होता है। वैसे तो दर्द की कई वजह हो सकती है। जैसे मसूड़े में फंसा कोई रेशा। यह दांतों को तो नुकसान पहुंचाता ही है, दर्द का कारण भी बन जाता है। साफ-सफाई रखें, तो दांतों में दर्द का उपचार घर पर भी हो सकता है। मगर जब अधिक दर्द हो, तो किसी दंत विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

### मसूड़ों में सूजन

आम तौर पर मसूड़े में जलन एक-दो दिन में ठीक हो जाती है। अगर दांतों में बारीक सुराख बन गई है, तो इसका दर्द निरंतर बना रहता है। जब तक कि इसका पूरा इलाज न हो जाए, लेकिन तब तक कुछ घरेलू नुस्खों से दर्द को कम जरूर किया जा सकता है। कई बार अकलदाढ़ निकलते समय भी मसूड़ों में सूजन हो जाती है। अगर दर्द असहनीय है, तो स्थायी उपचार मिलने तक घरेलू उपायों से हम इसे कम कर सकते हैं। जबड़े के पास आइस पैक रखने से भी आराम मिलता है।

### गुनगुना पानी

गुनगुने पानी में सेंधा नमक या फिर सामान्य नमक डाल कर कुल्ला करने से आमतौर पर मसूड़ों में सूजन भी कम हो जाती है। दांतों के दर्द में भी थोड़ा आराम मिलता है। दरअसल, नमक प्राकृतिक रूप से भी रोगाणुओं को खत्म कर देता है। इससे पूरे दिन में तीन-चार बार कुल्ला करने से काफी आराम मिलता है। यह मुख स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है। इसके अलावा अमरूद के पत्ते भी नुस्खे के तौर पर आजमाए जा सकते हैं। ये पत्ते गुणकारी हैं। इन पत्तों को पानी में उबाल कर कुल्ला करें, तो इससे भी दर्द में आराम मिलता है।

### लौंग से आराम

लौंग दांतों का दर्द तो कम करता ही है, संक्रमण भी दूर करता है। इसका आसान-सा नुस्खा है। लौंग के तेल को रुई के फाहे पर डाल कर दर्द वाली जगह पर कुछ देर के लिए रखें। लौंग के तेल की दो-तीन बूंदें गर्म पानी में डाल कर कुल्ला भी कर सकते हैं। इसी तरह अदरक के रस को भी नुस्खे के तौर पर आजमा सकते हैं। दरअसल, इसमें सूजनरोधी गुण होता है। अदरक के रस की एक-दो बूंद दर्द वाली जगह पर डालें। इससे भी आराम मिलता है। इसके अलावा लहसुन के रस का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यह दांतों में हुए संक्रमण को रोकता है। घरेलू नुस्खे के तौर पर हींग को भी आजमाया जा सकता है। इसके लिए दो चुटकी हींग लें और इसमें नींबू का रस मिला कर दर्द वाली जगह पर रखें। इससे आराम मिलेगा।

### सफाई जरूरी

यह एक आम समस्या है। इसमें चिंता तब करनी चाहिए, जब यह बार-बार होने लगे। बहुत अधिक दर्द न

नुस्खे



हो, तो घरेलू नुस्खों से इसे ठीक किया जा सकता है, लेकिन ध्यान रखें कि यह अस्थायी उपाय ही है। दांतों में संक्रमण हो ही नहीं, इसके लिए जरूरी है कि पहले से ही मुख स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाए। सबसे अच्छा और आसान नुस्खा यही है कि सुबह और रात में सोते समय नरम ब्रश से दांतों की दो बार सफाई करें। कठोर खाद्य पदार्थ चबाने से बचें। मीठा पेय और खाद्य पदार्थ दांतों को नुकसान ही पहुंचाते हैं। धूम्रपान मसूड़ों के लिए अच्छा नहीं माना जाता।

किताबें मिलीं

## समय के प्रश्न

सुख-सुविधाएं जहां अपार हैं, वहीं समस्याएं भी सुरसा बन कर खड़ी हैं। इस प्रकार यह युग असंख्य चुनौतियों और प्रश्नों से घिरा हुआ है। इन प्रश्नों को प्रकृति जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को छूती है। राजनीति से लेकर समाज, कानून से लेकर प्रशासन, विज्ञान और तकनीक से लेकर नैतिकता और नेतृत्व- हर तरफ नए समीकरण, नए तनाव और नए संवाद हर दिन आकार ले रहे हैं। रघु ठाकुर की पुस्तक 'समय के प्रश्न' इन्हीं जिज्ञासाओं और परिवेश की व्यापकता में विचार करते हुए सामाजिक-राजनीतिक अनुभवों को एक सुसंगठित विमर्श में प्रस्तुत करती है। इसमें पाठक को वे सारे महत्त्वपूर्ण विषय मिलते हैं, जो आज की लोकतांत्रिक यात्रा के मोड़ और मानवीय चेतना की गहराइयों को छूते हैं। बदलते और विकास की समझ संसाधनों के न्यायपूर्ण वितरण, भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास, विस्थापन, युद्ध की आशंका और हथियारों की अंधी दौड़ जैसी समस्याएं सामाजिक चिंतन के लिए चुनौती खड़ी कर रही हैं। आधुनिक लोकतंत्र, अपने समावेशी मूल्यों और संवैधानिक आदर्शों के बावजूद कितना सफल है, यह सवाल केवल चुनाव परिणामों के गणित तक सीमित नहीं, बल्कि नागरिक अधिकार, असहमति की स्वतंत्रता, नेतृत्व की नैतिकता और प्रशासन की पारदर्शिता तक फैला हुआ है। यह पुस्तक विचारोत्तेजक प्रश्नों और उनके विविध आयामों को गहराई से विश्लेषित करती है।




***समय के प्रश्न: रघु ठाकुर, वीएलएमएस पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, बी-59ए, गुलाब बाग, उत्तम नगर, नई दिल्ली, 500 रु***

## प्लेटफार्म की आवाजें

कवि एवं चिंतक तजेंद्र सिंह लूथरा का नवीनतम संग्रह 'प्लेटफार्म से आवाजें' भारतीय काव्य जगत के लिए एक नया और तेजस्वी प्रस्थान बिंदु है। यहां संगृहीत कविताएं मर्मस्पर्शी और विलक्षण हैं। यहां प्लेटफार्म एक रूप बन जाता है। संपूर्ण जीवन के लिए जहां अनेक आवाजें हैं, जिन्हें कवि सूक्ष्मता से अंकित करते हैं। आसपास की जिंदगी से लेकर बूढ़े शेर के परिसर तक विस्तृत संग्रह की कविताएं कई बार लोगों को चौंका सकती हैं और अर्जित भावबोध तथा सौंदर्यबोध को स्तब्ध भी कर सकती हैं, क्योंकि यहां कुछ भी न तो पूर्वाग्रह से संचालित है, न किसी अतिवाद से परिचालित। फिर भी ये कविताएं अपने समय की शिनाख्त और तफ्तीश करती हैं। यहां एक खास उदारता और खुलापन है, जहां कुछ भी वर्जित या बाह्य नहीं। 'दर्जी', 'रंग कपड़े' या 'खरगोश' या 'लक्ष्मण रेखा' सरीखी कविताएं इसी काव्य व्यवहार के बेहतर उदाहरण हैं। कविताओं से पता चलता है कि कवि के लिए कवि-कर्म एक शब्द आराधना, सत्य, बाह्य और आंतरिक से साक्षात्कार का माध्यम है। सहज बोलने मात्र को कविता की बोली में बदलने के बाद इन कविताओं में ऐसा जंक्शन दिखता है, जहां अनेक दिशाओं की काव्य गतियां विश्राम पाती हैं, फिर से नई गतियों में रूपांतरित होने को व्यग्र।




***प्लेटफार्म की आवाजें: तजेंद्र सिंह लूथरा, वाणी प्रकाशन, 4695, 21-ए, दरियागंज, नई दिल्ली, 325 रु***

## स्वर कोकिला

हमारे देश में शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति होगा, जिसने सुर साम्राज्ञी के गाए गीतों को न गुनगुनाया हो। गीत-संगीत की दुनिया में उनकी आवाज के जादू से हर कोई प्रभावित है। 'स्वर कोकिला' की भूमिका में लेखक ने लता मंगेशकर के गीतों के संदर्भ से अपनी मां को याद करते हुए कहा है कि मेरी मां 'ये जिंदगी उसी की है...' (अनारकली), 'उनको ये शिकायत है...' (अदालत), 'दुनिया में हम आए हैं...' (मदर इंडिया) जैसे गीत अक्सर गाया करती थीं। हम सब अपने घर में अपनी मां और बहनों को अक्सर ही लता के गीतों को दोहराते सुनते आए होंगे। खासतौर पर पुराने गीतों में जिंदगी और संवेदना महसूस करने वाली पीढ़ी। मगर आज नए दौर में जिस तरह के गीत-संगीत तैयार होने लगे हैं, उसमें संगीत की धुन तो दूर, गीत के शब्द भी याद रहना मुश्किल होता गया है। कोई गीत सुनते हुए व्यक्ति तात्कालिक तौर पर भले ही आज का तेजरफ्तार गीत सुन लेता हो, लेकिन उस गीत से जुड़ी संवेदना शायद ही किसी के




भीतर इतना उतर पाती है कि वह उसे बार-बार गुनगुनाए और उसे अपनी संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का जरिया बनाए। लता मंगेशकर के गीत अगर आज भी बहुत सारे लोगों, खासकर महिलाओं की जुबान पर मौजूद होते हैं, तो उसका एक मजबूत आधार रहा है। लेखक के मुताबिक, फिल्मों और गीत-संगीत के इसी अभिन्न रिश्ते को और मजबूत करने के लिए जब एक पुस्तक की परिकल्पना की गई, तो इस किताब को दर्ज कर डालने की प्रेरणा सब ओर से मिली। इस पुस्तक में लता मंगेशकर की संगीत यात्रा को संक्षिप्त में समेटने का प्रयास किया गया है। मंगेशकर परिवार के दिल को छू लेने वाले संगीत के साथ-साथ कुछ कहे-अनकहे हिस्सों को शामिल किया गया है। किताब में एक दर्शक और श्रोता की दृष्टि से संगीत और सिनेमा की मर्यादा को ध्यान में रखने के साथ ही गायक कलाकारों की आवाज पर भी बात की गई है।

***स्वर कोकिला: मुकेश पोपली, इंक पब्लिकेशन, 333/1/1के, नया पुरा, करेली, प्रयागराज, 250 रु***

# आभासी दुनिया में गुम होती जिंदगी

तेजी से बदलते दौर में लोगों की जीवनशैली आज इस कदर अस्त-व्यस्त दिखती है, मानो उन्हें अपने करीबी परिजनों, दोस्तों और अन्य लोगों के लिए तो समय नहीं ही है, शायद अपने लिए भी वक्त का पूरा अभाव हो गया है। हर शख्स हर वक्त इस कदर व्यस्त या मशगूल लगता है कि जैसे दुनिया के सबसे जरूरी काम को पूरा करने की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर आ पड़ी है और उसे निपटाने में वह लगा हुआ है। सवाल है कि क्या सचमुच लोगों की व्यस्तता वास्तविक है और वे हर वक्त किसी सार्थक काम में लगे होते हैं? या फिर ज्यादातर लोग जिस तरह के काम में मशगूल दिखते हैं, उसमें व्यस्तता तो लगातार दिखती है, लेकिन उस व्यस्तता के नतीजे के तौर पर कुछ भी ठोस नहीं दिखता है। बल्कि इसके उलट अगर एक या दो या तीन दिन की व्यस्तता के हासिल पर गौर किया जाए, तो शून्य से ज्यादा कुछ नहीं दिखेगा।

जीवन शैली

दरअसल, माना जाता रहा है कि अगर कोई व्यक्ति हमेशा व्यस्त रहता है, तो वह अपने समय का सदुपयोग कर रहा है और वक्त के मोल को समझता है। तो क्या इसी सूत्र या सूक्ति को लोगों ने अपने भीतर पिरो लिया है और इतना व्यस्त रहने लगे हैं कि देश-दुनिया की गतिविधियों के वे भागीदार बनते हैं, लेकिन अपने पड़ोस की किसी गतिविधि या फिर अपने परिवार में ही मेल-मिलाप जैसे खुशी के आयोजन में शामिल होना उनके लिए गैर-महत्त्व की बात हो जाती है।

### वक्त नहीं है

ऐसे लोग अपने आसपास सबको मिल जाएंगे, जो यह कहते हैं कि आजकल उन्हें समय नहीं मिल पाता, लेकिन अगर उनकी दिन भर की गतिविधियों पर गौर किया जाए या फिर कम से कम यही जानने की कोशिश की जाए कि वे अपने स्मार्टफोन के स्क्रीन में कितनी देर गुम रहते हैं, तब असली तस्वीर सामने आ जाती है। चौबीस घंटे में अगर कोई व्यक्ति सात-आठ घंटे सोने के अलावा कोई काम करता है, स्कूल-कालेज की पढ़ाई करता है, तो उसके बाद भी कुल पांच या छह या सात घंटे स्मार्टफोन के स्क्रीन में अपनी आंखें डुबो कर रखता है। सवाल है कि दिन भर में छह-सात घंटे मोबाइल में डूबे रहने वाले व्यक्ति को अपने किसी दोस्त या परिचित या संबंधी के लिए आधा या एक घंटा मिलने के लिए निकालना क्यों असंभव होता जा रहा है?



> ***दिन भर में छह-सात घंटे मोबाइल में डूबे रहने वाले व्यक्ति को अपने किसी दोस्त या परिचित या संबंधी के लिए आधा या एक घंटा मिलने के लिए निकालना क्यों असंभव होता जा रहा है?***

### बिना काम व्यस्तता

दरअसल, आधुनिक तकनीकी के बीच ज्यादातर लोगों ने ऐसी जीवनशैली को चुन लिया है, जो उसे 'बिना काम के व्यस्त रहने' के सूत्र में बांध देता है। सिर्फ इतनी-सी बात पर गौर करना भी जरूरी नहीं माना जाता है कि अगर परिवार, पड़ोसी या दोस्ती के लिए समय निकालने, उनके साथ हंसने-बोलने, बातचीत करने, दुख-सुख साझा करने से जीवन में जीवन-तत्त्व भरेगा। वहीं, स्मार्टफोन या तकनीकी दुनिया में डूबे रहने से दुनिया भर की सैर तो की जा सकती है, लेकिन वह आभासी होगी। उसका कोई मतलब नहीं होगा और आखिर में हाथ निराशा आएगी। जीवन का वास्तविक जीवन से ही भरा जा सकता है, आभासी संसार के सपनों से नहीं।

# जोखिम गंभीर ग्रीवा का कैंसर

महिलाओं को जिन जटिल रोगों ने शिकंजे में लिया है, उनमें सर्वाइकल कैंसर यानी ग्रीवा कैंसर प्रमुख है। भारत में यह रोग आम है। दरअसल, इस रोग के प्रति जागरूकता न होने से महिलाएं चिकित्सकों के पास तब पहुंचती हैं, जब स्थिति गंभीर हो चुकी होती है। यह कैंसर गर्भाशय में होता है। वैसे ग्रीवा कैंसर 'ह्यूमन पेपिलोमा वायरस' (एचपीवी) के संक्रमण के कारण शुरू होता है। यह स्थिति लापरवाही के कारण पैदा होती है। इसलिए आम तौर पर सलाह होती है कि तीस साल की उम्र के बाद महिलाओं को एक बार इसकी जांच जरूर करानी चाहिए, ताकि इसका समय रहते पता चल जाए।

सेहत

### बढ़ते मामले

दुनियाभर की महिलाएं हर साल इस रोग की चपेट में आ रही हैं। वैश्विक स्तर पर दो लाख से अधिक महिलाओं की इससे मौत हो जाती है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में हर वर्ष अस्सी हजार महिलाओं में ग्रीवा कैंसर के मामले सामने आते हैं। लगभग बयालीस हजार महिलाओं की इससे मौत हो जाती है। महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौत की दूसरी बड़ी वजह यही है। यह कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से से शुरू होता है और फिर ऊपरी हिस्से तक फैल जाता है। इस संक्रमण के लिए जिम्मेदार एचपीवी अति जोखिम वाला विषाणु है। एचआइवी से पीड़ित महिलाओं में यह कैंसर अधिक होता है। संकोचवश महिलाएं न तो परिवार को बताती हैं और न चिकित्सक के पास जांच के लिए जाती हैं।



### जोखिम के कारक

महिलाओं में यह कैंसर कई वजहों से फैलता है। एचपीवी से संक्रमित व्यक्ति से संबंध बनाने से भी ग्रीवा कैंसर हो जाता है। इसके अलावा जिन महिलाओं को अधिक प्रसव होता है, उनमें भी जोखिम बढ़ जाता है। यौन संचारी रोग जैसे सिलफिस या गनोरिया आदि से पीड़ित महिलाओं में भी इस कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। पिछले कुछ दशकों से धूम्रपान की आदत और अधिक तनाव से भी महिलाओं में यह रोग बढ़ा है। अधिक समय तक गर्भनिरोधक गोलियों के इस्तेमाल से भी ग्रीवा कैंसर का अंदेशा रहता है।

### गंभीर संकेत

शुरुआती दौर में इसके लक्षण आमतौर पर नहीं दिखते। नतीजा यह कि महिलाएं इसकी उपेक्षा करती चली जाती हैं। फिर भी कुछ लक्षणों से वे इसे पहचान सकती हैं। जैसे मासिक धर्म अनियमित हो जाना। ज्यादा रक्तस्राव और वजन कम होना भी लक्षण हैं। बेवजह थकान रहती है। हड्डियों में दर्द होने लगता है। मासिक धर्म न होने पर भी पेट के निचले हिस्से में दर्द एक लक्षण है। यौन संबंध के दौरान दर्द को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि यह गंभीर लक्षण है। वहीं पैरों में सूजन भी इसी से जुड़ा लक्षण है। ऐसे में मरीज को तुरंत स्त्रीरोग विशेषज्ञ से परामर्श करना चाहिए।

### निदान की राहें

अब आधुनिक चिकित्सा पद्धति में इसका इलाज संभव है। विशेषज्ञों का कहना है कि ग्रीवा कैंसर को टीके और 'स्क्रीनिंग तकनीक' से इसके फैलाव को रोका जा सकता है। टीके अब आसानी से उपलब्ध हैं। चिकित्सक दवाओं के अलावा 'रेडिएशन थेरेपी' से कैंसर कोशिकाओं को हटाते हैं। ध्यान रहे कि यह कैंसर के कुछ चरणों में ही ऐसा किया जाता है। 'कीमोरेडिएशन' में कीमोथेरेपी और रेडिएशन दोनों का संयोजन होता है। लक्षणों की गंभीरता के आधार पर शल्य चिकित्सा पर भी विचार होता है। कैंसर कहां और कितना फैला हुआ है, इसका आकलन करने के बाद ही शल्यक्रिया का निर्णय किया जाता है।

ऐसे में महिलाओं को अपनी जीवनशैली पर ध्यान देना होगा। ग्रीवा कैंसर से बचाव का यही पहला रास्ता है। सुरक्षित यौन संबंध जरूरी है। महिलाओं को नियमित रूप से स्त्रीरोग विशेषज्ञों के संपर्क में रहना चाहिए। जब भी कोई शंका हो या कोई भी लक्षण दिखे, तो तुरंत परामर्श लें। देरी से प्रायः जोखिम बढ़ जाता है। समय पर सही इलाज ही महिलाओं को ग्रीवा कैंसर से बचा सकता है।

***(यह लेख सिर्फ सामान्य जानकारी और जागरूकता के लिए है। उपचार या स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए विशेषज्ञ की मदद लें।)***

# बनाने का मौका, स्वाद अनोखा

रसोई

## लच्छेदार लौकी

लौकी की सब्जी तो घर पर अमूमन बनती है, लेकिन इसे बनाने का तरीका थोड़ा अलग हो, तो इसके स्वाद को और भी बेहतरीन किया जा सकता है। लौकी को चौकोर टुकड़ों में काटने के बजाय इसे कद्दूकश कर-के दही के साथ पकाया जाए, तो यह बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को पसंद आएगी। दही से इसमें हल्का खट्टापन आ जाता है, जो इसके जायके को निखार देता है।



### सामग्री

लौकीः 400-500 ग्राम, दहीः 200 ग्राम, मैदाः चार-पांच चम्मच, सौंफ पाउडरः दो चम्मच, लाल मिर्च पाउडरः एक चम्म्च, गरम मसालाः एक चम्मच, हल्दीः आधा चम्मच, जीराः एक चम्मच, नमकः स्वादानुसार।

### विधि

सबसे पहले लौकी को धोकर उसका छिलका उतार लें। फिर इसे कद्दूकश करके एक बर्तन में रख दें। इसके बाद एक थाली में मैदा लें, उसमें मिर्च पाउडर और नमक डाल कर मिला लें। इसी मैदे में कद्दूकस की गई लौकी को अच्छी तरह लपेटें, ताकि सब तरफ मैदा चिपक जाए। इसे थोड़ी देर फ्रिज में रख दें। फिर कड़ाही में तेल गरम करें। उसमें लच्छेदार लौकी को तल लें। तलते समय ध्यान रखें कि जब ऊपर मैदे की परत बादामी रंग की हो जाए, तो इसे बाहर निकाल लें।

अब तरी तैयार करने के लिए सबसे पहले दही में हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, सौंफ पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और नमक डाल कर मथानी से अच्छी तरह फेंट लें। इसे दस मिनट के लिए ढक कर छोड़ दें। फिर कड़ाही में तेल गरम करें। उसमें सौंफ और जीरे का तड़का दें। अब आंच धीमी कर दें और दही का घोल डाल दें। इसे लगातार चलाते रहें, ताकि दही फटने न पाए। जब मसाला गाढ़ा होने लगे तो उसमें तली हुई लौकी डालें। इसे धीमी आंच पर ढक्कन रखकर आठ-दस मिनट तक पकाएं। फिर इसमें हरा धनिया डालकर रोटी या चावल के साथ परोसें।

## आटे का हलवा

सूजी का हलवा तो अक्सर खाने को मिल जाता है, लेकिन घर पर अगर सूजी न हो तो उसकी जगह गेहूं के आटे से भी स्वादिष्ट हलवा बनाया जा सकता है। इसे थोड़ा अलग ढंग से बनाया जाता है, इसलिए इसका स्वाद भी अलग होता है। इसमें दूध, देसी घी और सूखे मेवे का मिश्रण होता है, जो जायके को लाजवाब बना देता है। उत्तर भारत के ग्रामीण इलाकों में यह व्यंजन आज भी लोकप्रिय है।



### सामग्री

गेहूं का आटाः दो कप, चीनीः आधा कप, देसी घीः एक कटोरी, इलाइची पाउडरः एक चम्मच, दूधः एक कप, मेवेः किशमिश, काजू, बादाम।

### विधि

सबसे पहले गेहूं के आटे को छान कर भूनें। इसके लिए कड़ाही में देसी घी गरम करें, उसमें आटा डाल कर मध्यम आंच पर लगातार चलाते हुए तब तक भूनें, जब तक उसका रंग बादामी न होने लगे। अब आंच बंद कर दें और आटे को लगातार चलाते रहें। फिर छन्नी से एक बार और छान लें, ताकि कोई गांठ न रह जाए। अब एक भगोने में दूध और चीनी डाल कर उबालें। जब चीनी अच्छी तरह घुल जाए, तो आंच बंद कर दें। इसी में इलाइची पाउडर डाल दें। इसके बाद किशमिश को छोड़ कर बाकी मेवे को टुकड़ों में काट कर अलग रख लें। अब कड़ाही में फिर से घी गरम करें और उसमें मेवे को तल कर बाहर निकाल लें। इसके बाद आटे को कड़ाही में डाल कर एक बार चला लें। चीनी और दूध का घोल धीरे-धीरे करके इसमें डालें और चलाते हुए मिलाएं। जब पूरा रस सूख जाए, तो तले हुए मेवे डालें और उलट-पलट कर चलाते रहें, ताकि सारी सामग्री मिल जाए। थोड़ा सख्त होने पर आंच बंद कर दें और हल्का सा ठंडा होने के बाद परोसें।

कपूर परिवार : एकसाथ याद आए राज कपूर, कृष्णा कपूर और ऋषि कपूर

# जहां सबसे बढ़कर थी रिश्तों की विरासत

**मेरे हिस्से के किस्से**



रूमी जाफरी
बॉलीवुड फिल्मों के लेखक और निर्देशक



ऋषि कपूर अपनी मां कृष्णा कपूर के साथ (फाइल फोटो)।

राज कपूर, कृष्णा कपूर और ऋषि कपूर। आज ये तीनों इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन हिंदी सिनेमा की आत्मा में ये अब भी बसते हैं। सिनेमा में राज कपूर और उनके पुत्र ऋषि कपूर के योगदान को तो कोई नहीं भूल सकता, लेकिन मैं इन दोनों के साथ कृष्णा आंटी को भी याद करता हूं, क्योंकि उनके बिना ये दोनों पिता-पुत्र उस मुकाम तक शायद नहीं पहुंच पाते, जहां तक ये पहुंचे। इन तीनों पर एकसाथ लिखने का मेरा बहुत अरसे से मन था। तो आज एक कॉलम इन्हीं तीनों को समर्पित।

सब जानते हैं कि राज कपूर एक ऐसे फिल्मकार थे, जिनके लिए सिनेमा ही उनका संसार था। उनके बारे में मशहूर है कि वे इतने जुनूनी थे कि 'मेरा नाम जोकर' जैसी फिल्म बनाने के लिए उन्होंने अपना स्टूडियो तक गिरवी रख दिया था। जब 'बॉबी' सुपरहिट हुई और उनके सारे कर्ज उतर गए, तो उन्होंने पटकथा लेखक ख्वाजा अहमद अब्बास को एक नई कार गिफ्ट कर दी। सिर्फ कार ही नहीं, बल्कि ड्राइवर की तनख्वाह और पेट्रोल का खर्च भी आरके प्रोडक्शन ने ही उठाया। राज साहब का मानना था कि अगर मेरा सपना पूरा हुआ है, तो उन सबका सपना भी पूरा होना चाहिए जिन्होंने मेरा साथ दिया।

अगर राज साहब आरके स्टूडियो की आत्मा थे, तो कृष्णा आंटी उनके उसी साम्राज्य की मजबूत बुनियाद। फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ग्रेसफुल महिला मानी जाने वाली कृष्णा कपूर जमीन से इतनी जुड़ी थीं कि उनका बड़प्पन सबको हैरान कर देता था। उनकी सोहबत का जादू ऐसा था कि जो भी उनके करीब आता, उनसे मुतासिर (प्रभावित) हुए बिना नहीं रहता। वे केवल एक अच्छी मेजबान ही नहीं थीं, बल्कि रिश्तों को संजोने की कला भी जानती थीं। उनके लिए परिवार और दोस्त ही उनकी असली पूंजी थे। विदेशी दौरों पर भी वे अपने स्टाफ और करीबियों का ख्याल एक मां की तरह रखती थीं। उनके व्यक्तित्व में एक ऐसी गरिमा थी कि पूरी इंडस्ट्री उनके सामने अदब से सिर झुकाती थी। वे कपूर खानदान की वह धुरी थीं, जिसने सबको एक सूत्र में बांधे रखा।

और अब बात बेटे ऋषि कपूर यानी चिंटू जी की। राज साहब की विरासत को चिंटू जी ने न केवल एक्टिंग बल्कि रिश्तों के मामले में भी बखूबी आगे बढ़ाया। इसकी मिसाल ऋषि कपूर और राहुल रवैल की दोस्ती में देखी जा सकती है। हालांकि दोनों के मिजाज अलग थे और अक्सर उनमें तीखी बहस होती थी, लेकिन वे एक-दूसरे के बिना रह नहीं पाते थे।

इनकी दोस्ती का एक किस्सा, जिसका मैं खुद गवाह हूं, बताता हूं। एक बार ऋषि कपूर से राहुल रवैल नाराज हो गए और बात करना बंद कर दिया। ऋषि कपूर जैसा बड़ा स्टार अपने दोस्त को मनाने के लिए बेचैन हो गया। राहुल जी और ऋषि कपूर 33 सालों तक मेरे भी बेहद करीबी दोस्त रहे। इसलिए चिंटू जी ने मेरे घर एक डिनर पार्टी रखवाई ताकि किसी तरह राहुल जी से पैचअप हो सके। उस शाम चिंटू जी एक बच्चे की तरह राहुल रवैल के पीछे-पीछे घूमते रहे और आखिरकार भावुक होकर रवैल जी ने उनसे अपनी दोस्ती फिर से बहाल कर ली। ऋषि कपूर का यह रूप बताता है कि कामयाबी के शिखर पर होने के बावजूद उनके लिए पुराने दोस्त और पुराने रिश्ते सबसे ऊपर थे। वे अक्सर कहते थे कि बुढ़ापे में अपनों से क्या रूठना, क्या पता कल कौन साथ हो और कौन नहीं।

इस परिवार की सबसे बड़ी ताकत इनका आपसी जुड़ाव रहा है। 30 सितंबर 2018 को जब ऋषि कपूर की बीमारी की खबर आई, तो पूरा परिवार गहरे सदमे में था। नियति का खेल देखिए कि उसी रात कृष्णा आंटी ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। मानो वे अपने बेटे का दुख झेल नहीं पाईं या शायद ऊपर जाकर उनके लिए दुआओं का रास्ता साफ करना चाहती थीं। यह इत्तेफाक ही था कि जब परिवार के लोग ऋषि कपूर के इलाज के लिए अमेरिका जा रहे थे, तभी इस वटवृक्ष की छाया हमेशा के लिए उठ गई।

कपूर खानदान की यह त्रिमूर्ति हमें सिखाती है कि फिल्में तो आती-जाती रहेंगी, लेकिन जो चीज हमेशा जिंदा रहती है, वह है इंसानियत, बेमिसाल दोस्ती और रिश्तों के प्रति अटूट वफादारी। आरके का अर्थ केवल 'राज कपूर' नहीं, बल्कि 'रिश्तों का कारवां' भी बन गया।

जैसा कि आरके की फिल्मों में अक्सर कहा गया, 'द शो मस्ट गो ऑन', यह परिवार आज भी अपनी विनम्रता, कला और स्मृतियों के जरिए हमारे दिलों में धड़कता है। उनकी कहानियां हमें याद दिलाती हैं कि सफलता कितनी भी बड़ी क्यों न हो, इंसान का कद उसकी सादगी और दूसरों के प्रति उसके प्रेम से ही मापा जाता है।

आज इन तीनों की याद में फिल्म 'आप की कसम' का ये गाना सुनिए, अपना खयाल रखिए और खुश रहिए।

जिंदगी के सफर में गुजर जाते हैं जो मकाम
वो फिर नहीं आते, वो फिर नहीं आते...

• rumyjafrywrites@gmail.com

*लेखक-प्रकाशक के पास सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित पूर्वानुमति के बिना इस लेख के किसी भी हिस्से को ना तो पुनः प्रकाशित किया जा सकता है, ना ही किसी तरह का व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा सकता है।*

'मेरे हिस्से के किस्से' कॉलम को अपने मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

# नवरात्र पर भोग के लिए बनाएं ये खास लड्डू

**रीडर रेसिपी कॉन्टेस्ट**



**नीलम गुप्ता**
गृहिणी
जोधपुर (राज.)

**भेजिए रेसिपी और जीतिए 5,100 रु. का गिफ्ट**

**दैनिक भास्कर** के इस कॉलम में आप भी अपनी रेसिपी भेजकर हर सप्ताह जीत सकते हैं **5,100 रु.** मूल्य का गिफ्ट। इसके लिए **QR कोड** को स्कैन कीजिए और लिख भेजिए अपनी रेसिपी। साथ में नाम, प्रोफेशन, फोटो, डिश की तस्वीर जरूर भेजें।



नवरात्रि के पावन अवसर पर फलाहार में कुछ ऐसा बनाने की इच्छा होती है, जो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहतमंद भी हो। ऐसे में सिंघाड़े के आटे और फूल मखाने से बने ये लड्डू एक बेहतरीन विकल्प हैं, जो व्रत के दौरान शरीर को आवश्यक पोषण भी देंगे। माताजी को भोग लगाने के लिए भी यह एक विशेष और सात्विक मिठाई है, जिसे बनाना भी बेहद आसान है।

**बनाने की सामग्री :**
सिंघाड़े का आटाः 2 कप, फूल मखानेः 1 कप, घीः 3 बड़े चम्मच, देसी खांड या बूरा शक्करः 1/2 कप, इलायची पाउडर : 1/4 छोटा चम्मच।

**बनाने की सामग्री :**
- सबसे पहले एक भारी तले की कड़ाही लीजिए और उसमें एक बड़ा चम्मच घी डालकर हल्का गर्म कर लीजिए। अब इसमें फूल मखाने डालकर धीमी आंच पर कुरकुरे होने तक भून लीजिए। भुन जाने पर इन्हें एक प्लेट में निकाल लीजिए।
- इसके बाद उसी कड़ाही में बचा हुआ घी डालें। घी गर्म होने पर सिंघाड़े का आटा डालिए और गैस की आंच धीमी कर दीजिए। लगातार चलाते हुए आटे को अच्छी तरह भूनें, जब तक कि उसका रंग हल्का सुनहरा और खुशबूदार न हो जाए।
- इस बीच, भुने हुए मखानों को हल्का-सा दरदरा कूट लीजिए या मिक्सी में मोटा-मोटा पीस लीजिए। यहां इस बात ध्यान रखें कि यह बिल्कुल बारीक पाउडर जैसा न हो जाए।
- जब सिंघाड़े का आटा अच्छी तरह भुन जाए तो गैस बंद करके उसे थोड़ा ठंडा होने दीजिए। फिर इसमें देसी खांड या बूरा, इलायची पाउडर और मखाने डालकर अच्छी तरह मिला लीजिए। अब इस मिश्रण से हाथों की सहायता से मनचाहे आकार के लड्डू बना लीजिए।
- इस प्रकार तैयार हैं ये फलाहारी लड्डू। इन्हें नवरात्रि में माताजी को भोग लगाएं। फिर प्रसाद के रूप में परिवार के साथ इसका आनंद लें।

**तारे-सितारे**



मनीष शर्मा
ज्योतिषाचार्य

नवरात्र में देश में खुशहाली आएगी। सेंसेक्स में बढ़ोतरी होगी और कीमती धातुओं के दाम कम होंगे। अनाज, दाल, चावल, शक्कर के दाम कम हो सकते हैं। सत्तारूढ़ दलों के वर्चस्व में कमी आ सकती है। किसी बड़ी राजनीतिक हस्ती का नुकसान हो सकता है।

• jyotish.sansar@gmail.com

### मेष
शुरुआत बेहतर होगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। सोमवार को धार्मिक यात्रा का योग है। मंगलवार एवं बुधवार को संपत्ति संबंधी मामले सुलझेंगे। गुरु एवं शुक्रवार को सम्मान प्राप्त होगा। शनिवार भी अच्छा दिन रहेगा।

### वृषभ
सोमवार को सावधानी से कार्य करना होगा। मंगल की सुबह से तनाव समाप्त होगा। ऋण संबंधी समस्याओं का हल होगा। गुरु एवं शुक्रवार भी अच्छे दिन रहेंगे। योजनाएं सफल होंगी। शनिवार को कार्य समय पर होंगे।

### मिथुन
आरंभ श्रेष्ठ होगा। पुराने परिचितों से मुलाकात होगी। मंगल एवं बुधवार से दिक्कत आ सकती है। गुरुवार एवं शुक्रवार से स्थितियां पक्ष की होने लगेंगी एवं सहयोग मिलने लगेगा। शनिवार सबसे अच्छा दिन रहेगा।

### कर्क
दशम चंद्र से कार्य की अधिकता रहेगी। मंगल एवं बुध को भाग्य का साथ मिलेगा। गुरु एवं शुक्रवार को व्यय बढ़ जाएंगे। मजाक में विवाद हो सकता है। शनिवार को परिवार के साथ वक्त गुजरेगा। आय में सुधार आएगा।

### सिंह
चंद्रमा अनुकूल है। आय बेहतर बनी रहेगी। मेहमानों का आगमन हो सकता है। न्यायालयीन मामलों में सफलता की प्राप्ति होगी। गुरु एवं शुक्रवार को अटका धन मिलेगा। सप्ताहांत में कीमती वस्तुओं का ध्यान रखें।

### कन्या
आरंभ में कठिनाई हो सकती है। अनावश्यक विवाद भी होंगे। मंगलवार से वैभव में वृद्धि होगी। गुरु एवं शुक्रवार को भाग्य का साथ रहेगा। नए दोस्त मिलेंगे। शनिवार को कार्य की अधिकता हो सकती है।

### तुला
चंद्र की दृष्टि से आरंभ होगा। प्रसन्नता प्राप्त होगी। मंगल एवं बुधवार को कठिनाइयां आ सकती हैं। गुरुवार एवं शुक्रवार को राहत प्राप्त होगी। शनिवार को पिता से लाभ मिलेगा। अटके धन की प्राप्ति हो सकती है।

### वृश्चिक
रुका कार्य संपन्न होगा एवं खुशी के समाचार प्राप्त होंगे। मंगलवार एवं बुधवार को कार्य में तेजी रहेगी। गुरु एवं शुक्रवार को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। शनिवार की सुबह से आराम रहेगा।

### धनु
समय अच्छा व्यतीत होगा। संतान एवं अन्यों से सहयोग मिलेगा। मंगल एवं बुध को शत्रु हावी होने का प्रयास करेंगे। शुक्र की मध्य रात्रि से शनिवार तक का पूरा दिन बहुत अच्छा समय रहेगा। कार्य में सफलता मिलेगी।

### मकर
सोम एवं मंगल को धन की कमी रहेगी। बुधवार से प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी। कोई विशेष कार्य बनने से हर्ष प्राप्त होगा। गुरुवार का दिन भी अच्छा व्यतीत होगा। शुक्र एवं शनिवार को कोई शुभ सूचना प्राप्त होगी।

### कुंभ
चंद्र अनुकूल है। लाभ की स्थिति बनी हुई है। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। मंगल एवं बुधवार को तनाव रहेगा। गुरु एवं शुक्रवार शांति से व्यतीत होंगे। शनिवार को आय में वृद्धि होगी। सहयोग की प्राप्ति होगी।

### मीन
बच्चों से उम्मीद पूरी होगी। मंगल एवं बुधवार को कार्यस्थल पर विवाद हो सकता है। गुरु एवं शुक्रवार को चिंता रहेगी। व्यय की अधिकता रहेगी एवं अनपेक्षित समस्याएं आ सकती हैं। शनिवार अच्छा दिन रहेगा।

# मेरा पैसा

सुझाव और प्रतिक्रिया इस पते पर भेज सकते हैं- business.bhaskar@dbcorp.in

**मैनेजमेंट गुरु**



एन. रघुरामन

## संकट काल में निवेश की गलतियों से बचिए

**हर संकट** की शुरुआत हमेशा एक ही दावे के साथ होती है- 'यह कठिन समय है।' अमेरिका-ईरान जंग के चलते बढ़ते तनाव से ठीक पहले भी ऐसे हालात पैदा हो चुके हैं। 2020 के कोरोना महामारी के परिदृश्य को ही ले लीजिए या उससे थोड़ा पहले 2008 में जब अमेरिकी निवेश बैंक लेहमैन ब्रदर्स के क्रैश होने से दुनियाभर के शेयर-बाजार औंधे मुंह गिर गए थे। या इससे और पीछे जाते हुए 1973 के तेल संकट को याद कीजिए। यहां तक कि 1929 की महामंदी के दौरान भी लोगों ने यही कहा था।

युद्ध गंभीर होते हैं। वे कई जिंदगियों को बदल देते हैं। लेकिन ऐतिहासिक रूप से, वे वैश्विक अर्थव्यवस्था की उबरने और बढ़ने की क्षमता को नष्ट नहीं कर पाए हैं। आम लोग इस बिंदु को समझ नहीं पाते क्योंकि वे 'मानसिक धारणाएं' के शिकार होते हैं। बड़ी घटनाएं पूरा ध्यान खींच लेती हैं, जबकि धीमी गति से होने वाले बदलावों को नजरअंदाज करना आसान होता है। ऐसे समय में अक्सर निवेश बेचकर तब तक निवेश सुरक्षित करने की जल्दबाजी होती है, जब तक कि हालात शांत न हो जाएं। लेकिन बाजार खतरा टलने पर कोई घंटी नहीं बजाता। जब तक चीजें बेहतर होती हैं, कीमतें पहले ही ऊपर जा चुकी होती हैं।

अर्थशास्त्री इसे 'एंटी-फ्रेजिलिटी' कहते हैं। सप्लाई चेन नए रास्ते तलाश लेती हैं, सरकारें नीतियों में बदलाव करती हैं, व्यवसाय नए ग्राहक खोजते हैं और व्यापार के नए तरीके सामने आते हैं। यह अचानक नहीं होता, पर होता जरूर है। 1970 के दशक के तेल संकट के बाद दक्षता में सुधार ने ऊर्जा की खपत को नियंत्रित किया। 2008 के वित्तीय संकट के बाद बैंकों ने पूंजी को मजबूत किया और कोविड बाद कंपनियों ने रिमोट वर्किंग और नई लॉजिस्टिक्स प्रणाली अपनाई। इन सभी ने उत्पादकता और बाजार की गति को बढ़ाया।

लंबी अवधि के निवेशकों में एक खास गुण होता है। वह है समय की सही समझ। जेपी मॉर्गन के एक शोध के अनुसार, जिन लोगों ने पिछले 20 वर्षों के 'सर्वश्रेष्ठ 10 दिनों' में निवेश नहीं किया, उनके रिटर्न में भारी कमी आई। इनमें से कई बेहतरीन दिन सबसे खराब दिनों के बाद आए। बाजार इसलिए नहीं बढ़ते कि चिंताएं खत्म हो गई हैं, बल्कि इसलिए बढ़ते हैं क्योंकि व्यवसाय और अर्थव्यवस्था डर की तुलना में तेजी से खुद को ढालती हैं। उन व्यवसायों पर नजर रखें जिनमें आपकी रुचि है। देखें कि क्या वे खुद को बदल रहे हैं? यदि हां, तो वे तेजी से वापसी करेंगे, जिसका अर्थ है कि उन्हें बेचने का समय नहीं आया है।

**मैनेजमेंट टिप:** बाजार की घटनाओं से कंपनियां नहीं टूटतीं, बल्कि उन पर होने वाली गलत प्रतिक्रियाएं नुकसान पहुंचाती हैं। ऐसे में जब युद्ध के तनाव के कारण शेयर बेचने का विचार आए, तो खुद से पूछें- 'क्या मेरे निवेश का दीर्घकालिक लक्ष्य बदल गया है?'

**म्यूचुअल फंड** | एकमुश्त पैसा लगाएं या एसआईपी करें? मौजूदा दौर में सही फैसला कैसे लें

## बाजार की टाइमिंग में न फंसें, एसेट एलोकेशन से घटाएं रिस्क; लार्ज, फ्लेक्सी कैप पर बढ़ाएं भरोसा



विजय माहेश्वरी
फाउंडर,
स्टॉकटिक कैपिटल

बाजार में अमेरिका-ईरान जैसे बड़े संकट के चलते उतार-चढ़ाव का दौर हो या भू-राजनैतिक तनाव चरम पर हो। ऐसे माहौल में आपके पास एकमुश्त (लंपसम) रकम है और उसे निवेश करने की सोच रहे हैं, तो मन में कई सवाल उठना स्वाभाविक है। क्या यह निवेश का सही वक्त है? एसआईपी बेहतर होगी या एकमुश्त निवेश? किस कैटेगरी में पैसा लगाएं? शुरुआती और अनुभवी, दोनों तरह के निवेशकों को ध्यान में रखते हुए इस तरह के सवालों के जवाब तलाशते हैं...

**■ क्या अभी लंपसम निवेश के लिए सही समय है?**
सतर्कता बरतें, लेकिन घबराएं नहीं। मौजूदा हालात में खासकर मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट में, वैल्युएशन दीर्घकालिक औसत से ऊंचे हैं। वैश्विक स्तर पर सख्त मौद्रिक नीति, भू-राजनैतिक अनिश्चितता और तरलता के उतार-चढ़ाव से निकट भविष्य में अस्थिरता की आशंका है। बाजार की धारणा काफी नकारात्मक है और इतिहास बताता है कि ऐसे समय दीर्घकालिक निवेशकों के लिए संकेत होते हैं। ऐसे में सलाह है कि पूरी रकम एक साथ इक्विटी में न डालें। एसटीपी (सिस्टमैटिक ट्रांसफर प्लान) के जरिए धीरे-धीरे इक्विटी में प्रवेश करें और उन सेक्टरों से बचें जिनमें बहुत तेजी या जोखिम दिख रहा हो।

### एकमुश्त बनाम एसआईपी/एसटीपी- कैसे तय करें?

यह फैसला तीन बातों पर निर्भर करता है। बाजार का वैल्युएशन, निवेश क्षितिज, और जोखिम सहनशीलता। एसआईपी या एसटीपी तब बेहतर है जब बाजार में उतार-चढ़ाव अधिक हो, क्योंकि यह एंट्री की लागत को औसत करता है और बाजार के शिखर पर फंसने का जोखिम घटाता है।

| लंपसम (एकमुश्त) कब फायदेमंद? | एसआईपी/एसटीपी कब फायदेमंद? |
|---|---|
| वैल्युएशन उचित या आकर्षक हो | बाजार में उच्च अस्थिरता हो |
| 5 साल+ का निवेश क्षितिज हो | टाइमिंग का जोखिम कम करना हो |
| जोखिम क्षमता अधिक हो | एंट्री प्राइस औसत करना हो |

**सलाह** • लार्जकैप या हाइब्रिड फंड में लंपसम लगाएं, और इक्विटी में एंट्री के लिए एसटीपी का इस्तेमाल करें। इससे बाजार में हिस्सेदारी भी बनती है और टाइमिंग का जोखिम भी नहीं रहता।

### फ्लेक्सीकैप, मिडकैप और मल्टीकैपः जानिये कहां है निवेश जोखिम और रिटर्न का सही तालमेल?

इन तीनों फंड में से फ्लेक्सीकैप इस वक्त सबसे संतुलित विकल्प है।

| कैटेगरी | स्थिति | सुझाव |
|---|---|---|
| फ्लेक्सीकैप | लार्जकैप में शिफ्ट करने की छूट। महंगे बाजार में फायदेमंद। | अभी सबसे उपयुक्त |
| मिडकैप | वैल्युएशन अब भी ज्यादा है, कमाई अभी पूरी तरह जस्टीफाई नहीं है। | एसटीपी से एंट्री करें |
| मल्टीकैप | सभी मार्केट कैप में अनिवार्य निवेश। मिड/स्मॉल का जोखिम। | एसटीपी उपयोगी, मध्यम जोखिम |

### अभी एकमुश्त निवेश के लिए कौन सी कैटेगरी बेहतर है?

मौजूदा हालात में हाइब्रिड और एसेट एलोकेशन-आधारित फंड एकमुश्त निवेश के लिए उपयुक्त हो सकती हैं। ये फंड बाजार के वैल्युएशन के हिसाब से अपना एक्सपोजर खुद एडजस्ट करते हैं। जैसे बैलेंस्ड एडवांटेज फंड, इक्विटी सेविंग्स फंड, मल्टी-एसेट फंड, लार्जकैप या इंडेक्स फंड।

**सावधानी** • मिडकैप, स्मॉल-कैप में लंपसम से बचें। एसटीपी के जरिए धीरे-धीरे एंट्री करें।

### निवेश में क्या ध्यान रखना है?

विविधता हमेशा बेहतर होती है। **कोर हिस्साः स्थिरता के लिए** हाइब्रिड या एसेट एलोकेशन फंड। **ग्रोथ के लिए** लार्जकैप या फ्लेक्सीकैप फंड चुनें। **बफर हिस्साः** आपातकाल और एसटीपी के लिए लिक्विड या डेट फंड। सेक्टोरल या थीमेटिक फंड में सीमित निवेश रखें।

**व्यावहारिक तरीका** : रकम को पहले लिक्विड फंड में पार्क करें, फिर एसटीपी के जरिए धीरे-धीरे इक्विटी में शिफ्ट करें। इससे लंपसम की सुविधा और एसटीपी की सुरक्षा मिलती हैं।

**निष्कर्षः अभी क्या करें?**
अभी एसआईपी/एसटीपी जोखिम प्रबंधन का औजार है, जबकि लंपसम वैल्युएशन-आधारित रणनीति। दोनों का मिश्रण तर्कसंगत विकल्प है।

इन्वेस्टिंग थंब रूल...

### निवेश का गोल्ड रूलः पहले महंगा कर्ज चुकाएं, फिर पैसा लगाएं

निवेश की दुनिया का सबसे बुनियादी नियम है- 'कभी भी क्रेडिट कार्ड या महंगे कर्ज लेकर निवेश न करें।' जानते हैं कि इस नियम की मूल वजह...

**ब्याज का भारी बोझः** क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन पर ब्याज दरें औसतन 14% से 48% तक हो सकती हैं।
**रिटर्न बनाम लागतः** दुनिया का कोई भी सुरक्षित निवेश (जैसे म्यूचुअल फंड या स्टॉक) लगातार इतना रिटर्न नहीं दे सकता जो क्रेडिट कार्ड के ब्याज को मात दे सके।
**शुद्ध नुकसानः** यदि आपका निवेश 15% रिटर्न दे रहा है और आप कर्ज पर 30% ब्याज भर रहे हैं, तो आप असल में 15% के घाटे में हैं।
**निष्कर्षः** निवेश शुरू करने से पहले अनसिक्योर्ड लोन को खत्म करना ही सबसे सुरक्षित और पहला 'मुनाफा' है।

आईटीआर अपडेट...

### 31 मार्च तक पुरानी टैक्स गलतियां सुधारने का आखिरी मौका

अगर पुरानी इनकम टैक्स रिटर्न में कोई कमाई छूट गई है, तो भारी पेनल्टी से बचने के लिए 31 मार्च 2026 तक आईटीआर-यू (अपडेटेड रिटर्न) फाइल कर दें। यह सुविधा असेसमेंट ईयर खत्म होने के 24 महीने (2 साल) तक मिलती है। ऐसे में असेसमेंट ईयर 2023-24 के लिए 31 मार्च सुधार का अंतिम अवसर है।
शर्तः आईटीआर-यू तभी भरें जब टैक्स देनदारी बढ़ रही हो। रिफंड मांगने या टैक्स कम करने के लिए मान्य नहीं।
**एआईएस/26एएस चेक करेंः** फॉर्म 26एएस और एआईएस मिलान के बाद ही सही डेटा भरें।
इनकम टैक्स ई-फाइलिंग पोर्टल पर जाकर 'Updated Return' विकल्प चुनें। **पेमेंटः** अतिरिक्त टैक्स के साथ सेक्शन 234ए/बी/सी के तहत लगने वाला ब्याज भरें।

सहारा रिफंड...

### 10 लाख तक के दावों के लिए खुला पोर्टल, ऐसे करें आवेदन

सहकारिता मंत्रालय ने सहारा ग्रुप की चार सहकारी समितियों के उन निवेशकों के लिए रिफंड की प्रक्रिया फिर शुरू की है, जिनका क्लेम 10 लाख तक है। 45 दिनों में निपटारा होगा। पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार जस्टिस (रि) आर. सुभाष रेड्डी की सिफारिशों, एमिकस क्यूरी गौरव अग्रवाल की देखरेख में संचालित हो रही है।
**आवेदन के लिए जरूरी शर्तें और प्रक्रिया**
**अनिवार्य दस्तावेजः** 50,000 से अधिक के क्लेम के लिए पैन कार्ड जरूरी। मोबाइल नंबर, बैंक खाता आधार से लिंक हो, क्योंकि रिफंड आधार लिंक खाते में आएगा।
**दोबारा आवेदनः** पुराने आवेदक 14 अंकों के क्लेम रिक्वेस्ट नंबर (सीआरएन) और ओटीपी के जरिए पोर्टल पर कमियों को सुधार कर फॉर्म दोबारा जमा कर सकते हैं।

**भास्कर Q&A**

## हेल्थ इंश्योरेंस लेने के बाद कैंसर निकला तो क्या क्लेम मिलेगा?

**■ मेरे दोस्त ने दिसंबर 2025 में स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी ली। एक माह बाद सर्दी-जुकाम हुआ तो जांच में ब्लड इन्फेक्शन निकला। डॉक्टर ने कैंसर स्पेशलिस्ट के पास भेजा, जहां डॉक्टरों ने कहा है कि कैंसर होने की 99% आशंका है। आगे टेस्ट में पुष्टि होती है तो उसका इलाज बीमा कवर में होगा या नही?- सुरेंद्र मीणा, कोटा**

आपके बताए गए फैक्ट के आधार पर बिल्कुल सही और अंतिम जवाब देना मुश्किल है, क्योंकि यह पूरी तरह मेडिकल जांच और बीमा कंपनी की जांच पर निर्भर करता है। पहले पूरी जांच (जैसे बायोप्सी, स्कैन आदि) करके यह कन्फर्म किया जाए कि वास्तव में कैंसर है या नहीं। जांच में कैंसर कंफर्म होता है और यह साबित नहीं होता कि यह बीमारी पॉलिसी लेने से पहले से मौजूद थी, तो सामान्य तौर पर बीमा पॉलिसी के नियमों के अनुसार इलाज का खर्च बीमा कंपनी द्वारा कवर किया जा सकता है। आमतौर पर गंभीर बीमारियों के लिए 90 दिनों का वेटिंग पीरियड होता है। कैंसर जैसे गंभीर बीमारी का क्लेम किया जाता है, तो बीमा कंपनियां विस्तृत जांच करती है।
- क्या पॉलिसी लेने से पहले इस बीमारी के लक्षण थे?
- क्या पहले किसी डॉक्टर से इस बीमारी के लिए सलाह या इलाज लिया गया था?
- क्या पहले कोई टेस्ट या जांच करवाई गई थी?

जिस अस्पताल में इलाज हुआ है, उसके आसपास या पुराने डॉक्टरों से भी जानकारी ली जा सकती है। जांच में यह पता चलता है कि पॉलिसी लेने से पहले ही कैंसर की जानकारी थी या उसके लक्षण थे और उसे छिपाकर पॉलिसी ली गई थी, तो ऐसी स्थिति में बीमा कंपनी क्लेम को पूरी तरह से रिजेक्ट कर सकती है। इसलिए ऐसे मामलों में क्लेम करते समय सभी मेडिकल रिपोर्ट, डॉक्यूमेंट और सही जानकारी देना बहुत जरूरी होता है, ताकि क्लेम की प्रक्रिया सही तरीके से हो सके और किसी तरह की समस्या न आए।

**■ मैं पति के हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) की सदस्य हूं। एचयूएफ फंड से फ्लैट बुक किया है। अभी रजिस्ट्री नहीं हुई है। क्या रजिस्ट्री सीधे मेरे नाम पर हो सकती है? - अनुजा गर्ग**

संभव है लेकिन कुछ कानूनी और टैक्स नियमों का पालन करना होगा। पैसा एचयूएफ खाते से गया है, इसलिए संपत्ति पर पहला हक एचयूएफ का है। सीधे आपके नाम रजिस्ट्री होने पर इनकम टैक्स विभाग फंड के इस्तेमाल पर सवाल उठा सकता है। अगर आप अपने नाम पर ही फ्लैट चाहती हैं, तो ये विकल्प अपनाएंः
**गिफ्ट डीडीः** एचयूएफ अपने किसी सदस्य को राशि या संपत्ति 'गिफ्ट' कर सकता है। इसके लिए बाकायदा एक एचयूएफ रिजॉल्यूशन (प्रस्ताव) पास करना होगा और गिफ्ट डीड तैयार करनी होगी। इनकम टैक्स की धारा 56(2)(एक्स) के तहत सदस्यों को मिला ऐसा गिफ्ट आमतौर पर टैक्स-फ्री होता है।
एचयूएफ यह राशि लोन के रूप में दे सकता है। एक लोन एग्रीमेंट बनेगा और पूरी राशि एचयूएफ को लौटानी होगी। इस स्थिति में प्रॉपर्टी आपकी होगी। रजिस्ट्री से पहले एचयूएफ रिजॉल्यूशन या गिफ्ट डीड जैसे कागजात जरूर तैयार कर लें ताकि भविष्य में विवाद न हो। विवादों, टैक्स स्क्रूटनी से बचने के लिए बेहतर यही है कि रजिस्ट्री एचयूएफ के रूप में कराई जाए।

**एक्सपर्टः एस के सेठी,** निदेशक, रिया इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्रा. लि.

**आपके मन में बचत, निवेश और टैक्स जैसे पर्सनल फाइनेंस से जुड़े कोई भी सवाल हों, तो यह क्यूआर कोड स्कैन करके भेजें। एक्सपर्ट इनके जवाब देंगे।**

# Join This Community and Get Lifetime Free Access all this Content.

✅ Receive Earliest Newspapers updates from 5 AM with All Editions

## ♦ Indian Newspaper

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) Financial Express
7) Live Mint
8) Hindustan Times
9) Business Standard

## ♦ International Newspapers channel

[Europian, American, Gulf & Asia]

## ♦ Magazine Channel

National & International

[Genaral & Exam related]

Click Here

## ♦ Editorials [English & Hindi]

[National + International Editorials]



प्यार ही वह शब्द है, जो हमें जीवन में सभी भार और दर्द से मुक्त कर सकता है।

- सुकरात

**ब्रैम स्टोकर ने 1897 में जब काउंट ड्रैकुला को रचा, तब से लेकर 2026 में प्रदर्शित ड्रैकुला पर आधारित फिल्म तक यह किरदार एक लंबा सफर तय कर चुका है। इस पिशाच की शख्सियत में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद हिंसा और रिश्तों को लेकर आम सोच में आ रहे बदलावों की झलक मिलती है। अतीत की परतों से गुजरता यह शैतान अब एक प्रेमी भी बन गया है।**



# प्रेमी ड्रैकुला

**चाहे वह एक प्रेमी हो, एक दानव हो, या फिर दोनों ही हो, ड्रैकुला असल में 'वैम्पायर' के उस विचार का प्रतिनिधित्व करता है, जो मानवीय अनुभवों के लिए एक आईने का काम करता है। रोमांस कभी-कभी प्यार और दर्द के बीच झूलता रहता है। जुनून कभी-कभी डरावना भी हो सकता है।**



स्टैनली स्टेपनिक

द न्यूयॉर्क टाइम्स

ड्रैकुला के लिए अक्सर 'पिशाचों का देवता' और 'पिशाचों का बादशाह' जैसे संबोधनों का इस्तेमाल किया जाता है, जो मूल रूप से ब्रैम स्टोकर के 1897 के उपन्यास में सामने आया था। इस किरदार की शोहरत ज्यादातर उसके 200 से ज्यादा बार फिल्मों में फिर से जिंदा होने की वजह से है–जिसकी शुरुआत 1921 में 'ड्रैकुलाज डेथ' से हुई थी और हाल ही में ल्यूक बेसन की फिल्म 'ड्रैकुला' आई है, जिसका प्रीमियर फरवरी 2026 में अमेरिका में हुआ। बेसन की इस फिल्म को, निजी जुनून पर खास जोर की वजह से काफी सराहा गया है। इसका मूल नाम 'ड्रैकुला : ए लव टेल' (ड्रैकुला : एक प्रेमकथा) था। इस फिल्म का मुख्य किरदार महज एक राक्षस ही नहीं, बल्कि एक प्रेमी भी है। द *न्यूयॉर्क टाइम्स* ने इस फिल्म को 'बेहद बचकानी' बताया और अभिनेता कैलेब लैंड्री जोन्स द्वारा निभाए गए इस मशहूर राक्षस के किरदार को 'बेहद नाटकीय' कहा–जिसमें वह एक खलनायक कम और प्यार में डूबा एक माहिर कलाकार ज्यादा नजर आता है। इस बीच, लंदन में, सिंथिया एरिवो के नए वेस्ट एंड प्रोडक्शन में 'ड्रैकुला, एक प्रेमी के रूप में' भी एक थीम के तौर पर दिखाया गया है, जिसमें वह 'काउंट' और 22 अन्य किरदारों की भूमिका निभाती हैं। वाशिंगटन, डीसी से आए एक छोटे, हालिया प्रोडक्शन, जिसका शीर्षक 'ड्रैकुलाः ए कॉमेडी ऑफ टेरर' है, में भी 'काउंट' को इसी तरह पेश किया गया है, लेकिन इसमें एक बेहद मजेदार और लीक से हटकर एलजीबीटीक्यू अंदाज भी शामिल है। एक समय ड्रैकुला को लंपट, बूढ़ा और घिनौने किरदार के रूप में दिखाया जाता था, लेकिन तब से उसने एक लंबा सफर तय किया है और अब उसे प्रेमी के रूप में दिखाया जाता है, जो कुछ हद तक प्यार, लिंग और यौनिकता के प्रति बदलती सोच का नतीजा है। जब स्टोकर ने पहली बार 'ड्रैकुला' प्रकाशित किया, तो यह पात्र साहित्यिक पिशाचों की एक लंबी कतार के अंत में सामने आया–जॉन पोलिडोरी की 'द वैम्पायर' (1819) के लॉर्ड रूथवेन से लेकर 'वार्नी द वैम्पायर' (1845-1847) के सर फ्रांसिस वार्नी तक। ये सभी पिशाच जर्जर, घिनौने और शिकारी किस्म के बूढ़े आदमी थे, और स्टोकर का 'काउंट ड्रैकुला' भी इनसे अलग नहीं था। उपन्यास में, एक पात्र ड्रैकुला के खुरदुरे हाथों, उसकी त्वचा के असाधारण पीलेपन और उसके बेहद नुकीले कानों का जिक्र करता है; उसके ऊंचे, गुंबद जैसे माथे पर बाल बहुत कम थे। यहां तक कि उसकी सांस भी बदबूदार थी।

'ड्रैकुला' पर बनी पहली फीचर फिल्म 1922 की जर्मन फिल्म 'नोस्फेरातुः ए सिंफनी ऑफ हॉरर' थी, जिसमें स्टोकर के उपन्यास से कहानी और किरदारों को लिया गया था। इसमें, काउंट ओरलॉक (जो असल में ड्रैकुला का एक नकली रूप है) चूहे जैसा, बहुत दुबला-पतला और पीला दिखता है। स्टोकर के ड्रैकुला या काउंट ओरलोक के बारे में बहुत कम बातें उसके 'प्रेमी' होने का संकेत करती हैं, हालांकि जिस तरह से वह अपने पीड़ितों पर हमला करता है और उनका पीछा करता है, उसमें एक अंतर्निहित कामुकता को तार्किक रूप से देखा जा सकता है।

ड्रैकुला को 'प्रेमी' का दर्जा परदे पर बहुत बाद में मिला। इसका सबसे पहला उदाहरण 1944 की फिल्म *हाउस ऑफ फ्रैंकस्टीन* में देखने को मिलता है, जिसमें रीटा (ऐनी ग्विन) शुरू में ड्रैकुला की मौजूदगी से घबरा जाती है। पर बाद में, जब ड्रैकुला उसकी तर्जनी उंगली में एक अंगूठी पहनाता है–जो जादुई रूप से उसकी उंगली में फिट बैठती है–तो उसे महसूस होता है कि अब उसे 'बिल्कुल भी डर नहीं लग रहा है।' इस दृश्य के अंत में, जब वह बड़ी चाहत से उसकी आंखों में देखती है, तो वह कहता है कि अगले दिन वह उसे लेने आएगा–मानो यह सब कोई पनपता हुआ प्रेम-मिलन हो। ड्रैकुला के किरदार का विकास, द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद लिंग, यौनिकता और हिंसा के बारे में आम सोच में आए बदलावों को दिखाता है। यह वह दौर था, जब लोकप्रिय संस्कृति ने धीरे-धीरे एकल परिवार की केंद्रीयता को कमजोर करना शुरू कर दिया था। जैसे-जैसे किताबों, फिल्मों और टीवी शो में वासना, बेवफाई, समलैंगिक संबंधों और तलाक जैसे विषयों को दिखाया जाने लगा, पिशाचों (वैम्पायरों) की छवियां और भी ज्यादा जटिल होती गईं। उदाहरण के लिए, 1958 की फिल्म 'ड्रैकुला' में ड्रैकुला (क्रिस्टोफर ली) एक शिकारी है, जो विवाहित औरतों के घरों में घुस जाता है। लेकिन, इसमें रोमांस की भी थोड़ी झलक है। एक खास दृश्य में, वह मीना होल्मवुड (मेलिसा स्ट्रिबलिंग) पर हमला करता है। आखिर में मीना मान जाती है।

1970 के दशक तक, पिशाचों से जुड़ी फिल्मों, कॉमिक पुस्तकों में कामुकता ज्यादा स्पष्ट विषय बन गई थी, जो मानवीय कामुकता के प्रति दृष्टिकोण में आए व्यापक सांस्कृतिक बदलावों को दर्शाती थी। 'वैम्पायरेला' जैसी कॉमिक बुक्स ने वैम्पायर को ताकत के एक अत्यधिक कामुक, स्त्री-सुलभ और मादक प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया, जबकि 'द वैम्पायर लवर्स' जैसी फिल्मों ने समलैंगिकता जैसे विषयों को खंगाला। *काउंट ड्रैकुलाज ग्रेट लव* (1973) फिल्म में ड्रैकुला कैरन नाम की लड़की के प्यार में डूब जाता है, लेकिन वह लड़की उसके प्यार को ठुकरा देती है। फिल्म के आखिर में, प्यार में डूबा हुआ यह पिशाच दुख भरे स्वर में कहता है, 'पहली बार, प्यार ने ड्रैकुला की जिंदगी का अंत कर दिया है,' और यह कहने के बाद वह अपने ही हाथों से अपने दिल में एक कील ठोक लेता है। इसके कुछ ही समय बाद, टीवी के लिए बनी एक फिल्म 'ड्रैकुला' में ड्रैकुला को अपनी मृत पत्नी की तलाश करते हुए दिखाया गया है। 'मरे हुए प्रेमी की तलाश' भविष्य की फिल्मों का एक मुख्य विषय बन गई। उदाहरण के लिए, फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की फिल्म 'ब्रैम स्टोकर की ड्रैकुला' (1992) में, दर्शकों को पता चलता है कि ड्रैकुला अपनी मृत पत्नी के पुनर्जन्म की तलाश में ट्रांसिल्वेनिया छोड़कर इंग्लैंड चला जाता है। गॉथिक सोप ओपेरा 'डार्क शैडोज' (1966-1971) में, बार्नबास कॉलिन्स (जोनाथन फ्रिड) नाम का किरदार अपनी बहुत पहले मर चुकी प्रेमिका, जोसेट, के साथ अपने रोमांस को दोहराने की कोशिश करता है; इसके लिए वह मैगी इवांस (कैथरीन ली स्कॉट) नामक एक लड़की के जीवित शरीर को अलौकिक शक्तियों से नियंत्रित करने का प्रयास करता है, ताकि वह जोसेट की तरह व्यवहार करे। एक वैम्पायर का अपने खोए हुए प्यार के लिए तड़पना–विशेष रूप से ऐसे प्यार के लिए, जो मर चुकी हो–एक महत्वपूर्ण विकास का प्रतीक था।

1970 के दशक की कॉमिक बुक सीरीज 'द टोम्ब ऑफ ड्रैकुला' में, काउंट की एक इन्सानी पत्नी है, जिसका नाम डोमिनी है; जादुई तरीकों से, वह उसके साथ एक बच्चा भी पैदा कर पाता है। भले ही 'प्रेमी ड्रैकुला' का कॉन्सेप्ट अब काफी घिसा-पिटा-सा लगने लगा हो, लेकिन हर माहौल में ढल जाने वाला यह 'काउंट' अपनी पारंपरिक डराने वाली भूमिकाओं के लिए भी हमेशा तैयार रहता है, हाल ही में रॉबर्ट एगर्स की फिल्म 'नोस्फेरातु' (2024) में भी वह इसी रूप में नजर आया है। चाहे वह एक प्रेमी हो, एक दानव हो, या फिर दोनों ही हो–ड्रैकुला असल में 'वैम्पायर' के उस विचार का प्रतिनिधित्व करता है, जो मानवीय अनुभवों के लिए एक आईने का काम करता है। रोमांस कभी-कभी प्यार और दर्द के बीच झूलता रहता है। जुनून कभी-कभी डरावना भी हो सकता है। इसलिए, अगली बार जब आप पर्दे पर ड्रैकुला को रोमांस करते देखें, तो हैरान न हों।



# आखिर क्या होती है एक अच्छी सुबह

अविवेकमतिर्नृपतिः
मन्त्री गुणवत्सु वक्रितग्रीवः।
यत्र खलाश्च प्रबलाः
तत्र कथं सज्जनावसरः॥

जिस राज्य में राजा अविवेकी अर्थात् मूर्ख हो, मंत्री गुणवान् लोगों के प्रति टेढ़ी दृष्टि रखते हों और दुष्ट लोग प्रभावशाली हों - वहां भला सज्जनों को अवसर कैसे मिल सकता है?

-बल्लदेव विरचित भोजप्रबन्धः (51)

*प्रस्तुति :* **शास्त्री कोसलेंद्रदास**



जैंसी डन

द न्यूयॉर्क टाइम्स

**सुबह जल्दी उठने की जिद पालने से बेहतर है कि सोने की आदतों को इस तरह से ढाला जाए कि हर सुबह आप संतुलित, सहज व सकारात्मक महसूस करें।**

कई परिवारों में एक ऐसा व्यक्ति होता है, जो सबसे पहले जगकर नींद में ऊंघते हुए बाकी लोगों को पूरी ऊर्जा के साथ 'सुप्रभात' कहता है। जो व्यक्ति सुबह जल्दी उठ जाता है, खुद को ऊर्जावान और चौकस महसूस करता है। सुबह उठना मुश्किल हो सकता है, खासकर जब 'डेलाइट सेविंग टाइम' की वजह से कई लोग लगभग अंधेरे में उठ रहे हैं। डेलाइट सेविंग टाइम ऐसी प्रथा है, जिसमें गर्मियों के महीनों के दौरान घड़ियों को एक घंटा आगे बढ़ा दिया जाता है, ताकि शाम के समय दिन की रोशनी ज्यादा देर तक बनी प्रतीत हो। सुबह के समय को ज्यादा फायदेमंद कैसे बनाया जाए?
*टाइम मैनेजमेंट एसेंशियल्स* की लेखिका अन्ना डियरमोन कोर्निक कहती हैं कि एक बेहतरीन सुबह की शुरुआत रात से ही शुरू होती है। इसलिए अपनी नींद की आदतों को लेकर ईमानदार रहें। खासकर इस बात पर ध्यान दें कि आप कब सोते और कब उठते हैं। अगर मुमकिन हो, तो नियत समय पर सोने और जगने की योजना बनाएं। इससे सेहत के साथ मन भी तरोताजा रहेगा। यह आपकी मानसिक और दिल की सेहत को सुरक्षित रखने में मदद करता है, और आपकी सोचने-समझने की क्षमता को बेहतर बनाता है। सुबह की भागदौड़ से बचने के लिए रात में ही छोटी-छोटी तैयारियां करना समझदारी है-जैसे अगले दिन के कपड़े निकालकर रखना, बैग तैयार करना या मौसम की जानकारी पहले ही देख लेना।
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और *द पावर ऑफ रियल ऑप्टिमिज्म* की लेखिका डॉ. दीपिका चोपड़ा कहती हैं कि जमीन पर पैर नीचे रखने से पहले ही सकारात्मक सोच अपना लें- जैसे, चाय की पहली चुस्की, बच्चों की मुस्कान या दिन के अंत में मिलने वाला आराम। ऐसी कल्पना आपके दिमाग को उत्साह व उम्मीद से भर सकती है, जिससे दिन की शुरुआत अच्छी होती है।

उनके मुताबिक, सुबह शरीर को थोड़ा सक्रिय करना भी जरूरी है। केवल तीन मिनट की हल्की गतिविधि भी आपको ताजादम बना सकती है। आप चाहें तो थोड़ा नृत्य कर सकते हैं या बस टहलने निकल सकते हैं। यदि आप कुछ नहीं कर रहे हैं, तो कम से कम थोड़ी धूप सेंक लें। इससे आपके शरीर को संकेत मिलेगा कि अब दिन शुरू हो चुका है और इससे आपकी ऊर्जा बढ़ती है।

यूसीएलए हेल्थ माइंडफुल की डायरेक्टर, डायना विंस्टन कहती हैं कि आराम करने और खुद को फिर से संतुलित करने के लिए कुछ पल कुछ भी करने के बजाय बस चुप रहें। एक अच्छी सुबह का मतलब यह नहीं है कि आप बहुत जल्दी उठें। यानी अपने दिन की शुरुआत ऐसे करें, जिससे आप सहज, संतुलित और सकारात्मक महसूस करें।

©The New York Times 2026

## जानना जरूरी है

संस्कृति के पन्नों से



आशुतोष गर्ग

लेखक एवं अनुवादक

**अमावसु नामक एक पितर को देखकर अच्छोदा का मन विचलित हो उठा। वह अमावसु के साथ रहने की अभिलाषा करने लगी। यह कामना केवल मन में उत्पन्न हुई थी, परंतु यही मानसिक कदाचार उसके पतन का कारण बन गया।**

# अमावस्या पर क्यों करते हैं श्राद्ध



धूप आने दो

**मरीचि** के वंशज देवताओं के पितृगण जिस लोक में निवास करते हैं, वह सोमपथ नाम से प्रसिद्ध है। देवता भी श्रद्धा और भक्ति से उन्हीं पितरों का ध्यान करते हैं। वे पितृगण यज्ञपरायण हैं और 'अग्निष्वात्ता' कहलाते हैं। जिस लोक में उनका निवास है, वहीं अच्छोदा नाम की एक पुण्यसलिला नदी प्रवाहित होती है। यह नदी उन्हीं पितरों की मानसी कन्या मानी जाती है। प्राचीन काल में पितरों ने उसी स्थान पर अच्छोद नाम का एक दिव्य सरोवर भी निर्मित किया था, जो अत्यंत पवित्र माना जाता है।

पूर्वकाल में अच्छोदा ने एक सहस्त्र दिव्य वर्षों तक कठोर तपस्या की। इस कारण संपूर्ण लोकों में उसकी चर्चा होने लगी। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर पितृगण स्वयं उसे वर प्रदान करने के लिए उसके समीप आए। वे सभी पितर दिव्य रूपधारी थे। उनके शरीर पर दिव्य सुगंध का लेप लगा था, गले में सुंदर पुष्पमालाएं शोभित थीं। वे सभी नवयुवक, बलसंपन्न और कामदेव के समान सौंदर्यशाली प्रतीत होते थे।

उन पितरों में अमावसु नामक एक पितर को देखकर अच्छोदा का मन विचलित हो उठा। वह अमावसु के साथ रहने की अभिलाषा करने लगी। यह कामना केवल मन में उत्पन्न हुई थी, परंतु यही मानसिक कदाचार उसके पतन का कारण बन गया। उस क्षण उसके योगबल का नाश हो गया और वह स्वर्गलोक से च्युत होकर पृथ्वी पर गिर पड़ी। उसने पहले कभी पृथ्वी का स्पर्श नहीं किया था, अतः यह पतन उसके लिए अत्यंत पीड़ादायक और लज्जाजनक था।

**● जिस तिथि को अमावसु ने उसके साथ रहने की अनिच्छा प्रकट की, वही आगे चलकर अमावस्या के नाम से प्रसिद्ध हुई। पितरों के धैर्य और संयम के प्रभाव से यह तिथि पितरों को अत्यंत प्रिय हो गई।**

**इसी कारण अमावस्या के दिन किया गया श्राद्ध, तर्पण और पितृपूजन अक्षय फल प्रदान करने वाला माना गया।**

अपनी सहस्त्र वर्षों की तपस्या नष्ट हो जाने से अच्छोदा अत्यंत लज्जित हुई। वह रोती हुई पितरों से पुनः अपनी प्रतिष्ठा और तपोबल लौटाने की प्रार्थना करने लगी। पितृगण द्रवित हो उठे। उन्होंने उसे सांत्वना दी और मधुर, मंगलमयी वाणी में भविष्य का रहस्य बताया। पितरों ने कहा, 'वरवर्णिनी! स्वर्गलोक में दिव्य शरीर से किए गए कर्मों का फल तुरंत भोगना पड़ता है। इसके विपरीत मनुष्य योनि में कर्मों का फल मृत्यु के पश्चात जन्मांतर में भोगना पड़ता है। इसलिए पुत्री, तुम अपने तप का पूर्ण फल आगे के जन्मों में प्राप्त करोगी। पितृकुल के नियम का उल्लंघन करने के कारण द्वापर युग में तुम मत्स्य-योनि में जन्म लोगी। इसके बाद मुक्त होकर तुम राजा उपरिचर वसु की कन्या बनोगी। कन्या रूप में तुम्हें दुर्लभ लोकों की प्राप्ति होगी। बदरी वृक्षों से युक्त एक द्वीप में तुम्हें महर्षि पराशर से एक महान पुत्र की प्राप्ति होगी, जो बादरायण नाम से प्रसिद्ध होगा। वही नारायण का अंशावतार होगा और एक वेद को चार भागों में विभक्त करेगा। वही वेदव्यास कहलाएगा। पुरुवंशी राजा शांतनु के संयोग से तुम्हें चित्रांगद और विचित्रवीर्य नामक दो पुत्र होंगे। बुद्धिमान विचित्रवीर्य के वंश से क्षेत्रज पुत्रों के रूप में धृतराष्ट्र और पाण्डु उत्पन्न होंगे, जिनसे *महाभारत* की महान कथा की रचना होगी। इसके पश्चात तुम प्रौष्ठपदी तिथि में अष्टका रूप से पितृलोक में जन्म लोगी। वहां तुम आयु, आरोग्य और संपूर्ण मनोवांछित फलों की प्रदात्री बनोगी। मनुष्यलोक में तुम सत्यवती के नाम से विख्यात होगी और आगे चलकर नदियों में श्रेष्ठ पुण्यसलिला अच्छोदा नाम से पुनः नदी रूप में प्रकट होगी।'

इतना कहकर पितरों का वह दिव्य समुदाय अंतर्धान हो गया। समय के प्रवाह में अच्छोदा ने अपने पूर्व कर्मों के अनुसार वे सभी जन्म और फल प्राप्त किए। उसका पतन भी वास्तव में एक महान उद्देश्य का कारण बना, क्योंकि उसी से वेदव्यास, *महाभारत* और पितृपूजा की महान परंपरा का उद्भव हुआ। इस प्रकार अच्छोदा की कथा तप, पतन, करुणा और दिव्य विधान का अद्भुत उदाहरण बन गई।

## अध्ययन कक्ष




**प्लास्टिक इंक:**

**द सीक्रेट हिस्ट्री एंड शॉकिंग फ्यूचर ऑफ बिग ऑयल्स बिगेस्ट बेट**

लेखक : बेथ गार्डिनर

प्रकाशक : एवेरी

मूल्य : 2,510 रुपये (हार्डकवर)

# दर्द देने वाले ही दवा दे रहे हैं

**हाल ही में प्रकाशित यह किताब कई चौंकाने वाले खुलासों से भरी है, जिनमें यह भी शामिल है कि कैसे बड़ी तेल कंपनियों ने प्लास्टिक को हमारे जीवन में धकेल दिया और फिर हमारी चिंताओं को कम करने के लिए पुनर्चक्रण का मिथक सुझाया।**

हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में प्लास्टिक हर जगह मौजूद है। पर इसे बनाने वाली बड़ी कंपनियां हमारी नजरों के सामने होते हुए भी छिपी हुई हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि प्लास्टिक आखिर में पहुंचता कहां है, इस पर तो बहुत चर्चा होती है, लेकिन यह आता कहां से है, इस पर बहुत कम बात होती है।

एक चौंकाने वाली गहन पड़ताल में, जो पात्रों पर आधारित कहानियों से भरी है, पत्रकार बेथ गार्डिनर ने इस विशाल और लालची उद्योग की सच्चाई उजागर की है, जो हमारी दुनिया को प्लास्टिक से भर रहा है और अब पहले से कहीं अधिक प्लास्टिक बनाने की तैयारी में है। वह लिखती हैं कि यह कोई राज की बात नहीं है, बल्कि यह तो इस उद्योग की खुले तौर पर घोषित योजना है। टेक्सास के गल्फ कोस्ट से लेकर एंटवर्प की तंग गलियों और दुबई की चकाचौंध तक, गार्डिनर हमें इस उद्योग की लगातार बढ़ती रफ्तार, उसके जबर्दस्त मुनाफे, जहरीले प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को और भी बदतर बनाने में उसकी भूमिका की झलक दिखाती हैं। उनका तर्क है कि आज यह उद्योग प्लास्टिक उत्पादन को दोगुना-तिगुना करने की योजनाओं पर अरबों डॉलर खर्च कर रहा है।

20वीं सदी के मध्य के आसपास, कंपनियों को यह एहसास हुआ कि वे इस सामग्री से घर-गृहस्थी की कोई भी चीज बना सकती हैं। इसके लिए प्लास्टिक बनाने वालों को 'इस्तेमाल करो और फेंको का फायदेमंद आइडिया' ईजाद करना पड़ा। फिर कंपनियों ने एक ऐसी पीढ़ी को फुसलाना शुरू किया, जिसने महामंदी और युद्ध के वर्षों की किफायत को झेला था; उन्हें यह समझाया गया कि बाजार में प्लास्टिक की जो काफी टिकाऊ चीजें भर गई हैं, उन्हें 'बिना दूसरी बार सोचे' ही फेंक देना चाहिए।

आज 'इस्तेमाल करो और फेंक दो' वाली सोच पूरी दुनिया में फैल चुकी है। कुल प्लास्टिक का आधा हिस्सा ऐसी चीजों से बनता है, जिन्हें सिर्फ एक बार इस्तेमाल किया जाता है और फेंक दिया जाता है। अमेरिकी शहरों ने इस बदलाव को कचरा-प्रबंधन के संकट के तौर पर देखा, पर प्लास्टिक बनाने वाली कंपनियों को इस नए बोझ की जिम्मेदारी उठाने के लिए मजबूर नहीं किया गया। इसके बजाय, प्लास्टिक कंपनियों के पैसे से चलाए गए विज्ञापन अभियानों ने लोगों को यह यकीन दिलाने की कोशिश की कि कचरे की इस समस्या के लिए वे खुद जिम्मेदार हैं। *प्लास्टिक इंक* कई चौंकाने वाले खुलासों से भरी है, जिनमें यह भी शामिल है कि कैसे बड़ी तेल कंपनियों ने प्लास्टिक को हमारे जीवन में धकेल दिया और फिर हमारी चिंताओं को कम करने के लिए पुनर्चक्रण का मिथक सुझाया और कैसे उन्होंने एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंधों का विरोध करने के लिए धन और राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल किया। गार्डिनर उन वस्तुओं में मौजूद रसायनों के कारण उत्पन्न छिपे हुए स्वास्थ्य संकट का भी खुलासा करती हैं, जिनका हम हर दिन उपयोग करते हैं, और वैज्ञानिकों के इस बढ़ते डर को भी उजागर करते हैं कि माइक्रोप्लास्टिक और भी अधिक खतरे पैदा कर सकते हैं।

*प्लास्टिक इंक* एक ऐसे उद्योग का असाधारण पर्दाफाश है, जो मुनाफे की अपनी बेतहाशा भूख को मिटाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।



वे लोग जो अच्छाई करने में बहुत ज्यादा व्यस्त होते हैं, स्वयं अच्छा होने के लिए समय नहीं निकाल पाते।
- रवीन्द्रनाथ ठाकुर



## गोल चबूतरा

Hindi@mithelesh

■ मिथिलेश बारिया



चौकीदार थक हार कर सो जाता है, और बंगले का मालिक, नींद की गोली खाता है...

इतवार मुंह फुलाकर बैठा है,
दीवार पर लटके उस कैलेंडर में...
उसे कैसे समझाऊं,
बहुत कुछ बदल गया है यहां...

पहले इंटें जोड़-जोड़ कर मकान बनता था,
अब किस्तें न हो, तो आशियां नहीं होता...

## पैराशूट से पहली छलांग

झरोखा
22 मार्च

1890 में आज के ही दिन भारतीय इतिहास में साहस और नवाचार का एक अनूठा उदाहरण सामने आया था। इसी दिन रामचंद्र चटर्जी ने भारत में पहली बार पैराशूट से सफलतापूर्वक छलांग लगाकर इतिहास रचा था। वे एक कुशल जिमनास्ट, बैलूनिस्ट और पैराशूटिस्ट थे। उन्होंने 'द एम्प्रेस ऑफ इंडिया' नामक गुब्बारे से कोलकाता के मिंटो पार्क के पास तिवोली गार्डन से उड़ान भरी और लगभग 3500 फीट की ऊंचाई से पैराशूट के सहारे सुरक्षित उतरकर यह उपलब्धि हासिल की।

इस ऐतिहासिक घटना के साक्षी कई प्रतिष्ठित व्यक्ति थे। सफल लैंडिंग के बाद जनता ने उनका भव्य स्वागत किया। इससे पहले भी वे 1889 में गुब्बारे से उड़ान भरने वाले पहले भारतीय बन चुके थे। उन्होंने सर्कस में एक कलाबाज के रूप में कॅरिअर शुरू किया और बाद में ग्रेट यूनाइटेड इंडियन बलूनिस्ट से प्रशिक्षण लेकर उन्होंने अपने साहसिक अभियानों की शुरुआत की। लगातार जोखिम उठाते हुए उन्होंने कई सफल उड़ानें भरीं। उनका यह अद्वितीय साहस ही उन्हें राष्ट्रीय नायक बनाता है और भारतीय विमानन इतिहास में अमर कर देता है। बाद में वे उसी सर्कस कंपनी के निदेशक बने।

■ सुखबीर सिंह, करनाल

पूरी दुनिया में जल संकट एक बढ़ती हुई समस्या है। भारत का बंगलूरू शहर भी 'शून्य जल स्तर' के खतरे वाले शहरों की सूची में शामिल रहा है। सरकार तो अपना काम कर रही है, लेकिन हम इसके लिए क्या कर रहे हैं?

# हर बूंद की अहमियत समझनी होगी

## सिर्फ सरकारी प्रयास काफी नहीं

चिट्ठी 1

'विश्व जल दिवस' के अवसर पर जल संकट पर विचार करना अत्यंत आवश्यक है। वर्ष 2018 में दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में उत्पन्न भीषण जल संकट ने विश्व को चेताया था कि यदि समय रहते जल प्रबंधन नहीं सुधारा गया, तो अनेक शहर 'शून्य जल स्तर' की स्थिति तक पहुंच सकते हैं। भारत का बंगलूरू भी इसी खतरे की सूची में शामिल रहा है, जो बताता है कि समस्या कितनी गंभीर है।

वास्तव में अनियोजित शहरीकरण, जल स्रोतों का अतिक्रमण और भूजल का अंधाधुंध दोहन इस संकट के प्रमुख कारण हैं। हमारे पूर्वज जल संरक्षण की पारंपरिक प्रणालियों-तालाब, कुएं और वर्षा जल संचयन-पर निर्भर थे और आवश्यकता अनुसार ही जल का उपयोग करते थे। इसके विपरीत आज सबमर्सिबल पंप और आधुनिक सुविधाओं ने जल के दुरुपयोग को बढ़ावा दिया है।

सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे अटल भूजल योजना, जल जीवन मिशन और अमृत सरोवर सराहनीय प्रयास हैं, परंतु केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। जब तक आम नागरिक जल के प्रति जागरूक नहीं होंगे, तब तक स्थिति में सुधार संभव नहीं है। हमें जल-साक्षरता बढ़ानी होगी, वर्षा जल का संरक्षण करना होगा और जल का विवेकपूर्ण उपयोग अपनाना होगा। साथ ही, कम जल खपत वाली फसलों को बढ़ावा देना चाहिए। जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। अतः इस विश्व जल दिवस पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम जल की प्रत्येक बूंद का सम्मान करेंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रखेंगे।

■ डॉ. मनोज कुमार शर्मा, बुलंदशहर



विश्व जल दिवस

## हैप्पीनेस में हर बार फिनलैंड ही क्यों नंबर-1

चिट्ठी 2

दुनिया के तेजी से बदलते दौर में तकनीकी प्रगति और आधुनिक जीवनशैली ने सुविधाएं तो बढ़ाई हैं, लेकिन साथ ही "खुशी का संकट" भी गहराया है। विश्व हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 इस सच्चाई को उजागर करती है। इस वर्ष भी फिनलैंड लगातार नौवीं बार सबसे खुशहाल देश बना, जो उसकी संतुलित जीवनशैली, सामाजिक समानता और मजबूत सुरक्षा तंत्र का परिणाम है। फिनलैंड सहित नॉर्वे, स्वीडन और आइसलैंड जैसे नॉर्डिक देशों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और पारदर्शी शासन लोगों को स्थिरता और संतोष प्रदान करते हैं। यहां भौतिक प्रतिस्पर्धा के बजाय जीवन की गुणवत्ता को महत्व दिया जाता है।

इसके विपरीत अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में युवाओं के बीच खुशी का स्तर घट रहा है। इसका प्रमुख कारण सोशल मीडिया प्रभाव है, जो तुलना और हीनभावना को बढ़ाता है। आभासी जुड़ाव के बावजूद वास्तविक रिश्ते कमजोर हो रहे हैं, जिससे अकेलापन बढ़ रहा है। भारत 2026 में 116वें स्थान पर है। हालांकि यहां पारिवारिक संरचना मजबूत है, फिर भी बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक तुलना जैसे कारक खुशी को प्रभावित करते हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि खुशी केवल आर्थिक समृद्धि से नहीं, बल्कि भरोसे, रिश्तों और संतुलित जीवन से मिलती है। यह रिपोर्ट संकेत देती है कि व्यक्तिगत खुशी का आधार सामाजिक सामंजस्य और मानसिक स्वास्थ्य में निहित है।

■ कांतिलाल मांडोत, सूरत

## कविता

■ भरत तिवारी

### मत चटकाना

*जब भी कोई खुशी आती है*
*तो मुश्किल में न डालो*
*न खुद को, न खुशी को*
*न उसके कारण को, न किसी*
*देव-इष्ट, मजार को*
*न प्रार्थना, दुआ और मन्नतों की*
*चादरों को*
*न नदियों, पहाड़ों और सब कुछ*
*चलाने वालों को*

*खुशी को जी पाना*
*एक बेहतरीन*
*अच्छी वाइन को सैवर करना है*

*खुशी मुंह नहीं होती फाड़े*
*वो सुगंध होती है, अगरबत्ती की*
*खुशबू*

*तुम्हारी इंद्रियां ही जब न जानेंगी*
*कि खुश क्यों हो*
*किसी को खाक उसके होने का*
*पता क्योंकर चलेगा*

*यहां कुछ भी है, मिल जाता है*
*बात अटके भरोसे की*
*घंटियों पर, चादरों पर, दुआओं*
*पर*

*पतंगों का तो ये है*
*है ही कटना*
*सीढ़ियों का हर इक डंडा है*
*मंजिल*
*किया जो पार तो उजियारा चमके*

*कहे रहीम, न तोड़ो धागा, गांठ*
*बांध लो उनकी*
*ज्यादा क्या, इक बार भी खुद को*
*देना मत चटकाना*
*राम गए थे, भाग हुआ था, जब*
*भी तू बौराना*

*खुशी का यों हो*
*उसके तत्व में*
*कम-अज-कम*
*एक तो तुम हो।*

इनकी **चिट्ठियां** भी सराहनीय रहीं

बरेली से सीमा गुप्ता, कुरुक्षेत्र से मुनीष भाटिया, अमरोहा से डॉ. महताब अमरोहवी, मोहाली से अभिलाषा गुप्ता, जालंधर से राजेश कुमार चौहान, आजमगढ़ से अवनीश कुमार गुप्ता, श्रीनगर उत्तराखंड से लक्ष्मण पुंडीर, झाबुआ से अरविंद रावल, बड़वाह से योगेश जोशी।

**हमें लिखें**
abhiyan@amarujala.com

## कुछ अलग

## लोककवि की अनमोल विरासत

**ग्रामीण संवेदनाओं को शब्द देने वाले लोकवि ईसुरी की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आज अत्यंत आवश्यक है।**



बुंदेलखंड की धरती पर जब भी लोक संगीत और काव्य की चर्चा होती है, लोककवि ईसुरी की याद ताजा हो उठती है। उनकी रची रचनाएं गांव के चौपालों, मंदिरों और मंचों पर गूंजती हैं, जिनमें प्रेम, विरह और लोकजीवन की गहरी झलक मिलती है। झांसी जिले के मेड़की गांव में जन्मे ईसुरी का वास्तविक नाम ईसुर प्रसाद था। वे जमींदार चतुर्भुज के कारिंदे के रूप में काम करते थे, लेकिन अपनी विशिष्ट काव्य शैलियों और चौकड़ियों के कारण लोककवि के रूप में प्रसिद्ध हुए। ईसुरी की रचनाओं में उनकी प्रेमिका रजऊ के प्रति गहरा प्रेम और विरह की पीड़ा स्पष्ट झलकती है। उनके गीतों में श्रृंगार के साथ-साथ आध्यात्मिकता और लोकपीड़ा का भी सुंदर समावेश है। महुआ के पेड़ों की कटाई जैसी घटनाओं पर भी उन्होंने संवेदनशील रचनाएं कीं, जो प्रकृति और जनजीवन के प्रति उनके लगाव को दर्शाती हैं। हालांकि अपने समय में उन्हें बहुत सम्मान मिला, लेकिन जीवनभर उन्हें व्यक्तिगत प्रेम और सामाजिक उपेक्षा का दर्द भी सहना पड़ा। आज भी उनकी काव्य विरासत जीवित है, लेकिन उनके नाम पर बुंदेलखंड में पर्याप्त स्मारक, संस्थान या पहचान की कमी खलती है। नई पीढ़ी भी उनके योगदान से धीरे-धीरे अपरिचित होती जा रही है। कुछ साहित्यकारों और कलाकारों ने उन्हें पुनः पहचान दिलाने की कोशिश की है, परंतु यह जिम्मेदारी पूरे समाज की है। ईसुरी केवल एक कवि नहीं, बल्कि बुंदेली संस्कृति की आत्मा हैं। यदि उनके जीवन और कृतियों को शिक्षा, साहित्य और सांस्कृतिक आयोजनों में उचित स्थान मिले, तो नई पीढ़ी उनसे जुड़ सकेगी और यह अमूल्य विरासत सदैव जीवित रह पाएगी।

■ प्रेम कुमार गौतम

# इस संघर्ष में कोई पूरी तरह अच्छा नहीं

**ईरान अपने आंतरिक दमन और बाहरी हस्तक्षेप के कारण निर्दोष नहीं है, लेकिन इस्राइल और अमेरिका अधिक दोषी हैं, क्योंकि उनके पास कहीं अधिक विनाशकारी शक्तियां हैं। वे उनका इस्तेमाल भी करते हैं।**



रामचंद्र गुहा
जाने-माने इतिहासकार

हाल ही में महान समाजशास्त्री आंद्रे बेते का निधन हुआ। उन्होंने एक बार मुझे लिखा था, 'तुम्हें मानव व्यवहार में बुराई की भूमिका पर और विचार करना चाहिए।' उनका मानना था कि मैं गांधी जैसे सद्भाव वाले व्यक्तित्व पर ज्यादा लिखता हूं, जबकि इतिहास को बनाने व बिगाड़ने में दुष्ट इरादों वाले लोगों का भी भूमिका रही है।

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर मुझे प्रोफेसर बेते की यह बात याद आई। इस संघर्ष में एक ओर अमेरिका और इस्राइल हैं, तो दूसरी तरफ ईरान। युद्ध की दिशा और स्वरूप को तय करने में इन देशों के नेताओं के व्यक्तित्व की भूमिका अहम रही है। पहले उस नेता की बात करते हैं, जो अब जीवित नहीं हैं—अली खामेनेई। ईरान के सुप्रीम लीडर ने बमबारी होने पर छिपने की जगह साहस दिखाया और मृत्यु को स्वीकार किया। उनके साहस को (जबकि उनके दुश्मन शक्तिशाली और कपटी थे), कुछ वामपंथी बुद्धिजीवी साम्राज्यवाद-विरोधी नायक के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। उनकी मृत्यु का तरीका उनके जीवन और उनके शासन के स्वरूप को नहीं ढक सकता।

ईरान के सर्वोच्च नेता के रूप में खामेनेई के सामने तीन विकल्प थे। पहला, अपने लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को स्वीकार करना-धार्मिक वर्ग को धीरे-धीरे राजनीति से अलग करना और एक अधिक स्वतंत्र समाज का निर्माण करना। इसमें महिलाओं की समानता पर भी जोर देना चाहिए था-उन पर थोपे गए दमनकारी पहनावे के नियमों को हटाकर उन्हें देश के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक जीवन में भागीदारी का मौका देना चाहिए था।

ओमान, कतर और विशेष रूप से सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों की तरह ईरान के पास भी प्रचुर मात्रा में तेल संसाधन हैं, लेकिन उनसे अलग, ईरान के पास एक ज्यादा शिक्षित जनसंख्या, उद्यमशीलता और वैज्ञानिक अनुसंधान की समृद्ध परंपरा रही है, तथा 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले शिक्षा और नौकरी में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही है। इसके अलावा, ईरान की सांस्कृतिक विरासत खाड़ी देशों की तुलना में कहीं अधिक समृद्ध है-जहां महान दार्शनिक, कवि और संगीतकार हुए। खामेनेई इस विरासत से अच्छे से परिचित थे और इसका उपयोग करके एक बेहतर और आत्मनिर्भर ईरान बना सकते थे।

लोकतंत्र के साथ आर्थिक विकास का रास्ता, खामेनेई अपना सकते थे। दूसरा मार्ग था, लोकतंत्र के बिना आर्थिक प्रगति (सिंगापुर मॉडल) का, लेकिन उन्होंने तीसरा मार्ग देश के भीतर दमन और विदेशों में लापरवाह विस्तारवाद का चुना। लेबनान और यमन में सशस्त्र समूहों का समर्थन तथा सीरिया में बशर-अल-असाद की कठोर सरकार को सैन्य सहायता देना, इन सबने उन देशों को बुरी तरह तबाह करने में भूमिका निभाई। खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने खुद को इस्लामी दुनिया का नेता घोषित किया और इस्राइल के प्रति गहरी शत्रुता जाहिर की। अपने सहयोगी हिजबुल्लाह के माध्यम से बार-बार हमले करता रहा। तेहरान में वर्षों से 'इस्राइल मुर्दाबाद' और 'अमेरिका मुर्दाबाद' जैसे नारे आम हो गए हैं।

इस्राइल के लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे बेंजामिन नेतन्याहू की बात की जाए, तो वह खामेनेई की तरह ही कट्टर विचारधारा वाले, बल्कि उससे भी अधिक कठोर कहे जा सकते हैं। उनका सख्त जियोनिज्म उनके पारिवारिक परिवेश से आता है-उनके पिता एक प्रसिद्ध दक्षिणपंथी इतिहासकार थे और उनके भाई 1976 में एंटेबे हवाई अड्डे पर बंधकों को बचाते हुए मारे गए थे। अपने लंबे कार्यकाल में नेतन्याहू ने व्यवस्थित रूप से फलस्तीनी राज्य बनने की संभावना को कमजोर किया, वेस्ट बैंक में अवैध बस्तियों का व्यापक विस्तार किया। फलस्तीन के प्रति उनकी नफरत इतनी ज्यादा थी कि एक दौर में उन्होंने कमजोर करने के लिए हमास को भी बढ़ावा दिया।

अक्तूबर, 2023 में हमास के हमले के बाद उन्होंने सख्त प्रतिक्रिया दी। गाजा पर बड़ा सैन्य हमला किया, जिसमें हजारों नागरिक मारे गए और लाखों लोग बेघर हो गए। हमले की वजह से अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने उन्हें युद्ध अपराधी घोषित किया है। नेतन्याहू और उनका परिवार विलासिता पसंद है और उन पर व्यापारियों से महंगे उपहार लेने के आरोप लगे हैं। संभव है कि लगातार युद्ध में जुटे रहना आंशिक रूप से उन पर चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों से बचने का प्रयास हो। सत्ता में बने रहने और न्याय से बचने के लिए उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपतियों का समर्थन मिलता रहा है, जिन्होंने उनके कामों और फलस्तीन के स्वतंत्र राज्य की संभावना को नष्ट करने के प्रयासों को अनदेखा किया। सभी राजनीतिक नेता सत्ता प्राप्त करना और बनाए रखना चाहते हैं, लेकिन खामेनेई और नेतन्याहू के मामले में विचारधारा भी महत्वपूर्ण रही-पहले के लिए इस्लामी धर्मतंत्र और दूसरे के लिए जियोनिस्ट विस्तारवाद। तीसरे प्रमुख व्यक्ति डोनाल्ड ट्रंप की बात करें, तो वह भी सत्ता से प्रेरित हैं, लेकिन उनके पास कोई स्पष्ट विचारधारा है या नहीं, यह कहना कठिन है। वे स्वयं को धार्मिक ईसाई बताते हैं, लेकिन उनके निजी जीवन में नैतिक मूल्यों का पालन नहीं दिखता।

2000 से 2009 तक डेमोक्रेट रहे ट्रंप बाद में रिपब्लिकन बनकर राष्ट्रपति बने। उन्होंने युद्ध-विरोधी मंच पर सत्ता में वापसी की, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने नाइजीरिया, सोमालिया और वेनेजुएला पर हमले किए और ईरान के खिलाफ बड़े सैन्य अभियान चलाए-जबकि ये देश अमेरिका के लिए प्रत्यक्ष खतरा नहीं थे।

इस तरह ट्रंप विचारधारा से अधिक अवसरवाद से प्रेरित हैं। उनके निर्णयों के पीछे अहंकार और लालच प्रमुख प्रेरक शक्तियां हैं। ईरान पर हमले के पीछे कोई स्पष्ट, तर्कसंगत कारण दिखाई नहीं देता। उनके दिए गए कारण भी आपस में विरोधाभासी रहे हैं। उनके असली उद्देश्य क्या थे-इस पर कई अटकलें हैं : शायद वह बराक ओबामा द्वारा ओसामा बिन लादेन को मार गिराने से आगे निकलना चाहते थे या गाजा में 'रिवेरा' (पर्यटन क्षेत्र) बनाने जैसे आर्थिक स्वार्थ, या फिर केवल सैन्य शक्ति के प्रदर्शन का आनंद या ईरान के तेल संसाधनों पर कब्जा करना। कारण जो भी हो, लालच या क्रूर जिज्ञासा-ईरान पर हमलों ने भारी मानवीय त्रासदी पैदा की। हजारों लोग मारे गए, लाखों बेघर हुए। वहीं इस्राइल की बमबारी से लेबनान में भी बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं। इससे न केवल क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ी, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी संकट की स्थिति पैदा हो गई। इस संघर्ष में कोई भी पक्ष पूरी तरह अच्छा नहीं है। ईरान, इस्राइल और अमेरिका-तीनों के नेता हिंसा का सहारा लेने में संकोच नहीं करते। फिर भी उन्हें समान रूप से दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि उनकी शक्ति और विनाश की क्षमता समान नहीं है। ईरान अपने आंतरिक दमन और बाहरी हस्तक्षेप के कारण निर्दोष नहीं है, लेकिन नेतन्याहू का इस्राइल और ट्रंप का अमेरिका अधिक दोषी हैं, क्योंकि उनके पास कहीं अधिक विनाशकारी शक्ति है और वे उसका इस्तेमाल भी करते हैं।

# राम कथा की व्यासपीठ पर स्नान करके आते हुए शब्द



आलोक श्रीवास्तव

मैं बचपन से परम शिव भक्त रहा हूं। कई बार स्वयं पर शिव-कृपा अनुभूत कर चुका हूं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का अनन्य भक्त हूं। भगवान शिव और श्रीराम पर उन्हीं की कृपा से कई भक्ति-रचनाएं रची हैं। शिव तांडव स्तोत्रम व रुद्राष्टकम का हिंदी भावानुवाद किया है, तो महाकुंभ और श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्राण-प्रतिष्ठा के अनेक गीत रचे हैं। यह साधना मेरे लिए केवल लेखन या अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं रही, बल्कि आत्मा की शुद्धि और चेतना के विस्तार का मार्ग बनी है। जब-जब जीवन में भ्रम या क्लेश आया, तब-तब इन्हीं भक्ति-स्रोतों ने मुझे संतुलन और दिशा दी है।

समर्पित साधकों, सिद्ध संतों, तपस्वियों और परमात्मा की साधना में प्रलीन विशुद्ध कथा-वाचकों से शिव कथाएं और राम कथा सुन-सुनकर बड़ा हुआ हूं और पूर्वजों से मिली इस गौरवशाली परंपरा पर गर्व करता हूं। मेरे लिए शिव और राम की भक्ति कोई औपचारिक या सामाजिक पहचान भर नहीं रही, बल्कि यह मेरे जीवन के अनुभवों से गुंथी हुई एक आंतरिक यात्रा है। इन कथाओं के माध्यम से मैंने केवल धर्मग्रंथों की कहानियां ही नहीं सुनीं, बल्कि जीवन जीने की सूक्ष्म विधि सीखी है- कैसे कठिन परिस्थितियों में धैर्य रखना है, कैसे सफलता में विनम्र रहना है और कैसे कर्तव्यों का निर्वहन करना है।

**खुला आकाश**

*मेरे लिए शिव और राम की भक्ति कोई औपचारिक या सामाजिक पहचान भर नहीं रही है। इससे मैंने जीवन जीने की सूक्ष्म विधि सीखी है- कैसे कठिन परिस्थितियों में धैर्य रखना है, कैसे सफलता में विनम्र रहना है और कैसे कर्तव्यों का निर्वहन करना है।*

इस धर्मनिरपेक्ष देश में दूसरों की तरह मेरा धर्म भी मेरे लिए बेहद निजी आस्था और पहचान का केंद्र है, पर जब आपकी निजी आस्था के केंद्र पर अयोग्य एवं कुपात्र अपने छल से कब्जा जमाने की अनाधिकृत चेष्टा करने लगें तो यह विषय निजी न होकर सार्वजनिक हो जाता है और इस पर बोलना या टिप्पणी करना आवश्यकता की परिधि में आ जाता है। इसमें संशय नहीं होना चाहिए कि आस्था केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती, वह समाज की आत्मा का हिस्सा बन जाती है और जब उस आत्मा को आघात पहुंचता है तो उसकी प्रतिध्वनि दूर तक सुनाई देती है।

पिछले कुछ वर्षों से हमारी आस्थाओं की प्रणम्य परंपरा राम कथा की पवित्र व्यासपीठों पर अवसरवादियों ने भी जमघट लगाना शुरू कर दिया है। ऐसे शब्दों के व्यापारी कथा नहीं कहते, मंच साधते हैं। कथा से वे भक्ति नहीं जगाते, भीड़ को बहलाते और बरगलाते हैं। रामचरितमानस में भक्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं-

"लीला सगुन तो कहहिं बखानी।
सोइ स्वच्छता करइ मल हानी।।
एक कलप एहि बिधि अवतारा।
चरित पवित्र किए संसारा।।"

अर्थात जिनकी सगुण लीलाओं का वर्णन करना ही वास्तविक स्वच्छता है, जो लीला अंतःकरण के मल का नाश करती है, उन्हीं भगवान ने एक कल्प में अवतार लेकर संसार के चरित्रों को पवित्र किया है, जबकि हो उसके बिल्कुल विपरीत रहा है। मर्यादा के प्रथम गुरु रहे प्रभु श्रीराम की कथा के नाम पर जिस तरह अमर्यादित भाषा उछाली जा रही है, सस्ते लतीफे सुनाए जा रहे हैं और बीच-बीच में व्यक्तिगत तथा राजनीतिक टिप्पणियों का तमाशा रचा जा रहा है, उसे देखकर मन आहत हो उठता है। यह केवल भाषा का पतन नहीं है, बल्कि उस भावभूमि का भी ह्रास है, जिस पर राम कथा सदियों से प्रतिष्ठित रही है। जब वाणी में मर्यादा नहीं रहती तो संदेश भी पवित्रता खो देता है। राम कथा की परंपरा भारतीय सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रवाह है, जो पीढ़ियों से हमारे भीतर मर्यादा, करुणा, कर्तव्य और धर्मबोध के संस्कार भरता आया है। यह वह परंपरा है, जहां वाणी साधना का विस्तार होती है, इसीलिए जब कोई कथावाचक व्यासपीठ पर बैठता है तो वह केवल एक वक्ता नहीं होता, बल्कि उस परंपरा का प्रतिनिधि होता है, जो शताब्दियों से चली आ रही है।

पुराने दिनों की राम कथा को याद करता हूं तो लगता है, जैसे वहां शब्द भी स्नान करके आते थे। आज वही मंच कुछ लोगों के लिए लोकप्रियता का अखाड़ा बनता जा रहा है। अगर समय रहते इस व्याधि को फैलने से नहीं रोका गया तो यह केवल एक परंपरा की गिरावट नहीं होगी, बल्कि यह संक्रमण धीरे-धीरे भावी पीढ़ियों की चेतना में उतर जाएगा। यह केवल व्यक्तिगत पसंद-नापसंद का प्रश्न नहीं है, बल्कि उस सामूहिक चेतना का प्रश्न है, जो हमारी परंपराओं से निर्मित होती है। यदि भावी पीढ़ियां राम कथा को मनोरंजन के साधन के रूप में देखने लगेंगी तो वे उसके मूल संदेश यानी धर्म, त्याग और मर्यादा से दूर होती चली जाएंगी। यह परिवर्तन अभी नहीं नजर आएगा, लेकिन इसका प्रभाव गहरा और स्थायी होगा।

एक्स से

किसी भी नई जंग या नए संघर्ष में मुझे नहीं लगता कि कोई एक सेवा अकेले काम कर सकेगी। राजनयिक और सैन्य रणनीति बनाते समय अब एकीकृत सशस्त्र बलों की क्षमता को भी ध्यान में रखना चाहिए- वीपी मलिक /पूर्व सेनाध्यक्ष







पुराने जमाने के लोग क्या ध्वनि से परहेज करते थे? जी नहीं, वे भी ढोल, मंजीरे, मृदंगों और शंखों का इस्तेमाल करते थे। संस्कृत के तमाम शब्द ध्वनि विज्ञान पर आधारित हैं। हमारे पवित्रतम शब्द 'ऊँ' को ही लें। इसका सही उच्चारण तन-मन और वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा देता है। इसके ठीक उलट आवश्यकता से अधिक आवाज फैलाने वाले यंत्र क्या सितम ढाते हैं, इसका विवरण मैं दे चुका हूं।

आजकल स्तंभ के तहत प्रकाशित आलेखों के लिए

# त्योहार का शोर से कैसा सरोकार

शशि शेखर

आजकल

विक्रम संवत् 2083 की पहली सुबह कुछ जल्दी उठ गया। सूर्योदय हो चला था और उसकी लालिमा में न जाने कैसे मन के अंधेरे बंद कोनों में दबे पड़े कालिदास याद आ गए। उन्होंने *ऋतुसंहारम्* में बसंत के बारे में क्या खूब कहा है-
द्रुमाः सपुष्पाः सलिलं सपद्मं, स्त्रियः सकामाः पवनः सुगन्धिः।
सुखाः प्रदोषा दिवसाश्च रम्याः, सर्वं प्रिये चारुतरं वसन्ते।

यानी, हे प्रिये! बसंत ऋतु में सब कुछ अत्यंत सुंदर हो गया है। वृक्ष फूलों से लद गए हैं, जल कमलों से भर गया है, वायु सुगंधित है, संध्या सुखद है और दिन बहुत रमणीय हैं।

उमंग और उल्लास के साथ जब योग और ध्यान के लिए सोसायटी के पार्क में पहुंचा, तो गुनगुनी धूप और शरीर सहलाती हवा के बावजूद ध्यान में मन न लग सका। वजह? पास के नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से कानफोड़ू आवाजें आ रही थीं। देवी की 'जोत' लेकर गुजर रहे भक्तगण हजारों वॉट के बूम बॉक्स के जरिये अपनी आस्था जग-जाहिर कर रहे थे।

वे जिस एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे थे, उस पर सौ किलोमीटर प्रति घंटा की गति से वाहन चलाने की इजाजत है। ट्रैक्टरों और छकड़ानुमा वाहनों पर बूम बॉक्स ढोते ये लोग इस गति को बाधित कर रहे थे। इस राजमार्ग से सैकड़ों किलोमीटर दूर जाने वाले लोग भी गुजरते हैं। दिल्ली-एनसीआर को यमुना एक्सप्रेस-वे से जोड़ने का अकेला जरिया यही सड़क है। इसके राहगीरों की गति बाधित करने का हक उन्हें किसने दिया?

मैं खुद कर्मकांडी हिंदू हूं। मेरे बाबा (पितामह) दंडी स्वामी हुआ करते थे। बचपन से साधु-संतों और पुरोहितों का घर पर आना-जाना था। पिता कवि थे, इसलिए धर्म और साहित्य की विशद चर्चाओं ने मेरे बालमन पर अमिट प्रभाव डाला। मन में विचार उठा कि इन ध्वनिबांकुरों से जाकर पूछूं कि 'जोत' का अर्थ भी जानते हैं आप? हमारे पूर्वजों ने जलते हुए दीपक मंदिरों तक ले जाने की परंपरा इसलिए डाली थी, ताकि ज्ञान का प्रकाश सिर्फ कुछ लोगों की चारदीवारियों तक सीमित न रह जाए और समाज का हर वर्ग उससे रोशनी ग्रहण कर सके। *तमसो मां ज्योतिर्गमय* (प्रभु, मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो) जैसे आह्वान इसी की उपज थे। जो नहीं जानते, उन्हें बता दूं। *वृहदारण्यकोपनिषद्* के इस प्रसिद्ध श्लोक का समापन ऊँ *शान्तिः, शान्तिः, शान्तिः* के साथ होता है। ये नौजवान तो इसका ठीक उलटा कर रहे हैं। मन बेचैन हो उठा था। विक्रम संवत् की शुरुआत ऐसी होगी, सोचा न था।

इन्हीं परेशान लम्हों में ख्याल उभरा, अगर ये नौजवान बूम बॉक्स से *दुर्गा सप्तशती* और मां के विभिन्न स्वरूपों से संबंधित श्लोकों को बजा रहे होते, तब भी खैर होती। वे तो हिंदी फिल्मों के फूहड़ गानों की तर्ज पर रची गई 'स्तुतियां' गुंजा रहे थे। ऐसे लोग यह भी नहीं जानते कि जिन तेज आवाजों पर वे थिरक रहे हैं, इससे खुद उनके सुनने, समझने और सोचने की शक्ति पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और तमाम अन्य पर्यावरण संबंधी संस्थानों के शोध बताते हैं कि 85 डेसिबल से अधिक तीव्रता वाली किसी भी प्रकार की ध्वनि न केवल मनुष्य को स्थायी रूप से बहरा करने की क्षमता रखती है, बल्कि उसके रक्तचाप और एकाग्रता पर भी बुरा असर डालती है। ये लोग तो लंबी यात्रा पर निकले हुए हैं। कुछ तो साल-दर-साल जोत के साथ हैं। क्या हाल होता होगा उनका? क्यों न कोई संस्थान इस पर शोध कर, इन्हें रास्ता दिखाने की कोशिश करे!

इन भले मानुषों को तो पता भी नहीं होगा कि वे इस कानफोड़ू संगीत के जरिये पहले से प्रदूषण से जूझ रहे हमारे वायुमंडल को और नीचे की ओर धकेल रहे हैं। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण का उदाहरण लें। यहां स्थिति पहले से चिंताजनक है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के रियल टाइम मॉनिटरिंग स्टेशनों से उपजे आंकड़े भयावह हैं। इनके अनुसार,



दिल्ली के अधिकांश इलाकों में दिन में औसतन 60 से 75 और रात में 55 से 65 डेसिबल की ध्वनियां बनी रहती हैं। यह सुरक्षित मानकों से 25 यूनिट तक अधिक है। कश्मीरी गेट, आईटीओ, आनंद विहार और करोल बाग जैसे व्यस्त इलाकों में शोर अक्सर 80 डेसिबल से अधिक पाया जाता है।

कोई आश्चर्य नहीं कि देश पर हुकूमत करने वाले इस इलाके के लोगों में अनिद्रा, बेचैनी और रक्तचाप की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं। एक शोध के अनुसार, इनमें आधे से अधिक ऐसी किसी न किसी व्याधि के शिकार हैं। जाने-अनजाने हम कहीं एक बीमार समाज की रचना तो नहीं कर रहे?

इस प्रश्न का कारण वाजिब है। नवरात्र और अन्य धार्मिक उत्सवों के दौरान ध्वनि प्रदूषण में 15 से 30 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की जाती है। आपके दिमाग में सवाल उभर रहा होगा कि ऐसी खतरनाक प्रवृत्ति पर रोक का प्रावधान है भी या नहीं? भारतीय न्याय संहिता की धारा 270, 292 और 293 के तहत इसे उपद्रव फैलाने की श्रेणी में रखा जा सकता है। यही नहीं, बूम बॉक्स की जब्ती के साथ उन्हें बजाने वालों को भी हिरासत में लिया जा सकता है। निश्चित सीमा से अधिक ध्वनि फैलाने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना संभव है। वैसे 10 से 50 हजार रुपये का जुर्माना तो तेज पटाखा चलाने पर भी लागू होता है, लेकिन क्या आपने इन कानूनों को अमल में आते हुए देखा है?

पूरे देश की पुलिस 'धार्मिक मामलों' में दखल देने से बचती है।

यहां प्रश्न उठना लाजिमी है कि पुराने जमाने के लोग क्या ध्वनि से परहेज करते थे? जी नहीं, वे भी ढोल, मंजीरे, मृदंगों और शंखों का इस्तेमाल करते थे। संस्कृत के तमाम शब्द ध्वनि विज्ञान पर आधारित हैं। हमारे पवित्रतम शब्द 'ऊँ' को ही लें। इसका सही उच्चारण तन-मन और वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा देता है। इसके ठीक उलट आवश्यकता से अधिक आवाज फैलाने वाले यंत्र क्या सितम ढाते हैं, इसका विवरण मैं ऊपर दे चुका हूं।

ऐसा नहीं है कि सिर्फ हिंदुओं में यह प्रवृत्ति घर कर रही है, दूसरे समुदायों में भी ऐसे चलन बढ़ते जा रहे हैं। कुछ साल पहले बारावफात के मौके पर मैं पहलगाम में था। रात भर वहां की मस्जिदों से लाउडस्पीकरों पर जोर-जोर से मजहबी गाने और आख्यान पेश किए जा रहे थे। इस शोर और कश्मीर घाटी में सैलानियों के मन में सहसा आ जाने वाली आशंकाओं ने हमारी नींद छीन ली थी। ऐसा लगा था, बगल में बहती लिद्दर का शाश्वत बहाव भी सहमकर शांत हो गया है।

समय आ गया है, जब हमें धार्मिक प्रदर्शन और आक्रामकता का फर्क समझना होगा। हमारे पुरखों ने त्योहारों की संरचना तन-मन की बेहतरी के लिए की थी, बर्बादी के लिए नहीं।

@shekharkahin
@shashishekhar.journalist

---

जीना इसी का नाम है

रूमा देवी
सामाजिक कार्यकर्ता

# हुनर से तैयार किया अपनी आर्थिक आजादी का परचम

**एक कम पढ़ी-लिखी महिला, जिसने गांव की देहरी के बाहर कभी कदम न रखा हो, आखिर क्या काम करती? दूसरों के घर में झाड़ू-पोछा या किसी निर्माण स्थल पर ईंट ढोने के सिवा कोई काम न सूझ रहा था, मगर इनके लिए मन राजी न हुआ। राजी हो गया होता, तो यह कहानी कहां बनती?**

राजस्थान का इतिहास उसकी वीरांगनाओं की गाथाओं के बगैर अधूरा रहेगा, ठीक उसी तरह उसकी सामाजिक उन्नति का आख्यान उन महिला किरदारों की कहानियों के बिना पूर्ण नहीं होगा, जिन्होंने न सिर्फ सदियों पुरानी रूढ़ियों को तोड़ा, बल्कि अपने काम से एक तरक्कीपसंद राजस्थान की नींव रखी। रूमा देवी एक ऐसी ही अग्रणी महिला हैं। आज वह किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। भारत सरकार उन्हें नारी शक्ति सम्मान से नवाज चुकी है, तो हॉर्वर्ड यूनिवर्सिटी बतौर वक्ता उनकी मेजबानी कर चुकी है और आज वह देश-दुनिया की सेलिब्रिटीज के साथ सगर्व मंच साझा करती हैं, मगर इस मुकाम तक पहुंचने का उनका सफर आसान नहीं था। इस प्रेरणादायी सफरनामे पर रूमा ही नहीं, समूचे हिन्दुस्तान को नाज होना चाहिए।

आज से करीब 37 साल पहले बाड़मेर जिले के एक छोटे से गांव रावतसर में रूमा पैदा हुईं। यह कोई आम गांव नहीं था, जहां इकट्ठे टोले बसे होते हैं, जिनमें हाट लगती है और जहां से पड़ोसी कस्बे तक पहुंचना बहुत कठिन नहीं होता, बल्कि रावतसर रेत के टीलों के बीच बसा गांव था। यहां के बाशिंदों की जिंदगी तब बेहद कठिन थी। दुर्भाग्य यह कि रूमा महज चार साल की थीं, जब मां का देहांत हो गया। उन्हें उस समय पिता से मातृवत-स्नेह की अपेक्षा थी, मगर वह अपनी नई दुनिया बसाकर उसमें मगन हो गए थे। पिता की दूसरी शादी के बाद रूमा के पालन-पोषण की जिम्मेदारी चाचा-चाची ने उठाई। स्थानीय स्कूल में उनका नाम लिखा दिया गया था।

उन दिनों लड़कियों की पढ़ाई को लेकर बहुत जागरूकता नहीं थी और सामंती मूल्यों को ढोने वाले राजस्थान में औरतों का परदे से बाहर आना किसी हिमाकत से कम न था। ऐसे में, किशोरी रूमा के लिए यही बड़ी खुशी की बात थी कि उन्हें स्कूल जाने का मौका मिल रहा है। रूमा को स्कूल की पढ़ाई के बाद घर के काम भी करने पड़ते थे। धीरे-धीरे घर का काम इतना बढ़ गया कि आठवीं कक्षा में पढ़ाई छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा। तब राजस्थान में पेयजल की बड़ी समस्या थी। रूमा को करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित कुएं से पानी लाना पड़ता था। चाचा के पास एक बैलगाड़ी थी, जिससे वह कुएं से गांव तक पानी ढोया करतीं। आस-पड़ोस के कुछ घरों के लिए भी वह पानी ले आतीं, जिसके बदले में रूमा को कुछ पैसे मिल जाते थे।

घर के सारे काम निपटाने के बाद रूमा अपनी दादी के पास बैठ जातीं और उनसे कशीदाकारी की बारीकियां सीखतीं। ग्रामीण राजस्थानी औरतों के पास किसी अन्य हुनर में हाथ आजमाने का दूसरा विकल्प ही न था। फिर उन कढ़ाई वाले कपड़ों से एक भावनात्मक लगाव भी रहता था। दरअसल, माएं बड़े चाव से अपनी बेटियों के लिए कशीदाकारी वाले



कपड़े तैयार करती थीं और उनके विवाह के वक्त ये सौगात उन्हें देती थीं। बेटियों को जब-जब मां की याद सताती, वे संदूक से कढ़ाई वाले इन कपड़ों को निकालकर मां का भावनात्मक स्पर्श महसूस करती थीं।

रूमा सिर्फ सतरह की थीं, जब उनकी शादी कर दी गई। मुश्किलों ने ससुराल में भी उनका पीछा नहीं छोड़ा। पति पांचवीं कक्षा तक ही पढ़े-लिखे थे और उनके पास आय का कोई स्थायी जरिया भी नहीं था। बड़ी तंगहाली में दांपत्य जीवन गुजर रहा था। रूमा जब पहली बार मां बनीं, तो लगा कि मातृत्व का गौरव शायद उनके सारे गमों को ढक देगा, मगर यह खुशी भी बमुश्किल 48 घंटे टिकी। उनके नवजात बेटे को सांस संबंधी परेशानी थी, उसे तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सक की जरूरत थी, मगर रूमा के पति के हाथ खाली थे। वे अपनी पहली संतान को बचा न सके।

बचपन में मां चल बसी और अब मां बनने का सुख इतनी जल्दी छिन गया था। रूमा बुरी तरह टूट गईं। तरह-तरह के ख्याल मन में आने लगे थे। इसी क्रम में यह ख्याल भी आया कि क्यों न कुछ ऐसा काम किया जाए, जिससे मन इधर-उधर न भटके और थोड़ी-बहुत आमदनी भी हो जाए। सवाल था, एक कम पढ़ी-लिखी महिला, जिसने गांव की देहरी के बाहर कभी कदम न रखा हो, आखिर क्या काम करती? दूसरों के घर में झाड़ू-पोछा या किसी निर्माण-स्थल पर ईंट ढोने के सिवा कोई काम न सूझ रहा था, मगर इनके लिए मन राजी न हुआ।

रूमा ने दादी के सिखाए कशीदाकारी के हुनर के सहारे ही कुछ करने का फैसला किया। महिलाओं के लिए थैले बनाने का विचार मन में आया, मगर परेशानी यह थी कि कशीदाकारी तो वह कर लेंगी, बैग बनाने के लिए सिलाई मशीन कहां से आएगी? साल 2006 में रूमा ने पड़ोस की दस महिलाओं को मिलाकर एक स्वयं सहायता समूह बनाया। सबने 100-100 रुपये जोड़े और इससे एक पुरानी सिलाई मशीन आ गई। सुई-धागे और तकिये व थैले बनाने के कपड़े भी आ गए। अब सवाल ऑर्डर मिलने का था। किसी ने 'ग्रामीण विकास चेतना संस्थान' का रास्ता दिखाया, तो रूमा दो महिलाओं के साथ संस्थान के संस्थापक विक्रम सिंह से मिलीं। पारखी विक्रम ने रूमा और उनके सहयोगियों के जज्बे को पढ़ लिया। काम मिला। फिर दिल्ली की प्रदर्शनी में शिरकत करने का सुझाव व सहयोग भी मिला।

रूमा ने उसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी ईमानदार पहल ने आज देश के सबसे पिछड़े जिलों में से एक बाड़मेर के 72 गांवों की 22,000 से अधिक महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। जो औरतें कभी दो रुपये के लिए तरसा करती थीं, आज अपने बूते पूरे परिवार की सूरत निखार रही हैं। प्रतिष्ठित जानकी देवी बजाज पुरस्कार से सम्मानित रूमा देवी ने पिछले बीस वर्षों में हजारों महिलाओं को यह एहसास कराया कि जिस हुनर से वे अपने घर को संवारती हैं, उसी से अपनी आर्थिक आजादी का परचम भी बना सकती हैं!

**जो औरतें कभी दो-दो रुपये के लिए तरसा करती थीं, आज अपने बूते पूरे परिवार की सूरत निखार रही हैं। रूमा देवी ने पिछले बीस वर्षों में हजारों महिलाओं को यह एहसास कराया है कि जिस हुनर से वे अपने घर को संवारती हैं, उसी से अपनी आर्थिक आजादी का परचम भी बना सकती हैं!**

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह

---

वो लम्हा

योगेंद्र शुक्ला
स्वतंत्रता सेनानी

# जब क्रांति वीरों का चल पड़ा कारवां



**मुजफ्फरपुर में उस युवा क्रांतिकारी को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ती है। हाथ-पांव में लगी बेड़ियां क्रांतिकारी को तनिक नहीं सतातीं, अंग्रेज पुलिस की संगीनों से उसे डर नहीं लगता, पर एक दिन यह खबर जंगल में आग की तरह फैली कि क्रांतिकारी को फांसी हो गई।**

बिहार क्रांतिकारियों का गढ़ हुआ करता था और तब एक ही नाम की गूंज थी- खुदीराम बोस। हर बोलने वाले की जुबान पर यही नाम था और हर सुनने वाले को भी बस यही नाम सुनाई पड़ता था। इस नाम की चर्चा से मुजफ्फरपुर का वह परिवार भी वंचित नहीं था। परिवार के बड़े लोग ही नहीं, बच्चे भी कान लगाए रहते थे कि क्रांतिकारी खुदीराम की कोई खबर आई क्या? उसी परिवार में एक किशोर था, दूसरों से कुछ अलग, तन से बलवान और मन से चंचल। वैसे, उसका मन भी इधर खुदीराम की खबरों में लगा रहता था। वह गर्व व खुशी से भर उठता था कि कैसे उससे महज छह साल बड़े 18 वर्षीय हंसमुख क्रांतिकारी सबकी जिज्ञासा के केंद्र बने हुए हैं। एक ऐसे क्रांतिकारी, जिन्हें बचाने के लिए दूर-दूर से एक से बढ़कर एक वकील आए हुए हैं।

क्रांतिकारी को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ती है। हाथ-पांव में लगी बेड़ियां क्रांतिकारी को तनिक नहीं सतातीं, अंग्रेज पुलिस की संगीनों से उन्हें डर नहीं लगता, पर एक दिन, यह खबर जंगल में आग की तरह फैली कि क्रांतिकारी को फांसी हो गई। इस खबर से उस 12 वर्षीय किशोर की दुनिया हमेशा के लिए बदल गई। उसे लगा, मानो कोई सगा बड़ा भाई एक बड़ा काम छोड़ गया हो, जिसे पूरा करना होगा। इतनी कम उम्र में किसी को फांसी नहीं हुई थी। दुख बढ़कर क्रोध में बदल गया और किशोर ने उसी पल तय कर लिया- देश की आजादी के लिए लड़ना है। देश सेवा ही जीवन है। कुछ ही दिनों में वह आजादी की लड़ाई में सीधे शामिल हो गया और जल्द ही अंग्रेजों ने अपने दुश्मनों की सूची में एक नया नाम लिखा- योगेंद्र शुक्ला, तेज, ताकतवर, रणनीतिकार।

तब आजादी की जंग में गांधीजी और उनके सत्याग्रह का पदार्पण नहीं हुआ था। तब क्रांतिकारियों की यही धारणा थी कि अंग्रेजों से लड़कर ही आजादी मिलेगी। यदि लड़ना पड़ेगा, तो शरीर से बलवान होना पड़ेगा, तो योगेंद्र शुक्ला ने स्वयं को बहुत मजबूत बनाया। बम बनाने से बंदूक चलाने तक का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वह क्रांति की गतिविधियों में इतने पारंगत हो गए कि दूसरों को प्रशिक्षित करने लगे। वह एक योद्धा ही नहीं, एक कुशल रणनीतिकार थे। सरकारी खजाना लूटना हो या किसी को जेल से भगाना, वह दिन-रात अंग्रेजों को परेशान करने की योजना बनाने में जुटे रहते थे। उन्होंने भगत सिंह को भी प्रेरित और प्रशिक्षित किया। भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद के साथ मिलकर हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना की।

शुक्ला क्रांतिकारियों के बीच बहुत लोकप्रिय थे और गांधीजी भी उन्हें बहुत पसंद करते थे। शुक्ला के मन में क्रांति और अहिंसा, दोनों के बीच का वैचारिक द्वंद्व निरंतर चलता रहता था। गांधीजी के मार्ग का सम्मान करते हुए भी उन्हें लगता था कि अंग्रेजों को देश से निकालने के लिए केवल सत्याग्रह पर्याप्त नहीं है। यही सोचकर वह आजाद और भगत सिंह के साथ खड़े हो जाते थे। क्रांतिकारियों के साथ ही उनकी ज्यादा निभी। जब भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को अंग्रेजों ने जेल में डाल दिया, तब उन्हें जेल से भगाने की पूरी योजना योगेंद्र शुक्ला ने तैयार कर ली थी, पर एक मुखबिर ने खबर कर दी। खुफिया पुलिस ने उन्हें ट्रेन में घेर लिया, पर वीर शुक्ला चलती ट्रेन से कूदकर बच निकले। अंततः 12 जून, 1930 को सोनपुर में एक गद्दार की मुखबिरी से वह गिरफ्तार हुए। वह अक्सर कहते थे कि जागते हुए मुझे पकड़ना नामुमकिन है। वाकई, वह तभी घेरे या पकड़े गए, जब सो रहे थे। भयंकर यातनाएं देने के बाद उन्हें तिरहुत षड्यंत्र मामले में काले पानी की सजा हुई। वहां भी पांच वर्ष से ज्यादा समय तक यातनाएं झेलने के बाद उन्होंने भूख हड़ताल का गांधीवादी तरीका आजमाया। लगातार 46 दिन हड़ताल के बाद उनकी सेहत बिगड़ी और उन्हें हजारीबाग जेल भेजना पड़ा।

नेताओं के भारी दबाव से वह जेल से छूटे, तो फिर आंदोलन में कूद गए। भारत छोड़ो आंदोलन के समय वह हजारीबाग जेल में बंद किए गए, पर उन्होंने जल्दी ही जेल से भागने की योजना बना ली। एक दिन अपने कुछ साथियों के साथ वह जेल से सकुशल निकल भागे। उन्होंने भागते हुए करीब सौ किलोमीटर की दूरी तय की और भागते हुए भी अपने कंधे पर बीमार जयप्रकाश नारायण को उठाए रखा। जेलर को पहले ही आशंका थी कि शुक्ला जेल से भागेंगे, पर वह रोक न पाया।

योगेंद्र शुक्ला (1896-1960) जीवन के साढ़े सोलह साल जेल में रहे। देश, किसान और समाजवाद के प्रति समर्पित शुक्ला शेरे बिहार ही नहीं, शेरे हिंद कहलाए। वह चुनाव तो नहीं जीत पाए, पर जीवन के अंतिम दो वर्ष प्रजा समाजवादी दल से बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे। जब 22 मार्च को बिहार दिवस मनाया जाता है, तब योगेंद्र शुक्ला की याद अनायास आती है।

प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय

---

# मेरे नीके दिन कभी नहीं आए

तिरछी नजर

सुधीश पचौरी हिंदी साहित्यकार



उसका नाम चल रहा था, इसका नाम चल रहा था, मैंने भी अपना चलाना चाहा, पर न चला। सच! *क्या-क्या न सहे जुल्मो-सितम आपकी खातिर। ये जान भी जाएगी सनम आपकी खातिर*, पर किसी को रहम न आया। दुख की इस घड़ी में प्रसाद जी का 'आंसू' ब्रांड दुख मेरा भी दुख बना, क्योंकि मेरा सुख भी *आलिंगन में आते-आते मुसक्याकर जो भाग गया* जैसा है।

आह! अन्य हिंदी वालों की तरह मैं भी जब अपने हाथरस से दिल्ली जीतने निकला और इंडिया गेट व संसद भवन के दर्शन किए, तभी सोच लिया था कि एक दिन मुझे भी इस दिव्य भवन में जाना है। तब राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त राज्यसभा के सदस्य और अखिल हिंदी साहित्य के केंद्र थे। बड़े से बड़ा साहित्यकार उनके दरबार में हाजिरी बजाता। फिर बच्चन का दरबार लगने लगा और फिर दिनकर का। उसके बाद दरबार की परंपरा तो खत्म हो गई, लेकिन दरबारी बने रहे। मैंने सोचा, दरबारी हैं, तो एक न एक दिन दरबार भी लगेगा ही।

इसी उम्मीद में एमए हिंदी व पीएचडी करके और न जाने कैसे-कैसे पापड़ बेलकर हिंदी का मास्टर बना। फिर आलोचक, कवि, कथाकार, यानी 'ऑल इन वन', यानी पूरा दिल्ली वाला लेखक बन गया। तब दिल्ली की गद्दी खाली थी, जिसे भरने का सपना मैंने दिल्ली आते ही देखा था। इस सपने को सच करने के लिए मैं तन-मन-धन से हिंदी प्रेमी, हिदी सेवक, कवि-कथाकार और आलोचक बना!

उन दिनों बनारस घराना, इलाहाबाद घराना, लखनऊ घराना, आगरा घराना और पटना घराना दिल्ली पर काबिज रहे। बहुत दिनों तक हिंदी साहित्य धोतीधारी रहा और उसका कुलगीत *पान खाए सैंया हमारो* रहा। इसके बाद भोपाल घराने ने दिल्ली दर्प दलन की ठानी। राष्ट्रकवि की जगह राजकवि आ गए। उन्होंने अपना मगध साम्राज्य स्थापित किया। इस दरबार में आपातकाल में प्रगतिशील से लेकर प्रतिक्रियावादी तक सब एक घाट पर पानी पीते दिखते।

आजादी के बाद दिल्ली हिंदी का केंद्र बनी, तो बनी ही रही। वह साहित्य का जनतंत्र बन गई। मेरी दमित कामना और बलवती होती गई, लेकिन मैंने देखा कि जब-जब नामित होने का सीजन आता है, हिंदी के कुछ दबंग लेखक अचानक अस्पताल पहुंच जाते हैं, ताकि उनका नाम भी किसी लिस्ट में आ जाए।

मैंने भी एक बार ऐसे ही बीमार होने की कोशिश की, तो डॉक्टर ने साफ कह दिया, हे हिंदी लेखक, क्या तू संस्कृत वाली *अनधिकार चेष्टा* कहानी को भूल गया, जिसमें घर में चोरों के घुस आने पर कुत्ता तो चुप रहता है, पर मालिक का वफादार बनने के चक्कर में गधा आधी रात रेंकने लगता है। नींद में खलल डालने के कारण मालिक उसकी जमकर मरम्मत करता है। कहानी सुनाकर डॉक्टर ने समझाया, हे गधे! अपने साहित्य से कुछ तो सीख? गधे की तरह अनधिकार चेष्टा न कर। नहीं तो...।

अपना भ्रम-भंजन होते देख मैंने कहानी से इलाज करने वाले डॉक्टर को धन्यवाद दिया कि बिना दवा के आपने साहित्य को बचा लिया, आपकी जय हो। इस तरह मेरा मोह भंग हुआ कि जब बड़े-बड़े सूरमाओं को कोई नहीं पूछता, तो तू किस खेत की मूली बे? ऐसे गाढ़े दिनों में मुझे रहीम के दोहे ने बचाया- *रहिमन चुप ह्वै बैठिए, देखि दिनन के फेर! जब नीके दिन आइहें, बनत न लगिहैं देर!!*

मेरे नीके दिन कभी नहीं आए। आज भी, हर कुछ बरस के बाद लाइनें लगती हैं, सूचियां बनती हैं। कुछ अस्पताल की शरण लेते हैं, कुछ भगवान की। मैं सिर्फ दर्शक बनकर मजे लेता रहता हूं और अपने दिल को समझाता रहता हूं, इतना ही क्या कम है कि तू हर बार आते-आते रह जाता है! याद रख। जो आ गया, वह गया। जो न आया, वह और भी गया, लेकिन जो आते-आते रह गया, वही रह गया। इसलिए, अनधिकार चेष्टा न कर। अपनी लिमिट में रह!

---

कटाक्ष

राजेंद्र धोड़पकर



'प्यार शब्द घिसते-घिसते चपटा हो गया है…' जैसी बेबाक कविता से लेखन की शुरुआत। कहानी, उपन्यास, संस्मरण, नाटक, कविता और पत्रकारिता में समान रूप से ममता रखने वाली ममता कालिया ने साहित्य की लगभग सभी विधाओं में लिखा है। 'दुक्खम-सुक्खम', 'छुटकारा', 'उसका यौवन', 'नरक दर नरक', 'एक पत्नी के नोट्स' और 'बेघर' आदि प्रमुख कृतियां। हाल ही में प्रसिद्ध कथाकार ममता कालिया को उनके संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए वर्ष 2025 के साहित्य अकादेमी पुरस्कार दिए जाने की घोषणा हुई है। इस पुस्तक से एक अंश…

# पुरानी यादों का शहर इलाहाबाद

**संस्मरण**

**ममता कालिया**

जन्म : 02 नवंबर, 1940

किसी शहर की शख्सियत महज पढ़े-लिखे लोगों, विद्यालय और विश्वविद्यालय से नहीं बनती। उसकी नींव में वे पुराने मोहल्ले और चौबारे होते हैं, जहां दादा, नाना, दादी, परदादी किस्म के दुर्लभ पात्रों ने निवास किया। इलाहाबाद में पुरनिया मोहल्लों और गलियों की भरमार है। कई बार एक गली से गुजरते हुए कई मोहल्लों की सैर हो जाती है।

चौक इलाका अपने आप में गुलजार रहता है। रोजमर्रा की जरूरत की हर चीज यहां किफायती दाम पर उपलब्ध है। चौक से चार राहें फूटती हैं। एक घंटाघर और जॉनसनगंज की तरफ चली जाती है, तो दूसरी खुल्दाबाद की तरफ। तीसरी राह बताशा मंडी, गुड़ मंडी, मीरगंज से गुजरती बहादुरगंज, कोठापारचा होती हुई बाई का बाग, कीडगंज, बैरहना निकल जाती है। चौथी राह कोतवाली से अंदर मुड़ती है, उस तरफ जहां शहर की सबसे सघन बस्ती है। इन गलियों में रहने वाले बखूबी जानते हैं कि कैसे कुत्तों, कूड़े और सांड़ों से बचते हुए घर तक पहुंचना है। स्कूल जाने वाले बच्चे, पतली गलियों में, दोनों तरफ की नाली में गिरने से अपने आप को बचाते हुए, साइकिल चलाने में निष्णात हो जाते हैं।

कोतवाली के पिछवाड़े से ही रानी मंडी शुरू हो जाती है। चौड़ी सड़क के एक तरफ बच्चा जी की कोठी और दूसरी तरफ काशी कोठी, दो अमीरों की वैभवगाथा के प्राचीन नमूने हैं। यहां से सड़क फिर तीन तरफ की गलियों में मुड़ती है। एक हाथ को घनघोर हिंदूवादी मोहल्ला लोकनाथ है, तो दूसरी तरफ अतरसुइया और तीसरी तरफ रानी मंडी का अंदरूनी इलाका।

मैं रोज बैरहना से रिक्शे में बैठ कर वापस घर आती। कॉलेज से बाहर निकलते ही मेरे सिर पर घर सवार हो जाता। मैं रानी मंडी की बजाय चौक उतर जाती। पाठक स्टोर से डबलरोटी, बिस्किट वगैरह खरीद कर, फल मंडी से केले, संतरे, अमरूद लेती। चौक लांघकर लोकनाथ की लंबी-लंबी दो गलियां पड़तीं। वहां सब्जी सस्ती और ताजी मिलती। लोकनाथ की गली में मिठाइयों के साथ-साथ हरि नमकीन नाम की दुकान भी थी, जिसके समोसे, खस्ता और दमआलू की दुनिया भर में धूम रही। कई लोगों का तो सुबह का नाश्ता ही यह होता।

छप्परवाले हलवाई की दही-जलेबी और हरि नमकीन का खस्ता दमआलू, ऊपर से एक कुल्हड़ लस्सी, इलाहाबाद का रईसी नाश्ता था। यही नाश्ता खाने-खिलाने, ज्ञानरंजन लूकरगंज से लोकनाथ आया करते। लोकनाथ में दुमंजिले,

**छप्परवाले हलवाई की दही-जलेबी और हरि नमकीन का खस्ता दमआलू, ऊपर से एक कुल्हड़ लस्सी, इलाहाबाद का रईसी नाश्ता था। लोकनाथ में दुमंजिले, तिमंजिले पुराने मकान थे, जिनमें भूतल के कमरों में छोटी-छोटी दुकानें थीं। देखा जाए, तो ये वर्कशॉप जैसी थीं। बड़े सर्राफों के कारीगर यहां बैठ कर गहने गढ़ते और पॉलिश करते।**

तिमंजिले पुराने मकान थे, जिनमें भूतल के कमरों में छोटी-छोटी दुकानें थीं। देखा जाए, तो ये वर्कशॉप जैसी थीं। बड़े सर्राफों के कारीगर यहां बैठ कर गहने गढ़ते और पॉलिश करते। किसी का यहां जूतों का गोदाम होता। कहीं कोई औरत सिलाई मशीन पर गुड़ियों के धड़ों पर सिर सिल रही होती, तो कहीं दो औरतें चबूतरे पर बैठी दस रुपए पंसेरी के हिसाब से खरबूजे के बीज छील रही होतीं। मकानों की ऊपरी मंजिल से समृद्ध घरों के विंडो एयरकंडीशनरों से टप-टप टपकता पानी सब्जीवालियों के लिए मुसीबत पैदा करता। वे कभी अपना माल बचातीं, कभी कपड़े। घर पहुंचने की उतावली में, मैं जल्दी-जल्दी पैर बढ़ाती, गलियां पार कर जाती।

रानी मंडी का नामकरण उस जमाने में हुआ था, जब यहां तवायफों के कोठे हुआ करते थे। सभी मकानों की रचना एक सी थी। प्रवेश द्वार की शक्ल में खूब बड़ी ड्योढ़ी, जिसमें दो विशाल पल्लों का फाटक। कहते हैं, यहां नवाबों के इक्के आकर खड़े होते थे। अंदर दो या तीन आंगन, उसके बाद बारादरी। खिड़की के स्थान पर बिना सींखचे वाले खिड़के, जैसे फिल्म पाकीजा में दिखाए गए थे। मकान की रचना देख कर ही अतीत का अनुमान लग जाता। मकान का पटाव इतना ऊंचा था कि घनघोर गर्मी में भी कमरे ठंडे रहते। ऊपर की मंजिल में बड़ा आंगन और उतनी ही बड़ी छत। रहते-रहते यह बेढंगा घर भी हमें प्यारा लगने लगा था।

एक बार रवि को बागबानी का जुनून चढ़ा। उन्होंने 180 गमले लगा लिए। हर रंग का बेगम बेलिया लगाया गया। हमारा आंगन छोटा-मोटा 'टैरेस गार्डन' लगने लगा। एक गाने की पंक्ति थी, 'बेला, गुलाब, जूही, चंपा, चमेली…।' रवि ने पांचों पौधे नर्सरी से लाकर लगाए। कोई ऐसा फूल न था, जो हमारे यहां नहीं था। स्याही के ड्रमों को साफ करवा कर उनमें रबर के पेड़ उगाए गए। शाम को वे अपने हाथ से पौधों में पानी डालते। अगर उन्हें कहीं बाहर जाना पड़ता, तो वापस आने पर टॉर्च से अपने पौधे देखते कि मैंने पानी डाला या पौधे सूखे पड़े हैं। एक रात मैंने कहा, 'तुम्हें पौधों से बहुत प्यार है न?'

रवि ने एक नजर मुझे देखा, लंबी सांस भरी और कहा, 'मनुष्य से निराश होकर ही इंसान प्रकृति की ओर मुड़ता है।' रवि वृश्चिक की तरह अचानक वार करते। उनकी जन्म राशि भी वृश्चिक थी। गनीमत यह कि मेरी जन्म राशि भी वृश्चिक है। दंश का अंश हम दोनों में समान था। कभी मैं तुरंत हिसाब चुकता कर देती, कभी भविष्य के लिए डंक जेब में डाल रखती।

370, रानी मंडी वाले घर का बहिरंग तो दिलचस्प था ही, उसका अंतरंग भी कम अनोखा न था। ऊंचे पटाव वाले बड़े-बड़े दो कमरे, उसके बाद एक संकरा गलियारा, जो बहुत चौड़े आंगन में खुलता। आंगन के पार फिर दो विशाल कमरे, जिनमें एक रसोईघर और एक जालीयुक्त हवादार कमरा जहां बैठ कर कुल मकान का जायजा लिया जा सकता। आंगन में एक गुसलखाना था, जहां नल नहीं था। हम वहां मोबिल ऑयल का बड़ा ड्रम और चार-पांच बालटियां पानी से भर कर रखते। एक गुसलखाना बैठक से सट कर बना था, जो नई तकनीक का था। रसोई, आंगन और गुसलखानों में बड़े मुंह वाली नालियां थीं, जिनका निकास बाहर गली में होता। इसी रास्ते से घर में जंगी चूहे दाखिल हो जाते। चूहे इतने जबरदस्त थे कि वे रात में तो धींगामुश्ती मचाते ही, दिन में भी मौका नहीं चूकते। बच्चे उन दिनों 'रामायण' धारावाहिक देखा करते थे। अन्नू ने एक बड़े चूहे का नाम जामवंत रखा हुआ था।



इलस्ट्रेशन : यशवंत नामदेव

दोनों गुसलखानों में, मैं एक बट्टी लाइफबॉय और एक टिकिया पियर्ज साबुन की रखा करती। कई बार अगले दिन ही पियर्ज गायब। हैरान होकर बच्चों से पूछताछ होती, 'तुमने नाली या कमोड में तो नहीं गिराया?'

बच्चे सिर हिला देते। बाद में पियर्ज साबुन के कुतरे हुए टुकड़े आंगन में मिलते। अन्नू कहता, 'मां, हम पांच लोग एक ही साबुन से नहा रहे हैं, पापा, आप, मन्नू, मैं और जामवंत। खर्च तो बढ़ेगा ही।'

घर में बिल्लियों की तादाद भी मजे की थी। आस-पड़ोस में मांसाहार बनने की वजह से बिल्ली को छिछड़े की आस लगी रहती। चूहों में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं थी। हमारे घर में कभी-कभी दूध-दही पर वह हाथ साफ करती।

एक बार सिविल लाइंस के डिपार्टमेंट स्टोर बी. एन. रामा एंड संज से मैंने हॉकिंज का 'स्लो कुकर' खरीदा। मेरे साथ मीनू दुबे भी थी। हमें यह जान कर बड़ा अचंभा हुआ कि यह बिजली की ऐसी हंडिया थी, जिसमें रात को खाना चढ़ाओ, तो सुबह पक कर तैयार मिले और सुबह चढ़ा दो, तो रात में खाना हाजिर। उन वक्तों में भी इस कुकर की कीमत शायद 2300 रुपए थी। रवि ने पहले इस बर्तन का मजाक उड़ाया, जब सारी दुनिया आगे जा रही है, तो ममता कालिया पीछे चल रही है।

**(साभार : 'जीते जी इलाहाबाद', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली से संपादित अंश)**

## पुस्तकें आई हैं



**बाल की खाल/ कलेजे का पोस्टमार्टम**

(दो व्यंग्य-संग्रह)

लेखक : सूर्यकान्त द्विवेदी

प्रकाशक : पंख प्रकाशन, मेरठ

मूल्य : क्रमश: ₹250, ₹199

**कृष्ण** महाभारत-युद्ध के दौरान एक प्रसंग में द्रौपदी से कहते हैं, 'एक प्रणाम, परिणाम बदल देता है।' यह कथन जितना तब सच था, उतनी ही प्रासंगिकता इसकी आज भी है। 'पाय लागूं' इसी 'प्रणाम' का एक्सटेंशन है। पाय लगना श्रद्धा का प्रतीक है, तो औपचारिकता का भी। हालात के हिसाब से यह खुशामद का भी एक तरीका है। इसे बड़े रोचक ढंग से बयां किया है, व्यंग्य 'पाय लागूं' में। यहां बात हो रही है पत्रकार, कवि और व्यंग्यकार सूर्यकान्त द्विवेदी के हालिया आए दो व्यंग्य-संग्रह 'बाल की खाल' और 'कलेजे का पोस्टमार्टम' की। इन व्यंग्यों के विषय किसी अदृश्य लोक से नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन से लिए गए हैं, इसलिए इनके तार सीधे दिल से जुड़ते हैं।



**चुप्पी के नेपथ्य में…**

(लघुकथा-संग्रह)

लेखक : योगेन्द्र नाथ शुक्ल

प्रकाशक : प्रवासी प्रेम पब्लिशिंग, साहिबाबाद

मूल्य : ₹290

'**चारों** ओर बदबू ही बदबू…मरी मछलियों के झुंड पड़े हैं और उन पर गिद्ध मंडरा रहे हैं…! इन गिद्धों से बड़े गिद्ध तो वे हैं, जिन्होंने जीते जी हमें ही नहीं इन मछलियों को भी मार दिया…! बीड़ी पीते हुए उन दोनों की नजरें नेताजी के भाई की चमड़ा फैक्ट्री की ओर पड़ी, जिधर से भल-भल करता काला पानी नदी की ओर आए जा रहा था।' यह सिर्फ वक्तव्य नहीं है, बल्कि आज की कड़वी सच्चाई है। जीवन के केंद्र में रच-बस गई राजनीति ने मानो भ्रष्टाचार को स्वीकारने की मौन स्वीकृति दे दी हो। लघुकथा-संग्रह 'चुप्पी के नेपथ्य में…' में पिच्चासी लघुकथाएं हैं। इनमें समाज के बदलते मूल्यों पर चिंता है, तो आक्रोश भी है, साथ ही इसे बदल न पाने की पीड़ा भी है।



**यादों का कारवां**

(गजल-संग्रह)

लेखिका : मंजू लता नागेश

प्रकाशक : गुफ्तगू पब्लिकेशन, प्रयागराज

मूल्य : ₹200

'**जिंदगी** यूं सज संवर, कर आ गई/अब हिमाकत भी, हुनर में आ गई।' -ये पंक्तियां बदलते दौर की तल्ख सच्चाई को बयां कर रही हैं। इंसान ने खुद को बाहर से सुंदर दिखाने की चाह में इतने मुखौटे लगा लिए हैं कि उसके भीतर का इंसान कहीं खो गया है। इसका नतीजा है, बुराई ने अब हुनर का रूप ले लिया है। गजल-संग्रह 'यादों का कारवां' की गजलों में सिर्फ बुरा-बुरा नहीं है, कुछ अच्छा भी है। नफरत है, तो प्रेम भी है। देश प्रेम है, तो नारी मन भी है। मां यहां भी पूरी शिद्दत के साथ मौजूद है। इन गजलों में जीवन के सभी रंग मौजूद हैं, लेकिन सबके मूल में प्रेम है। जैसे प्रेम जीवन का अनिवार्य हिस्सा है, वैसे ही इन गजलों का अनिवार्य तत्व प्रेम है। इनमें बात को सीधे-सीधे कहा गया है, इसलिए असर भी करती हैं।

# आदिवासी साहित्य का समृद्ध संसार

**हिंदी साहित्य में आदिवासी विमर्श भारत के आदिवासी जीवन-जगत के विविध आयामों को समझने में सहायक रहा है। यह विमर्श आदिवासी वैचारिकी के उस वैश्विक पक्ष को भी अभिव्यक्त करता है, जो सार्वभौमिक, सार्वकालिक व सार्वजनीन दृष्टि से मनुष्य, मानवेतर जीव जगत एवं प्रकृति के मध्य सह अस्तित्व की शिक्षा देने में समर्थ है। साहित्य के माध्यम से आदिवासी समाज पर रोशनी डालती पुस्तक 'आदिवासी साहित्य : उपन्यास, कहानी और कथेतर' से प्रस्तुत है एक अंश…**

**पुस्तक अंश**

**आदिवासी** कथा स्वर हिंदी साहित्य के लिए जितना विशिष्ट है, उतना ही विशिष्ट और स्वतंत्र उसका आंतरिक समाजशास्त्र है, जिसमें उनके सांस्कृतिक वैभव और जीवन संघर्ष को प्राथमिकता मिलती है। आदिवासी समाज की जीवनशैली और संस्कृति सभ्य समाज से सर्वथा भिन्न है। इस भिन्न संसार में वे अपनी श्रमशीलता, आत्मनिर्भरता, स्वायत्तता व सामूहिकता में संतुष्ट थे, चाहे यह जीवन कितना ही कष्टसाध्य क्यों न रहा हो।

वस्तुतः पर्यावरण के स्वाभाविक रक्षक आदिवासी प्रकृति के कोमल और कठोर रूप के सान्निध्य में अपने गीत, संगीत, नृत्य के समृद्ध कला संसार और सांस्कृतिक जीवन को सरल-सहज तरीके से जीते रहे हैं। आदिवासी साहित्य में इस समृद्ध संसार के दर्शन होते हैं। किंतु वर्तमान परिदृश्य में विकास की अनंत भूख से उत्पन्न संकट, विस्थापन की पीड़ा ने आदिवासी समुदाय के सम्मुख सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक संकट उपस्थित किए हैं। आदिवासी विचारक प्रमोद मीणा की इस संदर्भ में की गई टिप्पणी उल्लेखनीय है, 'जहां गैर-आदिवासी दुनिया वर्गीय आधार पर अमीर और गरीब के खांचों में बटी हुई है और संसार भर के संसाधनों पर मुट्ठी भर ताकतवर लोगों का कब्जा है, वहीं आदिवासी समाज में समतामूलक दर्शन में विश्वास किया जाता है।'

मुद्रा जैसी अवधारणा और बाजारवाद से यह समाज मूलतः दूर रहा है। यही कारण है कि आदिवासी समाजों में आपको लालच और सब कुछ को हड़प जाने की भूख नहीं मिलेगी। संपत्ति के झगड़े नहीं मिलेंगे। प्राकृतिक वस्तुओं का दोहन करके अधिकाधिक उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन करना गैर आदिवासी समाजों में चाहे विकास माना जाता हो, चाहे इसे प्रगति का पर्याय माना जाता हो, किंतु आदिवासी विकास की ऐसी उपभोग केंद्रित अवधारणा में यकीन नहीं रखते।

गैर आदिवासी समाज सभ्यता और विकास का चाहे जितना दंभ भरते हो, उनके यहां सत्य, अहिंसा और शांति की तलाश आज तक पूरी नहीं हो पाई है और न कभी हो पाएगी, क्योंकि गैर आदिवासी दर्शनों के मूल में ही विषमता की स्वीकृति, मनुष्य की श्रेष्ठता का अहंकार है।

…औद्योगिक उत्पादन और मनुष्य केंद्रित सत्ता के मद और उपभोग की अंधी दौड़ में पर्यावरण असंतुलन की भयावह स्थिति आज पैदा हो गई है।' इस स्थिति का सर्वाधिक दुष्प्रभाव प्रकृति की क्रोड़ में निवासरत आदिवासी समाज पर पड़ा है। आदिवासी लेखन में यह पीड़ा प्रमुखता से अभिव्यक्त है।

इस परिप्रेक्ष्य में आदिवासी हस्ताक्षरों की रचनाशीलता को परखा जाए, तो स्पष्ट दिखता है कि ये तमाम संकट, संघर्ष, चुनौतियां उनके साहित्य की विषयवस्तु बनकर सम्मुख आते हैं। पीटर पॉल एक्का के कथा-संसार के केंद्र में यही चिंता तथा प्रश्नवाचकता मुखर है। वैसे आदिवासी लेखन का मौलिक स्वरूप उनकी अपनी भाषाओं के रचनाकर्म में देखा जाना चाहिए, किंतु पहचान के संघर्ष ने उन्हें हिंदी में अभिव्यक्त होने हेतु विवश किया है।

आदिवासी अस्मिता संघर्ष के कई सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक पक्ष हैं। साहित्य में उनकी उपस्थिति स्वाभाविक रूप से इन संकटों, संघर्षों से मुठभेड़ करती है। सहजीविता, प्रकृति प्रेम, गीत-संगीतयुक्त समृद्ध कला दृष्टि आदिवासी अभिव्यक्ति को आकार देती है। आदिवासी रचना संसार से परिचित होते समय इस पृष्ठभूमि को दृष्टि में रखना जरूरी है। आदिवासी समुदाय विविध समस्याओं, चुनौतियों, संघर्ष से अलग आदिवासियत सहजीविता और संपूर्ण सृष्टि के प्रति उदारभाव से समृद्ध कला व सौंदर्य दृष्टि को अपनी पहचान मानता है।



**आदिवासी साहित्य**

(उपन्यास, कहानी और कथेतर)

लेखिका : पुनीता जैन

प्रकाशक : सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली

मूल्य : ₹595

## रोजनामचा

### साप्ताहिक भविष्यफल

(22 मार्च से 28 मार्च 2026)



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष (21 मार्च-20 अप्रैल)**
सप्ताह के प्रारंभ में मन प्रसन्न रहेगा। माता का सान्निध्य मिलेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। सेहत का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृष (21 अप्रैल-20 मई)**
सप्ताह के प्रारंभ में आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन (21 मई-21 जून)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कर्क (22 जून-23 जुलाई)**
सप्ताह के प्रारंभ में आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**सिंह (24 जुलाई-22 अगस्त)**
आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। आत्मसंयत रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**कन्या (23 अगस्त-22 सितंबर)**
मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। सप्ताह के प्रारंभ में सेहत के प्रति सचेत रहें। 23 मार्च से सेहत में सुधार होगा।

**तुला (23 सितंबर-23 अक्तूबर)**
सप्ताह के प्रारंभ में मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। 23 मार्च से पिता की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में बदलाव के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक (24 अक्तूबर-21 नवंबर)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। 23 मार्च के बाद नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु (22 नवंबर-21 दिसंबर)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। सप्ताह के प्रारंभ में मन प्रसन्न रहेगा। 23 मार्च से अपनी सेहत का ध्यान रखें। 26 मार्च के बाद किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**मकर (22 दिसंबर-19 जनवरी)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कुंभ (20 जनवरी-18 फरवरी)**
मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। 23 मार्च को किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मीन (19 फरवरी-20 मार्च)**
आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

22 मार्च, रविवार, **शक संवत्** : 01 चैत्र (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 09 चैत्र मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 02 शव्वाल, 1447, **विक्रमी संवत्** : चैत्र शुक्ल चतुर्थी तिथि रात्रि 09.17 मिनट तक। कृतिका नक्षत्र, वैधृति योग अपराह्न 03.42 मिनट तक पश्चात विष्कुंभ योग, वणिज करण। चंद्रमा मेष राशि में रात्रि 04.14 मिनट तक उपरांत वृष राशि में।

**सूर्य उत्तरायण।** सायं 04.30 मिनट से सायं 06 बजे तक राहुकालम्। भद्रा प्रात: 10.37 मिनट से रात्रि 09.17 मिनट तक। शक चैत्र एवं संवत् 1948 प्रारंभ। दमनक चतुर्थी।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

कृपया कुछ ऐसे उपाय बताएं, जो सभी के लिए लाभकारी हों। -**मनोरंजन प्रसाद**, आजमगढ़

- घर से सुबह चाहे जितनी भी जल्दी निकलें, पर बिना झाड़ू लगाए न निकलें।
- बरगद के ताजे पत्ते को तोड़कर उस पर हल्दी से स्वास्तिक बनाकर ग्यारह दिन मंदिर में चढ़ाएं।
- घर की दीवारों पर बच्चों द्वारा पेन-पेंसिल या चाक के द्वारा जो लकीरें बना दी जाती हैं, यह अच्छी नहीं होती। घर की ऊर्जा को प्रभावित करती है। घर के मंदिर में एक पीतल का त्रिशूल रखें।
- मंगलवार को हनुमानजी के आगे तेल का दीपक पांच लौंग डालकर जलाएं।
- महीने में एक बार अपने पहने हुए कपड़ों को धोते समय थोड़ा-सा नमक डालें।
- सप्ताह में एक बार छोटे बच्चों को खट्टी-मीठी टाफी देना शुभ होता है।

### वर्ग पहेली : 8275

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 5 | |
| 6 | | | | | | | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | 13 | ■ | ■ | 14 | ■ | | ■ | |
| ■ | 15 | | | | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 17 | | | | | |

**ऊपर से नीचे**

1. खुश करना; प्रसन्न होना; मनोरंजन करना; शोक विस्मृत करना (2,4)
2. बहुत अधिक महिमा वाला; महिमामय (5)
3. पूरी तरह से; प्रत्यक्ष; बिल्कुल; साक्षात (4)
4. काटना; छांटना; छोटा करना (4)
8. कनकनाने का भाव; कनकनापन; चिड़चिड़ाहट (6)
11. अच्छा करना; उपकार करना; कल्याण करना; नेकी करना (2,3)
13. उंगलियों से रगड़ना; जोर से दबाना; जोर से मलना; मर्दन करना; रौंदना (4)
14. बालपन; बाल्यावस्था (4)

**बाएं से दाएं**

1. किसी मनोवेग को रोकना; जब्त करना; मन के भावों को दबाना; मन व्याकुल होना (2,4)
5. धड़; पेड़ का मोटा भाग (2)
6. अधिकांश सदस्यों द्वारा समर्थित सरकार; सरकार जिसे बहुमत प्राप्त हो (4,4)
7. घ्राणेंद्री; नासा; इज्जत; मान (2)
9. चैत का महीना; कुसुमासव; मकरंद; शहद; अमृत; सुधा (2)
10. कमाई; नफा; प्राप्ति; बचत; फायदा; लब्धि (2)
12. संज्ञावाचक शब्द; ख्याति; धाक; प्रतिष्ठा; प्रसिद्ध (2)
15. अच्छी तरह देखभाल कर अपने विचार प्रकट करना; समीक्षा करना (5,3)
16. बालक (2)
17. घंटा बजने का शब्द होना; टन-टन की आवाज; टनटनाने का भाव (6)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**

(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 8274 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 स | ■ | 2 स | ■ | 3 ल | 4 प | ल | 5 पा | ना |
| 6 म | हा | मा | री | ■ | रा | ■ | रं | ■ |
| र | ■ | ना | ■ | 7 द | म | ल | ग | ना |
| 8 स | म | र्थ | 9 क | ■ | र्श | ■ | त | ■ |
| ता | ■ | 10 क | मा | नी | दा | 11 र | ■ | 12 चू |
| ■ | 13 प | ■ | ई | ■ | 14 ता | म | सि | क |
| 15 अ | रा | ज | क | ता | ■ | णी | ■ | क |
| ■ | क्र | ■ | र | ■ | 16 आ | य | का | र |
| 17 आ | म | चु | ना | व | ■ | ता | ■ | ना |

### सुडोकू : 8257

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 8 | | | | | | |
| | 7 | | 2 | | 1 | | | 6 |
| | 1 | | | 6 | | | | |
| | | | 4 | 2 | | | | |
| 9 | | 5 | | | | 2 | | 7 |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | | | | 9 | | | 3 | |
| 1 | | | 3 | | 7 | | 4 | |
| | | | | | | 7 | | 5 |

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं. 8256

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 9 | 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 |
| 5 | 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 8 |

संपादकीय जागरण

रविवार, 22 मार्च, 2026 : चैत्र शुक्ल – 4 वि. 2083

ऊर्जा का सही उपयोग ही सफलता का सूत्र है

# कमजोर सिद्ध होते ट्रंप

**अमेरिका-इजरायल** का ईरान के खिलाफ छेड़ा गया युद्ध जिस तरह चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया, उससे यही लगता है कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान की सैन्य क्षमता का आकलन सही तरह नहीं किया। इसका प्रमाण केवल यह नहीं है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम बना हुआ है, बल्कि यह भी है कि वह इजरायल और अमेरिका के ऐसे ठिकानों को निशाना बनाने में लगा हुआ है, जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी। लगता है अमेरिका और इजरायल यह मानकर चल रहे थे कि जैसे पिछले वर्ष जून में उनके हमलों के सामने ईरान दो सप्ताह के अंदर ही एक तरह से पस्त पड़ गया था, वैसे ही इस बार भी पड़ जाएगा। यह साफ है कि ईरान ने इस आकलन को विफल कर दिया। इसका कारण यही हो सकता है कि उसने पिछले वर्ष अमेरिका एवं इजरायल के हमलों का सामना करने के बाद अपनी सैन्य तैयारियों पर खासा जोर दिया और कहीं अधिक व्यापक मारक क्षमता विकसित की। यह भी स्पष्ट ही है कि अमेरिका और इजरायल यह नहीं भांप सके कि ईरान लड़ाई को विस्तार देने के लिए खाड़ी के देशों में नागरिक ठिकानों के साथ वहां के ऊर्जा स्रोतों को भी निशाना बनाकर तेल एवं गैस संकट पैदा कर सकता है।

ईरान जिस तरह युद्ध को लंबा खींचने और उसे विस्तार देने में सक्षम है, उससे यही पता चलता है कि अमेरिका और इजरायल उसे लेकर मुगालते में रहे। ऐसा तभी होता है जब कोई अपनी रणनीति और सैन्य क्षमता को लेकर अति आत्मविश्वास अथवा अहंकार से ग्रस्त हो। इसमें संदेह नहीं कि ट्रंप अहंकार से भरे शासनाध्यक्ष हैं। शायद वेनेजुएला में आनन-फानन तख्तापलट करने में सक्षम रहने के बाद उनका अहंकार और बढ़ गया और इसीलिए उन्होंने इजरायल संग ईरान पर हमला बोल दिया। अब वे इसकी कीमत चुकाते दिख रहे हैं। वे भले ही खुद को सबसे शक्तिशाली शासनाध्यक्ष दर्शा रहे हों, लेकिन ईरान पर हमले के बाद ऊर्जा संकट गहराने के पश्चात उन्हें जिस तरह रूस से तेल खरीदने की अनुमति देनी पड़ी, वह उनकी कमजोरी का ही परिचायक रहा। नाटो देशों का उनकी मदद के लिए आगे न आना और अब उनकी ओर से यह कहना भी उनकी कमजोरी को ही बयान करता है कि अमेरिका इस युद्ध में अपने तय किए गए लक्ष्यों के काफी करीब पहुंच चुका है और वे ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों को कम करने पर विचार कर रहे हैं। पता नहीं वे सच में ऐसा सोच रहे हैं या नहीं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि ईरान में सत्ता परिवर्तन के कोई आसार नहीं। यदि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन का लक्ष्य हासिल किए बिना किसी बहाने अपने कदम पीछे खींच लेते हैं तो देश-दुनिया में उनका प्रभाव तो कम होगा ही, ईरान अमेरिका के साथ-साथ इजरायल के लिए और बड़ी चुनौती भी बन जाएगा।

# चिंताजनक स्थिति

**पानी की** कमी का सामना कर रही दिल्ली को स्थिति सुधारने के लिए गंभीर प्रयासों की आवश्यकता है। दिल्ली के पास अपना स्वतंत्र जल-स्रोत नहीं होने के कारण यह हरियाणा और उत्तर प्रदेश से मिलने वाले जल पर पूरी तरह निर्भर है। विभिन्न स्रोतों से राजधानी में लगभग 1000 मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) पानी उपलब्ध होता है, जबकि आवश्यकता 1250 एमजीडी की है। इस प्रकार दिल्ली को जरूरत से 250 एमजीडी कम पानी मिल रहा है। एक ओर पानी की उपलब्धता कम है, तो दूसरी ओर कुप्रबंधन के कारण बड़ी मात्रा में पानी की बर्बादी और चोरी हो रही है।

> दिल्ली में पेयजल संकट से निपटने के लिए एसटीपी से उपचारित पानी का उपयोग गैर पेयजल कार्यों में होना चाहिए

यह स्थिति वर्षों से प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। जल-संरक्षण और जल-प्रबंधन पर समय रहते उचित ध्यान नहीं दिया गया। राजधानी में प्रतिवर्ष औसतन 744.4 मिलीमीटर वर्षा होती है, जिसमें से लगभग 85 प्रतिशत पानी व्यर्थ हो जाता है। यदि वर्षा जल का संचयन किया जाए तो लाखों लोगों को पेयजल उपलब्ध हो सकता है। इसी प्रकार उपचारित जल के उपयोग पर भी विशेष ध्यान देना होगा। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) से प्राप्त उपचारित जल का उपयोग गैर पेयजल कार्यों में किया जा सकता है। इससे पेयजल की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है।

## कह के रहेंगे

माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या प्रीमियम पेट्रोल और औद्योगिक डीजल महंगा किया जाना तेल संकट गहराने का संकेत है?**




### आज का सवाल

क्या ईरान के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की स्थिति कमजोर होती जा रही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# अमेरिकी राष्ट्रपति की मनमानी



संजय गुप्त

**ट्रंप को एक ऐसे शासनाध्यक्ष के रूप में देखा जा रहा है, जिसने अपने अहंकार के चलते विश्व को संकट की ओर धकेल दिया**

अमेरिका की ओर से इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमले के तीन सप्ताह बीत गए, लेकिन किसी को समझ नहीं आ रहा कि आखिर अमेरिका का मंतव्य क्या है और यह युद्ध कैसे और कब रुकेगा? ईरान ने अमेरिका और इजरायल के हमले के प्रतिकार के लिए हरसंभव तरीके अपनाने की रणनीति अपना ली है। वह इजरायल को निशाना बनाने के साथ खाड़ी देशों में नागरिक ठिकानों और ऊर्जा स्रोतों पर भी इस बहाने हमले कर रहा है कि यहां अमेरिकी सैनिक अड्डे हैं। उसने खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर हमले करके युद्ध को एक नया विस्तार दे दिया है। उसने तेल और गैस की सप्लाई वाले समुद्री मार्ग होर्मुज को बाधित कर विश्व के समक्ष ऊर्जा संकट भी गहरा दिया है।

अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के साथ उनके कई सहयोगी और सैन्य अधिकारी मारे जा चुके हैं, पर इसके बाद भी वहां सत्ता परिवर्तन के कोई संकेत नहीं। प्रारंभ में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि ईरान पर हमलों का उद्देश्य वहां सत्ता परिवर्तन करना और उसकी परमाणु हथियार बनाने की क्षमता खत्म करना है। चूंकि युद्ध लंबा खिंच रहा है और तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित होने के साथ उनके मूल्य भी लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए भारत समेत कई देशों में महंगाई के साथ बेरोजगारी बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। महंगी ऊर्जा का असर यूरोप और अमेरिका में भी दिखने लगा है। ट्रंप की चुनौती इसलिए और बढ़ गई है, क्योंकि उनके इस अनुरोध को अमेरिका के मित्र राष्ट्र और यहां तक कि नाटो देश भी स्वीकार करने को तैयार नहीं कि वे होर्मुज जल मार्ग की सुरक्षा के लिए अपनी नौसेनाएं भेजें। इससे ट्रंप अलग-थलग पड़ते दिख रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तो उन्हें ऐसे शासनाध्यक्ष के रूप में देखा जा रहा है, जिसने विश्व को संकट की ओर धकेल दिया। इसके साथ ही घर में भी उनका विरोध बढ़ रहा है।

ईरान जवाबी हमले करने के साथ जिस तरह खाड़ी के देशों में ऊर्जा ठिकानों को निशाना बना रहा है, उससे साफ है कि उसका इरादा ऊर्जा संकट बढ़ाना है। अमेरिका इस संकट को कम करने में सक्षम नहीं दिख रहा। इसके बाद भी राष्ट्रपति ट्रंप का अहंकारपूर्ण रवैया जारी है। वे ऐसे सवालों से घिर रहे हैं कि अमेरिकी संसद की मंजूरी लिए बिना उन्होंने ईरान पर किस अधिकार से हमला कर दिया? उनके एक शीर्ष अधिकारी ने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि ईरान से अमेरिका को कोई खतरा नहीं था और वह परमाणु बम बनाने के करीब भी नहीं था। यह पहली बार नहीं, जब अमेरिका ने किसी देश पर मनमाने तरीके से हमला किया हो अथवा वहां जबरन सत्ता परिवर्तन कराने की कोशिश की हो। अमेरिकी राष्ट्रपतियों के ऐसे कृत्यों का एक लंबा इतिहास है। वियतनाम से लेकर इराक, अफगानिस्तान, लीबिया आदि में अमेरिका के हमले उसकी मनमानी का ही परिचायक रहे। दूसरे देशों में अमेरिका के कुछ हमलों को तो इसलिए वैधता मिली, क्योंकि या तो संयुक्त राष्ट्र ने उस देश की गतिविधियों की आलोचना करते हुए उसे विश्व शांति के लिए खतरा बताया या फिर नाटो देशों अथवा यूरोपीय संघ ने संबंधित देश में दखल देने की जरूरत जताई। ऐसे अनेक हमलों के पीछे अमेरिका ने आत्मरक्षा के अधिकार की आड़ ली या फिर संबंधित देश में जनसंहार होने अथवा वह जनसंहारक हथियार होने का खतरा दिखाया।



अवधेश राजपूत

अमेरिका ने कुछ ऐसे कानून बना रखे हैं, जो उसे किसी अन्य देश में आत्मरक्षा के नाम पर सैन्य हस्तक्षेप करने का अधिकार देते हैं। एक ऐसा ही कानून 9/11 के बाद बना था। इसे सैन्य बल उपयोग प्राधिकरण नाम से जाना जाता है। ट्रंप ने इसी कानून का सहारा लेकर ईरान पर हमला किया। उन्होंने इस हमले को सही ठहराने के लिए राष्ट्रपति की युद्ध शक्तियों का हवाला दिया। इसे कई कानूनी विशेषज्ञ अवैध बता रहे हैं, पर ट्रंप बेपरवाह हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति सेना के सर्वोच्च कमांडर होते हैं, लेकिन युद्ध की औपचारिक घोषणा करने का अधिकार संसद के पास है। राष्ट्रपति आपातकालीन स्थिति में बिना उसकी स्वीकृति के कहीं पर सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं, पर उन्हें 48 घंटे के भीतर संसद को सूचित करना होता है और यदि वहां से मंजूरी न मिले तो 60-90 दिनों के भीतर सैन्य कार्रवाई रोकनी पड़ती है। समस्या यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के पास संसद के फैसले को वीटो करने का भी अधिकार है। संसद इस वीटो को पलट तो सकती है, पर दो तिहाई बहुमत के साथ।

अमेरिका विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र में से एक है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति अपने जरूरत से ज्यादा अधिकारों का दुरुपयोग कहीं आसानी से करने में समर्थ हो जाते हैं और जब वहां ट्रंप जैसा अहंकारी राष्ट्रपति आ जाता है तो वह विश्व व्यवस्था के लिए खतरा बन जाता है। इस पर खुद अमेरिका को विचार करना चाहिए कि आखिर इतना शक्तिसंपन्न राष्ट्रपति उसके अपने कितने हित में है? अमेरिकी राष्ट्रपति जब-तब किसी भी देश पर आर्थिक प्रतिबंध लगा देते हैं। इसी तरह वे किसी भी देश के आयात पर प्रशासनिक आदेशों के सहारे मनमाने टैरिफ लगा देते हैं। यह तो गनीमत रही कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप टैरिफ को अवैध करार दिया, पर वे अन्य तरीकों से फिर से विभिन्न देशों पर टैरिफ लगाने के बहाने खोज रहे हैं। ऐसा करके वे अपनी तानाशाही मानसिकता का ही परिचय दे रहे हैं।

चूंकि अमेरिका सैन्य और आर्थिक रूप से सबसे शक्तिशाली देश है, इसलिए वह मनमानी करने में समर्थ रहता है। दूसरे देशों पर सैन्य दखल या फिर जबरन सत्ता परिवर्तन के मामले में उसका रवैया तानाशाही वाला है। ट्रंप ने अभी हाल में जिस तरह वेनेजुएला पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति का अपहरण किया, वह तानाशाही कृत्य के अलावा और कुछ नहीं। इसी तरह उन्होंने जब ग्रीनलैंड कब्जाने की धमकी दी, तो वह भी उनके मनमानेपन का ही परिचायक थी। पिछले दिनों क्यूबा पर कब्जा करने की उनकी धमकी भी मनमानी ही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसी मनमानी दिखाने में इसीलिए समर्थ हो जाते हैं, क्योंकि संविधान से उसे आवश्यकता से अधिक अधिकार मिले हुए हैं। यह स्थिति न तो अमेरिकी लोकतंत्र के लिए शुभ है और न ही विश्व व्यवस्था के लिए।

response@jagran.com

# टोपी पहनाने की कलाकारी

**हास्य-व्यंग्य**

टोपी पहनाना एक कला है। हम भारतीयों के पास यह कला सदियों से है। हर पीढ़ी इस कला की बारीकियों को अगली पीढ़ी को हस्तांतरित कर देती है। अब यह अगली पीढ़ी पर निर्भर करता है कि वह इस कला तथा कलाकारी को कितनी निपुणता से ग्रहण करती है। इस कला में वाक् कला का योगदान सबसे अहम है। प्रशंसा करना, स्तुति करना, भरोसा दिलाना, वादा करना, आश्वासन देना, भाव-भंगिमा, स्मरण शक्ति तथा झूठ बोलने में महारत हासिल होना इस कला के सहयोगी टूल्स हैं। देखा जाए तो टोपी पहनाने का इतिहास उतना ही पुराना है, जितनी पुरानी टोपियां हैं। टोपियां बनी ही हैं पहनाने के लिए। दुनिया में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है, जिसे टोपियाया नहीं जा सके अर्थात जिसे टोपी न पहनाई जा सके। योग्यता संपन्न व्यक्ति तो टैरिफ जैसे मुद्दे उछालकर पूरे विश्व को टोपी पहना देता है। कर्णधार टोपी पहनाने के लिए विभिन्न मुद्दों को ढूंढ़ते हैं। जात-पात, पंथ-संप्रदाय, आरक्षण, देशभक्ति आदि कुछ मुद्दों के सहारे टोपी पहनाने की प्रक्रिया मुकम्मल होती है। डिजिटल होते जा रहे संसार में यह कला निरंतर विस्तार लेती जा रही है।



अभिजित दुबे

> लोगों की स्तुति करने से लेकर झूठ बोलने में महारत हासिल होना इस कला के सहयोगी टूल्स हैं

कोई भी मनुष्य स्वयं टोपी नहीं पहनता। कोई-न-कोई टोपीबाज उसे पहनाता है। टोपी पहनाने की कला में निपुण व्यक्ति की पांचों अंगुलियां घी में तथा सिर कड़ाही में रहता है। देश में बहुतेरे लोग टोपी पहनाने की कला में निष्णात हैं। हर व्यक्ति दूसरे को टोपियाने के फिराक में लगा रहता है। सच कहा जाए तो देश में इस कला ने ललित कला का रूप ले लिया है। मनुष्यों के अतिरिक्त टोपी पहनाने के लिए बाजार भी तत्पर रहता है। कंपनियां टीवी एवं अन्य विज्ञापन एजेंसियों के माध्यम से अपने उत्पाद आपके अवचेतन पर चित्रित कर देती हैं। आप इन उत्पादों पर मित्र-मंडली में चर्चा प्रारंभ कर देते हैं। उसके बाद मेगा सेल, बंपर छूट, रिवार्ड्स पाइंट, एक खरीदो-एक फ्री यानी कि प्रोडक्ट प्रमोशन का लागिन डे और आप क्लीन बोल्ड। बाजार ने क्रेता को टोपी पहना दी, हाथी खरीदने पर चूहा मुफ्त पकड़ा दिया।

हमारे एक पड़ोसी हैं, जिन्हें पूरा मोहल्ला चाचाजी कहकर संबोधित करता है। उनके घर पर सुबह से ही भीड़ लगी रहती है। पहले भीड़ लगने का कारण समझ नहीं आता था, फिर एक दिन पिताजी ने समझाया कि वह बड़े टोपीबाज हैं। लोगों को बहुत ही निपुणता से टोपियाते हैं। इनकी पहुंच ऊपर तक है। कई मंत्री-संतरी के साथ खिंचाए फोटो इनके ड्राइंग रूम की शोभा बढ़ा रहे हैं। वाट्सएप पर डीपी में भी ऐसी ही फोटो लगी हैं, जो मछली पकड़ने के लिए डाले गए चारा का काम करती है। दुनिया के किसी भी कोने में कोई काम करवाना हो तो वह हाजिर रहते हैं। प्रार्थी योग्य हो या अयोग्य, उसे इच्छित जगह सेट कराने की गारंटी दे देते हैं। गारंटी भारतीयों को खूब लुभाती है। इसकी चाहत रखने वाला सहर्ष इसका मूल्य चुकाने को तैयार रहता है। टोपीबाज ऐसे ही लोगों की प्रतीक्षा करते हैं। टोपी पहनाने की इसी प्रक्रिया में चाचाजी ने किसी को विधायकी का टिकट दिलाने का दांव चल दिया और बंदे ने टोपी पहन भी ली। विधायकी मिलने की आस में लक्ष्मी को गंगा मैया की तरह बहाया। मामला तब फंस गया जब टिकट न मिलने पर लक्ष्मी की वापसी के लिए चाचाजी के घर पर धरने तक की नौबत आ गई। खैर, चाचाजी ठहरे पुराने खिलाड़ी तो उनके टोपीखाने में नई टोपी तैयार थी। जिसे विधायक का टिकट नहीं मिला, उसे अब संसद की सीढ़ी पर चढ़ाने की तैयारी में जुट गए हैं। चाचाजी के बच्चे भी बाकायदा इस कला के गुर उनसे सीख रहे हैं और नई पीढ़ी में सबसे बड़े टोपीबाज को चाचाजी विरासत सौंपने की तैयारी में भी लगे हैं। समझा जा सकता है कि इस कला को सीखने में भी कितनी प्रतिस्पर्धा है।

response@jagran.com

## ऊर्जा

### निद्रा का महत्व

नींद हर प्राणी की नैसर्गिक आवश्यकता है। प्रकृति ने हमारे जीवन के सुचारु निर्वहन के लिए दो महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं की हैं। प्रथम है-आंतरिक ऊर्जा संचयन। यह संचित ऊर्जा हमें दैनिक कार्यों को करने की शक्ति प्रदान करती है। निरंतर कर्मशील रहने के कारण एक समय ऐसा आता है, जब हमारी ऊर्जा क्रमशः समाप्त होने लगती है और हम थकान का अनुभव करते हुए आगे कार्य करने में असमर्थ हो जाते हैं। ऐसी स्थिति के लिए प्रकृति ने दूसरी नींद की व्यवस्था की है। दिन भर की थकान के बाद एक अच्छी नींद लेने से हमारे भीतर ऊर्जा का पुनः संचार हो जाता है।

कार्य के दौरान हमारी मांसपेशियों और कोशिकाओं में जो भारीपन तथा जड़ता आने लगती है, नींद उनकी मरम्मत कर विकारों को दूर करती है। पर्याप्त नींद से शरीर में हार्मोन संतुलित रहते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह तनाव को कम करने, मूड को स्थिर करने तथा एकाग्रता एवं स्मरण शक्ति बढ़ाने में सहायक होती है। नींद मस्तिष्क में दिनभर आए विषाक्त पदार्थों को साफ करती है। यह हमारे भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए एक रीसेट बटन की तरह कार्य करती है, जिससे रचनात्मकता और निर्णय लेने की क्षमता में सुधार होता है।

नींद के ये जादुई लाभ व्यक्ति को तभी प्राप्त हो सकते हैं, जब उसकी नींद गहरी और गुणवत्तापूर्ण हो। ऐसी नींद उपयुक्त शारीरिक एवं मानसिक परिश्रम से उत्पन्न थकान के बाद ही आती है। यदि कोई व्यक्ति बिना किसी परिश्रम के केवल आलस्यवश बिस्तर पर पड़े-पड़े सोने का प्रयास करता है, तो उसे नींद के वास्तविक लाभ शायद ही मिलें। अतः एक सक्रिय और ऊर्जावान जीवन के लिए मनुष्य को आलस्य का त्याग कर अपने दैनिक कार्यों में पुरुषार्थ और परिश्रम करना चाहिए। परिश्रम से न केवल भौतिक लाभ प्राप्त होंगे, बल्कि इससे आने वाली सुखद नींद व्यक्ति को सदैव स्फूर्तिवान बनाए रखेगी।

डा. अरुण कुमार तिवारी

## तथ्य-कथ्य | भारत के एलपीजी आयात में विभिन्न देशों की हिस्सेदारी

(आंकड़े वित्त वर्ष 2024-25 के, प्रतिशत में)




## असली अविश्वास

लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को भले ही तृणमूल कांग्रेस का समर्थन मिला हो, लेकिन चर्चा के दौरान दोनों दलों के बीच अविश्वास साफ झलकता दिखाई दिया। कुछ सांसदों ने तो इसे असली अविश्वास तक करार दिया। दरअसल, मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस द्वारा लाए गए महाभियोग प्रस्ताव के समर्थन के बदले कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव को तृणमूल ने समर्थन दिया था, पर सदन की कार्यवाही के दौरान यह राजनीतिक समझौता ज्यादा टिकाऊ नहीं दिखा। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जब तृणमूल सांसद सयानी घोष बोलने के लिए खड़ी हुईं, तो कांग्रेस के कई सांसद सदन से बाहर जाने लगे। इस पर पीठासीन सदस्य दिलीप सैकिया ने कांग्रेस सांसदों से विपक्ष की महिला सदस्य को ध्यान से सुनने का आग्रह किया। उन्होंने सयानी घोष से भी कहा कि वे अपने सहयोगियों से सदन में बने रहने की अपील करें। इस पर सयानी घोष ने मुस्कुराते हुए कहा, 'वैसे भी हमारा तो एकला चलो ही है, आपको पता ही है।' उनके इस जवाब पर सदन में मौजूद अन्य सदस्य हंस पड़े और माहौल कुछ देर के लिए हल्का हो गया।

## धोखा नहीं, संदेश

**राजरंग**

राजनीति में हिसाब-किताब कभी पुराना नहीं पड़ता, बस मौके का इंतजार रहता है। बिहार में राज्यसभा की पांचवीं सीट पर महागठबंधन के प्रत्याशी अमरेंद्र धारी सिंह की हार ने इस बात को एक बार फिर साबित कर दिया। राज्यसभा चुनाव के समय यह उम्मीद थी कि महागठबंधन में पुरानी बातों को भुलाकर एकजुटता दिखाई जाएगी, लेकिन सियासत में बदले का दायरा और समय, दोनों व्यापक होते हैं। राजद ने अपने प्रत्याशी के लिए जरूरी संख्या का इंतजाम कर लिया था, पर असली खेल मतदान के समय दिखा। कांग्रेस के छह में से तीन विधायकों के दांव से बाजी पलट गई। सियासी गलियारों में इसे धोखा नहीं, बल्कि स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि साझेदारी में किचकिच नहीं होनी चाहिए, वरना मौके पर हिसाब बराबर होता ही है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या यह सिर्फ एक तात्कालिक झटका है या महागठबंधन के भीतर गहराती दरारों का संकेत।



## छा गए नवीन

आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में प्रचारकों के बीच चर्चा का केंद्र भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन रहे। भाजपा के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन पहली बार आरएसएस की इस शीर्ष बैठक में शामिल हुए। तीन दिन तक चली इस बैठक में उनकी सक्रिय भागीदारी की शीर्ष नेतृत्व ने सराहना की। बैठक के बाद वरिष्ठ पदाधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करना भी उनके कामकाज की शैली को दर्शाता है। नितिन नवीन ने आरएसएस के विभिन्न आनुषंगिक संगठनों के प्रमुखों से अलग-अलग मुलाकात कर भाजपा के साथ सक्रिय सहयोग को लेकर विचार-विमर्श किया। साथ ही, उन्होंने भविष्य में भी ऐसे संवाद और समन्वय को नियमित रूप से जारी रखने पर जोर दिया। बैठक से लौटे एक वरिष्ठ आरएसएस पदाधिकारी के अनुसार, सरल शब्दों में कहें तो नितिन नवीन इस बैठक में छा गए।

## चिराग तले...

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रतिदिन कहीं न कहीं एक पौधा अवश्य लगाते हैं। यह उनकी दिनचर्या है वे जहां भी जाते हैं, वहां पौधा रोपना नहीं भूलते। कई बार तो एक ही दिन में कई पौधे रोपते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि उनके अपने कार्यालय-दिल्ली स्थित कृषि भवन के मुख्य द्वार पर लगे पौधे ही उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। कृषि भवन, जहां चार प्रमुख मंत्रालयों के कार्यालय हैं और सैकड़ों अधिकारी कार्यरत हैं, उसके प्रवेश द्वार पर हैंगिंग पौधों की सुंदर सजावट की गई थी। ये पौधे लंबे समय तक हरे-भरे और आकर्षक बने रहे, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों से इनकी देखभाल करने वाला कोई नजर नहीं आता। स्थिति यह है कि इसी द्वार से रोजाना सैकड़ों लोग आते-जाते हैं और सभी की आंखों के सामने ये पौधे पहले मुरझाए और फिर धीरे-धीरे समाप्त हो गए। यह दृश्य मानो 'चिराग तले अंधेरा' की कहावत को साकार कर देता है, जहां बाहर हर दिन हरियाली का संदेश दिया जा रहा है, वहीं अपने ही आंगन में हरियाली सूखती जा रही है।

## X पोस्ट

धुरंधर फिल्म ने एक काम बहुत सही किया कि यह लोगों को सिनेमाघरों तक वापस खींच लाई है। कोरोना काल के बाद और ओटीटी वाले युग में फिल्मों के लिए यह एक नई उम्मीद है। सत्या चौधरी@satyagodara

आखिर जिस युद्ध को जीतने का अमेरिकी रक्षा विभाग बार-बार दावा कर रहा है, उसमें फिर किसलिए 200 अरब डालर के बजट को और मंजूरी दिए जाने की मांग हो रही है? जेमी@JamieBonkiewicz

ईरान का इतना नुकसान हो चुका है कि अब और क्षति उसके लिए कोई मायने नहीं रखने वाली। जबकि सऊदी सहित खाड़ी देशों की स्थिति इतनी नाजुक है कि वे युद्ध गवारा नहीं कर सकते। सैयद शब्बार जैदी@SShabbarZaidi



पाकिस्तान का असली चरित्र दिखने लगा है। फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने शिया मौलवियों से दोटूक कहा कि अमेरिका-इजरायल के विरुद्ध युद्ध में वे यदि ईरान का समर्थन करना चाहते हैं तो वहां चले जाएं। विश्व में शिया-सुन्नी विभाजन की लकीरें चौड़ी हो रही हैं और पाकिस्तान इसकी अगुआई में जुटा है। राजा मुनीब@RajaMuneeb

## जनपथ

बिसवा सरमा खोलकर बैठे अपना द्वार,
गोगोई का आजकल उजड़ रहा घर बार।
उजड़ रहा घर बार छोड़कर जाते लीडर,
सरमा गले लगाय उन्हें ले लेते अंदर।
शिमला में आराम रहे हैं राहुल फरमा,
इधर कांग्रेस लूट रहे हैं बिसवा सरमा!

– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित
संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 246

# अर्थ जागरण

मौजूदा गिरावट सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक वैश्विक रुझान का हिस्सा है। खुदरा निवेशक धैर्य बनाए रखें और घबराहट में शेयर बेचने से बचें। - **हरीश आहूजा,** लिस्टिंग प्रमुख, एनएसई

# खाड़ी देशों के कच्चे तेल पर निर्भरता कम करेगा भारत

## पश्चिम एशिया तनाव ने बदली रणनीति, भारत की तेल खरीदारी में गैर-खाड़ी क्षेत्रों की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत तक पहुंची

जयप्रकाश रंजन ● जागरण

- रूस, अमेरिका व नाइजीरिया से बड़े पैमाने पर खरीद की तैयारी
- गैर-खाड़ी देशों की हिस्सेदारी 85% तक पहुंचने की संभावना



**नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष व होर्मुज स्ट्रेट में शिपिंग बाधाओं को देखते हुए भारत सरकार ने कच्चे तेल आयात की रणनीति में तत्काल बदलाव कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, विदेश मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के बीच उच्च-स्तरीय सामंजस्य बिठाया गया है ताकि क्षेत्रीय स्थिति स्थिर होने तक भारत अपनी 85-88 प्रतिशत आयात निर्भरता को मुख्य रूप से गैर-खाड़ी स्रोतों (रूस, अमेरिका, नाइजीरिया, पश्चिम अफ्रीका और लैटिन अमेरिका) से पूरा करे। इस रणनीति के तहत रूस से 2023-24 की तरह ही बड़े पैमाने पर क्रूड खरीद शुरू हो सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका ने हाल ही में 30 दिन की विशेष छूट दी है, जिससे रूसी तेल के 'सी-बार्न कार्गो' यानी पहले से ही तेल से समुद्र में मौजूद जहाजों की भारत तेजी से खरीद कर रहा है। नाइजीरिया और अंगोला जैसे पश्चिम अफ्रीकी देशों से भी सीधी आपूर्ति बढ़ाने के लिए रिलायंस, एचपीसीएल और अन्य रिफाइनरियां बातचीत कर रही हैं। साथ ही कुछ सौदे भी हो चुके हैं। सरकार के तीनों मंत्रालय इस फैसले को अमल में लाने को लेकर सक्रिय हैं। विदेश मंत्रालय कूटनीतिक समर्थन और अमेरिकी छूट का उपयोग करेगा, वाणिज्य मंत्रालय व्यापार समझौतों पर नजर रखेगा और पेट्रोलियम मंत्रालय रिफाइनरियों को वैकल्पिक ग्रेड्स से जोड़ेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने हाल ही में कहा कि गैर-होर्मुज स्रोत 2025 में 60 प्रतिशत थे। तनाव के बाद 70 प्रतिशत हो गए हैं। आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है।

इसी बीच सरकारी अधिकारियों का मानना है कि शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन ने ईरान को तेल की बिक्री में सशर्त छूट देने का जो फैसला किया है, उससे भारत को बहुत ज्यादा फायदा नहीं होने वाला है। बड़ा लाभ चीन को मिलेगा क्योंकि पिछले कई वर्षों से ईरान का 90 प्रतिशत से अधिक तेल चीन ही खरीद रहा है और उसके पास पहले से ही ऐसे कार्गो की खरीदारी के मजबूत नेटवर्क, रिफाइनरियां और 'शैडो फ्लीट' हैं। भारत ने 2019 के बाद ईरान से तेल आयात लगभग बंद कर दिया था। इसलिए इस छूट से नए सौदे या सीधा लाभ नहीं होगा।

**विविधीकरण से भी घटी खाड़ी से तेल की खरीद:** एतिहासिक रूप से भारत की क्रूड खरीद में खाड़ी क्षेत्र (सऊदी अरब, यूएई, ईरान) की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक थी। लेकिन पिछले दशक में विविधीकरण की नीति ने इसे काफी कम किया। फरवरी 2022 में रूस की हिस्सेदारी मात्र 0.2 प्रतिशत थी, जो 2024 में 37 प्रतिशत और 2025 में औसतन 35-36 प्रतिशत तक पहुंच गई। अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद यह 2025 में भी 33 प्रतिशत के आसपास रही। सूत्रों का कहना है कि वर्तमान तनाव और अमेरिकी छूट के बाद यह 40 प्रतिशत तक जा सकती है। भारत पहले दर्जन भर देशों से कच्चे तेल खरीदता था। आज यह 40 देशों से खरीद रहा है। अप्रैल-नवंबर 2025 में भारत का कुल तेल आयात 17.8 करोड़ टन रहा था, जिसमें छह करोड़ टन सिर्फ रूस से था।

### रूस से अतिरिक्त डिस्काउंट हासिल कर सकता है भारत

रूस, अमेरिका व नाइजीरिया पर ज्यादा निर्भरता से भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत तो होगी लेकिन इन क्षेत्रों से तेल भारत तक आने में ज्यादा वक्त लगेगा। रूस से तेल पहुंचने में औसत 15-18 दिन लगते हैं। अमेरिका से 25-31 दिन, जबकि खाड़ी से सिर्फ 4-7 दिन। साथ ही रूस से तेल खरीदने से लागत थोड़ी बढ़ने की संभावना है। इसकी भरपाई के लिए सरकार रूस से अतिरिक्त डिस्काउंट हासिल करके और स्वेज नहर के वैकल्पिक रूट का इस्तेमाल करने के लिए कूटनीतिक स्तर पर बातचीत कर रही है। वास्तव में गैर-खाड़ी स्रोतों से बढ़ी खरीद की वजह से 20 दिनों तक खाड़ी से तेल आपूर्ति तकरीबन पूरी तरह से ठप हो जाने के बावजूद भारतीय रिफाइनरियों पर कोई दबाव नहीं पड़ा। साथ ही भारत के किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल व डीजल की किल्लत नहीं है।

# मार्च में दिनों से ज्यादा संकट!



धीरेंद्र कुमार, संपादक, हिंदी डाट वैल्यूरिसर्चआनलाइन डाट काम

मार्च 2026 अब तक क्या-क्या दे चुका है। जरा सोचिए। आठ तारीख को भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता। 19 तारीख तक ईरानी ड्रोन यानबू में सऊदी अरामको की रिफाइनरी पर हमला कर रहे थे। इन 11 दिनों के बीच एक जंग ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया। ब्रेंट क्रूड 119 डालर प्रति बैरल को छू गया। कतर के सबसे बड़े गैस संयंत्र को नुकसान। अमेरिका के फेडरल रिजर्व का 3.75 प्रतिशत पर ब्याज दर रोके रखना। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन का "मूल्यों और नैतिकता" के आधार पर इस्तीफा और एआइ से जुड़ी उथलपुथल। यह सब होली, ईद और उगादी के साथ देखने को मिला। जो

**बोनस**

महीना बुमराह के वर्ल्ड कप फाइनल में चार विकेटों से शुरू हुआ था, अब उसमें रिफाइनरियों पर ड्रोन हैं। कुल मिलाकर, मार्च में दिनों से ज्यादा संकट हैं।

19 मार्च को सेंसेक्स 3.26 प्रतिशत गिरा। एक ही सत्र में करीब 10 लाख करोड़ रुपये का पूंजीकरण साफ हो गया। सेंसेक्स के सभी 30 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। अगर आप दिनभर फोन देखते रहे, तो ऐसा लगा होगा जैसे चारों तरफ से आपके वित्तीय ढांचे पर हमला हो रहा हो। यह एहसास समझ में आता है। लेकिन एहसास कोई तथ्य नहीं होता। और जो बाजार आप देख रहे थे, वो वह बाजार नहीं है जिसमें आपका पैसा लगा है।

यह एक ऐसा पैटर्न है जिसके बारे में मैं पहले भी लिख चुका हूं। दो मार्च को भी यही हुआ था, जब प्री-मार्केट में सेंसेक्स के 2,700 अंक गिरने का संकेत था, लेकिन दिन के अंत में गिरावट उसका एक छोटा-सा हिस्सा रही। यही महामारी के दौरान हुआ। प्री-मार्केट की तबाही डरावनी लगती है। क्लोजिंग प्राइस कहीं कम नाटकीय होता है और फिर भी हम इन दोनों के बीच की खाई में छुपा सबक कभी नहीं सीखते। वो सबक यह है- उधार के पैसों से निवेश करने वाले, कीमतों को बढ़ाते हैं।

जब आप फ्यूचर्स व आप्शंस मार्केट में पोजीशन लेते हैं, तो आप ऐसी पूंजी से निवेश कर रहे होते हैं जो आपसे रोज किराया वसूलती है। समय आपका दोस्त नहीं है। वो एक टिकटिक करती घड़ी है। जब रात दो बजे ब्रेंट क्रूड 119 डालर पर पहुंचता है और ईरानी ड्रोन सऊदी रिफाइनरी पर हमला करते हैं, तो कर्ज लेकर निवेश करने वाला सुबह की पूरी तस्वीर का इंतजार नहीं कर सकता। उसे तुरंत कदम उठाना पड़ता है, क्योंकि हर घंटे की देरी मार्जिन काल बन सकती है।

यह वही बाजार है जिसे आप सुबह 9:15 बजे देखते हैं। एक ऐसा बाजार जहां कई लोग उधार लेकर ट्रेड कर रहे होते हैं। जिनका निवेश घंटों में तय होता है और जहां छोटी-सी खबर भी आपात स्थिति बन जाती है। दिन में होने वाली रिकवरी बाजार के 'शांत' होने का संकेत नहीं, बल्कि असली निवेशकों के वापस नियंत्रण में आने का संकेत है। जैसे-जैसे लेवरेज्ड पाजीशन खत्म होती है, म्यूचुअल फंड और एसआइपी के जरिए निवेश करने वाले लोग फिर से कीमत तय करने लगते हैं।

यह भी सच है कि मार्च 2026 सामान्य महीना नहीं है। ऊंची तेल कीमतें, वैश्विक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताएं वास्तविक चुनौतियां हैं, जो समय के साथ बाजार को प्रभावित करेंगी। लेकिन असली समस्या धीरे-धीरे असर दिखाती है, जबकि अचानक घबराहट अक्सर उधार के पैसों से जुड़े जोखिम का नतीजा होती है। इसलिए सुबह की घबराहट को अपनी स्थिति न समझें। यह उन लोगों की आपात स्थिति है जो लेवरेज पर निर्भर हैं और उसमें शामिल होना जरूरी नहीं है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# पश्चिम एशिया संकट का बिजली आपूर्ति पर ज्यादा असर नहीं

**बिजली सचिव ने कहा, मांग पूरा करने में गैस का अधिक उपयोग नहीं, सक्रिय की जा रही अतिरिक्त बिजली क्षमता**

**नई दिल्ली, एएनआइ:** बिजली सचिव पंकज अग्रवाल का कहना है कि पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव का भारत की बिजली आपूर्ति पर ज्यादा असर पड़ने की संभावना नहीं है। भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 से इतर बातचीत में अग्रवाल ने बताया कि हम अपनी मांग को पूरा करने के लिए बहुत अधिक गैस का उपयोग नहीं करते हैं। हमारे पास गैस आधारित लगभग 2.5 गीगावाट की आफ-ग्रिड क्षमता है, जो लगातार संचालित हो रही है।

उन्होंने कहा कि अतिरिक्त गैस आधारित क्षमता केवल उच्च मांग के समय, जैसे गर्मी के दौरान उपयोग की जाती है। जब हम उच्च मांग के समय दबाव में होते हैं तो लगभग आठ गीगावाट का उपयोग करते हैं। सरकार उच्च मांग के दौरान पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त बिजली क्षमता को सक्रिय कर रही है, जिसमें आयातित कोयले पर आधारित उत्पादन भी शामिल है। हम मुंद्रा में आयातित कोयले पर आधारित संयंत्र शुरू करने जा रहे हैं, जो हमें लगभग चार हजार मेगावाट बिजली देंगे। भारत की सौर उत्पादन क्षमता पहले से ही दिन के समय की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

### चार माह में शुरू हो जाएगा कार्बन ट्रेडिंग बाजार

बिजली मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को कहा कि घरेलू कार्बन ट्रेडिंग बाजार अगले चार महीनों में शुरू हो जाएगा। यह कदम कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगाने और जलवायु कार्रवाई के लिए एक आर्थिक ढांचा तैयार करने के देश के प्रयासों में एक अहम पड़ाव साबित होगा।

# एचडीएफसी बैंक ने तीन वरिष्ठ अधिकारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद एचडीएफसी बैंक ने अपने तीन वरिष्ठ अधिकारियों को नौकरी से निकाल दिया है। यह अधिकारी बैंक की दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआइएफसी) शाखा में कार्यरत थे।

सूत्रों के अनुसार, इन तीनों वरिष्ठ अधिकारियों पर क्रेडिट सुईस के एडिशनल टियर-1 बांड की गलत बिक्री करने का आरोप है। इन आरोपों के बाद स्थानीय रेग्युलेटर दुबई फाइनेंशियल सर्विसेज अथॉरिटी ने सितंबर 2025 में सितंबर में एचडीएफसी बैंक को अपनी डीआइएफसी शाखा में नए ग्राहक जोड़ने से रोक दिया था। बैंक ने एक बयान में कहा कि उसने संयुक्त अरब अमीरात में अपनी डीआइएफसी शाखा में ग्राहक जोड़ने की जरूरतों में कुछ कमियों की पहचान की है और इस मामले की विस्तृत और निष्पक्ष समीक्षा पूरी कर ली है।

# लगातार सात प्रतिशत वृद्धि दर से 2047 तक उच्च आय वाला राष्ट्र बन सकता है भारत

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** यदि भारत लंबी अवधि में सात प्रतिशत की मजबूत दर से आगे बढ़ता है तो वर्ष 2047 तक देश एक समृद्ध और धनवान राष्ट्र बन सकता है। वाशिंगटन एक्जामिनर की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत का वृद्धि रिकार्ड प्रभावशाली रहा है और यह औसतन सात प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। विश्लेषण में कहा गया है यदि देश अगले 20 वर्षों तक इस विकास दर को बनाए रख सकता है, तो भारत उच्च-आय वाले राष्ट्रों में शामिल हो जाएगा। अभी 15 हजार डालर वार्षिक प्रति व्यक्ति आय वाले देशों को उच्च आय वाले राष्ट्र कहा जाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत इस दीर्घकालिक विकास गति को बनाए रख सकता है और 'मध्य-आय जाल'' से बच सकता है, जिसने ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और तुर्किए जैसे देशों को बाधित किया है। भारत की जनसंख्या को एक प्रमुख संरचनात्मक लाभ के रूप में पहचाना गया है और यह दुनिया की सबसे युवा प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जिसकी औसत आयु 28 वर्ष है। अमेरिका में औसत आयु लगभग 38 वर्ष है, जबकि चीन की औसत आयु करीब 41 वर्ष है। अगले दो दशकों में भारत की जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा कार्यबल में शामिल होगा, जो उत्पादक श्रम की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेगा और एक बड़े घरेलू उपभोक्ता आधार के विस्तार का समर्थन करेगा। यह जनसांख्यिकीय लाभ उच्च विकास को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

रिपोर्ट में वैश्विक सप्लाई चेन में बदलाव को एक प्रमुख अवसर के रूप में बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम अर्थव्यवस्थाएं खासतौर पर अमेरिका सप्लाई चेन में चीन से विविधता ला रहा है और भारत एक प्रमुख वैकल्पिक मैन्यूफैक्चरिंग और निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। भारत का डिजिटल इकोसिस्टम लाखों लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल कर रहा है। रिपोर्ट ने भारत की मजबूत उद्यमिता संस्कृति की बारे में भी बताया गया है जिसे बढ़ते वेंचर कैपिटल इकोसिस्टिम का समर्थन मिल रहा है।

### दीर्घकालिक विकास के लिए सरकार ने किए कई सुधार

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कराधान, न्यायिक प्रक्रियाओं और शिक्षा क्षेत्र में कई सुधार किए हैं। यह सुधारों का उद्देश्य संरचनात्मक बाधाओं को दूर करना और दीर्घकालिक विकास को बनाए रखना है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्थिक इतिहास ने दिखाया है कि कोई भी देश मजबूत पूंजी निवेश, श्रम आपूर्ति का विस्तार और प्रौद्योगिकी उन्नति के माध्यम से मध्य-आय जाल से बच सकता है।

# राष्ट्रीय जागरण

# असम में 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस, पांच दलों से किया गठबंधन

**माजुली, एएनआइ:** असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कहा कि कांग्रेस ने पांच अन्य दलों से गठबंधन किया है। पार्टी 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। असम में छह दलों का गठबंधन है। इनमें कांग्रेस, असम जातीय परिषद, रायजोर दल, माकपा, भाकपा(एमएल) व आल पार्टी हिल लीडर्स कान्फ्रेंस शामिल हैं। हमें उम्मीद है कि भाजपा विरोधी वोट नहीं बंटेंगे और सरमा की सरकार सत्ता से बाहर होगी।

## एआइएमआइएम संग 182 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव: कबीर

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● कोलकाता :** मुर्शिदाबाद जिले में प्रस्तावित 'बाबरी मस्जिद' के निर्माण स्थल पर शनिवार को पहली बार ईद की नमाज अदा की गई। बीरभूम, नदिया व पूर्वी मेदिनीपुर के साथ झारखंड से मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग जुटे। नमाज के आयोजक व आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर ने कहा कि उनकी पार्टी 182 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी 'आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' के साथ गठबंधन में है, जो आठ सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

# जो लोग बंगाल को निशाना बना रहे हैं, वे नरक में जाएं : ममता

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● कोलकाता :** बंगाल की सीएम व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा व केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग बंगाल को निशाना बना रहे हैं, लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वे जहन्नुम (नरक) में जाएं। ईद के मौके पर कोलकाता के रेड रोड पर नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए ममता ने दावा किया कि एसआइआर के जरिये बहुत से लोगों के नाम जान-बूझकर मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। ममता ने शाम में कालीघाट स्थित प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

ममता ने कहा कि हम मोदी और भाजपा को लोगों का मताधिकार नहीं छीनने देंगे। पीएम मोदी को सबसे बड़ा घुसपैठिया तक बताया। इस पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने पलटवार करते हुए कहा कि ममता का दिमाग खराब हो गया है। उन्होंने एक धार्मिक मंच का दुरुपयोग किया है। कलकत्ता खिलाफत कमेटी को ममता के बयान की निंदा करनी चाहिए।



कोलकाता के रेड रोड पर आयोजित विशेष नमाज के बाद लोगों को संबोधित करती सीएम ममता बनर्जी ● एएनआइ

## चुनाव में जाने पर भारत सेवाश्रम संघ ने संन्यासी को निकाला

**राज्य ब्यूरो, जागरण, कोलकाता :** भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस) ने विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरने पर संन्यासी स्वामी ज्योतिर्मयानंद को संगठन से निष्कासित कर दिया है। बीएसएस ने बयान जारी कर उनके कदम को राजनीतिक बताते हुए कहा कि यह संगठन के सिद्धांतों के विरुद्ध है। बीएसएस के एक अधिकारी ने बताया कि संघ की निर्णय लेने वाली शीर्ष समिति की बैठक के बाद स्वामी ज्योतिर्मयानंद को निष्कासित कर दिया गया है।

# बंगाल में एसआइआर के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण गठित

**राज्य ब्यूरो,जागरण ,कोलकाता:** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआइ) ने बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) प्रक्रिया के तहत निर्वाचक नामावली की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

उच्चतम न्यायालय के आदेश और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सिफारिश पर आयोग ने राज्य के विभिन्न जिलों के लिए अपीलीय न्यायाधिकरणों का गठन किया है। यह न्यायाधिकरण मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने के संबंध में न्यायिक अधिकारियों द्वारा दिए गए आदेशों के खिलाफ अपीलों की सुनवाई करेंगे। 19 अनुभवी पूर्व न्यायाधीशों को विभिन्न जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पूरक मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद, इच्छुक व्यक्ति आनलाइन माध्यम या भौतिक रूप से डीएम/एसडीएम कार्यालय में अपनी अपील दर्ज करा सकते हैं। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और सभी अपीलों के निपटारे के बाद ये न्यायाधिकरण समाप्त हो जाएंगे।

# अपनों के विरोध से बेहाल तृणमूल व भाजपा

**राज्य ब्यूरो, जागरण, कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव की रणभेरी बजते ही राज्य के दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी दलों तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के लिए बाहरी शत्रुओं से ज्यादा घर के 'विरोधी' चुनौती बन गए हैं। टिकट बंटवारे से असंतुष्ट कार्यकर्ताओं का गुस्सा अब सड़कों पर पोस्टर, नारेबाजी और सामूहिक इस्तीफे के रूप में फूट रहा है। बांकुड़ा से लेकर हावड़ा तक दोनों ही दल 'उम्मीदवार-कांटे' से लहूलुहान नजर आ रहे हैं।




**तृणमूल : भीतरघात और पुराने चेहरों पर अविश्वास :** सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के भीतर असंतोष भड़क रहा है। पूर्व बर्द्धमान जिले के खंडघोष और मंतेश्वर में पुराने बनाम नए की लड़ाई सड़क पर आ गई है। कई क्षेत्रों में नेताओं के करीबियों को टिकट मिलने से स्थानीय नेता खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उत्तर 24 परगना और हुगली जिलों के कुछ क्षेत्रों में भी तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उम्मीदवारों के चयन पर सवाल उठाते हुए विरोध-प्रदर्शन किया है। कार्यकर्ताओं का तर्क है कि जो नेता पिछले पांच वर्षों में जमीन पर सक्रिय नहीं थे, उन्हें फिर से थोपना हार को निमंत्रण देना है। पार्टी के नेता कल्याण बनर्जी ने दावा किया है कि ये छोटे-मोटे मतभेद हैं और पार्टी एकजुट होकर चुनाव लड़ेगी। तृणमूल ने इस बार पिछले चुनाव में जीते 74 विधायकों को टिकट नहीं दिया है। वह लोग अब निर्दलीय या अन्य किसी दल से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।

**भाजपा : 'बाहरी' बनाम 'भूमिपुत्र' की जंग :** बांकुड़ा जिले के छातना विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान विधायक सत्यनारायण मुखोपाध्याय को दोबारा टिकट दिए जाने से स्थानीय कार्यकर्ता नाराज हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधायक पड़ोसी क्षेत्र सालतोड़ा के निवासी हैं और जीतने के बाद क्षेत्र की सुध नहीं ली। कार्यकर्ताओं ने 'भूमिपुत्र'उम्मीदवार की मांग की है। वहीं, विष्णुपुर में भाजपा की महिला प्रत्याशी शुक्ला चट्टोपाध्याय के खिलाफ मर्यादा की सीमाएं लांघ दी गईं। जिले में उनके 'निजी जीवन' और 'चरित्र' को लेकर आपत्तिजनक पोस्टर लगाए गए हैं। शुक्ला ने इसे तृणमूल की साजिश बताते हुए मानहानि के मुकदमे की चेतावनी दी है, जबकि तृणमूल ने इसे भाजपा का आंतरिक कलह करार दिया। कालना में कांग्रेस से आए सिद्धार्थ मजूमदार को टिकट मिलने से क्षुब्ध कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में ताला जड़ दिया।

### हावड़ा में 'इस्तीफा'

हावड़ा के बाली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संजय सिंह को 'बाहरी' बताते हुए 70 बूथ अध्यक्षों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। दूसरी ओर, डोमजूड़ में तृणमूल में भी काफी विरोध हो रहा है। इसे लेकर पार्टी डैमेज कंट्रोल की कोशिश में है। बंगाल की सियासत अब केवल विकास या विचारधारा की नहीं, बल्कि अस्तित्व और अधिकार की लड़ाई बन गई है। यदि दोनों दलों ने समय रहते अपने कार्यकर्ताओं के इस असंतोष को शांत नहीं किया तो यह 'विरोध का कांटा' चुनावी नतीजों के गणित को बिगाड़ सकता है।

# 'गठबंधन धर्म को पुडुचेरी में हमने दो सीटें स्वीकारीं'

**पुडुचेरी, प्रेट्र:** अन्नाद्रमुक ने शनिवार को कहा कि उसने गठबंधन धर्म का सम्मान करते हुए दो सीटों से चुनाव लड़ने की सहमति जताई है। पुडुचेरी प्रदेश अन्नाद्रमुक सचिव ए. अंबलागन ने कहा, 2021 में हुए विधानसभा चुनावों में हम पांच सीटों पर लड़े और हार गए। इस बार हम दो सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं और हम दोनों जीतेंगे। कहा कि राजग सत्ता में आया तो हमारी पार्टी सत्ता में हिस्सेदारी मांगेगी। राज्य में समझौते के तहत 30 सीटों में से एआइएनआरसी को 16 व भाजपा को 14 मिली हैं। भाजपा ने अपने कोटे से अन्नाद्रमुक व लक्षिया जननायक को दो-दो सीटें दी हैं।

# केरलम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने भरा नामांकन पत्र

**तिरुअनंतपुरम, एएनआइ :** केरलम भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने चुनावों के लिए नेमोम निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया। इस दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मौजूद रहे।

# भाजपा ने विस चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भाजपा ने आगामी केरलम विधानसभा चुनावों के लिए शनिवार को 11 उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की दी। इसके साथ ही भाजपा नौ अप्रैल को होने वाले चुनावों के लिए 97 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है।

भाजपा ने तिरुअनंतपुरम से पार्टी के जिला अध्यक्ष करमना जयन को चुनाव मैदान में उतारा है। अभिनेता विवेक गोपन अरुविक्कारा से चुनाव लड़ेंगे। शनिवार को पार्टी के 40 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया।

**असम चुनाव के लिए दो और उम्मीदवारों के नाम घोषित:** पार्टी ने असम में शनिवार को दो और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। सूत्रों के अनुसार कृष्णा साहा को दलगांव से और जिबन गोगोई को सिस्सीबरगांव से मैदान में उतारा गया है। तृणमूल कांग्रेस ने असम विस चुनावों के लिए 17 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की।

## बंगाल में तृणमूल-भाजपा कार्यकर्ताओं में पोस्टर हटाने को लेकर संघर्ष, कई जख्मी

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● कोलकाता:** कोलकाता से सटे बरानगर विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को पोस्टर-बैनर हटाने को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता भिड़ गए। इसमें दोनों पक्षों के कई कार्यकर्ता जख्मी हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और त्वरित प्रतिक्रिया बल (रैफ) को उतारना पड़ा। केंद्रीय बल के जवानों को भी मौके पर भेजा गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। तृणमूल विधायक, अभिनेत्री व पार्टी की प्रत्याशी सायंतिका बनर्जी के खिलाफ भाजपा समर्थकों ने 'गो बैक' के नारे लगाए।

# नारी उत्थान की अलख जगाने वाले बंगाल में कसौटी पर महिलाओं की सुरक्षा

**बंगाल की चुनौतियां**

विशाल श्रेष्ठ ● जागरण

- विरोधी दल महिलाओं के विरुद्ध अपराध को बड़ा मुद्दा बनाने की जुगत में
- विस चुनाव में आरजी कर कांड होगा तृणमूल के लिए लिटमस टेस्ट

**कोलकाता :** नारी उत्थान की अलख जगाने वाले राजा राममोहन राय व ईश्वर चंद्र विद्यासागर का बंगाल आज महिलाओं के विरुद्ध अपराध को लेकर सवालों के घेरे में है। 2011 में ममता बनर्जी के बंगाल की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने के बाद से अब तक राज्य में महिलाओं के विरुद्ध अपराध की कुछ ऐसी वीभत्स घटनाएं हुई हैं, जिसने पूरे देश को झकझोरा है। अगस्त 2024 में कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डाक्टर से दुष्कर्म के बाद नृशंस हत्या की घटना राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी थी। इसने स्वतः स्फूर्त जनांदोलन को जन्म दिया था, जिसमें समाज के हरेक वर्ग ने शामिल होकर सड़क पर उतरकर प्रतिवाद जताया था। 'रिक्लेम द नाइट'अभियान हुए। आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में रहे जूनियर डाक्टर कामकाज छोड़ हड़ताल पर बैठ गए थे, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई थीं।



'रिक्लेम द नाइट' में प्रदर्शनकारियों की भीड़ ● फाइल फोटो

विरोधी दल इस बार महिलाओं के विरुद्ध अपराध को बड़ा मुद्दा बनाने के प्रयास में हैं। माकपा ने आरजी कर आंदोलन में पार्टी की अगुआई करने वाले अपने चार नेताओं बिकास रंजन भट्टाचार्य, कलतान दासगुप्ता, मीनाक्षी मुखर्जी व दीप्शिता धर को प्रत्याशी बनाकर यह स्पष्ट कर दिया है। वहीं, भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव के बाद इस चुनाव में भी संदेशखाली आंदोलन का चेहरा रहीं रेखा पात्र को प्रत्याशी बनाया है। संदेशखाली में महिलाओं के यौन अत्याचार की घटनाएं देशभर में चर्चा में रही थीं।

बता दें कि पिछले साल सितंबर में जारी हुए राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2023 में बंगाल में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के 34,691 मामले दर्ज हुए। उस साल तेजाब से हमले के 57 मामले दर्ज हुए, जो देश में सर्वाधिक हैं।

विरोधी दलों को विश्वास है कि ये घटनाएं लोगों के जेहन में 'खामोश तूफान की तरह हैं, जो तृणमूल को उड़ा ले जाएंगी। दूसरी तरफ सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस इसे ऊपरी तौर पर विरोधी दलों का दुष्प्रचार बता रही है, हालांकि अंदरखाने बेहद सतर्क भी है। तृणमूल के एक नेता ने कहा-'भाजपा ने रेखा पात्र को पिछले लोस चुनाव में भी प्रत्याशी बनाया था। उनका हश्र सबने देखा है। वह भारी वोटों से हार गई थीं। इस बार भी ऐसा ही होगा।

### ममता के पास है बड़ा हथियार

वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक बिश्वनाथ चक्रवर्ती मानते हैं कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध बंगाल में बेहद गंभीर मुद्दा तो है, लेकिन इस चुनाव में भी इसका विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। ममता सरकार अपनी 'लक्ष्मी भंडार योजना' से महिलाओं को साध लेगी। मुस्लिम महिलाओं का तृणमूल को पूरा समर्थन मिलते आया है। इस बार भी बरकरार रहेगा। वहीं हिंदू महिलाओं का एक बड़ा वर्ग 'लक्ष्मी भंडार' के कारण तृणमूल के पक्ष में ही जाएगा। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद शुरू हुई योजना के तहत सामान्य श्रेणी की महिलाओं को मासिक 1,500 रुपये व अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्ग की महिलाओं की 1,700 रुपये की मासिक आर्थिक सहायता की जाती है। पिछले राज्य बजट में ही इसमें 500 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पूर्व से दो करोड़ 21 लाख महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है। पिछले बजट में इसके दायरे में और 20 लाख 62 हजार महिलाओं को लाने की बात कही गई है। वहीं कुछ जानकार बताते हैं कि लक्ष्मी भंडार की काट के तौर पर ही विरोधी दल महिलाओं के विरुद्ध अपराध के मुद्दे को जोर-शोर से उठाने की तैयारी कर रहे हैं।

### दीदी को मिलता आया है महिलाओं का समर्थन

बंगाल में जनप्रतिनिधि तय करने में महिलाओं की हमेशा से बड़ी भूमिका रही है। 2021 के विस चुनाव में 82.35 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। पहले महिलाओं का रुझान वाममोर्चा की ओर था, जो 2011 में तृणमूल की तरफ शिफ्ट हो गया, हालांकि पिछले कुछ चुनावों में भाजपा को भी महिलाओं का समर्थन मिला है। 2021 के विस चुनाव में 37 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया था। कोलकाता के गिरीश पार्क इलाके की रहने वाली कामकाजी महिला पूजा बनर्जी कहती हैं कि आज के हालात देखकर डर तो लगता है, लेकिन काम पर जाना ही पड़ेगा। हावड़ा की गायत्री हालदार मानती हैं कि बंगाल में दूसरों राज्यों की तुलना में महिलाओं की सुरक्षा अच्छी है।



ममता बनर्जी ● फाइल फोटो

## किताबघर



**मेघदूत की राह के पथिक**
**मनीषा कुलश्रेष्ठ**
**यात्रा-संस्मरण**
**प्रथम संस्करण : 2026**
**राजकमल प्रकाशन प्रा.लि., नई दिल्ली**
**मूल्य : 399 रुपये**

# काव्य और भूगोल के बीच यायावरी

**आपने कभी किसी** कविता के साथ यात्रा करने की कल्पना की है? मनीषा कुलश्रेष्ठ की 'मेघदूत की राह के पथिक' इस असंभव-सी लगने वाली इच्छा को साकार करती है। इसे मात्र यात्रा-संस्मरण कहना इसे सीमित कर देना होगा, क्योंकि यहां कालिदास का मेघदूत पन्नों से उतरकर मार्गों पर जीवित हो उठता है और लेखिका उसके पीछे-पीछे नहीं, बल्कि अलग-अलग कालों में एक ही पथ पर चलने वाले दो यात्रियों के बीच एक अनकहा संवाद रचती हैं। उनका किशोरावस्था में मेघदूत से शुरू हुआ यह संबंध, बाबा नागार्जुन के माध्यम से अधिक आत्मीय होता हुआ अंततः एक दिन उन रास्तों पर चल पड़ने की आकांक्षा में बदलता है।



यतीन्द्र मिश्र

आरंभ में कालिदास और मेघदूतम् का परिचय पाठक को इस यात्रा के भाव और परिप्रेक्ष्य से जोड़ता है। 'पूर्वमेघ' और 'उत्तरमेघ' दो खंडों में यह गीतिकाव्य पहले यक्ष की रामगिरि से अलकापुरी की यात्रा का चित्र खींचता है, तो दूसरे में विरह-संदेश को आकार देता है। यहां प्रकृति, मनुष्य, व्यष्टि, समष्टि, वेदना और उल्लास, जीवन के विविध आयाम एक ही रंग में रचे-बसे प्रतीत होते हैं। अपनी जिज्ञासा को निरंतर साथ लिए लेखिका मेघदूत के प्रस्थान-बिंदु और मार्ग को लेकर प्रचलित विभिन्न मतों को जीकर समझती हैं। रामटेक (महाराष्ट्र) और रामगढ़ (छत्तीसगढ़), दोनों संभावित आरंभ-बिंदुओं से यात्रा आरंभ कर, आम्रकूट के संदर्भ में पचमढ़ी और अमरकंटक को अपने अनुभव में समेटती हैं। देवगिरि स्थित स्कंद मंदिर की खोज उन्हें ललितपुर तक ले जाती है।

सरगुजा के महेशपुर का शिवमंदिर, मैनपाट का बौद्ध गोंपा, रामटेक के नागार्जुनकालीन विग्रह, अमरकंटक का नर्मदा-उद्गम, विदिशा और पचमढ़ी की सांस्कृतिक परतें। यह यात्रा आगे उज्जैन के महाकाल, मंदसौर के पशुपतिनाथ, कनखल (हरिद्वार) के दक्ष मंदिर-सतीकुंड, गंगोत्री के शिवपदन्यास से गुजरती हुई कैलास तक पहुंचती है। कैलास के समक्ष यह अनुभूति कि क्या यह शिव-यात्रा थी, राम के पदचिह्नों का अनुसरण या बोधिसत्व के चरण-कमलों का अनुगमन, दरअसल भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की अद्भुत अंतःसलिला को उद्घाटित करता है, जो इस यात्रा-संस्मरण का आत्मा है। 1857 में कैप्टन फोर्सिथ द्वारा खोजी गई रमणीय पचमढ़ी के इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य का उल्लेख करते हुए लेखिका बताती हैं कि यहां से सतपुड़ा की चौरादेव, महादेव और धूपगढ़ चोटियां देखी जा सकती हैं; साथ ही यहां बढ़ते प्रदूषण और अव्यवस्थित पर्यटन पर वे गंभीर चिंता भी व्यक्त करती हैं। निस्संदेह मिथक और यथार्थ के बीच संतुलन रखते हुए उन्होंने रामगिरि से अलकापुरी तक फैले उन मार्गों को अपने पैरों से नापा है, जहां कभी महाकवि कालिदास की दृष्टि ने काव्य का भूगोल रचा होगा। इन पथों पर आज भी लोककथाओं की गूंज और सांस्कृतिक स्मृतियां जीवित हैं। अलकापुरी की कल्पना को वैज्ञानिक दृष्टि से देखने जैसे उदाहरण दिखाते हैं कि इसमें अनुभव और अध्ययन साथ चलते हैं। लेखिका के शब्दों में, ऐसी यात्राएं आपको बदलती हैं, आपकी स्मृतियों, चेतना और आपके अस्तित्व पर अपने चिह्न छोड़ जाती हैं।



**गवर्नर्स आफ एंपायर**
**अमर फारूकी**
**कथेतर**
**प्रथम संस्करण: 2025**
**एलेफ बुक कंपनी, नई दिल्ली**
**मूल्य : 999 रुपये**

# औपनिवेशिक सत्ता के सूत्रधार

**इतिहासकार अमर फारूकी** की 'गवर्नर्स आफ एंपायर' उस ऐतिहासिक प्रक्रिया की पड़ताल है, जिसमें एक व्यापारिक कंपनी धीरे-धीरे राजनीतिक शक्ति में संगठित होकर औपनिवेशिक सत्ता में रूपांतरित होती है। अगस्त 1608 में ईस्ट इंडिया कंपनी का जहाज हेक्टर सूरत के तट पर पहुंचा, जो 1601 में शुरू कंपनी के आरंभिक समुद्री व्यापारिक अभियान का हिस्सा था। इस घटना ने आगे भारत की संपूर्ण राजनीतिक दिशा ही बदल दी। प्रारंभ में कंपनी मुगल साम्राज्य के सामने केवल याचिकाकर्ता थी, किंतु 18वीं शताब्दी में सत्ता-संतुलन बदलते ही अंग्रेज भारत के वास्तविक शासक बन गए।

आठ अध्यायों में पुस्तक 1773 में गवर्नर-जनरल पद के आरंभ से 1857 के बाद सत्ता के ब्रिटिश क्राउन को हस्तांतरण तक की प्रक्रिया को रेखांकित करती है। पुस्तक के केंद्र में वे प्रभावशाली गवर्नर हैं जिनके व्यापार, कूटनीति, सैन्य शक्ति और राजनीतिक छल ने भारत में ब्रिटिश प्रभुत्व की नींव रखी। पुस्तक इनके जीवन, नीतियों और महत्वाकांक्षाओं को सामने लाती है। राबर्ट क्लाइव, जिन्हें ब्रिटिश साम्राज्यवादी विस्तार के एक प्रमुख प्रतिनिधि के रूप में देखा जाता है, ने बंगाल के अधिग्रहण में निर्णायक भूमिका निभाई। उनके बाद वारेन हेस्टिंग्स आए, जिन्होंने बंगाल-बिहार में सत्ता को सुदृढ़ किया। फिर आया चार्ल्स कार्नवालिस का शासन, जिसे औपनिवेशिक इतिहासलेखन ब्रिटिश शासन का स्वर्ण युग बताता रहा है। जान शोर, राबर्ट होबार्ट और रिचर्ड वेलेजली के बाद लार्ड मोइरा ने मराठा शासन का अंत किया, जबकि विलियम बेंटिंक का शासन अपेक्षाकृत शांत रहा, जिनमें सती प्रथा उन्मूलन भी शामिल है। इसके बाद लार्ड डलहौजी ने पंजाब और अवध के विलय से कंपनी के साम्राज्य का विस्तार किया। अंततः चार्ल्स कैनिंग और फिर जान लारेंस, साम्राज्य की कहानी को 1870 तक पहुंचाते हैं।

ईस्ट इंडिया कंपनी का अस्तित्व 1874 में समाप्त हुआ। भारत में अत्यंत शक्तिशाली ये गवर्नर स्वदेश लौटने पर प्रायः राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक हो जाते थे और कभी-कभार ही उनसे परामर्श लिया जाता। ये मूलतः ब्रिटिश प्रतिनिधि थे, भारत उनके लिए केवल शासन स्थल था, स्थायी घर नहीं। 1773-1948 के बीच केवल दो ही गवर्नर-जनरल (कार्नवालिस और एल्गिन) भारत में दफन हुए, क्योंकि उनकी मृत्यु यहीं पर हुई। औपनिवेशिक राज्य का उद्देश्य भारतीय संसाधन निकालकर ब्रिटेन भेजना था और गवर्नर इसी शोषणकारी तंत्र की एक कड़ी थे; जिसके अन्य केंद्र लंदन में कंपनी मुख्यालय और स्वयं ब्रिटिश सरकार थी। कंपनी के निदेशक भारत में कार्यरत अधिकारियों पर कड़ा नियंत्रण रखते और कंपनी के जहाजों पर भी सख्त अनुशासन लागू था। पुस्तक में मुगल सत्ता के क्षरण, आर्थिक शोषण, राजस्व-नीतियों से उत्पन्न अकालों और स्वदेशी शक्तियों के विघटन को भी रेखांकित किया गया है। अभिलेखों और समकालीन स्रोतों पर आधारित सुसंगत शोध, संतुलित दृष्टि और रोचक प्रस्तुति!

*आप भी कुछ कहना चाहते हैं...* **kitabghar@nda.jagran.com**

## विश्व साहित्य



अपराध की दुनिया में उतर जाने वाले बच्चों-किशोरों का वर्तमान और भविष्य दोनों ही अंधकारमय हो जाता है। मासूम उम्र में जरायम के फिसलन भरे रास्तों से गुजरती चार्ल्स डिकेंस की विश्वप्रसिद्ध कहानी 'द प्रिजनर्स वैन' का अनूदित अंश...

# कैदियों वाली गाड़ी

चार्ल्स डिकेंस (7 फरवरी, 1812 - 9 जून, 1870) विक्टोरियन युग के लोकप्रिय अंग्रेजी उपन्यासकार और कहानीकार थे। अपनी रचनाओं में डिकेंस ने तत्कालीन अंग्रेजी समाज की कुप्रथाओं और कुरीतियों पर चोट की है। अनाथालय, स्कूल, सरकारी दफ्तर, न्यायालय, जेल, फैक्टरियां सभी उनके लेखन के दायरे में थे। उनकी लेखनशैली इतनी लोकप्रिय हुई कि आज भी उनकी कहानियां और उपन्यास कई देशों में पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं।



एक दिन दुपहरिया के बाद हम बो-स्ट्रीट के कोने से गुजर रहे थे कि हमने देखा कि वहां पर पुलिस चौकी के सामने बहुत से लोग इकट्ठा थे। वहां पर लगभग 30-40 लोग थे। कुछ लोग फुटपाथ पर खड़े थे तो कुछ सड़क के दूसरी ओर। यह साफ जाहिर था कि वे सब लोग किसी के आने की आशा में वहां खड़े थे। हमने भी कुछ मिनट वहां ठहरकर इंतजार किया, पर कुछ भी नहीं हुआ। फिर हमने वहीं पास में बैठे मोची, जो फटे-पुराने कपड़े पहने था और जिसकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी, से पूछा, 'क्या मामला है, भाई, आपको कुछ पता है?'

उस मोची ने हमें ऊपर से नीचे तक देखा, फिर बोला, 'कुछ भी नहीं।'

अब हमें यह पता था कि यदि दो आदमी कहीं पर खड़े होकर किसी दिशा में देखने लगें तो वहां कुछ ही देर में 100-200 आदमियों की भीड़ इकट्ठा हो जाएगी और सब लोग उसी ओर देखने लगेंगे तथा आपस में खुसुर-फुसुर करने लगेंगे। पर हमें यह नहीं पता था कि लोगों की कोई भीड़ भी किसी सड़क या गली में ज्यादा देर तक बिना आपस में कुछ हंसी-मजाक किए रुक सकती थी।

उसके बाद हमने उस मोची से फिर पूछा, 'आखिरकार ये सब लोग यहां पर किस चीज का इंतजार कर रहे हैं?'

उसने जवाब दिया, 'हर मैजेस्टीस कैरियेज।' (रानी की गाड़ी के लिए)। इस जवाब ने हमें और भ्रमित कर दिया। हमें कुछ भी नहीं समझ में आया कि 'हर मैजेस्टीज कैरियेज' इस वक्त यहां इस पुलिस स्टेशन के पास क्यों आएगी? हम अभी इस सोच-विचार में पड़े थे कि भीड़ में से कुछ लोग और लड़कों की आबादी आई!

'यह रही गाड़ी! ये वैन आ गई।'

फिर हमने सिर उठाकर सड़क की ओर देखा। बंद गाड़ी, जिसमें अलग-अलग पुलिस थानों में से कैदियों को भिन्न-भिन्न जेलों में भेजा जाना था, पूरी रफ्तार से आ रही थी। तब जाकर मुझे समझ में आया कि बंदी गाड़ी, जिसमें कैदियों को ले जाया जाता था, उसे ही हर मैजेस्टीज कैरियेज बोलते थे, जिससे लोगों को लगे कि उन्हें सम्मानपूर्वक ले जाया जा रहा था और राजकीय कोष से उसका खर्च दिया जा रहा था तथा जेलों में भी उन्हें उन दिनों (पता नहीं क्यों) 'हर मैजेस्टीज जेल' कहते थे!

वैन पुलिस आफिस के सामने आकर रुक गई और सारे आवारा टाइप के लौंडे-लफंगे और हमारी तरह के अन्य लोग सीढ़ियों के इर्द-गिर्द खड़े हो गए। वैन में से ड्राइवर और एक अन्य आदमी, जो उसके साथ बैठा था, उतरकर पुलिस आफिस में जाने के लिए सीढ़ियों पर चढ़ने लगे। लोगों ने उनके लिए रास्ता छोड़ दिया। हमारे मित्र और वह मोची भी आगे बढ़े। पुलिस आफिस का दरवाजा खुला। वे लोग फटाफट अंदर दाखिल हो गए तथा दरवाजा खट से बंद हो गया। अन्य लोग आशापूर्ण निगाहों से दरवाजे की ओर देखने लगे।

कुछ मिनटों बाद दरवाजा खुला और वहां से दो बंदी निकले। वे दोनों लड़कियां थीं, जिसमें से बड़ी 16 साल की रही होगी और दूसरी छोटी अभी 14 वर्ष की शायद नहीं हुई थी। उनके चेहरे-मोहरे से लगता था कि शायद वे बहनें थीं और उनको देखने से भी लगता था कि वे दोनों ही बहुत गरीब घर की थीं। पर उन दोनों ने उस वक्त सस्ते व भड़कीले कपड़े पहने हुए थे और पुलिस ने उन दोनों को एक ही हथकड़ी से जकड़ रखा था। छोटीवाली लड़की बहुत बुरी तरह रो रही थी, इसलिए नहीं कि उसका कोई असर पड़े या दिखाने के लिए, बल्कि इसलिए कि वह बहुत शर्मिंदा थी। उसने अपना चेहरा अपने रूमाल में छुपा रखा था और वह बहुत दुखी प्रतीत हो रही थी।

'एमिली, यहां पर तुम्हें कितने दिन रखा जाएगा?' लाल मुंहवाली एक महिला ने भीड़ में से चिल्लाकर पूछा। 'छह हफ्ते की कैद बमशक्कत।' बड़ी बहन ने कुछ हंसते हुए उत्तर दिया। 'और यह स्टोन जग से बेहतर है, सेशन की डील मिल से बेहतर है और यह बेला है, जो पहली बार जेल जा रही है। अपना सिर उठाओ, बेबी।' उसने कुछ हंसते हुए कहा और अपनी छोटी बहन के चेहरे से रूमाल हटा दिया। 'अपना सिर ऊपर उठाओ और लोगों को दिखाओ। मैं ईर्ष्यालु हूं, तुम कितनी लोकप्रिय होने जा रही हो!'

'ठीक है, ठीक है...।' एक आदमी, जिसने कागज की टोपी पहनी हुई थी, भीड़ में से चिल्लाया, जो इस प्रकरण से खुश था।

'ओह इस सब में क्या गड़बड़ी है...?' बड़ी लड़की फिर बोली।

'अंदर आ जाओ, तुम दोनों...।' ड्राइवर बीच में बोला।

'कोचमैन, तुम कोई जल्दी नहीं करना और याद रखना, मैं कोल्ड बाथ में बड़े से घर में, जिसमें अच्छा लान हो और सामने गार्डन में ऊंची दीवार हो- में रहना चाहूंगी। अरे बेला, तुम यह क्या कर रही हो? तुम तो मेरी बांह ही उखाड़ दोगी।' वह भीड़ की आंखों से बचने के लिए जल्दी से कोच की सीढ़ियों पर चढ़ गई थी। एक ही हथकड़ी से बंधी रहने के कारण बड़ी बहन का हाथ भी जोर से खिंचा जा रहा था। वे दोनों फिर किसी तरह से खींच-तान कर गाड़ी में बैठ गईं।

इन दोनों लड़कियों को इनकी अधम और लालची मां ने सड़कों पर खाने-कमाने के लिए फेंक दिया था। चाहे जिस प्रकार से वे रहें। जो पहले बड़ी बहन करती थी-छोटे-छोटे अपराध, वही अब वह छोटी बहन से करवाती थी। यह एक ट्रैजिक ड्रामा था, जिसका कई बार मंचन होता था। खुदा जाने, उनका क्या भविष्य होगा! आप लंदन की पुलिस और गलियों की ओर देखिए, ये सब चीजें आम हो गई हैं और इनकी ओर शायद ही कोई ध्यान देता है। इन लड़कियों (या लड़कों) की अपराधी प्रवृत्ति इतनी तेजी से बढ़ेगी, जैसे कि प्लेग महामारी। ये अधिकतर अकेली होती हैं, समाज द्वारा तिरस्कृत व उपेक्षित और न ही इनके ऊपर किसी को दया आती है।

फिर और कैदी लड़के हैं – 10 साल या इनसे ऊपर की उम्र के। पर अपराध की दुनिया में ये इतने पक्के हो चुके हैं, जैसे कोई 40-50 साल का अपराधी हो। ये लोग बड़ी ही आसानी से जेल चले जाते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि वहां पर रहने-खाने को तो मिल ही जाएगा और भयानक सर्दी से भी बच जाएंगे। इन लोगों का भविष्य बर्बाद हो चुका है। वे चरित्रहीन हो जाते हैं। उनके परिवार नष्ट हो जाते हैं। उनके पहले जुर्म के साथ ही। तथापि हमारी जिज्ञासा शांत हुई थी। पहले दल ने हमारे ऊपर जो छाप डाल दी, वही काफी था। भीड़ तितर-बितर हो गई। बंदियोंवाली गाड़ी चली गई, जिसमें वे अभागे बैठे थे और हमने उसे फिर कभी नहीं देखा!

**(प्रभात पेपरबैक्स की 'चार्ल्स डिकेंस की विश्वप्रसिद्ध कहानियां' से साभार)**

## बलिदान दिवस-23 मार्च



वह कौन सा भारत था, जिसके लिए भगत सिंह ने अपने प्राणों का बलिदान किया। उनकी वैचारिकी को समझाने का प्रयास कर रहे हैं अरुण आनंद...

# भगत सिंह का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद



पंजाब के फिरोजपुर जिले में हुसैनीवाला राष्ट्रीय शहीद स्मारक स्थित राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव की प्रतिमा

**23 मार्च 1931** को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी। देश इस दिन को 'बलिदान दिवस' के रूप में स्मरण करता है। उनके बलिदान ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया। किंतु समय के साथ इस बलिदान की व्याख्या, अक्सर एक विशेष वैचारिक दृष्टिकोण के माध्यम से की जाती रही। पाठ्य-पुस्तकों, लेखों और सार्वजनिक विमर्श में विशेष रूप से भगत सिंह को एक मार्क्सवादी क्रांतिकारी के रूप में स्थापित करने का प्रयास हुआ, जबकि विनायक दामोदर सावरकर जैसे क्रांतिकारी को प्रायः सांप्रदायिक खांचे में रखकर प्रस्तुत किया गया। परंतु जब इतिहास के पन्नों को ध्यान से देखा जाता है तो एक अलग ही तस्वीर सामने आती है। वास्तव में भगत सिंह और सावरकर, दोनों ही भारत को एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में देखते थे और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा से प्रेरित थे। एक-दूसरे के विचारों और कार्यों का उन पर गहरा प्रभाव था। वीर सावरकर और भगत सिंह के संबंधों से जुड़े कई ऐतिहासिक तथ्य इस बात की पुष्टि करते हैं।

### पुख्ता है प्रमाण

प्रसिद्ध मराठी इतिहासकार य. दि. फड़के के अनुसार, भगत सिंह सावरकर को बतौर क्रांतिकारी एक आदर्श के रूप में देखते थे। उन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम पर सावरकर की प्रसिद्ध पुस्तक '1857 का स्वातंत्र्य समर' का अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित कराया और उसे क्रांतिकारियों के बीच प्रचारित भी किया। (संदर्भ- शोध सावरकरांचा, य. दि. फडके, श्रीविद्या प्रकाशन, पुणे)

सावरकर की एक अन्य पुस्तक 'हिंदूपदपादशाही' का भी भगत सिंह पर प्रभाव दिखाई देता है। अपनी जेल डायरी में उन्होंने इस पुस्तक से कई उद्धरण दर्ज किए हैं। उदाहरण के लिए-

'बलिदान की सराहना केवल तभी की जाती है जब बलिदान वास्तविक हो या सफलता के लिए अनिवार्य रूप से आवश्यक हो। लेकिन जो बलिदान अंततः सफलता की ओर नहीं ले जाता है, वह आत्मघाती है और इसलिए मराठा युद्धनीति में उसका कोई स्थान नहीं था।' (हिंदूपदपादशाही, पृष्ठ 257) और साथ ही 'वीरता के कार्य किए बिना, वीरता का प्रदर्शन किए बिना और साहस के साथ इतिहास रचे बिना इतिहास लिखना हमारे समय का एक बुरा स्वप्न है। वीरता को वास्तविकता में बदलने का अवसर न मिलना हमारे लिए खेद का विषय है।' (हिंदूपदपादशाही, पृष्ठ 265-266)

### स्पष्ट था सम्मान

भगत सिंह के लेखन में भी सावरकर के प्रति सम्मान स्पष्ट दिखाई देता है। कोलकाता से निकलने वाले साप्ताहिक 'मतवाला' के 15 और 22 नवंबर 1924 के अंक में उनका एक लेख 'विश्व प्रेम' शीर्षक से प्रकाशित हुआ था। इसमें वे लिखते हैं- 'विश्वप्रेमी वह वीर है जिसे भीषण विप्लववादी, कट्टर अराजकतावादी कहने में हम लोग तनिक भी लज्जा नहीं समझते – वही वीर सावरकर। विश्वप्रेम की तरंग में आकर वे घास पर चलते-चलते रुक जाते कि कहीं कोमल घास पैरों तले न मसली जाए।' यह लेख बलवंत सिंह के छद्म नाम से लिखा गया था। (संदर्भ- भगतसिंह और उनके साथियों के संपूर्ण उपलब्ध दस्तावेज, पृष्ठ संख्या 93, पुनर्मुद्रण मई 2019, राहुल फाउंडेशन, लखनऊ)। ध्यान देने योग्य बात यह है कि जिस समय भगत सिंह ने यह लेख लिखा, उस समय सावरकर रत्नागिरी में नजरबंद थे और उन पर राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा हुआ था।

इसी प्रकार भगत सिंह ने 'किरती' नामक प्रकाशन में मार्च 1928 से अक्टूबर 1928 तक 'आजादी की भेंट शहादतें' शीर्षक से एक लेखमाला लिखी। इसमें कर्जन वायली की हत्या करने वाले क्रांतिकारी मदनलाल ढींगरा और सावरकर का उल्लेख करते हुए वे लिखते हैं- 'स्वदेशी आंदोलन का असर इंग्लैंड तक भी पहुंचा और वहां पहुंचते ही श्री सावरकर ने 'इंडिया हाउस' नामक सभा की स्थापना की। मदनलाल भी उसके सदस्य बने एक दिन रात को श्री सावरकर और मदनलाल ढींगरा बहुत देर तक मशवरा करते रहे। अपनी जान तक दे देने के साहस की परीक्षा लेने के लिए सावरकर ने मदनलाल से जमीन पर हाथ रखने को कहा और उनके हाथ पर सुआ गाड़ दिया, लेकिन उस पंजाबी वीर ने आह तक नहीं भरी। सुआ निकाल लिया गया। दोनों की आंखों में आंसू भर आए और वे एक-दूसरे के गले लग गए। आहा, वह समय कितना सुंदर था हम दुनियादार लोग क्या जानें कि देश और कौम के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वे लोग कितने ऊंचे, कितने पवित्र और कितने पूजनीय होते हैं!' (संदर्भ- भगतसिंह और उनके साथियों के संपूर्ण उपलब्ध दस्तावेज, पृष्ठ संख्या 166-168)

### शोक में काला ध्वज

23 मार्च 1931 को जब भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई, तब सावरकर ने उनकी स्मृति में एक कविता लिखी-

'हा, भगत सिंह, हाय हा!
चढ़ गया फांसी पर तू वीर हमारे लिए, हाय हा!
राजगुरु तू, हाय हा!
वीर कुमार, राष्ट्रसमर में हुआ शहीद,
हाय हा! जय जय हा!'

रत्नागिरी में सावरकर के घर हमेशा भगवा झंडा फहराया जाता था किंतु भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान के अगले दिन काला झंडा फहराया गया। यह उनके प्रति सावरकर की श्रद्धांजलि का प्रतीक था। भगत सिंह के साथियों-जैसे भगवतीचरण वोरा ने भी अपने लेखन में सावरकर और उनके साहित्य के प्रभाव का उल्लेख किया है। इन संदर्भों का विस्तृत विवरण 'भगतसिंह और उनके साथियों के संपूर्ण उपलब्ध दस्तावेज' में है।

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

## टैरो कार्ड्स



मां प्रेम ऋतंभरा

### सितारे बोलते हैं
**22 से 28 मार्च, 2026**

**ओशो कहते हैं,** जीना और रचनात्मक होना दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जो कुछ भी आप कर रहे हैं, यदि आप उसमें आनंद ले रहे हैं और उसे प्रेम से कर रहे हैं, तो वह कार्य अपने आप रचनात्मक बन जाता है।

**मेष (ARIES) (21 मार्च-20 अप्रैल)** शुभ अंक: 7 शुभ रंग: एमराल्ड ग्रीन
अटके हुए कामों और आर्थिक समस्याओं को दूर करने के लिए तेजी से कदम उठाने का समय है। सप्ताह के अंत तक सेहत और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रिश्तों में भावुक होकर प्रतिक्रिया देने से बचें, चीजों को संतुलित नजरिए से देखें। पुरानी कड़वाहट को भुलाकर मित्रों से संबंध सुधारें। अपनी गरिमा पहचानें और दिखावे की राजनीति से दूर रहें। यात्रा के योग हैं।

**वृष (TAURUS) (21 अप्रैल-21 मई)** शुभ अंक: 4 शुभ रंग: गोल्डन यलो
यह सप्ताह नई शुरुआत और सफलताओं का है। आपकी ऊर्जा और उत्साह दूसरों को भी प्रेरित करेगा। करियर में आपको बड़ी जिम्मेदारी या अधिकार मिल सकते हैं, जिससे लक्ष्य हासिल करना आसान होगा। व्यापार में सही अवसर और लोग आपसे जुड़ेंगे। घमंड और जल्दबाजी में गुस्सा करने से बचें। परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा। अपनी सच्चाई के साथ निडर होकर जिएं।

**मिथुन (GEMINI) (22 मई-21 जून)** शुभ अंक: 6 शुभ रंग: स्काई ब्लू
पेशेवर मामलों में आपका दिमाग स्पष्ट और संगठित रहेगा। आप कठिन मुद्दों को भी आसानी से सुलझा लेंगे। सफलता की सीढ़ी चढ़ते समय अहंकार को बीच में न आने दें। जरूरत पड़ने पर दूसरों की मदद जरूर लें। सेहत अच्छी रहेगी और आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। निजी रिश्तों में बहस के बजाय प्रेम और स्वीकार्यता से काम लें। खुद के साथ समय बिताना आपको मानसिक शांति देगा।

**कर्क (CANCER) (22 जून-22 जुलाई)** शुभ अंक: 7 शुभ रंग: डीप रेड
हिम्मत जुटाने और कड़े फैसले लेने का समय है। बाधाओं से घबराने के बजाय अपनी जिम्मेदारियों को समझें। सेहत के प्रति जागरूक रहें और दूसरों की मदद करते हुए अपनी ऊर्जा को पूरी तरह खत्म न होने दें। हर काम में परफेक्शन ढूंढना तनाव दे सकता है, इसलिए चीजों को सहजता से स्वीकार करें। समय के साथ कठिन परिस्थितियां अपने आप सुधर जाएंगी। ध्यान और चिंतन से आपको सही रास्ता मिलेगा।

**सिंह (LEO) (23 जुलाई-23 अगस्त)** शुभ अंक: 9 शुभ रंग: ओशियन ब्लू
अंतर्मन की आवाज पर भरोसा करें। बिजनेस और करियर में लक्ष्य प्राप्ति के योग हैं। निजी जीवन में रोमांस और खुशियां बढ़ेंगी। माता-पिता या पिता समान किसी व्यक्ति से संपर्क करें, उनकी सलाह महत्वपूर्ण होगी। काम की व्यस्तता के बीच अपनों के लिए समय निकालना न भूलें। स्वभाव में संवेदनशीलता रखें और कड़वी बातें कहने से बचें। अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का यह सही समय है।

**कन्या (VIRGO) (24 अगस्त-23 सितंबर)** शुभ अंक: 3 शुभ रंग: लोटस पिंक
कार्यक्षेत्र में कुछ बेहतरीन या नया करने के लिए तैयार हैं। मधुर व्यवहार से पुराने विवाद सुलझ सकते हैं। किस्मत का साथ मिलने से आर्थिक और व्यक्तिगत मामलों में सफलता मिलेगी। बैठकों या चर्चाओं में आपकी बुद्धिमत्ता की तारीफ होगी। महिलाओं या बच्चों से जुड़े कार्यों में व्यस्तता रह सकती है। अंतरात्मा की सुनें, आपको हर समस्या का सही समाधान मिल जाएगा।

**तुला (LIBRA) (24 सितंबर-23 अक्टूबर)** शुभ अंक: 4 शुभ रंग: फारेस्ट ग्रीन
पुरानी सीमाओं और बंधे-बंधाए शेड्यूल को तोड़कर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। लोगों से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिलेंगी, लेकिन ज्यादातर आपके पक्ष में रहेंगी। विदेश से मेहमानों के आने, यात्रा और महत्वपूर्ण समाचार मिलने के योग हैं। बजट का ध्यान रखें और दिखावे से बचें। आत्मविश्वास से लिए गए फैसले लाभ देंगे। कार्यक्षेत्र में आपके नए और मौलिक विचार सबको हैरान कर देंगे।

**वृश्चिक (SCORPIO) (24 अक्टूबर-22 नवंबर)** शुभ अंक: 8 शुभ रंग : साफ्ट पिंक
आलस्य से बचें, क्योंकि बिजनेस में मिली अस्थायी सफलता को बरकरार रखने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। सप्ताह की शुरुआत में पेशेवर और भावनात्मक रूप से थोड़ा अस्थिर महसूस कर सकते हैं। सफलता की सीढ़ी चढ़ने के लिए जल्दबाजी के बजाय धैर्य से काम लें। घर और दफ्तर के बीच तालमेल बिठाने में थोड़ी मुश्किल हो सकती है, इसलिए शांत रहें और सकारात्मक सोचें।

**धनु (SAGITTARIUS) (23 नवंबर-23 दिसंबर)** शुभ अंक: 6 शुभ रंग: सैफ्रन
आप थोड़े भावुक और संवेदनशील रह सकते हैं, इसलिए बातों को दिल पर लेने के बजाय रिश्तों में उदार बनें। जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करें और याद रखें कि 'यह वक्त भी गुजर जाएगा'। सेहत सुधारने के लिए योग और डाइट पर ध्यान देने का सही समय है। सामाजिक जीवन शानदार रहेगा और नामचीन लोगों से मुलाकात होगी। यात्रा के योग हैं। किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करते समय लंबे समय के वादों को न भूलें।

**मकर (CAPRICORN) (24 दिसंबर-20 जनवरी)** शुभ अंक: 14 शुभ रंग: पीकाक ब्लू
सामाजिक जीवन बेहतरीन रहेगा और मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा। प्रेम संबंधों में उत्साह और गहराई बनी रहेगी। अपनी कार्यकुशलता के दम पर आप पेशेवर सफलता और धन लाभ प्राप्त करेंगे। आप कठिन लोगों और स्थितियों को भी अपनी चतुराई से संभाल लेंगे। व्यापार विस्तार के लिए अच्छा समय है। कभी-कभी आप थोड़े ज्यादा स्पष्टवादी हो सकते हैं, जिससे बचें।

**कुंभ (AQUARIUS) (21 जनवरी-19 फरवरी)** शुभ अंक: 12 शुभ रंग: क्रिमसन
इस सप्ताह आपके भीतर एक योद्धा जैसी ऊर्जा और साहस रहेगा। आप किसी भी तय ढांचे में बंधकर काम करना पसंद नहीं करेंगे। व्यक्तिगत रिश्तों और जटिल स्थितियों को समझने के लिए ध्यान का सहारा लें। भावनाओं में बहने के बजाय परिस्थितियों का बारीकी से निरीक्षण करें। पुराने व्यापारिक साझेदारों और रिश्तों का सम्मान करें, वे मुश्किल समय में आपके काम आएंगे।

**मीन (PISCES) (20 फरवरी-20 मार्च)** शुभ अंक: 5 शुभ रंग: डीप सैफ्रन
लक्ष्य हासिल करने के लिए आपमें गजब का उत्साह रहेगा, लेकिन पेशेवर फैसलों पर भावनाओं को हावी न होने दें। किसी बड़े प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले आपसी मतभेद सुलझा लेना बेहतर है। रिश्तों में उम्मीदें पूरी न होने से थोड़ी निराशा हो सकती है, लेकिन आत्मविश्वास बनाए रखें। स्वतंत्र रूप से काम करना आपके लिए ज्यादा अच्छा साबित होगा। परिवार और बच्चों के प्रति संवेदनशील रहें।

आपकी सूर्य राशि के साथ टैरो संबंधित होती है। उदाहरण के लिए 21 मार्च-20 अप्रैल के बीच जन्मे लोग मेष (ARIES) राशि के जातक होते हैं।



# रील एडिक्शन
## हेल्थ-लाइफ के लिए हार्मफुल

सोशल मीडिया पर रील्स की भरमार मौजूद रहती है। हर उम्र के लोग इसकी लत के शिकार हो रहे हैं। इससे उनके शारीरिक ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता पर भी प्रभाव पड़ रहा है। इससे बचने के लिए घर-बाहर अनुशासित रहते हुए कुछ नियमों का पालन करना जरूरी है। आप सभी के लिए बहुत जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी / रजनी अरोड़ा

वर्तमान डिजिटल युग में वर्चुअल दुनिया की लत, नई महामारी के रूप में तेजी से उभर रही है। जिसके विभिन्न प्लेटफॉर्मों के मोहपाश में अमूमन हम सभी बंधे हुए हैं। जेन-जी कहलाने वाली युवा पीढ़ी तो रियल वर्ल्ड के बजाय आर्टिफिशियल रील वर्ल्ड में घूम रही है। सोशल मीडिया पर वायरल होने, ख्याति पाने, फॉलोअर्स बढ़ने और पैसा कमाने की मंशा से रोज कंटेंट क्रिएट करने या फन रील्स बनाने की रैट रेस में शामिल हैं। इसके चलते न सिर्फ अभद्र आचरण, बल्कि अमर्यादित भाषा-डांस का भी सहारा लेते हैं। यही नहीं कई बार खुद अपनी और दूसरों की जान भी खतरे में डालने से गुरेज नहीं करते हैं। इसी वजह से आए दिन सोशल मीडिया को लेकर कई दुखद खबरें सुर्खियों में रहती हैं। ऐसे में डिजिटल एडिक्शन से बचने के लिए प्रभावी कदम उठाने जरूरी हैं।

बर्बाद होता है कीमती समय गौर करें तो अधिकांश सोशल मीडिया रील्स में कोई तर्क, तथ्य नहीं होता है। स्वस्थ और मर्यादित मनोरंजन भी नहीं होता। लेकिन इनकी लत ऐसी है कि लाखों-करोड़ों लोगों का कीमती वक्त रील्स देखने में गुजर जाता है। असल में टेक्नीक बेस्ड सोशल मीडिया कंपनियों का एल्गोरिदम, व्यूअर्स को खुद से जोड़े रखने के लिए पसंद के मुताबिक रील्स एक के बाद एक दिखाता रहता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में इंस्टाग्राम के लगभग 240 करोड़ यूजर्स हैं, जिनमें से तकरीबन 50 करोड़ भारत में हैं। जो रोजाना तकरीबन 1 करोड़ 76 लाख घंटे रील्स देखने में बिताते हैं और 350 करोड़ रील्स दूसरों से शेयर करते हैं। टिकटॉक पर तो यह आंकड़ा 10 गुना ज्यादा है यानी रोजाना 19 करोड़ 78 लाख घंटे रील्स देखने में बिताते हैं। वहीं मेटा के हिसाब से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर रोज तकरीबन 20 हजार करोड़ रील्स देखी जाती हैं।

**क्या होता है असर:** बहुत ज्यादा रील्स देखने से हमारे ब्रेन में डोपामाइन का विस्फोट होता है। यह एक न्यूरोट्रांसमीटर है, जो हमारी हैप्पीनेस के लिए जिम्मेदार है और यह रिवार्ड सिस्टम की तरह काम करता है। लाइक्स, ज्यादा से ज्यादा व्यूअर, फॉलोअर और सब्सक्राइबर मिलने से डोपामाइन बढ़ जाता है। यह और ज्यादा रील्स देखने के लिए मजबूर करता है। वहीं आपकी पोस्ट पर अगर ज्यादा लाइक्स या अच्छे कमेंट्स नहीं मिलते, तो हीन भावना से ग्रस्त हो जाते हैं, खुद को दूसरे से कमतर समझने लगते हैं और नेगेटिविटी का शिकार हो जाते हैं।



**रिश्तों से बढ़ रही दूरी:** रील बनाने के जुनून ने युवाओं की सोच और जीवनशैली पर गहरा असर डाला है। रील्स न बनाने वाले को आजकल पुराने जमाने या जेन एक्स की सोच वाला माना जाता है। ऐसे लोग वास्तविक जीवन में सार्थक बातचीत और अनुभवों को साझा करने के बजाय सोशल मीडिया में लगे रहते हैं। जिसके चलते वे अपने रिश्ते-नातों, अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ रहे हैं। सामाजिक अलगाव, तनावपूर्ण रिश्ते और वास्तविक दुनिया में सामाजिक मेलजोल में कमी आ रही है।

**बढ़ रही हैं शारीरिक समस्याएं:** खेलने या फिजिकल एक्टिविटी करने के बजाय घर की चारदीवारी में मोबाइल या टैब पर घंटों बैठे रहते हैं। आउटडोर गेम्स खेलने से दूर होते जा रहे हैं। गतिहीन जीवनशैली की वजह से मोटापा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। आंखों में तकलीफ होती है, ड्राई आई विजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गलत पोश्चर में काम करने से गर्दन और पीठ में दर्द की शिकायत रहती है। स्क्रीन से निकलने वाली ब्ल्यू रेज से नींद में खलल पड़ सकता है, नींद की क्वालिटी प्रभावित होती है।

**ऐसे छूटेगी रील एडिक्शन:** सोशल मीडिया की लत, उसके नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए एक सुरक्षित और अधिक सकारात्मक ऑनलाइन वातावरण को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।



**स्क्रीन टाइम सीमित रखें:** जानें कि आप अपने डिवाइस का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं और इससे आप क्या हासिल करना चाहते हैं? मैन्यूल माइंड से दिन में टाइम लिमिट निर्धारित करें। दृढ़ संकल्प लें कि सोशल मीडिया का उपयोग कम से कम करना है। दिनचर्या नियत करें, जिसमें सोशल मीडिया के लिए नियत समय या एकाध घंटा निर्धारित करें। खुद के लिए समय निकालें। सभी फैमिली मेंबर्स खुद से कमिट करें कि उन्हें कुछ मिनट या अधिकतम आधे घंटे स्क्रीन देखना है।

**डिजिटल लिट्रेसी है जरूरी:** पैरेंट्स के लिए डिजिटल दुनिया की उपयोगिता, डिजिटल-स्पेस, इंटरनेट की अच्छाइयों, बुराइयों को जानना जरूरी है। ध्यान रखना चाहिए कि बच्चे किसी गेमिंग या गेंबलिंग एप का हिस्सा न बन रहे हों। बच्चों में रियल लाइफ के रिश्तों और रील लाइफ की आभासी दुनिया और सही-गलत में अंतर करने की समझ विकसित करनी चाहिए। डिजिटल गैजेट्स टाइम पास या गेम खेलने के बनिस्पत बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपयोग में लाना सिखाना चाहिए।

इसके अलावा पैरेंट्स की जिम्मेदारी बच्चों को सिर्फ अच्छी सुख-सुविधाएं देना ही नहीं हैं, अनुशासन, कानून का सम्मान और जिम्मेदारी सिखाना भी है। बच्चों को यह समझाना भी है कि सोशल मीडिया पर हिट होने के लिए अपनी या किसी दूसरे की जिंदगी को खतरे में न डालें।

**स्कूलों में हो डिजिटल एजुकेशन:** फिजिकल एजुकेशन की तरह डिजिटल एजुकेशन भी कंपल्सरी होनी चाहिए। बच्चों को सोशल मीडिया की लत के नुकसान हैं, इनको देखने में खराब होते टाइम के बारे में समझाया जाना चाहिए। पाठ्यक्रम में डिजिटल सिटिजनशिप प्रोग्राम की शुरुआत करनी चाहिए। जिसमें छात्रों को ऑनलाइन सुरक्षा, नैतिकता और सकारात्मक डिजिटल फुटप्रिंट बनाए रखने के महत्व के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। बच्चों को जिम्मेदार सोशल मीडिया के उपयोग और ऑनलाइन शिष्टाचार पर मार्गदर्शन के साथ-साथ अनुचित सामग्री साझा करने के परिणामों के बारे में जानकारी देनी चाहिए।

**माइंडफुल प्रैक्टिस है जरूरी:** उन ट्रिगर्स से अवगत रहें, जो रील के अत्यधिक उपयोग का कारण बनते हैं। डिजिटल गैजेट्स का समझदारी से उपयोग करें। ताकि प्रोडक्टिव रहें और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखें।

**करें सेल्फ कंट्रोल एक्सरसाइज:** अपना फोन अपने से 15 फीट दूर चार्ज करें और संभव हो तो आप जिस रूम में हों, वहां चार्ज न करें। यह डिस्टेंस आपको फोन से अलग काम करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। फोन में फालतू के एप्स खासकर सोशल मीडिया का नोटिफिकेशन बंद कर दें। घर में कुछ जगह नियत करें जहां फोन का इस्तेमाल नहीं करना है जैसे खाना खाते समय, काम के समय या पढ़ते समय।

**दूसरी एक्टिविटीज में हों शामिल:** पैरेंट्स को बच्चों का रोल मॉडल बनना चाहिए। सोशल मीडिया पर निर्भरता कम करने के लिए ऑफलाइन शौक विकसित करने चाहिए और फिजिकली एक्टिव रहना चाहिए। खासकर बच्चे को फिजिकल एक्टिविटीज करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। स्पोर्ट्स से वो हार-जीत की भावना तो सीखता ही है, शारीरिक, मानसिक तौर पर फिट रहता है।

**नींद को महत्व दें:** सोने का समय निर्धारित करें और सोने से करीब एक घंटा पहले स्क्रीन से दूर रहें। ब्ल्यू लाइट फिल्टर का इस्तेमाल करें। खासकर रात को स्क्रीन पर ब्ल्यू लाइट फिल्टर लगाएं। ताकि नींद न आने की समस्या से बचाव हो सके।

**लें मदद:** लत पर काबू पाने के लिए मार्गदर्शन और मदद के लिए दोस्तों, परिवार या मनोचिकित्सक से संपर्क करें। *

**(फोर्टिस एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली में साइकोलॉजिस्ट डॉ. भावना बर्मी से बातचीत पर आधारित)**



### मनोरोगों के हो रहे शिकार

आज के दौर में युवाओं के मन में दूसरों से पीछे न रह जाएं, आउटडेटेड न दिखें, टेकसेवी न कहे जाने की मानसिकता के चलते सोशल मीडिया पर फोटो या रील्स डालने का पियर प्रेशर रहता है। इसकी वजह से कई तरह की समस्याएं आती हैं। ध्यान में कमी, रील्स देखने से ध्यान और एकाग्रता में कमी होना, जरूरी काम या रचनात्मक गतिविधियों में ध्यान न लगा पाना, काल्पनिकता में जीना, दूसरों से तुलना करना और खुद को कमतर मानना, आत्मविश्वास में कमी जैसी समस्याएं देखी जा रही हैं। हॉर्वर्ड मेडिकल स्कूल की रिसर्च के मुताबिक सोशल मीडिया पर रील्स देखने या बनाने की लत को वैज्ञानिक मास साइकोजेनिक इलनेस कहा जा रहा है। रील्स उन्हें मनोरोगी बनाने का कारण रही है। किसी से अपने मन की बात शेयर नहीं कर पाते हैं, जिसकी वजह से उनमें स्ट्रेस, एंजाइटी, आक्रोश, गुस्सा बहुत बढ़ रहा है। नाकाम होने पर कई बार अपने को संभाल नहीं पाते और डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं।



इस बात में संदेह नहीं कि एआई तकनीक में कई तरह कमाल की क्षमताएं मौजूद हैं। जहां कुछ लोग इसका मिसयूज कर रहे हैं। वहीं बहुत से लोग इसे पॉजिटिव तरीके से यूज करके नाम कमा रहे हैं, अपने जीवन को नई दिशा दे रहे हैं। जरूरत है एआई के संयमित और सही तरीके से उपयोग करने की।

# एआई का पॉजिटिव यूज कर सकता है कमाल

टेक्नोलाइफ
डॉ. मोनिका शर्मा

आमतौर पर एआई के गलत इस्तेमाल के समाचार आते हैं। इसकी गलत सलाहों की भी खूब चर्चा होती है। हम सदा से सुनते आए हैं कि किसी भी वस्तु या सेवा की अच्छाई या उसके उपयोग के परिणाम इस बात से तय होते हैं कि उसका इस्तेमाल कैसे किया जाता है? उसके उपयोग की मंशा क्या है? इस मोर्चे पर एआई के सही इस्तेमाल को लेकर एक टेक प्रोफेशनल हसन ने प्रेरणादायी उदाहरण सामने रखा है। हसन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की अपनी पोस्ट में बताया कि उन्होंने सिर्फ तीन महीनों में 27 किलो वजन कम कर लिया। ध्यान देने वाली बात है कि अपनी इस फिटनेस यात्रा में हसन ने चैट जीपीटी के सात प्रॉम्प्ट्स को यूज किया। जिम, सप्लीमेंट्स, पर्सनल ट्रेनर और बिना किसी महंगे फिटनेस एप के एआई की सहायता से एक सधा हुआ प्लान तैयार कर इस फिटनेस गोल को उन्होंने हासिल किया।



**सकारात्मक हो इरादा:** असल में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल का इरादा पॉजिटिविटी लिए हो तो परिणाम भी सकारात्मक मिलते हैं। इस मोर्चे पर यूजर्स का अनुशासन और आत्म नियमन तकनीक के मिली सुविधाओं का सार्थक इस्तेमाल करने के लिए आवश्यक है। चैट जीपीटी जैसे टूल्स मोटिवेट भी कर सकते हैं और मनोबल भी तोड़ सकते हैं। सब कुछ इस बात पर निर्भर है कि टेक्निकल सहूलियत का उपयोग कितने सधेपन से हो रहा है? कैसी जानकारियां मांगी जा रही हैं? किन विषयों पर सलाह ली जा रही है?



**प्रश्न सही तो उत्तर सही:** जैसा प्रश्न वैसा ही जवाब। यह बात वर्चुअल या असल सलाहों के मामले में अकसर लागू होती है। तकनीकी टूल्स के मामले में सबसे अहम यही है कि आप उनसे क्या पूछ रहे हैं? टेक प्रोफेशनल के मामले में यह बात गहराई से समझने योग्य है। सबसे पहले उन्होंने अपना वजन, उम्र, हाइट और टार्गेट डालकर चैट जीपीटी से अपने शरीर का एनालिसिस करवाया। साथ ही 12 हफ्तों का ऐसा फिटनेस और डाइट प्लान मांगा, जिसमें जिम जाने की जरूरत न पड़े। अपने रुटीन को ध्यान रखते हुए बहुत व्यावहारिक लक्ष्य रखे। खाने के लिए हाई प्रोटीन, फिक्स कैलोरी वाला साप्ताहिक प्लान का चार्ट बनाकर उसे फॉलो किया।

इस पहल पर एआई ने उन्हें डेली स्नैक्स की लिस्ट दी। इतना ही ओवरईटिंग रोकने के लिए खुद से बात करने वाले छोटे-छोटे मैसेज भी बनाए। कुल मिलाकर देखा जाए तो एआई ने जिम, महंगे खाने और भारी-भरकम रुटीन के बजाय एक ऐसी जीवनशैली का प्रारूप दिया, जिसके हिसाब से चलना मुश्किल न हो। आम जिंदगी में भी देखने में आता है कि वजन कम करना हो या कोई दूसरा लक्ष्य पाना, मुश्किल रुटीन को शुरू करने वाले लोग उसे बहुत दिन तक फॉलो नहीं कर पाते। यह वाकया बताता है कि पहले खुद अपनी एक चेकलिस्ट बनाकर तकनीकी टूल्स से मदद लेना बेहतर है। इससे मिलने वाली सही और टिकाऊ योजना न केवल लंबी चलती है बल्कि सफल भी होती है।

**यूजर्स का अनुशासन अहम:** एआई के इस्तेमाल में यूजर्स का अनुशासन सबसे अहम है। इन दिनों 'रेस्पोंसिबल एआई' शब्द भी चर्चा में है। इस शब्द का अर्थ उन नैतिक सिद्धांतों और शासन के नियमों से जुड़ा है, जिनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एआई टेक्नोलॉजीज का विकास और उपयोग इस तरह से किया जाए, जिससे समाज को लाभ हो। इनके इस्तेमाल से नुकसान कम हो। समझना कठिन नहीं यूजर्स का अनुशासन ही उपयोग को सार्थक बना सकता है। इन दिनों जब एआई के कुछ टूल्स का गलत इस्तेमाल कुछ लोग करते हैं। वहीं बहुत से लोग तकनीक के माध्यम से अपने पुरखों की तस्वीरों को नया रूप भी दे रहे हैं। अपने आइडियाज सुंदर सकारात्मक संदेश देने वाले वीडियो में ढाल रहे हैं। एआई के उपकरण दिव्यांगों की सहायता करते हैं। सिरी और एलेक्सा जैसे वर्चुअल असिस्टेंट रोजमर्रा के कई कामों को आसान बनाते हैं। कनाडा के युवा उद्यमी तुआन ले का उदाहरण भी इस मामले में एक मिसाल ही है। बिना किसी कॉलेज डिग्री या प्रोफेशनल कोर्स यूट्यूब से स्किल सीखने की जिद ने तुआन को एक कामयाब उद्यमी बना दिया। वीडियो एडिटिंग से करियर की शुरुआत करने वाले इस युवा ने यह स्किल पूरी तरह यूट्यूब से सीखी। फिर छोटे कारोबारियों के लिए बहुत कम फीस लेकर वीडियो बनाए।

कोविड काल में काम पर असर भी पड़ा पर फिर क्लाइंट बढ़ते गए। तुआन ने धीरे-धीरे अपने काम को 12 करोड़ रुपए के बिजनेस में बदल दिया। हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी 'स्किल द नेशन एआई चैलेंज' कार्यक्रम में कहा कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता विश्वभर की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को नया आकार दे रही है। यह हमारे सीखने, काम करने, आधुनिक सेवाओं तक पहुंचने और मानवता की सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना करने के तरीकों को बदल रही है।'

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भारत जैसे युवा राष्ट्र के लिए एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि सकारात्मक बदलाव का बहुत बड़ा अवसर है। *

कविता
विक्रम सिंह

## आंखों की रोशनी



बस इतनी सी हसरत थी
कि बेटा पढ़-लिख जाए,
अपनी तनख्वाह से
घर का राशन ले आए।
दफ्तर जाने को
एक छोटा सा स्कूटर हो,
और बच्चों की फीस
समय पर भर पाए।
ख्वाब बस इतना था
कि शहर में उसका एक घर हो,
जिसके एक कोने में
बूढ़े बाप का छोटा सा कमरा हो।
मगर अब उसके पास
बड़ा फ्लैट, बड़ी गाड़ी है,
घर में खाना नहीं पकता
सब कुछ ऑर्डर पर आता है
पर उस आलीशान घर में
मेरा कमरा कहीं खो जाता है,
गाड़ियों के तेल के लिए पैसे हैं
पर मेरी दवा अकसर छूट जाती है
मेरी आंखों की रोशनी
धीरे-धीरे बुझ रही है,
बेटे की तरक्की
अंधेरे में उलझ रही है।

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## कविता में विचार



हाल में हेमंत देवलेकर का तीसरा कविता संग्रह 'प्रूफ रीडर' छपकर आया है। संग्रह में संकलित अधिकांश छोटी-छोटी कविताओं में हेमंत गहन विचारों के बीज रोपते दिखते हैं। दुनिया भर में इंसानी जीवन के समक्ष मौजूद संकटों पर दृष्टि डालते हुए कवि कहीं विचलित दिखते हैं तो कहीं छोटा-सा कोई भरोसा उनके भीतर उम्मीद की लौ भी प्रज्ज्वलित कर देता है। 'एक नदी जिंदा चुन दी गई है/उसी का सन्नाटा है दीवार पर।' (रेत की हवस)। 'दुनिया कोरस में विलापती है/अब किसी का भरोसा नहीं रहा।' (भरोसा) जैसी पंक्तियां और 'लोरी', 'नई भूख' जैसी अनेक कविताएं हर संवेदनशील व्यक्ति को उद्वेलित करने में सक्षम हैं। *

पुस्तक: प्रूफ रीडर, लेखक: हेमंत देवलेकर, मूल्य: 250 रुपए
प्रकाशक: राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली

साहित्य सम्मान

हाल में ही साहित्य अकादेमी ने वर्ष 2025 के लिए हिंदी की लोकप्रिय कथाकार ममता कालिया की संस्मरणात्मक पुस्तक 'जीते जी इलाहाबाद' को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की घोषणा की है। ममता जी के अब तक के रचनात्मक लेखन और इस पुस्तक की विशिष्टताओं को रेखांकित कर रहे हैं **पल्लव**।

# ममता कालिया को जीते जी इलाहाबाद के लिए मिलेगा साहित्य अकादेमी सम्मान

साहित्य प्रेमियों को जिस खबर का पिछले कई वर्षों से इंतजार था, वह आ गई। साहित्य अकादेमी ने वर्ष 2025 के लिए हिंदी की प्रसिद्ध कथाकार ममता कालिया को यह पुरस्कार देने की घोषणा की है। उनकी संस्मरण पुस्तक 'जीते जी इलाहाबाद' को अकादेमी का यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। हालांकि इससे पूर्व उनके उपन्यास 'दुक्खम सुक्खम', लंबी कहानी 'दौड़', शहरनामे की किताब 'कितने शहरों में कितनी बार' और 'बोलने वाली औरत' कहानी संग्रह को भी साहित्य जगत में काफी प्रतिष्ठा मिल चुकी है।

ममता जी के लेखन का सिलसिला 1963 से प्रारंभ हुआ था और तब से उनका साहित्य सृजन निरंतर जारी है। उनके लेखन की मुख्य विशेषता यह है कि वे भारतीय मध्यवर्ग के सामान्य जनजीवन को अत्यंत कुशलता से अपने लेखन में चित्रित करती हैं। वे किसी विचारधारा या वाद से आक्रांत होकर नहीं लिखतीं बल्कि खांटी जीवनानुभवों को प्रगतिशील दृष्टि से लेखन में जगह देती हैं। आश्चर्य नहीं कि उनकी दो पुस्तकों के शीर्षक 'थोड़ा-सा प्रगतिशील' और 'खांटी घरेलू औरत' उनके लेखन की प्रतिज्ञाओं को भी दर्शाते हैं। पेशे से उच्च शिक्षा में अंग्रेजी की शिक्षक रहीं ममता जी को दिल्ली, मुंबई और इलाहाबाद में काम करने के अनुभव हैं। वे वर्धा के महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय की अंग्रेजी पत्रिका 'हिंदी' की संपादक रहीं और कोलकाता की भारतीय भाषा परिषद की अध्यक्ष भी रहीं। विपुल मात्रा में लेखन करने वालीं ममता जी के गद्य को सदैव रोचकता, हार्दिकता और तरलता के लिए भी प्रशंसा मिली।

उनकी जिस कृति को अकादेमी ने पुरस्कार के लिए चुना है, वह संस्मरण की किताब है। ममता जी इससे पहले 'कितने शहरों में कितनी बार', 'अंदाज-ए-बयां उर्फ रवि कथा', 'कल परसों के बरसों', 'सफर में हमसफर' जैसी किताबें भी लिख चुकी हैं, जो कथेतर विधाओं की ही कृतियां हैं। कथेतर यानी कथा जैसी वे गद्य विधाएं, जो कथा तो नहीं हैं लेकिन कथा जैसा आस्वाद देती हैं। इनमें से 'कितने शहरों में कितनी बार' को विशेष रूप से आलोचनात्मक सराहना मिली, जो पहले 'तद्भव' पत्रिका में धारावाहिक रूप से प्रकाशित हुई और जिसने एक तरह से नई विधा का सूत्रपात किया। यह विधा है- शहरनामा। ऐसा नहीं है कि इसमें वे स्मृतियों की पुनर्रचना नहीं कर रही थीं बल्कि कोई चाहे तो इसे भी संस्मरण की ही कृति मान सकता है लेकिन यहां ममता जी का जोर उस शहर के चरित्र को ध्यान में रखकर अपने अनुभव लिखने पर रहा। 'जीते जी इलाहाबाद' इस रचना श्रृंखला की उच्चतम परिणति है, जहां इलाहाबाद (प्रयागराज) जैसे सांस्कृतिक शहर के चरित्र को लिखते हुए इसके भीतर वे अपने और अपने प्रियजनों के व्यक्तित्व की तलाश भी करती हैं। हिंदी में इस तरह की कृतियां बहुत अधिक नहीं मिलतीं और नई शताब्दी में साहित्य की विधाओं में आ रहे बदलावों तथा अंर्तक्रियाओं का भी श्रेष्ठ उदाहरण ममता जी का कथेतर लेखन बन गया है। पाठकों में कथेतर के आकर्षण का मुख्य कारण है जीवन यथार्थ की अंतरंग प्रस्तुति और उसमें कथा जैसी सूत्रबद्धता या पठनीयता। हिंदी गद्य के इतिहास में संस्मरण, रेखाचित्र और जीवनियां पुरानी विधाएं हैं लेकिन नई शताब्दी में इनका चोला पूरी तरह बदला हुआ नजर आता है। अब यहां अश्रु विगलित श्रद्धांजलियां नहीं होतीं और न पुरखों का अतिरिक्त महिमामंडन।






पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में जिन कृतियों के साथ कथेतर साहित्य के नए दौर का आगमन हुआ, उनमें रवींद्र कालिया की संस्मरण पुस्तक 'गालिब छुटी शराब,' काशीनाथ सिंह की 'याद हो कि न याद हो', दूधनाथ सिंह की 'लौट आ, ओ धार' तथा कांतिकुमार जैन की 'लौट कर आना नहीं होगा' अग्रगण्य हैं। ध्यान देना चाहिए कि संस्मरणों के साथ हिंदी साहित्य में आत्म उद्घाटन का नया दौर भी शुरू हुआ, जो आगे यात्रा आख्यानों, आत्मकथाओं, डायरियों, रेखाचित्रों, शहरनामों और जीवनियों के साथ बढ़ता गया। ममता कालिया के संस्मरण, शहरनामे और रेखाचित्र कथेतर विधाओं की शक्ति और संभावनाओं को दर्शाते हैं। उनके रेखाचित्रों की किताब 'कल परसों के बरसों' में इलाहाबाद के अनेक साहित्यकारों के व्यक्ति चित्र आए हैं।

ममता जी का जन्म 2 नवंबर 1940 को वृंदावन में हुआ। उनके पिता विद्याभूषण अग्रवाल आकाशवाणी में थे और उनके चाचा भारतभूषण अग्रवाल जाने माने कवि-लेखक। उनकी प्रारंभिक और उच्च शिक्षा दिल्ली, मुंबई, पुणे, नागपुर और इंदौर जैसे अलग-अलग शहरों में हुई। उन्हें अनेक सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें व्यास सम्मान, साहित्य भूषण सम्मान, यशपाल स्मृति सम्मान, महादेवी स्मृति पुरस्कार, राममनोहर लोहिया सम्मान, कमलेश्वर स्मृति सम्मान, सावित्री बाई फुले स्मृति सम्मान, लमही सम्मान आदि प्रमुख हैं। उन्होंने हिंदी के यशस्वी कथाकार और संपादक रवींद्र कालिया से विवाह किया, जो पूरी तरह मसिजीवी थे। संघर्षों से भरा ममता जी और रवींद्र जी का जीवन इन दोनों के कथेतर साहित्य का आधार भी है। साहित्य अकादेमी का यह पुरस्कार उनके लेखन के महत्त्व की प्रतिष्ठा ही नहीं है अपितु नई शताब्दी में आ रहे बदलावों के मध्य कथेतर विधाओं के महत्व की भी उद्घोषणा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि ममता जी की किताब के बहाने कथेतर विधाओं पर नए ढंग से चर्चा शुरू होगी और जीवन यथार्थ के उद्घाटन के लिए इनके सामर्थ्य को देखा-सराहा जाएगा। *

**(लेखक दिल्ली के प्रसिद्ध हिंदू कॉलेज में सह आचार्य हैं)**